कार्तिक कृष्ण पक्ष नवमी 03:23 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 25 अक्टूबर 2024
वर्ष 3, अंक 76, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



जल्द खत्म होने जा रही है आकाशगंगा मेसियर 90 16

पुष्पा 2 : द रूल 5 दिसंबर को होगी रिलीज 15

## जम्मू-कश्मीर में आतंकियों ने प्रवासी श्रमिक को गोली मारी

- उप्र के बिजनौर जिले का है शुभम, अस्पताल में भर्ती

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के त्राल इलाके में गुरुवार सुबह आतंकवादियों ने उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के रहने वाले शुभम कुमार को बटागुंड गांव में गोली मार दी। कुमार को गोली हाथ में लगी थी।

अधिकारियों ने बताया कि कुमार को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। पिछले एक हफ्ते में कश्मीर में प्रवासी मजदूरों पर हमले का यह तीसरा मामला है। रविवार को गांदरबल जिले में एक निर्माण स्थल पर हुए आतंकी हमले में छह प्रवासी मजदूरों और एक स्थानीय चिकित्सक की मौत हो गई थी, जबकि 18 अक्टूबर को शोपियां जिले में आतंकवादियों ने बिहार के एक मजदूर की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

### सेना के वाहन पर किया हमला, दो जवान घायल

जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग इलाके में गुरुवार को सेना के एक वाहन पर हुए आतंकी हमले में दो जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने कहा कि आतंकवादियों ने बारामूला जिले के बोटापथरी में वाहन पर गोलीबारी की जिसमें दो सैनिक घायल हो गए।

## ग्राम पंचायतों को बनाएं स्मार्ट, जाति-निवास व आय प्रमाण पत्र वहीं बने

### मुख्यमंत्री ने दिया स्ट्रीट लाइट और सीसीटीवी कैमरा लगाने का भी सुझाव, सरकारी सेवा में चयनित 1950 युवाओं को लोकभवन में दिए नियुक्ति पत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



लोकभवन में नव चयनितों को नियुक्ति पत्र देते मुख्यमंत्री योगी। साथ में मंत्रिगण ओम प्रकाश राजभर, असीम अरुण, संजीव कुमार गोंड, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह व अन्य।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 17 स्मार्ट सिटी की तर्ज पर ग्राम पंचायतों को भी स्मार्ट बनाने पर जोर दिया है। उन्होंने तमाम सुझाव देते हुए कहा कि ग्राम पंचायत में जनसहभागिता से साफ-सफाई की व्यवस्था हो। लोगों को जाति, निवास और आय प्रमाण पत्र वहीं पर मिले। महत्वपूर्ण स्थानों पर स्ट्रीट लाइट और सीसीटीवी कैमरा लगवाएं। इससे सुरक्षा भी होगी तो रात में लाइट भी जलेगी। सेंसर या किसी कर्मचारी की ड्यूटी लगाएं कि समय पर ऑन-ऑफ हों। गांवों में पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाएं। केंद्र सरकार के स्तर पर कोई प्रतियोगिता हो तो हमारी ग्राम पंचायतों को भी पुरस्कार मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री गुरुवार को लोकभवन में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ग्राम सचिवालय अतिरिक्त आय के भी माध्यम बन सकते हैं। वहां कम्युनिटी सेंटर बन सकता है, सार्वजनिक कार्यक्रम हो सकते हैं। यूजर चार्ज के आधार पर सुविधा दीजिए। इससे गांव के पास भवन भी होगा। फेयर प्राइस शॉप ग्राम सचिवालय के पास मॉडल के रूप में बन रही है। केवल सरकारी राशन ही नहीं, अन्य सामान भी वितरित कीजिए। इसका किराया ग्राम पंचायत में जमा होगा। यह भी ग्राम पंचायत के अतिरिक्त इनकम का माध्यम बन सकता है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने 1950 नवचयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया गया। इसमें उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा 1526 ग्राम पंचायत अधिकारी, 360 ग्राम विकास अधिकारी (समाज कल्याण), 64 समाज कल्याण पर्यवेक्षक चयनित किए गए हैं। कार्यक्रम में पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर, समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण, समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, कृषि उत्पादन आयुक्त मोनिका एस. गर्ग, अपर मुख्य सचिव (पंचायती राज) नरेंद्र भूषण, प्रमुख सचिव (समाज कल्याण) डॉ. हरिओम, प्रमुख सचिव (नियुक्ति व कार्मिक) एम. देवराज, अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के प्रभारी अध्यक्ष ओएन सिंह आदि मौजूद रहे।

### राज्यकर्मियों के महंगाई भत्ते में तीन प्रतिशत की वृद्धि

**लखनऊ।** राज्य कर्मियों को दिवाली से पहले वेतन, बोनस और अब महंगाई भत्ता भी दिए जाने की घोषणा शासन ने की है। राज्य के 17 लाख कर्मचारियों और पेंशनरों के महंगाई भत्ते में तीन फीसदी की बढ़ोतरी का आदेश गुरुवार को जारी कर दिया गया। बढ़ोतरी के बाद कर्मचारियों का डीए 53 प्रतिशत हो गया। बढ़ा हुआ डीए दिवाली के पहले 30 अक्टूबर को सैलेरी के साथ मिल जाएगा। डीए वृद्धि का लाभ जुलाई 2024 से मिलेगा। इस बार दीपावली से पहले कर्मचारियों को वेतन, बोनस और महंगाई भत्ता तीनों मिलेंगे।

### एक नजर

#### पांच साल में 50 और हवाई अड्डे विकसित करेंगे

**नई दिल्ली।** नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू ने गुरुवार को कहा कि सरकार का इरादा अगले पांच साल में 50 अतिरिक्त हवाई अड्डे विकसित करने का है। कहा कि इससे रोजगार सृजन को भी बढ़ावा मिलेगा। नागर विमानन मंत्री ने दिल्ली में एयरबस इंडिया और दक्षिण एशिया मुख्यालय पर प्रशिक्षण केंद्र के उद्घाटन कार्यक्रम में यह बात कही।

#### पानी की टंकी गिरने से पांच श्रमिकों की मौत

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे जिले में गुरुवार की सुबह श्रमिकों के एक शिविर में पानी की अस्थायी टंकी गिरने से पांच मजदूरों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि घटना पिंपरी चिंचवड शहर के भोसरी इलाके में उस वक्त हुई जब कुछ मजदूर पानी की टंकी के नीचे नहा रहे थे। पिंपरी चिंचवड के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त वसंत परदेसी ने कहा कि प्रतीत होता है कि पानी के दबाव के कारण टंकी फट गई, जिससे वह ढह गई।

#### मजहर आसिफ जामिया के कुलपति नियुक्त

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को मजहर आसिफ को जामिया मिल्लिया इस्लामिया का कुलपति नियुक्त किया। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। आसिफ फिलहाल जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के स्कूल ऑफ लैंग्वेज में प्रोफेसर हैं।

## एयर इंडिया सहित 70 से अधिक विमानों को बम से उड़ाने की धमकी

### धमकी मिलने के बाद कुछ उड़ानें की गईं डायवर्ट, कई की कराई गई इमरजेंसी लैंडिंग

- विमानों की गहन छानबीन के बाद फर्जी निकलीं धमकियां
- पिछले 11 दिनों के भीतर 250 विमानों को मिली है धमकी

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय विमानन कंपनियों की 70 से अधिक उड़ानों को गुरुवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली। सूत्रों ने बताया कि एयर इंडिया, विस्तारा और इंडिगो के करीब 20 विमानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है, जबकि अकासा एयर की करीब 14 उड़ानों को धमकी मिली है। धमकी मिलने के बाद कुछ उड़ानों को डायवर्ट किया गया जबकि अन्य की इमरजेंसी लैंडिंग के बाद गहन जांच की गई, छानबीन के बाद ये धमकियां फर्जी निकलीं।

पिछले 11 दिन में लगभग 250 विमानों को बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है। अकासा एयर के प्रवक्ता ने बताया कि उसकी कुछ उड़ानों को सुरक्षा संबंधी अलर्ट मिला है, जो 24 अक्टूबर को अपने गंतव्य की ओर रवाना होने वाली थीं। प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि अकासा एयर का आपातकाल प्रतिक्रिया दल स्थिति पर नजर रख रहा है। वह सुरक्षा और नियामक अधिकारियों के साथ लगातार बातचीत कर रहा है। हम स्थानीय प्राधिकारियों के साथ समन्वय कर सभी सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन कर रहे हैं। नागर विमानन मंत्रालय, उड़ानों को मिल रही झूठी धमकियों की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त नियम लागू करने की योजना बना रहा है, जिसमें अपराधियों को नो-फ्लाई सूची में डाला जा सकता है। इस सूची का मकसद उपद्रवी यात्रियों की पहचान करना और उन्हें विमान में चढ़ने से प्रतिबंधित करना है।

### आगरा एयरपोर्ट को भी उड़ाने की धमकी

**आगरा।** उत्तर प्रदेश में आगरा जिले के खेरिया एयरपोर्ट को उड़ाने की धमकी दी गई। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने इस सूचना के साथ थाना शाहगंज में मामला दर्ज कराया है। दर्ज कराई गई शिकायत में कहा गया कि विगत चार अक्टूबर को सीआईएसएफ की आगरा एयरपोर्ट इकाई की ऑफिशियल मेल आईडी पर धमकी भरा संदेश भेजा गया। जानकारी गृह मंत्रालय को देने के बाद सीआईएसएफ के सब इंस्पेक्टर अनूप कुमार ने बुधवार देर रात थाना शाहगंज में मुकदमा दर्ज कराया। सीआईएसएफ के अधिकारिक ईमेल पर चार अक्टूबर दोपहर 1.16 बजे ये धमकी भरा मेल मिला। धमकी और आईटी एक्ट की धारा में केस दर्ज किया गया।

### भुवनेश्वर-झारसुगुड़ा हवाई अड्डे पर आई धमकी भरी कॉल

**भुवनेश्वर।** ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में बीजू पटनायक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे और झारसुगुड़ा में वीर सुरेंद्र साई हवाई अड्डे पर गुरुवार को बम की धमकी की कॉल मिलने पर हाईअलर्ट के साथ ही बम और डॉग स्क्वॉड को तुरंत तैनात किया गया। बीपीआईए के निदेशक प्रसन्ना प्रधान ने बताया कि दोनों हवाई अड्डों और बेंगलुरु से पहुंची एयर आकाश की फ्लाइट की जांच में कोई बम नहीं मिला। धमकी 'एक्स' पर एक पोस्ट से मिली, जिसमें कहा गया था कि बेंगलुरु-भुवनेश्वर एयर आकाश की फ्लाइट में बम है। बेंगलुरु-झारसुगुड़ा इंडिगो विमान के बारे में बम की धमकी वाली कॉल मिलने के बाद झारसुगुड़ा हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच की गई।

## छठ और दिवाली पर चलाई जाएंगी 7 हजार स्पेशल ट्रेनें

### केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में इस फैसले को दी गई मंजूरी

- दो बड़ी रेल परियोजनाओं को भी मंत्रिमंडल की मिली स्वीकृति

नई दिल्ली, एजेंसी



सरकार ने छठ और दीपावली के पर्व पर यात्रियों की भीड़ से निपटने के लिए सात हजार विशेष ट्रेन चलाने का फैसला किया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह विशेष (स्पेशल) ट्रेनों के परिचालन का नया रिकॉर्ड होगा। उन्होंने बताया कि पिछले साल रेलवे ने छठ और दीपावली के सीजन में चार हजार विशेष ट्रेनें चलाई थीं, जो एक रिकॉर्ड था। उन्होंने कहा कि इन विशेष ट्रेनों को चलाने से हर दिन दो लाख अतिरिक्त लोग सफर कर सकेंगे। भारतीय रेल प्रतिदिन 13 हजार से अधिक यात्री ट्रेनों का परिचालन करती है। सरकार ने आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और बिहार से जुड़ी 6798 करोड़ रुपये की लागत वाली दो रेल परियोजनाओं को भी मंजूरी दी है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और बिहार से जुड़ी दो रेल परियोजनाओं को मंजूरी दी। इस पर कुल 6,798 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) ने बिहार में नरकटियागंज-रक्सौल-सीतामढ़ी-दरभंगा और सीतामढी-मुजफ्फरपुर खंड के 256 किलोमीटर लंबी रेल लाइन के दोहरीकरण और अमरावती होते एर्रुपलेम और नाम्बुरु के बीच 57 किलोमीटर की नई लाइन के निर्माण को मंजूरी दी। इन दोनों परियोजनाओं से मुख्य रूप से आंध्र प्रदेश और बिहार को लाभ होगा। कहा गया कि नरकटियागंज-रक्सौल-सीतामढ़ी-दरभंगा और सीतामढी-मुजफ्फरपुर खंड के दोहरीकरण से नेपाल, पूर्वोत्तर भारत और सीमावर्ती क्षेत्रों से संपर्क सुविधा मजबूत होगी। नई रेल लाइन परियोजना एर्रुपलेम-अमरावती-नाम्बुरु आंध्र प्रदेश के एनटीआर विजयवाड़ा और गुंटूर जिलों और तेलंगाना के खम्मम जिले से होकर गुजरेगी। सरकार के अनुसार, तीन राज्यों आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और बिहार के आठ जिलों से गुजरने वाली वाली ये दोनों परियोजनाएं भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 313 किलोमीटर की बढ़ोतरी करेंगी।

### अंतरिक्ष क्षेत्र के स्टार्टअप के लिए 1,000 करोड़

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को अंतरिक्ष क्षेत्र की स्टार्टअप इकाइयों की मदद के लिए 1,000 करोड़ रुपये के उद्यम पूंजी कोष की स्थापना को मंजूरी दे दी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। इस कोष से क्षेत्र की लगभग 40 स्टार्टअप इकाइयों को सहायता मिलने की उम्मीद है और इससे निजी अंतरिक्ष उद्योग की वृद्धि में तेजी आएगी। सरकार ने कहा कि इससे अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में प्रगति को बढ़ावा मिलेगा और निजी क्षेत्र की भागीदारी के माध्यम से भारत के नेतृत्व को मजबूती मिलेगी।

## सभी जिलों में नियुक्त होंगे औषधि नियंत्रक अधिकारी

- उप्र खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने 77 पदों का दिया प्रस्ताव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की औषधि नियंत्रण शाखा में जल्द ही जिला औषधि नियंत्रक अधिकारी का पद गठित होगा। जिला औषधि नियंत्रक अधिकारी विभाग की औषधि शाखा का प्रभारी होगा। जो जिले में तैनात औषधि निरीक्षकों (ड्रग इंस्पेक्टरों) के कार्यों की मॉनिटरिंग करेगा और मंडल स्तर पर तैनात सहायक आयुक्त औषधि को रिपोर्ट करेगा।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार जिला स्तर पर जिला औषधि नियंत्रक अधिकारियों के नए पद के सृजन का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। इसमें 77 नए पद गठित करने की मांग की गई है।औषधि नियंत्रक अधिकारियों की नियुक्ति प्रदेश के 75 जिलों में व दो जिला औषधि नियंत्रक अधिकारियों की तैनाती मुख्यालय स्तर पर की जाएगी। तैनाती सीधे न होकर ड्रग इंस्पेक्टरों के प्रमोशन से करने का प्रस्ताव है। वर्तमान में प्रदेश में ड्रग इंस्पेक्टर के 198 पद स्वीकृत हैं, जिसमें 109 ड्रग इंस्पेक्टर तैनात हैं।

## न्यायमूर्ति संजीव खन्ना नये प्रधान न्यायाधीश नियुक्त

**नयी दिल्ली।** न्यायमूर्ति संजीव खन्ना गुरुवार को भारत के 51वें प्रधान न्यायाधीश नियुक्त किये गये। वह 11 नवंबर को शपथ लेंगे। इससे एक दिन पहले वर्तमान प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ (65) की उम्र पूरी करने पर पद मुक्त हो जाएंगे। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने 8 नवंबर, 2022 को प्रधान न्यायाधीश के रूप में पदभार ग्रहण किया था। न्यायमूर्ति खन्ना का प्रधान न्यायाधीश के रूप में कार्यकाल छह महीने से कुछ अधिक होगा । कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने 'एक्स' पर कहा, भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त शक्ति का इस्तेमाल करते हुए माननीय राष्ट्रपति, भारत के प्रधान न्यायाधीश से परामर्श के बाद, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना को देश के प्रधान न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करके प्रसन्न हैं।

## एडीएम की संदिग्ध हालात में मौत

- पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने लिया मौके पर जायजा

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या



**अमृत विचार :** रामजन्मभूमि परिसर में तैनात फर्रूखाबाद के रहने वाले अपर जिलाधिकारी कानून-व्यवस्था की गुरुवार को संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उनका शव नगर कोतवाली क्षेत्र में सुरसरि कॉलोनी स्थित सरकारी आवास में मिला है।

बेडरूम से लेकर कमरों में खून बिखरा हुआ था। मामले की खबर पर मंडलायुक्त-आईजी समेत अधिकारियों ने घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस के साथ फोरेंसिक टीम ने छानबीन कर साक्ष्य जुटाए। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हृदयाघात के चलते मौत की बात सामने आई है और मृतक का लीवर, फेफड़ा डैमेज तथा भोजन नली में खून मिला है। फर्रूखाबाद जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र स्थित गांव मझना निवासी सुरजीत सिंह (58) पुत्र स्व. हृदयराम यहां रामजन्मभूमि परिसर में अपर जिलाधिकारी कानून-व्यवस्था के पद पर तैनात थे। लगभग एक साल पूर्व गैर जनपद से स्थानांतरित होकर आए एडीएम नगर कोतवाली के सिविल लाइंस क्षेत्र में एसएसपी आवास के पीछे स्थित सुरसरि कॉलोनी के टाइप फोर के आवास संख्या 6 में अकेले रहते थे। रोज की तरह गुरुवार सुबह 10.30 बजे आवस पर काम करने वाली पूराकलंदर थाना क्षेत्र के खानपुर मसौधा निवासी महिला किरन (44) पत्नी विनोद कुमार गौड़ उनके आवास पर पहुंची तो दरवाजा खुला हुआ था। एडीएम बाहरी कमरे में पीठ के बल पड़े मिले और बेडरूम से लेकर अगले कमरे तक खून बिखरा मिला। नौकरानी की सूचना पर ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड गिरिजा दयाल गोस्वामी ने मामले की जानकारी पुलिस और आला अधिकारियों को दी। जिसके बाद उनके परिवार को सूचना दी गई।

## न्याय की देवी की नई प्रतिमा पर जताई आपत्ति

- सुप्रीम कोर्ट बार ने कहा-नहीं किया गया विचार-विमर्श

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन (एससीबीए) ने उसके साथ विचार-विमर्श किए बगैर न्याय की देवी की प्रतिमा और शीर्ष अदालत के प्रतीक चिह्न में किए गए आमूलचूल बदलावों पर आपत्ति जताते हुए सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया है। उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों के पुस्तकालय में न्याय की देवी की छह फुट ऊंची नई प्रतिमा स्थापित की गई है, जिसके एक हाथ में तराजू और दूसरे हाथ में तलवार की जगह संविधान है। सफेद पारंपरिक पोशाक पहने न्याय की देवी की नई प्रतिमा की आंखों पर पट्टी नहीं बंधी हुई है और सिर पर मुकुट है।

एससीबीए के अध्यक्ष कपिल सिब्बल और कार्यकारी समिति के अन्य सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित प्रस्ताव में उस स्थान पर प्रस्तावित संग्रहालय पर भी आपत्ति जताई गई है, जहां उन्होंने बार के सदस्यों के लिए कैफे-लाउंज बनाने की मांग की थी। प्रस्ताव में कहा गया है कि उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन की कार्यकारी समिति ने पाया है कि हाल ही में न्यायालय ने बार से परामर्श किए बिना प्रतिमा में बदलाव किए हैं।

## पूर्व कोतवाल और चौकी इंचार्ज को 5 साल की सजा, 10-10 हजार जुर्माना

- कानपुर देहात के बलवंत सिंह हत्याकांड में सुनाई गई सजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात



ज्ञान प्रकाश पांडेय



राजेश कुमार

**अमृत विचार :** बहुचर्चित बलवंत सिंह हत्याकांड में कोर्ट ने गुरुवार को तत्कालीन शिवली कोतवाल और मैथा चौकी प्रभारी को 5-5 साल की सजा दी। साथ ही 10-10 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के सरैया लालपुर शिवराजपुर निवासी अंगद सिंह ने रनियां थाने में अपने भतीजे बलवंत सिंह की 12 दिसंबर 2022 को पुलिस अभिरक्षा में बेरहमी से पिटाई कर हत्या करने की रिपोर्ट लिखाई थी। इस मामले में तत्कालीन शिवली कोतवाली इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिंह, एसआई संपत सिंह, हेड कांस्टेबल विनोद कुमार, मैथा चौकी इंचार्ज ज्ञान प्रकाश पांडेय, एसओजी प्रभारी प्रशांत गौतम, हेड कांस्टेबल सोनू यादव, हेड कांस्टेबल अनूप कुमार, दुर्गेश कुमार व आरक्षी जय कुमार के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। एसआईटी ने गैर इरादतन हत्या के आरोप में कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंचम पूनम सिंह की कोर्ट ने 19 अक्तूबर को तत्कालीन शिवली कोतवाल राजेश कुमार सिंह और मैथा चौकी इंचार्ज ज्ञानप्रकाश पांडेय को दोषी ठहराते हुए फैसला सुरक्षित कर लिया था।

डीजीसी राजू पोरवाल और एडीजीसी संतोष कटियार ने बताया कि गुरुवार को कोर्ट ने राजेश कुमार सिंह और ज्ञानप्रकाश पांडेय को 5-5 साल की सजा सुनाई व 10-10 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया।

## भाजपा ने विधानसभा उपचुनाव के लिए घोषित किए 8 प्रत्याशी

### बसपा ने आठ सीटों पर की उम्मीदवारों की घोषणा, अम्बेडकर नगर की कटेहरी सीट से धर्मराज निषाद बने भाजपा प्रत्याशी

- सपा सांसद धर्मेंद्र यादव के बहनोई को भाजपा ने करहल से लड़ाया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा ने गुरुवार को आठ उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। बसपा ने भी आठ और सपा ने दो और उम्मीदवार के नाम घोषित किए हैं। इसके पहले सपा सात प्रत्याशियों के नाम घोषित कर चुकी है। भाजपा ने करहल सीट से अनुजेश यादव को चुनाव में उतारा तो वहीं कानपुर की सीसामऊ सीट से सुरेश अवस्थी लड़ेंगे। गाजियाबाद से महानगर भाजपा अध्यक्ष संजीव शर्मा को टिकट दिया गया है। पार्टी ने कुंदरकी से रामवीर सिंह ठाकुर, खैर (अजा) सीट से सुरेंद्र दिलेर, फूलपुर (प्रयागराज) से दीपक पटेल, कटेहरी से धर्मराज निषाद और मझवा सीट से सुचिस्मिता मौर्या को टिकट दिया है।

कटेहरी से धर्मराज निषाद तीन बार बसपा से विधायक और बसपा सरकार में मंत्री भी रहे हैं। वह वर्ष 2022 से पहले भाजपा में आए, चुनाव लड़े और हार गए थे। भाजपा ने इन्हें फिर मौका दिया है। मझवा से सुचिस्मता मौर्य भाजपा से विधायक रही हैं। वर्ष 2022 में सीट निषाद पार्टी को दे दी गई थी। इस बार भाजपा मौर्य को लड़ा रही है। अलीगढ़ की खैर सीट से सुरेंद्र दिलेर, पूर्व भाजपा सांसद राजवीर दिलेर के बेटे हैं। भाजपा ने करहल से आजमगढ़ से सपा सांसद धर्मेंद्र यादव के सगे बहनोई अनुजेश यादव को प्रत्याशी बनाया है। अनुजेश सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव की भतीजी संध्या यादव के पति हैं।

### बसपा आज घोषित करेगी खैर सीट से उम्मीदवार

**लखनऊ।** विधानसभा उपचुनाव में नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन 25 अक्टूबर को बसपा अलीगढ़ की खैर सीट से प्रत्याशी घोषित करेगी। बसपा की ओर से आठ प्रत्याशियों की घोषित सूची के अनुसार कटेहरी से अमित वर्मा, फूलपुर से जितेंद्र कुमार सिंह, मीरापुर से शाहनजर, सीसामऊ से वीरेंद्र कुमार शुक्ला, करहल से डॉ अवनीश शाक्य, कुंदरकी से रफलउल्ला, गाजियाबाद से परमानंद गर्ग व मझवां से दीपक तिवारी शामिल हैं।

### सपा ने गाजियाबाद व खैर सीट पर घोषित किए प्रत्याशी

**लखनऊ।** कांग्रेस के साथ समझौता होने के बाद गुरुवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने गाजियाबाद से सिंह राज जाटव और खैर में डॉ.चारू कैन को प्रत्याशी बनाया है।

### रालोद ने मीरापुर सीट से मिथलेश पाल को उतारा

राष्ट्रीय लोकदल ने उपचुनाव में मीरापुर सीट पर मिथलेश पाल को उतारा है। यह सीट रालोद को एनडीए गठबंधन के तहत भाजपा द्वारा मिली है। गुरुवार को पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के नेतृत्व में मीरापुर सीट जीतेंगे, सभी नौ सीटों पर एनडीए गठबंधन जीतेगा।

## एक नजर

### छात्र ने की आत्महत्या

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** अयोध्या के अनिल सरस्वती इंटर कॉलेज में कक्षा 11 में पढ़ने वाले 17 वर्षीय के छात्र का शव गुरुवार को घर में फंदे से लटकता पाया गया। कोतवाल संजय मौर्य ने बताया कि कोतवाली रुदौली के ग्राम भेलसर निवासी शिक्षक अमित कुमार श्रीवास्तव का पुत्र सक्षम (17) अयोध्या में बुआ के घर रहकर अनिल सरस्वती इंटर कॉलेज में पढ़ाई कर रहा था। उसे 10 दिन के लिए स्कूल से निष्कासित किए जाने की बात सामने आई है। किसी तरह की शिकायत नहीं मिली है। जांच की जा रही है।

### कलेक्ट्रेट कर्मचारियों ने की शोक सभा

**अयोध्या, अमृत विचार :** अपर जिलाधिकारी कानून व्यवस्था सुरजीत सिंह के असामयिक निधन पर कलेक्ट्रेट में शोक रहा। कलेक्ट्रेट कर्मियों ने शोकसभा की। दो मिनट का मौनर रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। शोक सभा में कलेक्ट्रेट संघ के अध्यक्ष राजकपूर, महामंत्री विक्रम सिंह, रविन्द कुमार चौधरी, राजेश कुमार, अंजनी कुमार, उमाशंकर पाल, आदर्श श्रीवास्तव, राजकुमार सहित अन्य कर्मचारी शामिल थे।

# राममंदिर पर एक हजार वर्षों तक मौसम और भूकंप का नहीं पड़ेगा प्रभाव : चंपत

## अखिल भारतीय ईंट व टाईल निर्माता महासंघ के अधिवेशन में हुई भजन संध्या

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** श्रीराम मंदिर पर आगामी एक हजार वर्षों तक मौसम और भूकंप आदि का प्रभाव नहीं पड़ेगा। मंदिर का निर्माण अतिशीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। ये बातें श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहीं। वह मानस भवन में चल रहे अखिल भारतीय ईट व टाईल निर्माता महासंघ के तीन दिवसीय अधिवेशन के तहत बुधवार रात भजन संध्या एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने उत्तर प्रदेश ईट निर्माता समिति के अध्यक्ष अतुल कुमार सिंह व अन्य पदाधिकारियों संग दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत करते श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय, उत्तर प्रदेश ईंट निर्माता समिति के अध्यक्ष अतुल सिंह व अन्य।

विशिष्ट अतिथि महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या पहले से और विकसित हो रही है। विश्व भर के राम राम भक्तों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

भजन गायक आचार्य वेद प्रकाश पांडेय एवं उनकी मंडली ने एक के बाद एक भजन प्रस्तुत कर उपस्थितजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमवीर भाटी, राष्ट्रीय महामंत्री मुरारी कुमार मन्नू, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बृजमोहन गुप्ता के अलावा पंजाब के अध्यक्ष रमेश मोही, हरियाणा के अजीत सिंह यादव, उत्तर प्रदेश महामंत्री गोपी श्रीवास्तव, तमिल नाडु के रत्नाशेखर, असम के विपुल मालाकार जी, त्रिपुरा के विश्वजीत सरकार, जम्मू कश्मीर के अध्यक्ष अब्दुल अज़ीज़ धार, मध्य प्रदेश के रमेश प्रजापति, पश्चिम बंगाल के अशोक तिवारी व दिलीप कुमार घोष, बिहार के संघ के महामंत्री इंजीनियर प्रभात, झारखंड के अनंत नाथ सिंह, आंध्र प्रदेश के वी चौधरी आदि मौजूद रहे।

# मदरहिया के 80 परिवार संकट में, नहीं मिला कोई ठौर ठिकाना

पूराबाजार, अयोध्या

**अमृत विचार :** बाढ़ प्रभावित क्षेत्र रामपुर पुआरी के मदरहिया गांव में सरयू नदी की कटान 10 दिनों से लगातार जारी है। अब तक करीब 500 बीघा खेती योग्य जमीन और फसलें नदी में समा चुकी हैं। जिसमें परवल व गन्ना की फसलें प्रमुख रूप से शामिल हैं। इस आपदा के चलते गांव के 80 से अधिक परिवारों को पलायन करने पर मजबूर होना पड़ा है। उन्हें अभी तक कोई सुरक्षित ठिकाना नहीं मिल सका है।

गांव के किसान बिंदु, विद्या, सुरेंद्र, बैजनाथ, महेश, हरेंद्र, आदि की जमीनें नदी की कटान में समा चुकी हैं। गांव के लोगों ने बताया कि कटान अब गांव की ओर बढ़ रही है। जिससे उनके घरों के अस्तित्व पर भी संकट मंडरा रहा है। ग्राम प्रधान रमेश निषाद ने बताया कि कटान से प्रभावित परिवारों और किसानों की स्थिति की जानकारी तहसीलदार और जिलाधिकारी, एसडीएम सदर तक पहुंचाई जा चुकी है, लेकिन अब तक कटान रोकने की व्यवस्था नहीं हुई है। यदि इसी गति से कटान जारी रही, तो जल्द ही मदरहिया गांव का अस्तित्व भी खतरे में पड़ सकता है। एसडीएम सदर विकास दुबे का कहना है कि सभी तरह के उपाय किए जा रहे। ग्रामीणों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जायेगा। उन्होंने बताया कि लेखपाल को पीड़ितों की सूची बनाने के लिए निर्देशित किया गया है।



मदरहिया गांव के पास हो रही कटान देखते ग्रामीण। अमृत विचार

**▸▸ सरयू की कटान लगातार जारी बर्बाद हो रहे हैं खेत और फसलें**

# बेडरूम से लेकर बाहर के कमरे तक बिखरा मिला खून

अयोध्या कार्यालय

**▸▸ एफएसएल ने की पड़ताल, बोले सीओ- जाँच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कोई आपत्तिजनक तथ्य नहीं आया सामने**

**अमृत विचार :** अपने आवास में मृत मिले अपर जिलाधिकारी कानून-व्यवस्था सुरजीत सिंह (58) के घर की जांच में पुलिस और विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम को बेडरूम से लेकर बहार के कमरे और बाटरूम व वॉश बेसिन में खून बिखरा मिला। मृतक के पास ही दवा की शीशी और टैबलेट रखी हुई थी। इस पर कानपुर के थाना रावतनगर स्थित गणेशनगर में रह रहे एडीएम के परिवार को खबर दी गई। सूचना पर गुरुवार दोपहर एडीएम की पत्नी निशा गंगवार, बेटा हिमांशु व साला विनोद गंगवार पहुंचे तो रोदन-विलाप शुरू हो गया। इसके बाद पुलिस ने मजिस्ट्रेट की मौजदगी में पंचनामा भरवा पैनल से पोस्टमार्टम कराया।

मृतक के बेटे हिमांशु ने उनके ब्लड शुगर से पीड़ित होने की जानकारी दी है। साले विनोद ने मौके की नजाकत को देखते हुए घटना की जाँच कराए जाने की मांग की है। सीओ सिटी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी पर पुलिस के साथ एफएसएल से घनास्थल की जाँच-पड़ताल कराई गई। अनुमान लगाया है क़ि बैडरूम में खून की उलटी होने के बाद वह बाथरूम गए और वॉश बेसिन में भी खून की उल्टी की। इसके बाद उन्होंने बेडरूम में पड़े खून को पोंछने और बाहरी कमरे में गैस का सीरप पीने की कोशिश की। नौकरानी के आने के पूर्व उनकी बाहर का दरवाजा खोल देने की आदत थी, ऐसे में माना जा रहा है कि मौत सुबह के समय हुई।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में शव का पंचनामा और पैनल से पीएम कराया है। अभी तक की जाँच और पोस्टर्मार्टम रिपोर्ट में कोई आपत्तिजनक तथ्य सामने नहीं आया है। शव को अंतिम संस्कार के लिए रवाना किया गया है।



सुरसुरि कॉलोनी में एडीएम के आवास के निकट जांच करते पुलिस अधिकारी।



जांच पड़ताल के दौरान लिखा-पढ़ी करती पुलिस।



कानपुर से सुरसुरि कालोनी में पहुंची दिवंगत एडीएम की पत्नी।



एडीएम का आवास।

### एक दिन पूर्व ही कराई थी शुगर जाँच

अपर जिलाधिकारी कानून-व्यवस्था ने बुधवार को शहर के खिड़की अली बेग मोहल्ला स्थित एक निजी नर्सिंग होम के चिकित्स्क से ब्लड शुगर तथा अन्य जाँच कराई थी। उनका रैंडम ब्लड शुगर 349 एमजी/डीएल पाया गया था। जानकारों का कहना है कि वह चिकित्सीय परामर्श के लिए कानपुर जाने वाले थे।

### अधिकारियों का रहा जमावड़ा सांसद-विधायक भी पहुंचे

जिले में तैनात एडीएम स्तर के अधिकारी की मौत को लेकर मौके पर अधिकारियों का जमावड़ा रहा। सांसद अवधेश प्रसाद और विधायकगण वेद प्रकाश गुपता व रामचंदर यादव ने मौके पर पहुंच जानकारी ली। मंडलायुक्त गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार, डीएम सीबी सिंह व एसएसपी राजकरन नैय्यर ने कई बार मौके पर पहुंच जांच की। सदर तहसील समेत अन्य मातहत अधिकारी मौके पर डेरा डाले रहे।

# 4.50 लाख छात्र- छात्राओं की नई पहचान बनेगी अपार आईडी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** स्कूलों में पढ़ने वाले हर बच्चे की अपार आईडी (ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक एकाउंट रजिस्ट्री) बनाई जाएगी। इसमें छात्रों की शैक्षिक प्रगति और उपलब्धि दर्ज की जाएगी। भारत सरकार ने सभी स्कूलों के बच्चों की अपार आईडी बनाने का निर्देश दिया है। इसमें बच्चों की शैक्षणिक उपलब्धियों का पूरा विवरण दर्ज होगा। 12 अंकों की अपार आईडी को आधार से कनेक्ट किया जाएगा। इसके बन जाने से एक क्लिक पर बच्चों का शैक्षिक रिकॉर्ड सामने आ जाएगा।

जिले में 1792 परिषदीय, 97 सहायता प्राप्त, 38 मदरसा, 57 समाज कल्याण, 17 राजकीय माध्यमिक विद्यालय, 67 सहायता प्राप्त सहित 2714 विद्यालयों में लगभग 4.50 लाख से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। आईडी बनाने से पहले प्रत्येक विद्यालय में माता-पिता और अभिभावक की विशेष बैठक होगी। अभिभावकों को अपार आईडी के बारे में जानकारी देते हुए इसके लाभ बताने के साथ सभी के आधार एकत्र कर सहमति पत्र लेकर विद्यालय में संरक्षित रखना अनिवार्य कर दिया है।

> शासन के निर्देश पर यू-डायस पोर्टल पर समस्त छात्रों का पेन नंबर जनरेट हुआ था। उसे पेन नंबर को ही परिवर्तित करते हुए 12 अंकों की अपार आईडी बनाई जानी है। यह आईडी आधार से कनेक्ट रहेगी। अपार आईडी बनाए जाने का कार्य विद्यालय स्तर से ही लॉग इन करते हुए किया जाएगा। -संतोष कुमार राय, बीएसए।



मांगों का ज्ञापन सौंपते रोडवेज के कर्मचारी। अमृत विचार

# रोडवेज कर्मियों ने किया धरना-प्रदर्शन, भेजा ज्ञापन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** मांगों को लेकर यूपी रोडवेज इंप्लाइज यूनियन के कर्मचारियों ने गुरुवार को क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन किया। प्रबंध निदेशक को संबोधित ज्ञापन क्षेत्रीय प्रबंधक के प्रतिनिधि सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक वित्त अजय सिन्हा को सौंपा। धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि परिवहन निगम कर्मचारी, राज्य कर्मचारियों से 12 फीसदी महंगाई भत्ता कम पा रहे हैं। राज्य कर्मचारी 50 फीसदी और परिवहन निगम कर्मचारी 38 फीसदी भत्ता पा रहे हैं। नेताओं ने कहा कि इस असमानता को दूर करवाया जाए। यह नियम संगत है। साथ ही आईटीआई, वाह्य स्रोत कर्मचारियों की सेवा नियमावली बनवाने, कुशल कामगार का वेतन दिलाने, मृतक आश्रित नियुक्त किए जाने, अवैध डग्गामार संचालन बंद कराने, परिवहन निगम में संविदा पर रखे कार्मिकों को नियमित किए जाने, रिक्त पदों पर भर्ती करने, परिवहन निगम में फैले भ्रष्टाचार को बंद करने की। कर्मचारियों ने अयोध्या धाम बस स्टेशन इंक्वायरी से संचालन न कराकर कैंटीन से कराए जाने को लेकर रोष व्यक्त किया। धरना प्रदर्शन में यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष मासूक अली, क्षेत्रीय मंत्री राजेंद्र प्रसाद पांडे, हरिकांत द्विवेदी, क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष जयकरण यादव, शाखा अध्यक्ष कृष्ण देव पांडे, अशोक जायसवाल, चन्द्र भान भारद्वाज, सुरेश सिंह, मो. अंसार, विजय प्रकाश पांडेय, प्रेम बहादुर यादव सहित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

**▸▸ मृतक आश्रित नियुक्ति, डग्गामार वाहन संचालन बंद कराने की मांग**

## नियमों के उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई

**अयोध्या, अमृत विचार:** दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैया दूज के त्योहारों पर बड़ी संख्या में लोगों के उत्तर प्रदेश राज्य और दूसरे राज्यों से अपने घर जाएंगे। इसमें बसों एवं टैक्सियों का उपयोग होगा। सुरक्षित आवागमन के मद्देनजर गुरुवार को संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन ने प्रवीण कुमार सिंह बस एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। निर्देश दिया कि वैध प्रपत्रों के साथ वाहन का संचालन करें। निश्चित सीट से अधिक यात्रियों को न बैठाया जाए। तय सीमा में वाहन चलाएं, खतरनाक तरीके से वाहन न चलाएं। चालक नशे की हालत में वाहन न चलाएं। बसों में पटाखे अथवा अन्य ज्वलनशील सामग्री का परिवहन न किया जाए। चालक और परिचालक यात्रा कर रहे यात्रियों से मृदु व्यवहार करें। नियमों के उल्लंघन पर चालकों और वाहन स्वामियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होगी। बैठक में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन आरपी सिंह, संभागीय निरीक्षक प्रेम सिंह, बस एसोसिएशन की ओर से बीपी पांडे, रविंदर यादव, रामानंद दुबे, मनोज दुबे, जेपी दुबे, अरविंद यादव, संजय गुप्ता, कमर, सतीश शर्मा आदि मौजूद थे।

# दूरदर्शन चौराहे पर बाइक और कार में टक्कर बालिका की मौत

अयोध्या कार्यालय

**▸▸ बाइक सवार रेलकर्मी गंभीर रूप से घायल**

**अमृत विचार :** रामपथ पर गुरुवार सुबह नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित दूरदर्शन चौराहे के पास एक कार और बाइक में भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार के बालिका की मौत हो गई, जबकि बाइक सवार रेलकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। चिकित्सक ने उसको लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर किया है।

रौनाही थाना क्षेत्र स्थित खदीजतुल कुबेरा मदरसे में रहकर पढ़ाई करने वाली शाइस्ता (12) पुत्री मो. अंसार की बुधवार देर रात तबियत बिगड़ गई। बालिका को गुरुवार सुबह इलाज के लिए एक कार से मदरसा स्टाफ अशरफ के साथ जिला अस्पताल लाया जा रहा था। रामपथ पर नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित दूरदर्शन चौराहे के पास कार की एक बाइक से टक्कर हो गई। जिसमें कार सवार बालिका की हालत बिगड़ गई और बाइक सवार रेलकर्मी केशवराम कनौजिया (59) पुत्र झिंगुरी निवासी रेलवे कॉलोनी निवासी कोतवाली नगर गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों को जिला अस्पताल पहुँचाया गया। जहां डॉ. आशुतोष प्रताप ने बालिका शाइस्ता को मृत घोषित कर। जबकि केशवराम कनौजिया को गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया है। चौकी प्रभारी सिविल लाइंस अमित कुमार का कहना है कि दुर्घटना में घायलों को अस्पताल भेजवाने के बाद पुलिस ने क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को चौकी पर खड़ा कराया है। अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। शिकायत मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना बनाई जाएगी।

## सार-संक्षेप



रुदौली में आयोजित गोष्ठी को सम्बोधित करते शिक्षक। अमृत विचार

### दिव्यांग बच्चों की शिक्षा से विकसित होंगे परिवार : रवीन्द्र

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** खंड शिक्षा कार्यालय में दिव्यांग बच्चों की देखभाल करने व उनसे जुड़ी सुविधाओं के बारे में जागरूकता गोष्ठी हुई। इंटीरेट शिक्षक रवींद्र कुमार प्रजापति ने कहा कि दिव्यांग बच्चों की शिक्षा के लिए सरकार और शिक्षा विभाग प्रयत्नशील है। दिव्यांग बच्चों के शिक्षित होने से समाज और परिवार का विकास होगा। इंट्रीरेट शिक्षक अशोक कुमार ने कहा कि अभिभावकों को बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजना चाहिए। कम्पोजिट विद्यालय गनौली के प्रधानाध्यापक अकील अहमद ने दिव्यांग छात्रों की समस्याओं को पर चर्चा की। इस अवसर पर राम नरेश, पूर्णमासी, संतोष कुमारी, संदीप, मीनावती, विजय कुमार, पूजा सहित अभिभावक मौजूद रहे।

### रामलीला देखने गया था परिवार, घर में हो गई चोरी

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** थाना क्षेत्र अंतर्गत दुल्लापुर गांव में बुधवार रात्रि को चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए अलमारी का ताला तोड़कर नगदी सहित जेवरात पार कर दिए। पीड़ित मुरली साहू ने बताया कि घर के सभी सदस्य गांव में चल रही रामलीला देखने गए थे। रामलीला समाप्त होने के बाद जब घर पहुँचे तब देखा कि घर का सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ है। जब कमरे में पहुंचा तो देखा कि अलमारी का ताला टूटा हुआ है। पता चला कि घर के जेवरात व पांच रुपये नगद चोरी हो गया। मवई थानाध्यक्ष संदीप त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है।

### कृष्ण सुदामा का चरित्र मित्रता का सबसे बड़ा उदाहरण

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** मित्रता का दुनिया में कृष्ण सुदामा चरित्र अद्वितीय उदाहरण है। मित्र के दरवाजे पर आने की जानकारी पर नंगे पैर दौड़ कर कृष्ण का आना मित्रता को परिभाषित करता है। यह बात शहर काशीपुर में संत आचार्य देवमूर्ति ने सुदामा चरित्र की कथा सुनते हुए कही। उन्होंने कहा कि सुदामा दरिद्र नहीं एक गरीब ब्राह्मण थे। दरिद्र और गरीब में जमीन आसमान का अंतर है। इस अवसर पर विधायक रामचंद्र चन्द्र यादव, विनोद कुमार मिश्र, प्रमोद कुमार मिश्रा, हनुमान मिश्रा, समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### काम के पराभव की भी लीला है महारस : आचार्य ज्ञानचंद

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** कथा व्यास पंडित ज्ञान चंद द्विवेदी ने कहा कि महारास सिद्ध योगियों की लीला है। यह काम के पराभव की भी लीला है। वह ऐमीआलापुर में श्रीमद भागवत कथा के छठवें दिन गुरुवार को श्रद्धालुओं को कथा का रसपान करा रहे थे। कहा कि वासना व प्रेम का बाहरी रूप एक जैसा है, दिखाई भी पड़ता है इसलिए महारास के विषय में भ्रम होता है। प्रेम में स्वसुख की अपेक्षा नहीं होती। कहा असलियत में 16108 वेद ऋचाएं हैं। वेद में तीन कांड और एक लाख मंत्र है। पहला कर्मकांड, दूसरा उपासना कांड, तीसरा ज्ञान कांड। कर्मकांड ब्रह्मचारियों के लिए है। उपासना कांड गृहस्थों के लिए है। ज्ञानकांड बानप्रस्थ के लिए है। कथा में पूर्व मंत्री तेज़ नारायन पाण्डेय पवन, हरिशंकर तिवारी, राजेश सिंह, सुरेश तिवारी, महेश तिवारी आदि थे।

### पूर्व जिलाध्यक्ष के निधन पर भाजपा ने की शोक सभा

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** भाजपा के वरिष्ठ नेता महंत मनमोहन दास के निधन पर गुरुवार को सिविल लाइंस कार्यालय पर शोक सभा का आयोजन किया गया। उनके चित्र पर पुष्पांजलि दी गई। शोकसभा में महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा महंत मनमोहन दास का निधन पार्टी के लिए अपूर्णनीय क्षति है। उन्होंने वैचारिक मूल्यों की राजनीति पर आधारित राजनीति की। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि वे एक समर्पित स्वयंसेवक, प्रतिबद्ध कार्यकर्ता और एक उत्कृष्ठ राजनीतिज्ञ थे। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि उनके निधन से भारतीय जनता पार्टी के एक युग का अंत हो गया। पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि वर्तमान पीढ़ी के कई नेताओं को उन्होंने पार्टी के सर्मपित कार्यकर्ता के रूप में तैयार किया। शोक सभा में धर्मेन्द्र प्रताप सिंह टिल्लू, शक्ति सिंह, अवधेश पांडे बादल, अभिषेक मिश्रा, कमला शंकर पांडे, ओमप्रकाश सिंह, आलोक कुमार सिंह रोहित, करुणाकर पांडे, सुनील तिवारी शास्त्री, कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू, गोकरन द्विवेदी, शैलेंद्र कोरी, तिलक राम मौर्य आदि मौजूद रहे।

# रामलीला : राम जन्म समेत अन्य प्रसंगों का मंचन देख विभोर हुए दर्शक

पूराबाजार, अयोध्या।

**अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत गंगौली में सात दिवसीय रामलीला मंचन के दूसरे दिन बुधवार रात राम जन्म, विश्वामित्र यज्ञ, ताड़का वध, सुबाहु वध, अहिल्या उद्धार का मार्मिक मंचन किया गया। जिसे देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए।



रामलीला में मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

दूसरे दिन की रामलीला मंचन में स्थानीय कलाकारों द्वारा दिखाया गया कि राम जन्म की खुशी पूरी अयोध्या में उल्लास के साथ मनाई गई। बार-बार राक्षसों द्वारा विश्वामित्र का यज्ञ भंग किए जाने पर विश्वामित्र ने यज्ञ की रक्षा के लिए अयोध्या जाकर राजा दशरथ से राम लक्ष्मण को मांगते हैं। रास्ते में ही राम ने ताड़का का वध किया और यज्ञ की रक्षा के दौरान सुबाहु का वध कर दिया। जनकपुर से सीता स्वयंवर का निमंत्रण पाने के बाद विश्वामित्र जी राम और लक्ष्मण के साथ जनकपुर के लिए प्रस्थान करते हैं, रास्ते में ही राम ने अपने चरण रज से अहिल्या का उद्धार किया। स्थानीय कलाकारों में राजेश विश्वकर्मा ने राजा दशरथ, रमेश विश्वकर्मा ने राम, दिलीप सिंह ने लक्ष्मण, आकाश पांडे ने गुरु वशिष्ठ, रामजतन विश्वकर्मा ने विश्वामित्र, रामचरित्र ने तड़का की भूमिका का मंचन किया। रामलीला समिति के प्रबंधक एसपी सिंह सनी, अध्यक्ष सुधीर सिंह, व्यवस्थापक गणेश सिंह, पूर्व बीडीसी करिया सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।





नंदीग्राम महोत्सव में भजनों की प्रस्तुति देते बिहारी लोक गायक धीरज कांत एवं कार्यक्रम के दौरान मनमोहक भजनों आनंद लेते श्रोता।

## नंदीग्राम महोत्सव : देख लो मेरे दिल के नगीने में, श्रीराम जानकी बैठे हैं

**मसौधा, अयोध्या। अमृत विचार :** राम जी से पूछें जनकपुर की नारी। कहें कन्हैया सुन मेरी मैया, मान लो मेरी बात। देख लो मेरे दिल के नगीने में, श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में जैसे भजनों और गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने नंदीग्राम महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या में शामिल लोगों को रसदार गीतों से सराबोर कर दिया। विख्यात बिहारी लोक गायक दीपांशु रंजन के तबले की थाप पर निकलती सुरीली आवाज का जादू दर्शक दीर्घा में बैठे युवाओं के सिर चढ़कर बोला। सरस्वती वंदना के साथ शुरू हुई सांस्कृतिक संध्या के गीतों की श्रंखला आधी रात तक जारी रही। कलाकार करमचंद देहाती, दीपक सुल्तानपुरी, आलोक कुमार फैजाबादी, सुष्मिता चौहान ने सुरीली आवाजों से प्रस्तुत भजनों से श्रोताओं का दिल जीत लिया। लोक गीतों पर स्टेज मंचन के साथ बिहारी कलाकारों के नृत्य पर भोजपुरी गीतों की धारा प्रवाह प्रस्तुतियों से समूचा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। इसके पूर्व सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ जिला को-ऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू सिंह ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के शुभारंभ में गोरखपुरी लोक गायिका नीतू कश्यप ने- कहे कन्हैया सुन मेरी मैया, मान को मेरी बात भजन प्रस्तुत कर किया। नंदीग्राम महोत्सव के अध्यक्ष महंत भागवत दास के नेतृत्व में श्री भरत स्तुति वंदना हुई। जिसमें पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष कमला शंकर पांडे, दक्षिण मुखी भरत गुफा के महंत परमात्मा दास, बाल व्यास संपूर्णानंद, भाजपा नेता रमाकांत पांडे, भाजपा नेत्री मंजू निषाद, भरत कुंड भाजपा मंडल अध्यक्ष अमरनाथ वर्मा, नगर पंचायत भरतकुंड भदरसा के सभासद प्रेम बाबू मौर्य आदि लोग शामिल रहे।

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा

हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

## आज का मौसम

24 घंटे में मौसम शुष्क बने रहने एवं पूर्वी हवा चलने के आसार हैं।

33.5° अधिकतम तापमान | 17.5° न्यूनतम तापमान

## आज के कार्यक्रम





- भव्य दीपोत्सव को लेकर अयोध्या के घाटों पर दियों के बिछाने का कार्य सुबह 11 बजे से।
- समस्याओं के निदान की मांग को लेकर किसान यूनियन की महापंचायत तिकोनिया पार्क में सुबह 11 बजे से।
- दीपोत्सव मेले में सुझाव/परामर्श और सहभागिता को लेकर डीएम की बैठक तुलसी स्मारक भवन में साढ़े तीन बजे।
- भरतकुंड नंदीग्राम महोत्सव में तीसरी सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ शाम 7 बजे से।

# आठवां दीपोत्सव : घाट नंबर 1 पर 65000 व 2 पर सजेंगे 38000 दिये

## कुलपति के निर्देश पर विवि दीपोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा



- स्वयं सेवकों की संख्या तय
- विश्वविद्यालय द्वारा स्वयं सेवकों को आईकार्ड का वितरण

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के कुशल नेतृत्व में रामनगरी का आठवां दीपोत्सव-2024 भव्य बनाया जायेगा। विवि प्रशासन द्वारा कुलपति के निर्देशन में सभी घाटों के दीपों की संख्या के निर्धारण के साथ स्वयंसेवकों की संख्या का निर्धारण कर दिया गया है। घाट नंबर 1 पर 65000 व और 2 पर 38000 दिये सजेंगे। इस तरह सरयू के 55 घाटों पर 25 लाख से अधिक दीए प्रज्ज्वलित कर विश्व कीर्तिमान बनाया जायेगा।

दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो. संत शरण मिश्र ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मंशानुरूप 25 लाख से अधिक दिये जलाने के लक्ष्य के लिए 28 लाख से अधिक दीये राम की पैड़ी, चौधरी चरण सिंह, भजन संध्या स्थल सहित अन्य 55 घाटों पर घाट समन्वयकों की निगरानी में बिछाये व जलाये जायेंगे। इसके लिए आवासीय परिसर सहित 14 सम्बद्ध महाविद्यालय, 37 इंटरमीडिएट कॉलेज व 40 स्वयंसेवी संस्थाओं के 30 हजार स्वयंसेवकों की भागादारी होगी।

**40 स्वयंसेवी संस्थाओं के 30 हजार स्वयंसेवकों की होगी भागादारी**



अयोध्या में दिव्य दीपोत्सव का अलौकिक दृश्य (फाइल फोटो)

### आज से घाटों पर बिछाए जाएंगे दीपक

दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो. संत शरण मिश्र ने बताया कि 30 अक्टूबर को होने वाले दीपोत्सव की तैयारियां पूरी की जा रही है। 24 अक्टूबर से घाटों पर दीपक की खेप पहुंचने का काम शुरू हो गया। 25 अक्टूबर से घाटों पर दीए बिछाने का काम शुरू कर दिया जायेगा। स्वयंसेवकों का आईकार्ड वितरण शुरू कर दिया गया है। जिसमें 15 हजार से अधिक आईकार्ड संस्थानों के पदाधिकारियों को उपलब्ध करा दिया गया है। सभी संस्थानों को शुक्रवार तक आईकार्ड उपलब्ध करा दिया जायेगा।

### अवध विवि में आज होगा प्रशिक्षण

मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि दीपोत्सव-2024 को अलौकिक एवं भव्य बनाने के लिए 25 अक्टूबर शुक्रवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे परिसर के स्वामी विवेकानंद सभागार में अंतिम प्रशिक्षण बैठक जिला प्रशासन की उपस्थिति में होगा। इसमें विश्वविद्यालय के समस्त संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, निदेशक, समन्वयक, जिला विद्यालय निरीक्षक, दीपोत्सव में प्रतिभाग करने वाले समस्त प्राचार्यगण, सम्बद्ध महाविद्यालय, समस्त समन्यकगण, घाट प्रभारी एवं स्वयंसेवक मौजूद रहेंगे।



विश्वविद्यालय द्वारा स्वयं सेवकों को आईकार्ड का वितरण। अमृत विचार

### जाने राम की पैड़ी के किस घाट पर जलेंगे कितने दीपक

| घाट संख्या | दीपक | स्वयंसेवक |
|---|---|---|
| 01 | 65000 | 765 |
| 02 | 38000 | 447 |
| 03 | 48000 | 565 |
| 04 | 61000 | 718 |
| 05 | 24000 | 282 |
| 06 | 31000 | 365 |
| 07 | 68000 | 800 |
| 08 | 69000 | 812 |
| 09 | 88700 | 1044 |
| 10 | 105000 | 840 |
| 11 | 75500 | 752 |
| 12 | 105100 | 1235 |
| 13 | 37000 | 888 |
| 14 | 44000 | 1236 |
| 15 | 46000 | 435 |
| 16 | 20000 | 518 |
| 17 | 50000 | 541 |
| 18 | 52000 | 235 |
| 19 | 23000 | 588 |
| 20 | 22300 | 612 |
| 21 | 6700 | 271 |
| 22 | 7900 | 262 |
| 23 | 6800 | 79 |
| 24 | 11500 | 135 |
| 25 | 16500 | 194 |
| 26 | 16000 | 188 |
| 27 | 16000 | 188 |
| 28 | 52000 | 612 |
| 29 | 55000 | 647 |
| 30 | 32000 | 376 |
| 31 | 23000 | 271 |
| 32 | 20000 | 235 |
| 33 | 16000 | 188 |
| 34 | 16000 | 188 |
| 35 | 12000 | 241 |
| 36 | 30000 | 353 |
| 37 | 950000 | 1118 |
| 38 | 95000 | 1118 |
| 39 | 94000 | 1106 |
| 40 | 94000 | 1106 |
| 41 | 60000 | 706 |
| 42 | 60000 | 706 |
| 43 | 60000 | 706 |
| 44 | 60000 | 706 |
| 45 | 70000 | 804 |
| 46 | 60000 | 824 |
| 47 | 60000 | 824 |
| 48 | 157400 | 1100 |
| 49 | 157400 | 1100 |
| 50 | 59400 | 325 |
| 51 | 47100 | 312 |
| 52 | 46400 | 309 |
| 53 | 24500 | 110 |
| 54 | 60000 | 708 |
| 55 | 28850 | 175 |

## सभी की एकजुटता से दीपोत्सव का बनेगा विश्व रिकॉर्डः प्रो. प्रतिभा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** प्रभु राम के आशीर्वाद से दीपोत्सव के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन पूरे मनोयोग से दीपोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है। रामनगरी में प्राण प्रतिष्ठा के बाद का पहला दीपोत्सव है। मां सरयू व भूमि यही वंदना करते है कि दीपोत्सव कार्य निर्विघ्न पूरा करें। ये बातें गुरुवार को डॉ.राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने कहीं। वह विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन सभागार में महाविद्यालयों एवं इंटर कॉलेजों के प्राचार्यों के साथ तैयारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहीं थीं।

उन्होंने बताया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मंशानुरूप उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग व विवि के संयुक्त संयोजन में विश्वविद्यालय का आठवां दीपोत्सव होगा। जिला प्रशासन के सहयोग से लक्ष्य को प्राप्त करेंगे और स्वयंसेवकों की मदद से 25 लाख से अधिक दीपक जलाकर सातवीं बार गिनीज बुक ऑफ वल्र्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराएंगे। नोडल अधिकारी प्रो. संत शरण मिश्र ने बताया की राम की पैड़ी के घाटों पर दीयों की सुरक्षा जिला पुलिस प्रशासन द्वारा की जायेगी। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी, प्रोग्रामर रवि प्रकाश मालवीय सहित महाविद्यालय व इंटर कॉलेज के प्राचार्य एवं प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### खुफिया महकमा सतर्क, जांच अभियान शुरू

**अयोध्या, अमृत विचार।** आठवें दीपोत्सव पर शान्ति और सुरक्षा को लेकर विभिन्न एजेंसियों ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। बम खोजी और निरोधी दस्ते तथा एंटी सेबोटाज चेक टीम को सचेत किया गया है जबकि खुफिया महकमे ने इलाकाई पुलिस के साथ पहले चरण में होटल-धर्मशाला को खंगालना शुरू कर दिया है। जांच और तलाशी के साथ होटल-धर्मशाला संचालकों को तय नियम कायदे के अनुपालन की हिदायत दी जा रही है। एजेंसियों की ओर से पंजीकृत और गैर पंजीकृत होम स्टे की लिस्ट बनवाई जा रही है। क्षेत्राधिकारी अयोध्या आशुतोष त्रिपाठी ने बताया कि सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर विभिन्न स्तरों पर कार्रवाई कराई जा रही है। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कार्ययोजना को अमली जामा पहनाया जा रहा है।



दीपोत्सव के घाटों पर स्टोर किए जा रहे दीये एवं महाआरती के लिए की गई नंबरिंग (इनसेट में)।

# व्यवस्था धड़ाम : सीएमएस समेत 18 चिकित्सक मिले नदारद

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** एडी हेल्थ (अपर निदेशक स्वास्थ्य) के तीन घंटे के निरीक्षण के दौरान जिला अस्पताल की पोल-पट्टी खुल गई। जगह-जगह गंदगियां मिलीं। सीएमएस समेत लगभग 18 चिकित्सक गैरहाजिर मिले। अव्यवस्थाओं को देखकर चिकित्सा अधीक्षक को जमकर फटकार लगाई। देरी से पहुंचे सीएमएस पर भी खूब बरसे।

गुरुवार सुबह साढ़े आठ बजे के करीब अपर निदेशक स्वास्थ्य डॉ. सुशील प्रकाश अचानक जिला अस्पताल पहुंच गए। उनकी सरकारी गाड़ी के अस्पताल में प्रवेश करते ही हड़कंप मच गया। वह सबसे पहले इमरजेंसी ओपीडी में पहुंचे। उन्होंने देखा कि जगह-जगह दवा के रैपर व ग्लूकोज की खाली बोतलें बिखरी पड़ी थीं। मौके पर मौजूद रहे चिकित्सा अधीक्षक ने अपना पक्ष रखने की कोशिश की तो उन पर ही बरस पड़े। कहा , आप अधीक्षक होकर अस्पताल की व्यवस्था दुरुस्त नहीं रख पा रहे हैं। इसके बाद डेंगू, मेडिकल वार्ड, न्यू सर्जरी वार्ड, ब्लड बैंक का निरीक्षण किया। वार्डों के निरीक्षण के दौरान बुखार के मरीजों को मिली दवाओं के डोज को लेकर बिफर गए। थोड़ी देर बाद मौके पर सीएमएस डॉ. उत्तम कुमार भी पहुंच गए। इस दौरान डॉ. सुशील प्रकाश उन पर भी बरस पड़े। सूत्र बताते हैं की ओपीडी में भी चिकित्सकों को खूब लताड़ा। सिर्फ तीन चिकित्सक ही ड्यूटी पर मौजूद थे। डॉ. सीबीएन त्रिपाठी, डॉ. विजय हरि आर्या व डॉ. गुलाब पटेल। बाकी के लिए स्पष्टीकरण मांगा गया है। क्षेत्रीय निदान केंद्र में पहुंचे तो वहां भी कई व्यवस्थाएं दुरुस्त करने का निर्देश दिया है।



निरीक्षण के दौरान अपर निदेशक स्वास्थ्य डॉ. सुशील प्रकाश, सीएमएस डॉ. उत्तम कुमार व अधीक्षक डॉ .विपिन वर्मा व मौजूद अन्य लोग।

**एडी हेल्थ दवाओं की डोज पर बिफरे, तीन घंटे तक चला निरीक्षण**

> निरीक्षण के दौरान 18 चिकित्सक गैरहाजिर मिले हैं। हालांकि वह बाद में पहुंचे थे। सीएमएस और एमएस की भी लापरवाही है। एक दिन का वेतन रोका जाएगा। स्पष्टीकरण मांगा गया है। ड्राइवर की दवा वाली बात मेरे संज्ञान में नहीं है। मैं ड्राइवर की दवा के लिए क्यों नाराज रहूंगा। - **डॉ. सुशील प्रकाश, एडी हेल्थ**

### चर्चाः ड्राइवर को दवा न मिलने के बाद से खफा थे एडी हेल्थ

अपर निदेशक स्वास्थ्य का जिला अस्पताल में मिजाज कभी नरम तो कभी गरम हो रहा था। सूत्रों की मानें तो अभी हाल ही अपर निदेशक स्वास्थ्य के ड्राइवर अस्पताल में दवा के लिए एलपी कराने पहुंचे थे। इस दौरान ड्राइवर को सीएमएस ने यह कहकर लौटा दिया था कि आप दवा खरीद लीजिए। यहां बिल लगा दीजिएगा। बताया जा रहा है की यह बात ड्राइवर ने अधिकारी बताई, जो कि उन्हें नागवार गुजरी। चर्चा है कि इसी मामले से नाराज चल रहे एडी हेल्थ ने औचक निरीक्षण किया था।

> मंडलायुक्त से निर्देश मिलने के बाद ही अपर स्वास्थ्य निदेशक अस्पताल में निरीक्षण के लिए पहुंचे थे। ड्राइवर की दवा वाली बात सही है, लेकिन मुझे नहीं लगता की इस बात को लेकर खफा रहे होंगे। हालांकि मुझे पूरी जानकारी नहीं है क्योंकि मैं देर से पहुंचा था। अब आख्या का इंतजार कर रहा हूं। - **डॉ. उत्तम कुमार, सीएमएस, जिला चिकित्सालय**

## हज यात्रियों को पैसा जमा करने की तिथि बढ़ी

**अयोध्या, अमृत विचारः** हज कमेटी ऑफ इंडिया मुम्बई से चयनित हज यात्रियों की प्रथम किस्त 130300 रुपये जमा करने की बढ़ा दी है। इसे 21 से बढ़ाकर 31 अक्टूबर कर दिया गया है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अमित प्रताप सिंह ने गुरुवार को बताया कि आन लाइन जमा रसीद के साथ दूसरे कागजात को उ.प्र. राज्य हज समिति के पते पर डाक या दस्ती पांच नवंबर या उससे पूर्व जमा करना जरूरी है। निर्धारित समय से धनराशि जमा न होने की स्थिति में चयन निरस्त किया जा सकता है।



# 22 जनवरी तक शिखर निर्माण का कार्य पूरा करने का लक्ष्य

अयोध्या कार्यालय



**अमृत विचार :** राम मंदिर के शिखर निर्माण के लिए दो लेयर लगाए जाने का कार्य पूरा कर लिया गया है। इसके लिए गुजरात और राजस्थान के विशेष कारीगरों को लगाया गया है। 22 जनवरी के पहले इस कार्य को पूरा करने का दावा किया जा रहा है। इस लक्ष्य को लेकर कार्य किया जा रहा है। 5 नवंबर को मंदिर निर्माण समिति की बैठक की जाएगी।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि राम मंदिर निर्माण का कार्य गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। 161 फीट ऊंचे शिखर का निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए 60 हजार घन फीट पत्थरों के 29 लेयर लगाए जाएंगे। जिसमें अब तक दो लेयर का कार्य पूरा कर लिया गया है। शिखर निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए लगे सभी एक्सपर्ट बुलाए गए हैं। प्रत्येक लेयर लगाने के बाद उसकी जांच भी कराई जा रही है। कहा कि शिखर निर्माण के लिए अर्कीटेक्ट सोनपुरा के इंजीनियर, एलएंडटी, टीसीई, सीबीआरआई रुड़की के एक्सपर्ट समेत अन्य निर्माण एजेंसियों के अधिकारी इस कार्य में लगे हुए हैं।

# 29 अक्टूबर से 10 नवंबर तक होगी बेहतर परिवहन सुविधा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** दीपावली और छठ पूजा के मद्देनजर 29 अक्टूबर से 10 नवंबर तक रोडवेज बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध कराएगा। यात्रियों की उपलब्धता के अनुसार अधिकतम बसों को सड़क पर दौड़ाए जाने की व्यवस्था है। कर्मचारियों की साप्ताहिक छुट्टियां भी रद्द कर दी गई है। कर्मचारियों के लिए प्रोत्साहन योजना लागू की गई है।

दीपावली 31 अक्टूबर को व छट पूजा सात नवंबर को है। त्योहार को लेकर दूरदराज से यात्री अपने घरों के लिए आएंगे। दिल्ली सहित दूसरे प्रदेशों से खासतौर से बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए सबसे ज्यादा यात्री निकलने की उम्मीद है। रोडवेज इन यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के प्रयास में है। अयोध्या परिक्षेत्र की बसों को भी विभिन्न मार्गों पर चलाए जाने की रणनीति है। खासतौर से लखनऊ-गोरखपुर, आजमगढ़, बलिया सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए सुविधाएं दी जाएंगी। रोजवेज के अफसरों का कहना है कि 29 अक्टूबर से 10 नवबंर तक यात्रियों की उपलब्धता के मद्देनजर अधिकतम बसे चलाई जाएंगी। विशेष अवसरों को छोड़ साप्ताहिक सहित अन्य अवकाश रद्द कर दिए गए हैं।

### रोडवेज की तैयारी

**अधिकतम बसों के संचालन की व्यवस्था, कर्मचारियों की साप्ताहिक छुट्टियां भी रद्द**



### बेहतर संचालन के लिए लागू की गई प्रोत्साहन योजना

बेहतर संचालन के लिए कर्मचारियों के लिए प्रोत्साहन योजना लागू की गई है। ऐसे चालक/परिचालक जिसमें संविदा और आउटसोर्सिंग के चालक परिचालक शामिल हैं। न्यूनतम 12 दिन तक प्रतिदिन 300 किमी. संचालन करेंगे। उन्हें 350 रूपये प्रतिदिन की दर से 4200 रुपये एक मुश्त दिया जाएगा। 13 दिन की संपूर्ण प्रोत्साहन अवधि तक रोज निर्धारित किमी. का संचालन करने पर एक मुश्त 5200 रूपये दिए जाएंगे। संविदा और आउटसोर्सिंग के चालक परिचालकों को प्रोत्साहन अवधि में मानक किमी. अर्जित करने पर .55 रूपये प्रति किमी की दर से अतिरक्त मानदेय देय होगा। इसके साथ ही कार्यशालाओं में काम करने वाले कर्मचारियों के साथ ही क्षेत्रीय प्रबंधक और सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों के लिए भी प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक आदित्य प्रकाश ने परिवहन निगम ने इसका विस्तृत पत्रजारी कर दिया है।

**सुविधा** | जिला अस्पताल का प्राइवेट वार्ड शुरू करने की तैयारी, चार्ज की आई सूची

# कमरे का किराया 100 रुपये, 34 की रोज लगेगी ड्रिप

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में अब प्राइवेट वार्ड शुरू करने की चर्चा फिर शुरू हो गई है। वार्ड के चार्ज की सूची आते ही हलचल बढ़ गई है। अस्पताल के प्राइवेट वार्ड में अभी पांच बेड की सुविधा है। यहां भर्ती होने से पहले दो हजार रुपये सिक्योरिटी मनी के रूप में जमा करना होगा। कमरे का किराया 100 रुपये निर्धारित किया गया है, जबकि वहां भर्ती मरीज को आईवी ड्रिप के लिए प्रतिदिन 34 रुपये देने होंगे।

जिला अस्पताल के नए भवन के पीछे प्राइवेट वार्ड बनाया गया है। वार्ड में मौजूद पांच कक्ष अलग-अलग है। प्रत्येक में मरीज के बेड के अलावा अटेंडेंट के लेटने व बैठने की सुविधा है। शौचालय व स्नानघर अटैच है। शीशे की केबिननुमा बने कक्ष में साफ-सफाई का खास इंतजाम रखा गया है। इसमें भर्ती होने के लिए रजिस्ट्रेशन फीस 34 रुपये ,बड़े ऑपरेशन की फीस 1065 रुपये, ब्लड ट्रांसफ्यूजन फीस 100 रुपये निर्धारित की गई है।




जिला अस्पताल स्थित प्राइवेट वार्ड का भवन।

### जल्द चालू होगा ब्लड कलेक्शन सेंटर

जिला अस्पताल में जल्द ही ब्लड कलेक्शन सेंटर की शुरुआत होने जा रही है। इसके लिए कक्ष को दुरुस्त कराया जा रहा है। इमरजेंसी ओपीडी के सामने ही सेंटर की शुरुआत होगी। इसमें दो बजे के बाद ब्लड एकत्रित करने की सुविधा रहेगी। अभी मरीजों का ब्लड लेने के लिए क्षेत्रीय निदान केंद्र से कर्मचारी पहुंचते हैं। दो बजे के बाद मरीजों को काफी परेशान होती है। नर्स भी आपत्ति जताती है। अब दोपहर दो बजे से सुबह नौ बजे तक के लिए कलेक्शन सेंटर में ब्लड दिया जा सकेगा। यहां से सैंपल जांच के लिए सीधे क्षेत्रीय निदान केंद्र में भेजा जाएगा।

> प्राइवेट वार्ड के चार्ज की सूची आ गई है। अभी कर्मचारियों का अभाव है। जल्द ही इसका संचालन किया जाएगा। ब्लड कलेक्शन सेंटर मरीजों के लिए बेहद हितकारी साबित होगा। -**डॉ .विपिन वर्मा, चिकित्सा अधीक्षक, जिला अस्पताल।**

## दरोगा पर हमला कर सरकारी जीप क्षतिग्रस्त करने में पांच दोषमुक्त

**अयोध्या, अमृत विचार :** खंडासा थाना क्षेत्र में करीब नौ साल पहले रुपये के लेनदेन को लेकर हुए विवाद को सुलझाने गई दरोगा व पुलिस पार्टी पर लाठी-डंडे से जानलेवा हमला कर सरकारी जीप को क्षतिग्रस्त कर दरोगा को गम्भीर रूप से जख्मी करने के मामले में पांच आरोपियों चक्र बहादुर सिंह, ओंकार नाथ सिंह, कृष्ण कुमार यादव, शिवाकांत तिवारी व प्रदीप तिवारी को बरी कर दिया। फैसला गुरुवार को द्वितीय फास्ट ट्रैक न्यायाधीश रवि कुमार गुप्ता ने वादी एवं गवाहों के बयान तथा बचाव पक्ष के तर्कों को सुनने के बाद सुनाया।

घटना खंडासा थाना अन्तर्गत मिश्रौली गांव की है। बचाव पक्ष से वरिष्ठ अधिवक्ता राजेन्द्र प्रताप सिंह ने तर्क दिया कि घटना मिश्रौली गांव की है, लेकिन विवेचक ने आरोप पत्र में मिश्रौली गांव के किसी भी व्यक्ति को आरोपित नहीं किया गया है। घटना झूठी व मनगढ़ंत है। रंजिश के कारण फर्जी फंसाया गया है।

## सार-संक्षेप

### बाहर से खरीदकर नहीं पीना पड़ेगा पानी

**अयोध्या।** भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद आठवां दीपोत्सव भव्य तरीके से मनाया जाएगा। महापौर गिरीशपति त्रिपाठी के अनुसार किसी को भी बाहर से खरीदकर पानी नहीं पीना पड़ेगा। नगर निगम के अलावा नगर पालिका और नगर पंचायतों से भी पानी के टैंकर मंगाए जाएंगे। कुल 29 टैंकर पानी के लगेंगे। उन्होंने बताया कि वाटर कूलर, वाटर कियोस्क व वाटर एटीएम में पानी की सप्लाई जारी रहेगी।

### सुपरफास्ट हुई लखनऊ-वाराणसी इंटरसिटी

**अयोध्या, अमृत विचार।** उत्तर रेलवे ने लखनऊ-वाराणसी इंटरसिटी का दर्जा बढ़ा दिया है। यह ट्रेन अब एक्सप्रेस के बजाय सुपरफास्ट के नाम से जानी जाएगी। यह परिवर्तन 25 नवंबर से लागू होगा। उत्तर रेलवे के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कुलदीप तिवारी ने गुरुवार को बताया कि यात्रियों को तीव्र रेल सेवा उपलब्ध कराने के लिए महकमें ने लखनऊ और वाराणसी बीच चलने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस को सुपरफास्ट किए जाने का निर्णय लिया है। जिसके चलते 14203 वाराणसी-लखनऊ और 14204 लख्ननऊ-वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का नंबर 12 अंक का हो जाएगा तथा ट्रेन की स्पीड बढ़ जाएगी।

### धर्मांतरण कराने में आरोपी को जमानत

**अयोध्या, अमृत विचार :** बीकापुर कोतवाली के महिलाओं व पुरुषों को हिन्दू देवी देवताओं के प्रति भड़काकर इसाई धर्म स्वीकर करने के लिए दबाव बनाने और मारपीट करने के मामले में जेल में निरूद्ध मुख्य आरोपिता मीरा कुमारी की जमानत अर्जी सुनवाई के बाद मंजूर हो गई। यह आदेश प्रभारी सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार दूबे ने गुरुवार को दिया। घटना बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के खजुरहट बाजार की है। अधिवक्ता एखलाक अहमद ने तर्क दिया कि मुकदमे में फर्जी तरीके से अरोपित किया गया है। वह न तो कोई धर्म प्रचारक है और न ही धर्म शिक्षक है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक वादी राम जियादव निवासी खजुरहट थाना बीकापुर को 29 सितम्बर 2024 को घरेलू सामान खरीदने गया था। इनके साथ कई महिलाओं व बच्चों को पैसों का लालच देकर अवैध रूप से धर्मांतरण कराने के लिए दबाव बनया जा रहा था। घटना की रिपोर्ट मीरा कुमारी व मोतीलाल के विरुद्ध दर्ज हुई।

### हाईकोर्ट ने घोषित किया 31 अक्टूबर को अवकाश

**अयोध्या, अमृत विचार :** उच्च न्यायालय ने अधीनस्थ न्यायालय में दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में गुरुवार को अवकाश घोषित किया है। उसके स्थान पर 23 नवंबर को पड़ने वाले चतुर्थ शनिवार को न्यायिक कार्य दिवस घोषित किया है। उच्च न्यायालय के पत्र के अनुक्रम में प्रभारी जिला जज शिवानी जायसवाल ने उक्त अवकाश को घोषित किया है और इसकी प्रति एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष समेत अन्य को भेजी गई है।

### जिले में पर्याप्त मात्रा में फास्फेटिक उर्वर उपलब्ध

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिले में जिले में पर्याप्त मात्रा में फास्फेटिक उर्वर की उपलब्धता है। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता आरवी सिंह ने गुरुवार को बताया कि 23 अक्टूबर तक जिले में में कुल 4058 मीट्रिक टन फास्फेटिक उर्वरक उपलब्ध कराया गया है। सहकारी समितियों के माध्यम से राजस्व कर्मियो की मौजूदगी में वितरण किया जा रहा है। वितरण के बाद वर्तमान में 2911 मीट्रिक टन फास्फेटिक उर्वरक अवशेष है। जनपद में फास्फेटिव उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

### पॉवर कॉर्पोरेशन कर्मचारियों का धरना 28 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पॉवर कॉर्पोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ के बैनर तले चार जिलों के संविदा कर्मी 28 को मुख्य अभियंता कार्यालय पर धरना देंगे। जोन अध्यक्ष संतोष कुमार ने मुख्य अभियंता को विभिन्न मांगों के भेजे पत्र में कहा है कि अयोध्या, सुल्तानपुर, अमेठी और अम्बेडकरनगर जिले में तैनात संविदा कर्मियों को शोषण और तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिसके चलते 28 अक्टूबर को मुख्य अभियंता कार्यालय पर धरना प्रस्तावित है। पत्र में कहा गया है कि यदि मांगें नहीं पूरी होतीं तो संविदा कर्मी अनिश्चित कालीन कार्य बहिष्कार पर भी जा सकते हैं।

### साप्ताहिक बाजार में जाम से जूझते रहे आने जाने वाले लोग



रीड़गज ओवरबिज के निकट जाम में फंसे लोग।

**अयोध्या कार्यालय। अमत विचार :** साप्ताक बाजार में अव्यवस्था के चलते रीडगंज-देवकाली मार्ग पर लोग गुरुवार को जाम से जूझते रहे। काफी देर बाद यातायात व सिविल पुलिस पहुंची तो रास्ता खुल सका। गुलाबबाड़ी के पूर्वी छोर पर शाम को लगभग चार बजे लंबा जाम लग गया। इस स्थान पर तिराहा है लेकिन साप्ताहिक बाजार के बावजूद भी न तो सुचारू यातायात की व्यवस्था रही और न ही शुरूआत में पुलिस ही मौजूद रही। आसपास के लोगों के मुताबिक लगभग घंटे भर तक तिराहे से रीडगंज ओवरब्रिज पर चार पहिया और दो पहिया वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम कुछ इस तरह से रहा कि जो बीच में फंस गया न तो आगे जा पा रहा था और न ही पीछे की ओर। कुछ देर बाद रीडगंज चौराहे पर यातायात के पुलिस के साथ सिविल पुलिस पहुंची। तीन पहिया और चार पहिया वाहनों को रोका गया। इसी तरह बीच बाजार में भी पुलिस पहुंच गई। तिराहे पर पुलिस पहुंची तो यातायात कुछ देर बाद बहाल हो सका। लोग व्यवस्था को कोसते हुए चले गए।

## सार-संक्षेप


प्रतियोगिता में बच्चों को पुरस्कृत करतीं प्रधान अनीता सिंह।

### खेलकूद में कंपोजिट विद्यालय मूडाडिहा अव्वल

**पूरा बाजार, अयोध्या। अमृत विचार** : हशिक्षा क्षेत्र पूरा बाजार के सरायराशी में न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करतते हुए कंपोजिट विद्यालय मूडाडिहा की टीम ने बाजी मारी। प्रतियोगिता में 11 विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया शुभारंभ प्राथमिक शिक्षक संघ के नेता विश्वनाथ सिंह ने किया। सौ मीटर दौड़ बालक वर्ग में प्राथमिक विद्यालय सरायराशी के आनंद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में 100 मीटर दौड़ शीतल प्राथमिक विद्यालय सरायराशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबड्डी में कंपोजिट विद्यालय मूडाडिहा विजेता रहा व विजेता सरायराशी रहा। प्रतियोगिता को सफल बनाने में अमित सिंह, पूनम, राकेश सिंह, अजीत सिंह, आलोक सिंह, सतीश कुमार का योगदान रहा। विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान सरायराशी अनीता सिंह मौजूद रही। उन्होंने बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### कुरान सबसे ज्यादा पढ़ी जाने वाली किताब


मदरसे में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद उलेमा और मदरसा छात्र।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : मदरसा रहमानिया मोहल्ला ठठरहिया शोबा हिफ्ज के छात्र हाफिज मोहम्मद तलहा के हिफ्ज ए कुरान मुकम्मल होने के अवसर पर दुआईया जलसा का आयोजन मस्जिद रहमानी में हाफिज मोहम्मद उस्मान की सरपरस्ती में हुआ। अध्यक्षता इरफान अहमद हलीमी और संचालन कारी मोहम्मद तौसीफ ने किया। शुभारंभ हाफिज अज़ीज़ उर्रहमान के द्वारा पवित्र कुरआन की आयतों को पढ़ कर हुआ। हाफिज मोहम्मद ज़फ़र ने नात सुनाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि मुफ्ती मोहम्मद जियाउद्दीन कासमी ने कहा कि कुरान को याद करने वाले काबिल ए मुबारक है। यह वही लोग हैं जिन्हें अल्लाह ने अपनी किताब की हिफाज़त के लिए चुना है। कहा कि पवित्र कुरान दुनिया में सबसे अधिक पढ़ी जाने वाली किताब है। कारी इरफान अहमद हलीमी ने कहा कि कुरान अल्लाह का कलाम है इस की हिफाज़त की जिम्मेदारी अल्लाह ने खुद ली है। कार्यक्रम में हाफिज मोहम्मद यूसुफ, हाफिज इसरार, हाफिज मुश्फिक, ज़ीशान इलाही, मास्टर इरशाद रब्बानी और हाफिज फाजिल आदि मौजूद रहे।

### डॉक्टर आईसीयू में भर्ती, अल्ट्रासाउंड-मेडिकोलीगल ठप

**अयोध्या, अमृत विचार** : जिला अस्पताल के रेडियोलॉजिस्ट को तेज बुखार आने के बाद आईसीयू में भर्ती कराया गया है। उनके बीमार पड़ने के बाद अस्पताल में अल्ट्रासाउंड व मेडिकोलीगल ठप पड़ गया है। अब सोमवार से संचालन होने की संभावना है। जिला अस्पताल में रोजाना 150 के करीब अल्ट्रासाउंड और 25 के करीब मेडिकोलीगल होता है। दोनों की रिपोर्ट रेडियोलॉजिस्ट डॉ. अजय चौधरी ही बनाते हैं। कभी न छुट्टी लेने वालों में डॉ. अजय चौधरी के बीमार पड़ते ही व्यवस्थाएं पटरी से उतर गईं। बताया जाता है कि उनका डेंगू और मलेरिया का कार्ड टेस्ट हुआ है। हालांकि रिपोर्ट अभी नॉर्मल है। तेज बुखार होने के कारण उनका एलाइजा टेस्ट कराया जा रहा है। अधीक्षक डॉ. विपिन वर्मा के अनुसार अब सोमवार से ही अल्ट्रासाउंड की जांच शुरू हो सकेगी।

### पति से झगड़े के बाद महिला ने लगाई फांसी

**निंदूरा, बाराबंकी, अमृत विचार** : नशे में धुत पति से झगड़े के बाद पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घुंघटेर थाना क्षेत्र के ग्राम हाशिम नगर निवासी श्याम बिहारी बुधवार रात नशे में धुत होकर घर पहुंचा। इसे लेकर उसका पत्नी शर्मा देवी से झगड़ा हो गया। देर शाम सभी लोग खाना खाकर सोने चले गए। सुबह परिवार के लोग जगे तो देखा कि शर्मा देवी का शव कमरे में पंखे के हुक के सहारे फंदे पर झूल रहा था।

### नशे में पत्नी को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार** : नशे में पति ने पत्नी से अभद्रता की। विरोध करने पर पीटा और ईंट से हमला कर दिया। पीड़िता ने पड़ोसी से मोबाइल लेकर परिजनों को खबर की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम जेठबनी के अजीत तिवारी की पत्नी रिंकी तिवारी ने पुलिस को बताया कि 15 अक्टूबर की रात उसका पति अजीत नशे में घर लौटा और उसे गाली देने लगा। विरोध करने पर लात-घूंसों से पिटाई कर दी जिससे उसके सिर पर गंभीर चोटें आईं। कुछ देर बाद पहुंचे ससुर शिवकुमार तिवारी इलाज कराया लेकिन किसी ने उसके माता-पिता को सूचना नहीं दी। उसने पड़ोसी का मोबाइल मांगकर अपने पिता को सूचित किया।

# मुरादाबाद ने गोरखपुर को हराकर खिताब पर किया कब्जा

## प्रदेशीय सीनियर पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता समारोहपूर्वक संपन्न, विजेता टीमें पुरस्कृत

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** प्रदेशीय सीनियर पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता के रोमांचक फाइनल मुकाबले में मुरादाबाद मंडल ने टाईब्रेकर में गोरखपुर मंडल को दो गोल से पराजित कर खिताब पर कब्जा कर लिया। मुख्य अतिथि मंडलायुक्त गौरव दयाल ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

उप्र खेल निदेशालय व उप्र फुटबॉल संघ के समन्वय से डाभासेमर के अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में आयोजित आठ दिवसीय प्रदेशीय सीनियर पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता का गुरुवार को फाइनल मुकाबले के बाद समारोहपूर्वक समापन हुआ। मुरादाबाद मंडल व गोरखपुर मंडल के बीच खेला गया प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। मैच के पूरे समय 90 मिनट तक दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने गोल करने के कई प्रयास किए किन्तु कोई भी खिलाड़ी गोल करने में सफल नहीं हो सका। 0-0 से ड्रॉ रहे मैच के निर्णय के लिए टाईब्रेकर का सहारा लिया गया। टाई ब्रेकर में मुरादाबाद मंडल टीम ने अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करते हुए 5-3 से गोरखपुर मंडल टीम पर खिताबी जीत दर्ज की। इस मौके पर क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी चंचल मिश्रा, उपक्रीड़ा अधिकारी मो. शकील, चयनकर्ता व क्रीड़ाधिकारी उन्नाव मुकेश सब्बरवाल, पर्यवेक्षक आरिफ नजमी, बैडमिन्टन संघ के सचिव अनूप दुबे, विवेक कुमार सहित निर्णायक ऑफीसियल, खिलाड़ी व खेल प्रेमी मौजूद रहे।


फुटबॉल प्रतियोगिता की विजेता मुरादाबाद मंडल टीम ट्रॉफी के साथ।


पूराबाजार में आयोजित प्रतियोगिता में विजयी छात्रा को सम्मानित करते प्रधान संघ के जिला उपाध्यक्ष व जिप सदस्य देवता प्रसाद पटेल।

## अनमोल और शगुन ने जीती फर्राटा दौड़

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार** : परिषदीय विद्यालयों की न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता गुरुवार को प्राथमिक विद्यालय रामपुर सरधा के मैदान में हुई। प्राथमिक स्तर पर 100 मीटर के दौड़ में बालक वर्ग में अनमोल दुबे प्रथम, शिवांश द्वितीय और समीर तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में शगुन प्रथम, गौरी द्वितीय और अंतिमा को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। खो-खो में कर्मा कोड़री प्रथम ने शांतिपुर को हराया। लंबी कूद में प्राथमिक स्तर पर बालक वर्ग में शुभम प्रथम, शिवांश द्वितीय और विवेक को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। बालिका वर्ग शगुन, रागिनी राधिका को क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। जूनियर स्तर पर बालक वर्ग में शशांक प्रथम, अंश द्वितीय, अबू कैफ तीसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में सोनम, अंकिता, महिमा को क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सुलेख प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर पर अनमोल दुबे प्रथम, आदित्य पांडे द्वितीय, अंतिमा को तीसरा स्थान मिला। जूनियर स्तर पर रागिनी को प्रथम, सृष्टि को द्वितीय और शिवम तृतीय स्थान पर रहे। इससे पूर्व प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य देवता प्रसाद पटेल व प्रधान संघ के जिला उपाध्यक्ष अभिषेक सूर्यवंशी ने किया। विक्रम सूर्यवंशी, दयानंद पांडे, उग्रसेन, संग्राम, सूर्यभान सिंह, संध्या सिंह, दीपमाला, अर्चना सहित अध्यापक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## 300 तीरंदाज करेंगे प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचारः** इंडोर फील्ड आर्चरी एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश व इंडोर फोल्ड आर्चरी एसोसिएशन बाराबंकी के द्वारा 27 अक्टूबर से शहर के दशहराबाग स्थित एम इक्वायर स्पोटर्स कल्ब में राज्य स्तरीय इंडोर फील्ड आर्चरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

जिसमें लखनऊ, कानपुर, उन्नाव, बनारस, प्रयागराज, बहराइच, बिजनौर, अम्बेडकरनगर, अयोध्या, बाराबंकी, गोरखपुर, बस्ती, बलिया और गोंडा आदि समेत अन्य जिलों के लगभग 300 तीरंदाजी के खिलाडी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस प्रतियोगिता में विजेयी होने वाले खिलाड़ी इस साल दिसंबर माह में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता, जो कि उत्तर प्रदेश में ही होनी है, उसमें प्रतिभाग करेंगे। इंडोर फील्ड आर्चरी एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश की महासचिव निधि जैन ने बताया कि इस बार की प्रतियोगिता में वह एक नया 9 स्पॉट इवेंट भी शामिल करेंगी। जिसमें नगद पुरस्कार भी दिया जाएगा। इस अवसर पर पत्रकारों वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष रामबाबू द्विवेदी ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के आयोजन से खिलाड़ियों को अपने मूल्यांकन का अवसर मिलता है।

## खेलकूद मनुष्य के व्यक्तित्व के निर्माण में महत्वपूर्ण : वेदप्रकाश

- अयोध्या विधायक ने राजश्री दशरथ मेडिकल कॉलेज वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का किया उद्घाटन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** खेलकुद मनुष्य के व्यक्तित्व के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैं। दिमाग को स्वस्थ और सक्रिय रखने में मदद करता हैं। जिससे नकारात्मक ऊर्जा दूर हो जाती है। उक्त बातें अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने गुरुवार को कहीं। वह राजश्री दशरथ मेडिकल कॉलेज गंजा के वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि खेलकूद लोगों को मजबूत, आत्मविश्वासी और कुशल बनाता हैं तथा उसके मानसिक एवं शारीरिक विकास और चरित्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैं।

आज बेहद सफल और प्रसिद्ध खिलाड़ी जैसे अभिनव बिंद्रा, साइना नेहवाल, ज्वाला गुट्टा, सचिन तेंदुलकर, मिल्खा सिंह और सानिया मिर्जा ने अपने जुनून को हासिल करने के लिए खुद को अपने रुचि खेल की ओर समर्पित कर दिया। उनके ध्यान, कड़ी मेहनत, समर्पण और दृढ़ता ने उन्हें आज प्रतिष्ठित व्यक्ति के रुप में विश्व प्रख्यात कर दिया। इससे पहले उन्होंने प्रतियोगिता का शुभारंभ खेल मशाल जलाकर मुख्य खिलाड़ी को प्रदान कर किया। इस मौके पर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार, डॉक्टर साकेत गुप्ता समेत मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर व स्टाफ मौजूद रहे।


मशाल जलाकर खिलाड़ी के हाथ में देकर खेल प्रतियोगिता की शुरूआत करते विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, साथ में प्रधानाचार्य व मौजूद अन्य लोग।

## ध्रुव ने रचा इतिहास, शूटिंग की थ्री पोजीशन इंवेट में नेशनल के लिए चयन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** एयर राइफल शूटिंग की थ्री पोजीशन इवेन्ट में नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप के लिए चयनित होने वाले जिले के पहले खिलाड़ी ध्रुव सिंह ने अपनी योग्यता के दम पर इतिहास रच मान बढ़ाया है। भारतीय शूटिंग कोच दीपक दुबे के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण लेने वाले ध्रुव ने दिल्ली के डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में चल रही 43वीं नॉर्थ जोन शूटिंग चैंपियनशिप में उप्र टीम का प्रतिनिधित्व किया और थ्री पोजीशन इवेंट में प्रतिभाग करते हुए नेशनल के लिए क्वालीफाई किया।


एयर राइफल शूटिंग में नेशनल के लिए चयनित ध्रुव।

जेबी अकादमी में 10 वीं कक्षा के छात्र ध्रुव विशेष इवेन्ट में नेशनल के लिए चयनित होने वाले जिले के पहले खिलाड़ी हैं। अयोध्या शूटिंग रेंज के कोच शनि वर्मा ने बताया कि हाल ही में शुरू हुई जिला राइफल क्लब की अयोध्या शूटिंग रेंज में अभी 10 मीटर एयर शूटिंग की रेंज ही उपलब्ध है। प्रशासन की ओर से शीघ्र ही 25 मीटर व 50 मीटर की शूटिंग रेंज प्रशिक्षण की भी व्यवस्था का आश्वासन मिला है। ध्रुव की इस उपलब्धि पर जेबीएनएस सोसायटी की निदेशक मंजुला झुनझुनवाला, उपनिदेशक दीपक शर्मा, जेबीए प्रधानाचार्य वीके जोशी, एडीएम सिटी सलिल पटेल, डॉ. एमएस विष्णु आदि ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ध्रुव का सपना ओलम्पिक में भारत के लिए पदक जीतना है।

## मजदूर की ट्रेन से कटकर गई जान

**बाराबंकी, अमृत विचारः** उत्तराखंड जाने के लिए दून एक्सप्रेस पर चढ़ते समय मजदूर पटरी पर जा गिरा। ट्रेन से कटकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक अयोध्या जिले का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार अयोध्या जिला थाना रुदौली के गांव मुहमिदपुर निवासी 28 वर्षीय उमेश पुत्र महेश श्रमिक था। मजदूरी करके वह परिवार का भरण पोषण कर रहा था। बुधवार को वह मजदूरी के लिए उत्तराखंड जाने के लिए घर से निकला। रुदौली रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म दो पर बुधवार की शाम करीब छह बजे दून एक्सप्रेस पहुंची। इस पर चढ़ने के दौरान उसका पैर फिसल गया। जिससे वह रेल पटरी पर पहुंच गया।

## भाइयों को जिला अस्पताल बुलवा पति को पिटवाया

- पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** तबियत बिगड़ने के बाद बुधवार रात जिला अस्पताल पहुंची एक विवाहिता ने मायकेवालों को बुला अपने पति की पिटाई करवा दी। घटना को लेकर अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा हुआ। नगर कोतवाली पुलिस ने विवाहिता के दो भाइयों को हिरासत में लिया। गुरुवार को पीड़ित के भाई की शिकायत पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की है और हिरासत में लिए गए दोनों युवकों का शान्ति भंग में चालान किया है।

पूराकलंदर थाना क्षेत्र के भदरसा निवासी युवक मो. जैद का निकाह बस्ती जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र के माली टोला स्थित राजकोट चौराहा निवासी शहाना बानो से हुआ था। वर्तमान में शहाना तीन माह की गर्भवती है और एक साल का बच्चा है। उसने बुधवार रात जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था, जिसके चलते उसका पति उसको लेकर जिला अस्पताल आया था। इसी बीच महिला ने अपने मायकेवालों को फोनकर दिया तो लगभग मध्य रात्रि उसके मायकेवाले जिला अस्पताल पहुंच गए और मो. जैद से विवाद करने लगे। वाद-विवाद के बाद मारपीट हुई। मारपीट में घायल मो. जैद को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। नगर कोतवाल अश्विनी कुमार पांडेय ने बताया कि पारिवारिक विवाद के चलते दो पक्षों में मारपीट हुई है। पुलिस ने पीड़ित के भाई कफील की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज की है तथा दो आरोपियों का शन्ति भंग में चालान किया है।

## स्टेट स्पीड रोलर स्केटिंग की जिला टीम चयनित

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** यूपी रोलर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में नोएडा में सात नवम्बर से होने वाली 10वीं यूपी स्टेट स्पीड रोलर स्केटिंग चैम्पिशनशिप में प्रतिभाग करने वाली जिला टीम रोलर स्केटिंग एसोसिएशन के जिला सचिव रवीन्द्र कुमार की ओर घोषित की गई है।

टीम चयन के लिए डॉ. आंबेडकर राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान स्टेडियम में गुरुवार को चयन ट्रायल हुआ। इसमें 60 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। खेल प्रतिभा के आधार पर टीम में विभिन्न इवेन्ट के लिए योग्य खिलाड़ियों का चयन हुआ। चयनित खिलाड़ियों में 11-14 आयु वर्ग इनलाइन रिंक रेस छह 1000 मीटर में असीम यादव, रोडरेस वन लैप 3000 मीटर में सात्विक निषाद, आयुवर्ग 11-14 इनलाइन रिंक रेस 500 डी 1000 मीटर, एलिमीनेशन रेस 5000 मीटर, सार्थक प्रियदर्शी आयु-वर्ग-11-14 क्वाड रिंक रेस 500 डी 1000 मीटर, रोड रेस 1500 मीटर, आनन्दी यादव आयु वर्ग 14-17, क्वाड रिंक रेस 500डी, 1000, रोड रेरा 3000 मीटर, विराज प्रियदर्शी आयुवर्ग 7-9, क्वाड रिंक रेस वन लैप 500 प्लस, रोड रेस वन लैप, क्रिशा सोनी आयुवर्ग 5-7 क्वाड रिंक रेस वन लैप इवेन्ट के लिए चयनित हुई हैं।


यूपी स्टेट स्पीड रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप के लिए चयनित जिले की टीम।

**नोएडा में होगी प्रतियोगिता**

## गैस सिलेंडर में आग से मकान राख, दंपति समेत चार झुलसे

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सफदरगंज थाना क्षेत्र में संदिग्ध हालात में गैस सिलेंडर में आग लगने से छप्पर रखा मकान जल कर राख हो गया। आग बुझाने में दंपति सहित चार बच्चे झुलस गये। इलाज के दौरान दंपति को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना ग्राम करमुल्लापुर मजरे दादरा में हुई। शमशुद्दीन उर्फ़ अन्ना पुत्र मुनीर अहमद के छप्परनुमा मकान में आग लग गई। घास फूस के चलते पूरा मकान लपटों की चपेट में आ गया। फैलती आग देख ग्रामीणों ने पुलिस व अग्निशमन विभाग को सूचना दी। वहीं मौके पर ग्रामीणों ने आग बुझाना शुरु कर दिया पर आग पर काबू नहीं पा सके। कुछ ही देर बाद रामसनेहीघाट और नवाबगंज तहसील की दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। इस दौरान शमशुद्दीन के घर में रखी गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। आग बुझाने में जुटे शमशुद्दीन व उसकी पत्नी फ़रीदा झुलस गए। वहीं आग की चपेट में आने से 12 वर्षीय आफ़ताब आलम, सात वर्षीय आलिया बानो पांच वर्षीय जुड़वा नूर आलम, महताब आलम भी आंशिक रूप झुलसे। सभी घायलों को सीएचसी बड़ागांव ले जाया गया, जहां से फ़रीदा व शमशुद्दीन को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। आग के कारणों का पता नहीं चला, गांव में अफवाहों के पर लगे हैं। परिजन बताते हैं कि फरीदा सुबह खाना बना रही थी। उसी वक्त गैस सिलेंडर का पाइप फटने से आग लगी है। कुछ लोग घर में गैस रिफलिंग होने की बात कर रहे।

**न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बहराइच।**

**आवश्यक सूचना**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि थाना रिसिया पर पंजीकृत मु0अ0सं0–285/2024 से सम्बन्धित अभियुक्त जगदीश चौहान उर्फ लम्बू पुत्र छोटेलाल निवासी भवनियापुर, थाना मोतीपुर, जनपद बहराइच की दिनांक 07.10.2024 को पुलिस अभिरक्षा में हुई मृत्यु की न्यायिक जाँच न्यायालय द्वारा संचालित की जा रही है, जिसके सम्बन्ध में किसी के पास कोई आवश्यक जानकारी अथवा साक्ष्य उपलब्ध हो अथवा प्रकरण के सम्बन्ध में बयान देना हो तो वह प्रकाशन की तिथि से एक सप्ताह के भीतर न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर अपना साक्ष्य/बयान प्रस्तुत कर सकता है।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बहराइच।

अमृत विचार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एलआईसी (पॉलिसी संख्या–214248389) में नॉमिनी गुड़िया हैं, जोकि मेरा ही नाम है। मेरा नाम **शांति उर्फ गुड़िया पत्नी स्व रूपनरायन पांडेय है व ग्राम निधऊ पुरवा माझा तरहर, पो0– मधईपुर** की निवासी हूँ। उपरोक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है व मुझे दोनो नाम से जाना पहचाना जाता है। मेरे पति के एलआईसी में नामिनी के तौर पर मुझे ही जाना जाये।

**बैठक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हरख तहसील नवाबगंज जिला बाराबंकी में मत्स्यजीवी सहकारी समिति का गठन दिनांक 27–10–2024 को पंचायत भवन हरख में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें सभी ग्राम वासी, ग्राम जन प्रतिनिधि एवं ग्राम प्रधान और अधिकारी गण सादर अमंत्रित हैं।

आयोजक
**रामेश्वर कश्यप**
ग्राम व पोस्ट–शरीफाबाद विकास खण्ड – हरख जिला – बाराबंकी
मो0–8009562499

**सूचना**

साध्वी सिंह बनी असिस्टेंट प्रोफेसर शीर्षक से प्रकाशित समाचार त्रुटि वश प्रकाशित हो गया था। साध्वी सिंह ने नेट/जेआरएफ परीक्षा पास की है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **गिरधारी शुक्ला पुत्र हौसिला शुक्ला, निवासी–ग्राम मठा भुसुन्डा पर0/तह0 व थाना मु0खाना, जिला अमेठी,** मैं अपने लडके मनीष कुमार व पुत्रवधू कीर्ति के क्रिया–कलापों से परेशान व तंग होकर अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता करता हूँ। आज से मेरा उससे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा अपने कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होगें।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं विद्या, माता 2999629एन हवलदार संजय सिंह जो कि 2 राजपूत में सेवारत है मेरे पुत्र के सर्विस दस्तावेज में मेरा नाम विद्यावती देवी और जन्मतिथि 06–06–1950 दर्ज है जो कि गलत है। मेरा वास्तविक नाम विद्या है और जन्म तिथि 01/01/1953 है अतः मेरा सही नाम मेरे पुत्र के सर्विस दस्तावेज में अंकित किया जाय। **निवासी– गांव पो. हरदासपुर तहसील–टाण्डा, जिला–अम्बेडकर नगर (उ0प्र0) पिन–224143**

# देवा महोत्सव : कन्नौज की मुस्कान ने हरियाणा की निर्जला को किया चित्त

**देवा मेले का आकर्षक नजारा**


रोशनी से नहा रहे लोक लुभावन देवा मेला में नगर ही नही दूर दराज से आए सैलानियों की भीड़ माहौल को खुशनुमा बना रही है। यहाँ की खासियत तमाम हैं पर मेला परिसर में लगे नभ को छूते रंग बिरंगी झालरों से सजे झूले यहां की आभा में चार चांद लगा रहे हैं। क्या बड़े क्या बच्चे सभी को यह झूले खूब लुभा रहे हैं। ● सुभाष मिश्रा

## देवा मेले में तीन दिवसीय दंगल के दूसरे दिन पहलवानों ने दिखाया दमखम

देवा, बाराबंकी

**अमृत विचारः** देवा मेला में तीन दिवसीय दंगल प्रतियोगिता के दूसरे दिन महिला पहलवानों सहित कई पहलवानों ने अपनी अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। पहलवानों के दांव पेच देख दर्शक दंग रह गए। दंगल को देखने के लिए काफी भीड़ जुटी। दंगल में राजा कुरैशी पहलवान कलियर और गोल्टा पहलवान राजस्थान के बीच हुई रोमांचक कुश्ती में राजा कुरैशी पहलवान ने गोल्टा पहलवान को धूल चटाई। खालिक पहलवान मुरादाबाद और काली घटा पहलवान राजस्थान के बीच हुई कुश्ती में खालिक पहलवान ने विपक्षी को आसमान दिखाया। माजिद पहलवान दिल्ली और अलीगढ़ के साबिर पहलवान की कुश्ती में साबिर पहलवान विजई रहे। ओमवीर पहलवान कानपुर और अदनान पहलवान केसरई की कुश्ती में ओमवीर जीते। ओमप्रकाश पहलवान ग्वालियर और राम बली पहलवान कानपुर की कुश्ती में रामबली जीते। कन्नौज की महिला पहलवान मुस्कान और हरियाणा की निर्जला के बीच हुई कुश्ती में निर्जला विजई रहीं। इसके साथ साथ मथुरा के मोहन, अलीगढ़ के शाकिर, पंजाब के मोनू और कानपुर के समीर पहलवान ने अपने अपने हाथ आजमाए। दंगल के दौरान दर्शकों ने रास्ता जाम कर दिया। जिससे लोगों को आने जाने में काफी दिक्कत होती रही लेकिन दंगल में तैनात पुलिस कर्मी लोगों को समझाने के बजाय खुद गैलरी में खड़े होकर कुश्ती का आनंद लेते नजर आए। संचालक के बार बार एलाउंस करने के बाद भी रास्ता खाली नहीं करवा सके।


अखाड़े में जोर-आजमाइश करते पहलवान। अमृत विचार

## एक नजर

### युवती जलाने के मामले में दो अभियुक्त गिरफ्तार

**टांडा, अंबेडकरनगर , अमृत विचार।** टांडा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हसनपुर सुन्थर में सांस्कृतिक कार्यक्रम में खाना बना रही युवती को गर्म तेल से जलाने के मामले में पुलिस ने दो और अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना मे अब तक कुल 9 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की जा चुकी है।

### दो दिन से लापता किशोर पुलिस ने की रिपोर्ट

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** कोतवाली जलालपुर अन्तर्गत फरीदपुर कोडरा गांव से एक किशोर बिना बताए घर से गायब हो गया। परिजनों ने किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए कोतवाली जलालपुर में अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया है। गांव निवासिनी शशिकला ने पुलिस से शिकायत किया है कि दो दिन पूर्व उस का 16 वर्षीय पुत्र विकास घर से खाना-पीना खाकर बिना बताए कहीं चला गया। काफी खोजबीन बाद उसका कहीं पता नहीं चला। पीडित मां ने बताया कि पुत्र के पास मोबाइल भी है, मगर वह लगातार बन्द बता रहा है। वह किसी अनहोनी को लेकर परेशान है। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात के विरुद्ध अपहरण की धारा में मुकदमा दर्ज कर किशोर की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### नगर में चला विशेष स्वच्छता अभियान

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** नगर पालिका परिषद क्षेत्र जलालपुर के आधा दर्जन से अधिक वार्ड में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अधिशासी अधिकारी अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में नगर के जमालपुर, उर्दूबाजार, वाजिदपुर, पोस्ट ऑफिस के निकट, महिला अस्पताल क्षेत्र समेत कई अन्य क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। नाले नालियों की साफ-सफाई के साथ एंटी लार्वा का भी छिडकाव किया गया। लोगों से अपील की गई कि साफ-सफाई को लेकर वह खुद भी जागरूक हों।

## युवती से छेड़छाड़ के मामले में रिपोर्ट

**टांडा, अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** थाना अलीगंज क्षेत्र के एक ग्राम की युवती का विवाह रोकने और छेडख़ानी, गाली, धमकी देने और वीडियो वायरल करने के मामले एक युवक के विरुद्ध अलीगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। युवती के भाई ने आरोप लगाया है कि सुरजीत कुमार पुत्र जयराम निवासी ग्राम ममरेजपुर थाना अलीगंज की बहन मेरे गांव में ब्याही है। वह आते-जाते मेरी बहन से वार्तालाप करने लगा, जिसको लेकर विवाद हुआ था। पूर्व में इसको लेकर थाने में आपस मे सुलह-समझौता हो गया था। इसके बाद जब भी वह अपनी बहन की शादी कहीं पर तय करता है तो सुरजीत उसे वीडियो दिखा शादी तोड़वा दे रहा है और युवती के साथ छेड़छाड़ व गाली धमकी देता फिर रहा है। थानाध्यक्ष अलीगंज राजीव श्रीवास्तव ने बताया कि प्रकरण में आईटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

# धर्मराज के नाम की घोषणा से भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**


कटेहरी से भाजपा उम्मीदवार धर्मराज निषाद के साथ मौजूद पूर्व ब्लॉक प्रमुख कटेहरी अजय सिंह सिपाही व जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनपद के कटेहरी विधानसभा उपचुनाव में भाजपा केंद्रीय नेतृत्व द्वारा भाजपा प्रत्याशी पूर्व मंत्री धर्मराज निषाद के नाम की घोषणा होते ही कटेहरी विधान सभा सहित जनपद के भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। भाजपा प्रत्याशी धर्मराज निषाद को बधाई देने वालों का तांता लग गया।

धर्मराज निषाद ने भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा केंद्रीय नेतृत्व, प्रदेश नेतृत्व और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जिस आशा और विश्वास से उन्हें कटेहरी विधानसभा से उम्मीदवार बनाया है उस पर वह खरा उतरेंगे। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कटेहरी विधानसभा उपचुनाव के प्रभारी डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि पूर्व मंत्री धर्मराज निषाद को भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने से कटेहरी के भाजपा कार्यकर्ताओं सहित पूरे जनपद के भाजपा कार्यकर्ताओं और जनता में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों और गरीब परिवारों के लिए चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाकर भाजपा सरकार ने ऐतिहासिक कार्य किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा उम्मीदवार कटेहरी विधानसभा चुनाव में भारी मतों से जीत हासिल करेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने कहा कि स्वच्छ छवि के लोक प्रिय नेता कटेहरी विधान सभा क्षेत्र निवासी पूर्व मंत्री धर्मराज निषाद जनता की पहली पसंद हैं। जनता इस बार भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से ऐतिहासिक जीत दिलाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी निर्विवाद और जन-जन के सुख व दुख में सदैव शामिल होने वाले हैं। उन्होंने कहा कि इस बार सपा की परिवार वाद की राजनीति को जनता सिरे के नकार कर राष्ट्रवादी विचार धारा को सिर आंखों पर बिठाएगी। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने बताया कि भाजपा प्रत्याशी धर्मराज निषाद के समर्थन में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक कटेहरी के गोपालपुर में शुक्रवार को सुबह 11 बजे नामांकन सभा को संबोधित करेंगे।

### इन्होंने दी भाजपा उम्मीदवार को बधाई

पूर्व मंत्री धर्मराज निषाद को कटेहरी विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने पर एमएलसी डॉ. हरिओम पाण्डेय, पूर्व सांसद रितेश पाण्डेय, पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा, डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी, डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह, सतपाल पटेल, पूर्व ब्लॉक प्रमुख कटेहरी अजय सिंह सिपाही, राम प्रकाश यादव, रमा शंकर सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह मिंटू, भारती सिंह, पूर्व विधायक त्रिवेणी राम, अनीता कमल, संजू देवी, जय राम विमल, पूर्व विधान सभा प्रत्याशी अवधेश द्विवेदी, ब्लाक प्रमुख अनिल वर्मा मौसम, डॉ. राना वीर सिंह, विद्यावती राजभर, डाक्टर राना रणधीर सिंह, जिला मंत्री विनय पाण्डेय, सहकारी बैंक डायरेक्टर राजेश सिंह बबलू आदि ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी है।

### धर्मराज कटेहरी से तीन बार रह चुके हैं विधायक

**अंबेडकरनगर,अमृत विचार।** भाजपा ने कटेहरी विधानसभा सीट पर उपचुनाव में धर्मराज निषाद पर दांव लगाया है। धर्मराज निषाद इससे पहले तीन बार कटेहरी विधानसभा सीट से विधायक रह चुके हैं। धर्मराज निषाद 1996 में पहली बार बसपा के टिकट पर कटेहरी से विधायक बनकर आने राजनीतिक कैरियर की शुरुआत किया। धर्मराज इसके बाद 2002 और 2007 में भी बसपा के टिकट से कटेहरी से विधायक चुने गए। 2007 में मायावती ने उन्हें मंत्री बनाया। 2012 में बसपा ने जौनपुर के शाहगंज विधानसभा सीट से उन्हें चुनाव लड़ाया लेकिन वह हार गए। 2022 विधानसभा चुनाव से पहले बसपा छोडक़र वह भाजपा में शामिल हुए और अकबरपुर विधान सभा से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़े और हार गए। कटेहरी विधानसभा क्षेत्र में एससी मतदाताओं के अलावा इनकी जनरल वोटरों पर भी अच्छी पकड़ है

# कटेहरी उपचुनाव : 7 उम्मीदवारों ने भरा पर्चा

## डीएम बोले- निर्वाचन प्रक्रिया में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, 14 प्रत्याशियों ने 30 सेट में किया नामांकन

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**


नामांकन कक्ष का निरीक्षण करते डीएम अविनाश सिंह व साथ में एसपी डॉ. कौस्तुभ।

**अमृत विचार।** कटेहरी विधानसभा उपचुनाव को लेकर गुरुवार तक 14 प्रत्याशियों ने 30 सेट में नामांकन पत्र खरीदा है। वहीं मूल निवासी समाज पार्टी प्रत्याशी शत्रुघ्न, पीस पार्टी प्रत्याशी मो. असद और आजाद समाज पार्टी प्रत्याशी राजेश कुमार ने दो-दो सेटों में अपना-अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। अब तक कुल सात प्रत्याशियों ने 13 सेटों में नामांकन पत्र दाखिल किया है।

बता दें कि कटेहरी विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए में गुरुवार को छठें दिन की नामांकन प्रक्रिया के बाद रिटर्निंग ऑफिसर उप जिलाधिकारी भीटी सदानंद सरोज ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार धर्मराज निषाद ने 04 सेटों में नामांकन पत्र खरीदा है। वहीं कम्युनिस्ट पार्टी की उम्मीदवार नीलम सिंह ने 02 सेट में नामांकन पत्र प्राप्त किया है। उप जिलाधिकारी ने बताया कि अब तक कुल 14 प्रत्याशियों ने 30 सेट में नामांकन पत्र खरीदा है। वहीं मूल निवासी समाज पार्टी प्रत्याशी शत्रुघ्न, पीस पार्टी प्रत्याशी मो. असद व आजाद समाज पार्टी प्रत्याशी राजेश कुमार ने दो-दो सेटों में अपना-अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। अब तक कुल सात प्रत्याशियों ने 13 सेटों में नामांकन पत्र दाखिल किया है। कलेक्ट्रेट में टेलीफोन व वायरलेस की सुविधा से युक्त निर्वाचन कंट्रोल रूम 24 घंटे कार्यरत है। कॉल सेंटर द्वारा मतदाताओं से वार्तालाप की व्यवस्था की गई। कंट्रोल रूम का नंबर- 05271-244440, हेल्पलाइन नंबर-1950 है। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कंट्रोल रूम में तैनात सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को प्राप्त शिकायतों का निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार समय से निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### जिलाधिकारी व एसपी ने नामांकन कक्ष का किया निरीक्षण

निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए संचालित 277-कटेहरी विधानसभा उपचुनाव की नामांकन प्रक्रिया को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी जिला मजिस्ट्रेट अविनाश सिंह ने पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता के साथ नामांकन कक्ष का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने रिटर्निंग ऑफिसर से नामांकन की विभिन्न गतिविधियों के स्थिति के बारे में जानकारी हासिल किया। निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए नामांकन की समस्त प्रक्रियाओं को सकुशल संपन्न कराए जाने के निर्देश दिए हैं। इस अधिकारियों ने नामांकन के लिए की गई सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया। जिलाधिकारी और एसपी ने ड्यूटी पर तैनात मजिस्ट्रेट और पुलिस के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

## सार-संक्षेप

### शिविर में दस लोगों ने किया रक्तदान


शिविर में रक्तदान करते यूथ आइकॉन प्रवीण गुप्ता । अमृत विचार

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** रेड क्रॉस सोसाइटी के बैनर तले गुरुवार को एक विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें यूथ आइकॉन प्रवीण गुप्ता ने 29वीं बार रक्तदान कर लोगों को रक्तदान करने के लिए जागरूक किया। रक्तदान शिविर में दस युवाओं ने रक्तदान किया। यूथ आइकॉन ने युवाओं से आग्रह किया कि वह रक्तदान के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझें और अधिक से अधिक संख्या में आगे आकर इस महत्त्वपूर्ण सामाजिक कार्य में सहभागी बनें। रेड क्रॉस सोसाइटी के इस शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया और रक्तदान के प्रति जागरूकता प्रदर्शित की। सोसाइटी ने इस अवसर पर सभी रक्तदाताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसे शिविर न केवल रक्त की कमी को पूरा करते हैं, बल्कि समाज में परस्पर सहयोग और सेवा की भावना को भी बढ़ावा देते हैं।

### राम के आदर्श पर की जा सकती है सभ्य समाज की स्थापना


रामलीला का फीता काटकर उद्घाटन करते मुख्य अतिथि बचुली मिश्र ।

**बसखारी, अंबेडकरनगर,अमृत विचार।** राम लीला में राम के आदर्शो को प्रस्तुत कर स्वस्थ एव संस्कारिक समाज का सृजन किया जा सकता है। उक्त विचार महात्मा गोबिन्द साहब इन्टर कॉलेज दुल्हूपुर के पूर्व प्रवक्ता बचुली मिश्र ने राम चरित मानस प्रचारक आदर्श राम लीला समिति बुकिया के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त करते हुए कही। उन्होंने रामलीला मंचन के आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राम के आदर्श पर चलकर एक मजबूत और सभ्य समाज की स्थापना की जा सकती है। मुख्य अतिथि ने फीता काटकर दीप प्रज्जवलन और पुष्प अर्चन करने के बाद राम लीला का शुभारम्भ किया। समारोह की अध्यक्षता योगेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर आयोजक मंडल के पारस नाथ सिंह, घनश्याम सिंह, अंशुमान सिंह, अर्जुन सिंह, मिठाई लाल गुप्त, कुलदीप सिंह, ओमकार लाल श्रीवास्तव, राम आसरे निषाद, राजाराम, शिव कुमार गुप्त, अशोक गुप्त सहित समिति के कई अन्य रामलीला समिति के सदस्य और भारी संख्या में दर्शक मौजूद थे।

### शिविर में बिजली बकाएदारों ने जमा किए बिल


शिविर में ग्रामीणों की शिकायतों का निस्तारण करते बिजली विभाग के कर्मचारी।

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर,अमृत विचार।** विधानसभा क्षेत्र आलापुर अन्तर्गत विद्युत वितरण खंड तेंदुआई कला द्वारा ग्राम पंचायत समडीह में शिविर लगाकर बकायेदारों से बिजली बिल जमा कराया और बड़े बकायेदारों के कनेक्शन बिच्छेद किए गए। बता दें कि विद्युत विभाग द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं की गलत तरीके से भेजी गई बिल में सुधार के साथ नेवरपेड बिजली उपभोक्ताओं से बिल जमा कराया गया। शिविर में विद्युत विभाग के उपखण्ड अधिकारी सत्यनारायण थारू, अवर अभियंता रमेश यादव, टीजी 2 रामचन्द्र, टीजी 2 अमरेन्द्र तिवारी, सुनील कुमार, प्रमोद, सत्यप्रकाश विश्वकर्मा और शैलेन्द्र गुप्ता आदि मौजूद रहे। शाििवर में विद्युत उपभोक्ताओं की गलत बिल को उपखण्ड अधिकारी द्वारा सुधारा गया और उपभोक्ताओं को समय से बिल जमा करने को कहा गया। इस दौरान सैकड़ों ग्रामीणों की समस्याओं को निस्तारित किया गया और बिजली विभाग से संबंधित कमियों को दूर किया गया।

# युवा पीढ़ी को करें प्रोत्साहित : प्राचार्य

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**


सीबी सिंह लॉ कॉलेज में आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं।

**अमृत विचार।** संयुक्त राष्ट्र दिवस पर सीबी सिंह लॉ कॉलेज में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जनपद के अकबरपुर तहसील क्षेत्र के सोनगांव में स्थित सीबी सिंह लॉ कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को संयुक्त राष्ट्र संगठन के उद्देश्यों से परिचित कराने के साथ ही उन उद्देश्यों को प्राप्त करने में वर्तमान युवा पीढ़ी को सक्रिय रूप से प्रोत्साहित कराना है।

कार्यक्रम का संचालन बीएएलएलबी पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुवाषिनी कसौधन ने किया। छात्रों में प्रमुख रुप से शिवशंकर यादव, विवेकानन्द मौर्य, अंशिका आदि ने संयुक्त राष्ट्र के विषय अपने विचार व्यक्त किए। सीबी सिंह लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. उदय प्रताप सिंह ने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद संयुक्त राष्ट्र जैसी अतर्राष्ट्रीय संस्था को विश्व शांति, विश्वबन्धुत्व, मानव कल्याण और टिकाऊ विकास के जिस उद्देश्य से समर्पित किया गया था, वह उसके लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि हमारा देश विश्वशांति का सदैव समर्थक रहा है। इस दिवस को मनाने का मुख्य औचित्य इस दिशा में सार्थक योगदान देने से है। उपप्राचार्य डॉ. सुबास चन्द्र यादव ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र वैश्विक एकता को आशा के प्रतीक के रूप में खड़ा है। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. शरद कुमार सिंह ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के अतिरिक्त किसी भी अन्य वैश्विक संगठन में वह क्षमता नहीं कि वह उस भविष्य को प्रभावित कर सके। जिसे हम देखना चाहते और इतने सारे लोगों को बेहतर विश्व की आशा प्रदान कर सके। कार्यक्रम के अन्त में प्राचार्य डॉ. उदय प्रताप सिंह ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र वैश्विक सहयोग के मूल्य और सभी के लिए अधिक समृद्ध और शांतिपूर्ण विश्व की खोज की याद दिलाता है। इस कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. जेपी दूबे, डॉ. अमित तिवारी, डॉ. मयंकदेव ने भी संयुक्त राष्ट्र दिवस व अपने.अपने महत्वपूर्ण एवं विद्वतापूर्ण विचार किए। इस मौके पर सूर्य शेखर तिपाठी, दीपमाला, संतोष कुमार, अशोक कुमार, प्रान्शू और सदानन्द शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# जनपद में 60 हजार से अधिक बोरी डीएपी खाद उपलब्ध : कृषि अधिकारी

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** जनपद में रबी की फसल की बुवाई में किसानों को डीएपी खाद की कमी न हो इसके लिए 60 हजार बोरी से अधिक इफ्को, पीपीएल और आईपीएल की डीएपी और एनपीके खाद अयोध्या और शाहगंज रैक प्वाइंट से उपलब्ध हुई है। किसानों को रबी की फसल की बुआई में कोई समस्या न हो इसके लिए खाद समतियों को भेजी जा रही है, जिससे किसानों को समय से खाद मिल जाए। किसान आलू, दलहन और तिलहन के पुसल में डीएपी खाद का प्रयोग करता है। किसानों को डीएपी खाद की कमी न हो। इसके लिए जिलाधिकारी ने पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने के लिए पत्र भेजा था। अब जनपद को अयोध्या रैक पॉइंट से इफ्को कंपनी की 36 हजार बोरी, पीपीएल कंपनी की 12 हजार 560 बोरी और शाहगंज रैक पॉइंट से 12 हजार बोरी डीएपी और एनपीके खाद प्राप्त हुई है। इन्हें अलग-अलग समिति पर भेजा जा रहा है। जिला कृषि अधिकारी पीयूष राय ने बताया कि जनपद में डीएपी खाद की पर्याप्त मात्रा है।

### शिविर में हुआ पशुओं का टीकाकरण

**अंबेडकरनगर।** खुरपका और मुंहपका जैसी जानलेवा बीमारियों से निपटने के लिए जनपद के सभी पशु सेवा केंद्रों पर शिविर लगाकर पशुओं को टीका लगाया गया। इसके साथ हो पशुपालकों को पशुओं को स्वस्थ रखने के टिप्स भी दिए गए। पशु चिकित्सक डॉ. सुरेंद्र ने कहा कि शिविर में पशुपालकों को पशुओं को बीमारियों से बचाने के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पशुशाला की बेहतर साफ-सफाई रखें। मच्छरों से पशुओं को बचाएं, यदि पशुओं में किसी भी प्रकार बीमारी के लक्षण दिखे तो तत्काल उसे पशु चिकित्सक को दिखाएं।

# छात्रों को आग से बचाव की दी जानकारी

**टांडा, अंबेडकरनगर।**


गोष्ठी को संबोधित करते प्रान्त सत्संग प्रमुख श्याम बाबू ।

**अमृत विचार।** सरस्वती शिशु मन्दिर टांडा में अग्नि शमन विभाग द्वारा प्रार्थना सभागार में आगजनी से बचाव के लिए गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्रान्त सत्संग प्रमुख श्याम बाबू ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित और पुष्प अर्पित कर किया। मुख्यवक्ता के रूप में अग्नि शमन विभाग के प्रभारी घनश्याम यादव और प्रधानाचार्य अर्जुन रहे।

श्याम बाबू ने कहा कि पुलिस कई रूपों में हमारी सुरक्षा करती है। उसी का एक स्वरूप आज हम सब जानेंगे। आगजनी की घटनाएं कभी-कभी हम सबकी लापरवाही के कारण भी होती है, इसके लिए हम सभी को सावधानी से आग से जुड़े कार्यों को करना चाहिए। आगजनी होने पर पुलिस को सूचना देना चाहिए। पुलिस सडक़ सुरक्षा के नियमों का पालन करवाने, बाढ़ जैसे विपदाओं से हमे सुरक्षित करने, जल पुलिस, दुर्घटनाओं में भी लोगों की मदद करने का काम करती है। विभाग के प्रभारी घनश्याम यादव ने कहा कि हमे अपना कार्य करते समय केवल यह ध्यान रहता है कि हम कितनी जल्दी आग पर काबू पाए। कभी-कभी हमे अपने जानमाल को भी नुकसान उठाने जैसा स्थिति समाने आती है। हम ऐसे विषम परिस्थिति में अपने कदम पीछे नहीं हटाते क्योंकि सामने जो मंजर होता है वह बड़ा भयावह होता है। प्राथमिकता उस पर विजयप्राप्त करना होता है। प्रभारी ने अग्नि से निपटने के लिए उपयोग में आने वाले यंत्र को भी संचालित कर बच्चों को उपयोग करने के तरीके का प्रशिक्षण दिया। इस दौरान विद्यालय से जुड़े अध्यापक व बच्चों ने बड़ी ही एकाग्रता के साथ सभी जानकारियों को हासिल किया।

# घर के लिए निकाला युवक चार दिन बाद भी नहीं पहुंचा

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** विदेश से अपने घर के लिए हवाई जहाज से निकला युवक चार दिन बाद भी घर वापस नहीं लौटा। परिजनों ने दो दिन एयरपोर्ट पर इंतजार भी किया, लेकिन निराशा हाथ लगी। परिजन किसी अनहोनी को लेकर परेशान हैं और परिवार में मातम पसरा हुआ है। विदेश कमाने गए युवक की पत्नी ने पूर्व सांसद और एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय से मदद मांगी है।

बता दें कि कटका थाना अन्तर्गत रतना पलया गांव की ऊषा देवी ने बताया कि उसका पति कमलेश रोजी रोटी के सिलसिले में बीते मार्च माह से अलजीरिया में राजगीर का काम करने गया था। बीमारी के चलते वह सातवें महीने 19 अक्टूबर को टिकट लेकर वहां के एयरपोर्ट से घर के लिए निकले। जिन्हें रिसीव करने के लिए एक रिश्तेदार इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट दिल्ली भी गए। मगर अल्जीरिया से आने वाली फ्लाइट में उसका पति वापस दिल्ली नहीं लौटा। पत्नी ने पूर्व सांसद व एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय से हस्तक्षेप कर पति के सकुशल वतन वापसी की गुहार लगायी है। जिसे संज्ञान में लेकर एमएलसी ने विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह को पत्र लिख कर कमलेश के वापस लाने के सम्बंध में आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। जानकारी के अनुसार 75 हजार रुपए नगद और 35 हजार रुपए का सामान साथ में लेकर चले थे।

**आयोजन** — दौड़, कबड्डी, खोखो, योगासन व जिमनास्टिक प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया अपना जौहर

# खेल से निखरती हैं बच्चों में छिपी हुई प्रतिभाएं : बीएसए

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।**


प्रतिभागी खिलाडियों से परिचय प्राप्त करते बीएसए डॉ. भोलेंद्र प्रताप सिंह।

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालय की दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का गुरुवार को समारोह पूर्वक सम्पन्न हो गया। दौड़, कबड्डी, खोखो, योगासन और जिम्नास्टिक जैसी प्रतियोगिताओं में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाया। भियांव ब्लॉक के कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय बंदीपुर के प्रांगण में आयोजित बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेंद्र प्रताप सिंह ने समारोहपूर्वक उद्घाटन किया। खंड विकास अधिकारी भियांव अंजली भारतीय और खंड शिक्षा अधिकारी भियांव विवेक कुमार द्विवेदी बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि बीएसए भोलेन्द्र प्रताप सिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल से बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभाएं निखरती है। खेल में आज तमाम लोग अपने क्षेत्र और जनपद का नाम रोशन कर रहे हैं। जबकि विशिष्ट अतिथि बीडीओ भियांव अंजली भारतीय और खंड शिक्षा अधिकारी विवेक कुमार द्विवेदी ने कहा कि खेल प्रतियोगिता से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को भी आगे पहुंचने का मौका मिलता है। उच्च प्राथमिक स्तर के बच्चों के बीच प्रथम दिन हुई दौड़ प्रतियोगिता में बालक वर्ग में 600 मीटर की दौड़ में उच्च प्राथमिक विद्यालय ढाखा के सुमित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि 400 मीटर में जल्दीपुर के शैलेश, 200 मीटर में ढाखा के सत्यम व 100 मीटर में जल्दीपुर के आनंद प्रथम स्थान पर रहे। इसी तरह बालिका वर्ग में छह सौ, चार सौ व सौ मीटर की दौड़ प्रतिस्पर्धा में उच्च प्राथमिक विद्यालय बबुरा की होनहार छात्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और दो सौ मीटर ढाखा की प्रतिज्ञा ने बाजी मारी।

### दौड़ प्रतियोगिता में अनुराग और संजना रहे अव्वल

प्राथमिक स्तर की चार सौ मीटर की दौड़ में बालक वर्ग से बबुरा के अनुराग व बालिका वर्ग में सीटाघाट की संजना ने पहला स्थान प्राप्त किया। दूसरे दिन कबड्डी प्रतियोगिता में बालक वर्ग में उच्च प्राथमिक ढाखा की टीम विजयी हुई। जबकि बालिका वर्ग में बबुरा की टीम ने बाजी मारी। खोखो में प्राथमिक विद्यालय नोनहर, योगासन में ढाखा और जिम्नास्टिक में मोहमदपुर ओदरपुर के बच्चों का जलवा रहा। उक्त अवसर पर ब्लॉक व्यायाम शिक्षक सत्य प्रकाश शुक्ला, पंकज कुमार वर्मा, राजेश कुमार यादव समेत ईआरपी, नोडल शिक्षक संकुल और खेलकूद अनुदेशक समेत अन्य मौजूद रहे।

# रावण का वध होते ही लगे जयकारे

**सम्मनपुर, अंबेडकरनगर।**


सुल्तानगढ़ में लगा मेला। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनपद के सम्मनपुर थानाक्षेत्र के सुल्तानगढ़ में गुरुवार को मेले का आयोजन किया गया। इसमें रामलीला के दौरान राम रावण का युद्ध आकर्षण का केंद्र रहा। इसी रात्रि भारत मिलाप का भी आयोजन होगा।

गुरुवार सुबह से ही सुल्तानगढ़ में दुकानों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। शाम को मेले में राम और रावण की सेना एक दूसरे के आमने-सामने होती है। दोनों सेना एक दूसरे को परास्त करने के लिए आतुर दिखती हैं। इसी बीच लक्ष्मण ने मेघनाथ का वध कर दिया। यह सुनते ही रावण युद्ध स्थल में पहुंच जाता है। वह भगवान श्रीराम को युद्ध के लिए चुनौती देता है। इसके बाद दोनों का युद्ध शुरू होता है, जिसमें भगवान श्रीराम के हाथों रावण मारा जाता है। रावण वध होते ही जय श्रीराम के जयकारों से मेला क्षेत्र गुंजमाय हो जाता है। युवाओं ने चाट, समोसा, चाऊमीन, फुल्की और जलेबी का लुत्फ उठाया तो वहीं बच्चों ने झूले का आनंद लेने के साथ ही खिलौने भी खरीदें।

### मेले में सुरक्षा व्यव्यस्था के रहे पुख्ता इंतजाम

मेले में रिजर्व पुलिस बल के साथ स्थानीय थाना प्रभारी राजेश सिंह सुरक्षा के दृष्टिगत मय फोर्स मेले में भ्रमण करते रहे। मेले को सकुशल संपन्न कराने में ग्राम प्रधान राकेश जयसवाल, अध्यक्ष विकास कसौधन, शिवदास कसौधन, तेज प्रताप यादव, मनोज कुमार सिंह, सौरभ कसौधन, अमित कुमार आदि लोगों का विषेश योगदान रहा।

## एक नजर

### परिवारिक विवाद में मारपीट, केस दर्ज

**तरबगंज** : स्थानीय थानाक्षेत्र के मुजेड़ गांव में परिवारिक विवाद को लेकर मारपीट हो गई। मुजेड़ गांव के मजरा नरपतिपुरवा निवासी रामशब्द ने बताया की मंगलवार की रात करीब 8 बजे परिवारिक विवाद को लेकर नन्कुन्ने ने अपनी पत्नी व बेटे भानू के साछ मिलकर उसे लाठी डन्डे से पीटा। गांव के लोग दौड़े तो आपोपीब जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये। थानाध्यक्ष राजेश सिंह ने बताया की शिकायत के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

### ई-रिक्शा की टक्कर से युवक घायल

**तरबगंज** : घांचा बीकापुर निवासी युवक को ई- रिक्शा चालक ने टक्कर मार दी। घांचा बीकापुर के मजरा परमहंस कुटी निवासी वेद्प्रकाश ने बताया की बीते शुक्रवार को दुर्जनपुर बाजार से घर वापस लौटते समय टकटोना गांव के पास मजरा बरियाडीह निवासी सुनील कुमार ने अपने ई रिक्शा से उसे ठोकर मार दी थी। ठेतर लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। अज्ञात लोगो ने उसे अस्पताल पहुंचाया था। हालात में सुधार होवे पर वह बृहस्पतिवार को थाने पहुंचा और रिक्शा चालक के खिलाफ शिकायत की।थानाध्यक्ष राजेश सिंह ने बताया की पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

### दिव्यांग बच्चों की नियमित उपस्थिति पर जोर

**रुपईडीह** : ब्लॉक के विशेष शिक्षक सुनीत कुमार मिश्र ने कंपोजिट विद्यालय छितौनी, प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय भैरमपुर का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के प्रधानाध्यापकों से दिव्यांग छात्र-छात्राओं के नामांकन व उनकी समर्थ ऐप पर उपस्थिति लोड किए जाने के बारे में जानकारी हासिल करते हुए दिव्यांग बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय मे शत प्रतिशत उपस्थिति कराए जाने पर विशेष बल दिया।

### डीजी लाइट मार्क्स चोरी मुकदमा दर्ज

**परसपुर** : करनैलगंज अन्तर्गत ग्राम करूवा निवासी अंकित सिंह ने परसपुर पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि वह एलएनटी कम्पनी में असिस्टेंट आईआर के पद पर कार्यरत हैं। कम्पनी द्वारा थाना क्षेत्र परसपुर के ग्राम नरायनपुर जैसिंह में जल जीवन मिशन के तहत काम चल रहा था। गत रात्रि में कम्पनी की एक डीजी लाइट मार्क्स चोरी हो गयी। एसओ दिनेश सिंह ने बताया कि अंकित सिंह की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### बुनियादी भाषा का प्रशिक्षण संपन्न

**गोंडा** : निपुण भारत मिशन के तहत ब्लॉक रुपईडीह के प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाओं व शिक्षामित्रों का बुनियादी भाषा व गणित पर आधारित चार दिवसीय प्रशिक्षण ब्लॉक संसाधन केंद्र पर संपन्न हो गया। ब्लॉक के बीईओ मनीष कुमार सिंह ने बताया कि यह प्रशिक्षण नौ चरणों में आयोजित किया गया।

### अवर अभियंता लघु सिंचाई ने संभाला कार्यभार

**गोंडा** : ब्लॉक रुपईडीह मे रिक्त चल रहे अवर अभियंता लघु सिंचाई के पद पर अंकेश वर्मा ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। खंड विकास अधिकारी अभय कुमार सिंह ने बताया कि यहां के अवर अभियंता लघु सिंचाई सुनील कुमार सिंह राठी का तबादला एक माह पहले झंझरी ब्लॉक हो गया था। तभी से यहां पर अवर अभियंता का पद रिक्त चल रहा था।

# निर्माणाधीन कार्यों को समय से पूरा कराएं : डीएम

## 50 लाख से अधिक बजट वाले निर्माण कार्यों की समीक्षा, संबंधित अधिकारी को दिया निर्देश

कार्यालय संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचारः** बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में चल रहे विभिन्न विभागों के 50 लाख से अधिक वाले भवन निर्माण एवं अन्य निर्माण कार्यों की समीक्षा की।उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्यों को समय से पूरा किया जाय। निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई भी समझौता न किया जाए। जिन भवन निर्माण में बजट के अभाव से कार्य रुका है उसे बजट मंगाकर पूरा किया जाए।



कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों संग समीक्षा बैठक करतीं डीएम नेहा शर्मा। अमृत विचार

जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के स्तर से निर्माण कार्यों की समीक्षा की जाती है। इसलिए कार्यदायी संस्थाएं सभी निर्माण कार्यों को समय से पूरा करें। देर से निर्माण पूरा करने पर शासकीय धन की क्षति होती है। जो निर्माण कार्य मामूली सी कमी होने के कारण शतप्रतिशत पूर्ण नहीं हो पा रहे है उन सभी निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए। जो कमी है उसे तत्काल पूरा कराकर सम्बन्धित विभाग को हैंडओवर किया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, डीएसटीओ अरुण सिंह, एडीएसटीओ राजेश पाण्डेय, एक्सईएएन प्रांतीय खंड प्रमोद त्रिपाठी, निर्माण खंड 2 बीके त्रिपाठी, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग जेबी सिंह, अतुल मिश्र एई यूपी सिडको, ग्रामीण अभिन्यंत्रण विभाग, सहायक पर्यटन अधिकारी वंदना पांडेय, सीएण्डडीएस, यूपी आरएनएन, पैक्स फेड, सभी संबंधित निर्माण कार्यदायी संस्था के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पिटाई से महिला का गर्भपात, केस दर्ज

**▶▶ रास्ते पर किए गए अतिक्रमण का विरोध करने पर हुई थी महिला की पिटाई**

**खरगूपुर, अमृत विचारः** रास्ते के विवाद को लेकर एक महिला के साथ हुई मारपीट और गर्भपात की घटना में कोर्ट के आदेश पर खरगूपुर थाने में आरोपी दंपति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

खरगूपुर थाना क्षेत्र के रामनगर झिन्ना गांव की रहने वाली पीड़िता के मुताबिक उसके घर के सामने दिनेश कुमार का मकान है। आरोप है कि दिनेश ने रास्ते में अवैध रूप से कब्जा करके पक्का चबूतरा बना लिया है और उसी के बगल में वह अपना टेंपू खड़ा करने लगा है। अतिक्रमण के चलते पीड़िता और उसके परिवार का आवागमन बाधित हुआ तो उसने इस बात का विरोध किया। पीड़िता का कहना है कि जब उसका पति जरूरी काम से बाहर गया हुआ था तो दिनेश कुमार और उसकी पत्नी पूनम देवी ने घर में घुसकर उसकी जमकर पिटाई की। इस दौरान वह गर्भवती थी। पेट में गंभीर चोट लगने के कारण उसका गर्भपात हो गया था। मामले की शिकायत उसने स्थानीय थाने पर की लेकिन उसकी रिपोर्ट नहीं दर्ज की गई। इस पर उसने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई थी। खरगूपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर आरोपी दिनेश कुमार व उसकी पत्नी पूनम देवी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है और घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

# बंद मिला आंगनबाड़ी केंद्र, सीडीपीओ ने नोटिस जारी कर मांगा जवाब

करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचारः** विकासखंड करनैलगंज की ग्राम पंचायत दिनारी में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र बंद होने व उसका संचालन न किये जाने की शिकायत ग्राम प्रधान ने बाल विकास परियोजना अधिकारी से की है। ग्राम प्रधान जहीर खां ने शिकायत पत्र में कहा कि ग्राम पंचायत दिनारी में आंगनबाड़ी केन्द्र उसरेर के नाम से संचालित है। जो प्राथमिक विद्यालय उसरेर में स्थित है।




ग्राम पंचायत दिनारी में बंद पड़ा आंगनबाड़ी केंद्र। अमृत विचार

आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चे प्रतिदिन आते है पर केन्द्र बंद होने से बाहर खेल कूद कर वापस घर लौट जाते है। ग्राम प्रधान का आरोप है कि आंगनबाड़ी केन्द्र प्रतिदिन बन्द रहता है। आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिका के द्वारा एक भी दिन आंगनबाडी केन्द्र नहीं खोला जाता है। पोषण ट्रैकर की फिडिंग नहीं की जाती है, जिससे लाभार्थियों को सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

ग्राम प्रधान ने आंगनबाड़ी केन्द्र प्रतिदिन समय से खोलवाने व पोषण ट्रैकर की फिडिंग करवाए जाने की मांग करते हुए सम्बंधित के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। बाल विकास परियोजना अधिकारी महेंद्र वर्मा का कहना है कि ग्राम प्रधान से शिकायत प्राप्त हुई है। आंगनबाड़ी कार्यकत्री को नोटिस जारी कर जवाब मांगा जा रहा है। उचित जवाब न मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### स्वास्थ्य मंच कार्यक्रम में 250 बच्चों की हुई जांच



स्वास्थ्य मंच कार्यक्रम में मंच पर उपस्थित अतिथि। अमृत विचार

**खरगूपुर, अमृत विचार** : किशोर स्वास्थ्य मंच कार्यक्रम का आयोजन सत्य साई इंटर कालेज में किया गया ।जिसमें किशोरावस्था में स्वास्थ्य में होने वाले परिवर्तन के बारें में उपस्थित छात्राओं को बताया गया। खरगूपुर क्षेत्र के सत्य साईं इंटर कालेज में किशोर स्वास्थ्य मंच कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।जिसमें डॉ अभिषेक आनंद, डॉ श्याम लाल गौतम, फार्मासिष्ट वारिस अली, प्रतिमा पाठक, एएनएम पल्लवी, काउंसलर विद्या भूषण द्वारा यहां कक्षा 6 से 12 तक 250 छात्राओं का भार,नेत्र आदि शारीरिक परीक्षण किया गया। छात्राओं के शरीर में कमी पाए जाने पर उन्हें जरूरी दवाएं,सिनेटरी पैड व अन्य जरूरी सामान भी वितरित किया गया ।स्वास्थ्य टीम ने छात्राओं के किशोरावस्था में शरीर में होने वाले परिवर्तन के बारें में बताया और स्वास्थ्य के प्रति उन्हें सचेत रहने के लिए सलाह दी। इस मौके पर प्रधानाचार्य अखिलेश तिवारी सहित शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

### पीडीए ने जमीन को कराया कब्जा मुक्त

**नैनी, अमृत विचार :** औद्योगिक थाना क्षेत्र के मवैया से रेल रोड पर करीब डेढ़ बीघे जमीन पर अवैध रूप से कब्जा की गई सरकारी भूमि को गुरुवार की दोपहर विकास प्राधिकरण की टीम, नायब तहसीलदार संध्या गोस्वामी, कानूनगो शिव नरेश मिश्रा सेमत तमाम अधिकारियों ने जमीन को कब्जा मुक्त करते हुए बड़ी कार्रवाई की है। नायब तहसीलदार संध्या गोस्वामी ने बताया कि काफी समय से औद्योगिक थाना क्षेत्र के मवैया से अरेल जाने वाले मार्ग पर करीब डेढ़ बीघा जमीन पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा था। कई बार शिकायत मिलने के बाद गुरुवार को प्रयागराज विकास प्राधिकरण की टीम और औद्योगिक थाने की फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर उस सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराते हुए जमीन को खाली कराया गया है। इस बड़ी कार्रवाई में कानून को शिवनरेश मिश्रा, प्राविप्रा के भवन निरीक्षक कुंवर आनंद, राकेश शर्मा सहित तमाम लोग शामिल रहे।

### चिकित्सा प्रतिपूर्ति के भुगतान में रिश्वत मांगने का आरोप

**गोंडा** : चिकित्सा प्रतिपूर्ति के भुगतान करने में 10 हजार रुपये की रिश्वत मांगने का मामला सामने आया है। आरोप है कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में तैनात वरिष्ठ सहायक ने फाइल आगे बढ़ाने के लिए 10 हजार रुपये मांगे। रुपये न देने पर फाइल फेंक दी गयी। मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से की गई है। ग्राम विकास विभाग के सेवानिवृत लेखाकार अरुण कुमार की ओर से मुख्यमंत्री को दिए गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि उनका इलाज चल रहा है। चिकित्सा प्रतिपूर्ति के लिए उन्होंने फाइल मुख्य चिकित्सा अधिकारी के यहां जमा किया तो प्रतिपूर्ति के भुगतान के लिए पैसे की मांग की गई। आरोप है कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में तैनात वरिष्ठ सहायक चंद्रभान यादव ने उनसे भुगतान के लिए 10 हजार रुपये की मांग की। जब उन्होंने इसे देने से इंकार किया तो उन्होंने फाइल फेंक दिया। आरोप है कि बाबू ने फाइल फेंकते हुए कहा कि जो करना हो कर लो हम भुगतान नहीं करेंगे। अरुण कुमार ने पूरे मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से करते हुए जांच कराने की मांग की है। वहीं आरोपी लिपिक ने बताया कि उन्होंने भुगतान के लिए फाइल जमा की थी, लेकिन कुछ वाउचर फोटो स्टेट लगे थे ओरिजिनल बिल लगाने के लिए कहा गया था जिससे वह नाराज हो गए। पूर्व में भी इनका भुगतान किया गया है। रिश्वत मांगने का आरोप निराधार है।

# खेल जीवन का अभिन्न अंगः बीईओ

**▶▶ परसपुर में न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन, बच्चों ने दिखाया दम**

**परसपुर, अमृत विचार** : शिक्षा क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय नीरपुर ख्याला में न्याय पंचायत स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खंड शिक्षाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि वृहस्पतिवार को न्याय पंचायत नीरपुर ख्याला के अंतर्गत आने वाले परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने खेलकूद में प्रतिभाग किया।



विजेता छात्रा को पुरस्कृत करते बीईओ सुशील कुमार सिंह। अमृत विचार

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर में 50 मीटर बालक बालिका वर्ग की दौड़ तथा जूनियर स्तर पर 100, 200 व 400 मीटर बालक बालिका वर्ग की दौड़ प्रतियोगिता, जूनियर व प्राथमिक स्तर के बालक बालिका वर्ग की कबड्डी, खो-खो, सुलेख, एकांकी, समूह गीत आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। नोडल शिक्षक संकुल कृष्ण नरायन तिवारी ने बताया कि प्राथमिक वर्ग 50 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में बालक वर्ग में प्राथमिक विद्यालय नरदा के विजय प्रथम, बालिका वर्ग में प्राथमिक विद्यालय बकसैला की शुभी प्रथम रही। प्राथमिक वर्ग के 100 मीटर में बालक वर्ग में प्राथमिक विद्यालय खजुरी के रऊफ प्रथम व बालिका वर्ग में बकसैला की शुभी प्रथम, उच्च प्राथमिक वर्ग में 100 मीटर बालक वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय अभईपुर के हनुमन्तलाल प्रथम व बालिका वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय नीरपुर ख्याला की परिधी पांडेय प्रथम। 200 मीटर में बालक वर्ग में यूपीएस सालपुर के मनोज प्रथम व बालिका वर्ग में यूपीएस बकसैला की मरियम प्रथम रही। वही खो-खो में जूनियर वर्ग में बालक व बालिका वर्ग में यूपीएस अभईपुर प्रथम वही प्राथमिक वर्ग में बालक व बालिका वर्ग में प्राथमिक विद्यालय सुसुंडा प्रथम रही। कबड्डी में प्राथमिक स्तर पर बालक व बालिका वर्ग में प्राथमिक विद्यालय सुसुंडा प्रथम, लंबी कूद में जूनियर वर्ग में बालक वर्ग में यूपीएस अभईपुर हनुमंत प्रथम व बालिका वर्ग में नीरपुर ख्याला की सेजल यादव प्रथम रही। वही प्राथमिक स्तर की लंबी कूद में बालक वर्ग में पीएस अभईपुर के रजत प्रथम रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत खंड शिक्षाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन करके किया। बच्चो में नाटक,सुलेख व एकांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेता छात्रों को बीईओ ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। खंड शिक्षाधिकारी ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है खेल से शरीर के साथ मस्तिष्क भी स्वस्थ रहता है। इस अवसर पर संतोष कुमार पांडेय, कृष्ण नरायन तिवारी, कौशलेंद्र पांडेय, जसपाल सिंह, योगेश मणि त्रिपाठी, सत्येन्द्र मिश्रा, आशुतोष आदि मौजूद रहे।

# चरागाह की भूमि से नहीं हटा कब्जा

**तरबगंजः** नगरपंचायत के वार्ड 4 में चरागाह की भूमि पर गांव के लोगो ने अवैध कब्जा कर रखा है। अधिशासी अधिकारी अमरनाथ राम ने उपजिलाधिकारी को पत्र लिखकर चरागाह की जमीन खाली कराये जाने का अनुरोध किया था। पत्र में कहा था कि नगर पंचायत तरबगंज के बंगा सिंह बाबा वार्ड 4 में चरागाह की जमीन पर कटहा के चौहानपुरवा निवासी राकेश व कुछ अन्य लोगो ने टिनशेड रखकर अवैध कब्जा कर लिया है।

उपजिलाधिकारी विशाल कुमार ने टीम गठित कर चरागाह की जमीन खाली करवाये जाने का निर्देश दिया था। टीम में नायाब तहसीलदार रामप्रताप पाण्डेय, थानाध्यक्ष तरबगंज, राजस्व निरीक्षक अवधेश दूबे व क्षेत्रीय लेखपाल शामिल थे लेकिन 6 महीने बाद भी यह कब्जा नहीं हटाया जा सका है।

अधिषाषी अधिकारी अमरनाथ राम ने बताया की अवैध कब्जेदारो को पांच बार नोटिस दी जा चुकी है। लेकिन तहसील की टीम मौके पर नहीं जा रही है। वहीं नायब तहसीलदार रामप्रताप पाण्डेय ने बताया की नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी के कारण देरी हो रही है।

## वर्ग पहेली-232

**बाएं से दाएं**

4. जिसके उच्चारण में फेफड़ों से आती वायु नासिका विवर से न निकले, अनुनासिक का विपर्याय।

5. 1. जिसमें फल न लगे हों, फलरहित वृक्ष 2. निष्फल, परिणामरहित।

6. नाख़ून से खोटना या नोचना, नाख़ून से काटना।

7. अनुच्छेद, (पैराग्राफ़ का संक्षिप्त रूप)।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. चलते-चलते किसी स्थान पर रुकना; थमना 2. किसी की प्रतीक्षा में धैर्यपूर्वक एक स्थान पर बैठे रहना 3. निश्चित या पक्का होना 4. डेरा डालना 5. किसी प्रकार की क्रिया, चेष्टा या व्यापार से रहित या हीन होना 6. गतिशील व्यक्ति, वस्तु का कहीं ठहर जाना 7. मादा का गर्भवती होना; जैसे- गर्भ ठहरना।

2. 1. फलयुक्त होना 2. सुख-सौभाग्य युक्त होना।

3. 1. चुनचुनाहट, खुजली 2. जलन के साथ होने वाली पीड़ा 3. चिनगारी।

5. 1. आघात लगना

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 2 | | 3 |
| | | | | | |
| 4 | | | | | |
| | | | | | |
| | | 5 | | | |
| 6 | | | | | |
| | | | | 7 | |

### वर्ग पहेली -231 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 शु | | 2 झ | | 3 स |
| 4 मे | जा | | न | | ना |
| | 5 अ | भि | क | थि | त |
| | त | | म | | न |
| | | 6 मा | न | स | |
| | 7 जी | र | क | | |
| | | ना | | | |

## सुडोकू-145

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | 2 | 8 | | | 9 |
| | 1 | 2 | | 6 | | 8 | | |
| 8 | 4 | | | | 7 | | | 3 |
| | 6 | | | 3 | | 2 | | 4 |
| | | | | | | | | |
| 9 | | 8 | | 1 | | | 7 | |
| 3 | | | 7 | | | | 6 | 8 |
| | | 7 | | 8 | | 3 | 1 | |
| 1 | | | 5 | 4 | | 7 | | |

### सुडोकू - 144 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 9 | 7 | 4 | 3 | 1 | 8 | 2 |
| 8 | 4 | 3 | 1 | 2 | 6 | 9 | 7 | 5 |
| 7 | 1 | 2 | 5 | 8 | 9 | 4 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 5 | 8 | 9 | 2 | 7 | 1 | 4 |
| 2 | 7 | 8 | 4 | 1 | 5 | 6 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 4 | 6 | 3 | 7 | 5 | 2 | 8 |
| 5 | 2 | 1 | 9 | 6 | 8 | 3 | 4 | 7 |
| 9 | 3 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 1 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 7 | 1 | 2 | 5 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 अक्टूबर शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-नवमी 26 अक्टूबर 03 .22 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-हेमंत।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य 07 .40 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

**मेष** : आज दांपत्य संबंधों में अहम को लेकर टकराव हो सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी हो सकती है। गैर कानूनी कार्यों से आपको बचना चाहिए। आज वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं। घर में नकारात्मकता हावी रहेगी। हल्का और सुपाच्य भोजन ग्रहण करें।

**वृष** : आज राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। आय के नए स्रोत बनने की संभावना बन रही है। सभी काम सुचारू रूप से पूर्ण होंगे। मेहनत का बेहतरीन लाभ प्राप्त होगा। आर्थिक परेशानियों का निराकरण हो सकता है। घर का वातावरण सुखद रहेगा।

**मिथुन** : आज कारोबार के लिए आपको समय निकालना पड़ेगा। परिवार का माहौल खुशनुमा होगा। भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। धन की कमी के कारण काम रुक सकते हैं। नौकरीपेशा व्यक्तियों के ऊपर काम का दबाव बढ़ सकता है।

**कर्क** : आज नया कार्य शुरु करने में आपको सफलता मिलेगी। जीवनसाथी के साथ मतभेद कम होंगे। सभी कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से पूर्ण करेंगे। रोजगार के नए साधन उत्पन्न होंगे। घर में मांगलिक कार्यों की रूपरेखा बन सकती हैं।

**सिंह** : आज दांपत्य संबंधों में अनबन होने की आशंका है। बातचीत के दौरान आपको सावधानी रखनी चाहिए। कुछ मित्र आपके प्रति ईर्ष्या भाव रख सकते हैं। अनावश्यक खर्च बढ़ने से बजट प्रभावित हो सकता है। विद्यार्थियों को करियर को लेकर परेशानी हो सकती है।

**कन्या** : आज बुद्धिमान लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। आपको सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिए। प्रेमी जन के साथ रोमांटिक डेट पर जा सकते हैं। तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। जिस भी कार्य को हांथ में लेंगे उसे पूरा करके ही दम लेंगे।

**तुला** : आज जीवनसाथी से आपको प्रेरणा मिलेगी। बच्चे अपनी पढ़ाई को लेकर काफी सक्रिय रहेंगे। व्यापार में नया निवेश होने की संभावना है। आपकी कार्यशैली से लोग काफी प्रभावित होने वाले हैं। परोपकार में धन खर्च कर सकते हैं।

**वृश्चिक** : आज घर में धार्मिक वातावरण हो सकता है। आपके आत्मविश्वास और आत्मबल में वृद्धि होगी। नया वाहन खरीदने का विचार बना सकते हैं। निजी मामलों को बाहरी लोगों से शेयर न करें। रियल एस्टेट में बड़ा निवेश करने से बचें।

**धनु** : आज अपनी भावनाओं को सबके समक्ष व्यक्त न करें। घर में अप्रिय व्यक्तियों का आगमन हो सकता है। बदहज़मी के कारण लीवर में परेशानी होने की संभावना है। आज आपको अनावश्यक यात्रा करनी पड़ सकती है। दूसरों के मामलों में ज्यादा हस्तक्षेप न करें।

**मकर** : आज कार्यक्षेत्र को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लेने पड़ेंगे। उच्च अधिकारियों से प्रशंसा प्राप्त होगी। आर्थिक स्थिति को लेकर सन्तुष्ट रहेंगे। छोटी-छोटी बातों को तूल देने से बचें। बड़े व्यावसायिक अनुबन्ध हो सकते हैं। ज्ञान अर्जित करने में लगे रहेंगे।

**कुंभ** : आज परिवार के लोगों की आवश्यकताओं का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र का माहौल बहुत ही अच्छा रहेगा। समाज के कार्यों में आप रुचि लेंगे। बीमार लोगों को दवाइयों में लापरवाही नहीं करनी चाहिए। साहित्य और कला में आपकी स्वाभाविक रुचि बढ़ेगी।

**मीन** : आज अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखें। प्रेम संबंधों में धन को लेकर विवाद हो सकता है। पढ़ाई में मेहनत को लेकर परेशानी होगी। बुद्धिमानी के कारण समाज में यश प्राप्त करेंगे। विवाहेतर सम्बन्धों से आपको बचना चाहिये।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
मेला — सुबह : 11.00
शंकर — रात : 07.00

**&pictures**
हमारा दिल आपके पास है — सुबह : 11.17
मिस्टर एवं मिसेज माही — रात : 08.00

**SONY PIX**
ब्राइटबर्न — सुबह : 11.07
स्पाइडर मैन — रात : 09.00

**ZEE CINEMA**
सोचा न था — सुबह : 10.30
काला सोना — रात : 07.45

**ZEE ACTION**
इंटरनेशनल राउडी — सुबह : 10.47
जाल द ट्रैप — रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

कैसे मनाएं इको फ्रेंडली दिवाली, आप भी जान लिजिए
सबसे पहले रसोई में खड़े हो जाएं।
पत्नी द्वारा बनाई गई दिवाली की मिठाई,
उनके सामने ही चट कर जाएं।
फिर हाथ साफ करते हुए फरमाएं...
भई जो भी हो, हमारी अम्मा के हाथ की मिठाई की बात ही कुछ और होती थी।
...बस फिर क्या इको फ्रंडली आतिशबाजी का आनंद ले...।

## एक नजर

### श्रीराम कथा सुनने से मिलती है मुक्ति : डॉ. संत शरण



**गोंडा** : श्री राम कथा सुनने से पापों से मुक्ति मिलती है। उक्त कथा विकासखंड झझरी के ग्राम पंचायत मोकलपुर में आयोजित सात दिवसीय श्री राम कथा मे व्यास डॉक्टर संत शरण त्रिपाठी ने कहीं। राम कथा के पहले दिन भगवान श्री राम के चरितार्थ का वर्णन किया गया। श्री राम कथा 30 अक्टूबर तक चलेगी। कथा का समय सायं 6 बजे से 9 बजे तक होती हैं।कथा मे सैकड़ो की संख्या मे श्रद्धालु आकर श्री राम कथा का आनंद ले रहे हैं। कथा में मुख्य यजमान के रूप में सोमनाथ चतुर्वेदी बब्बन, दुर्गा प्रसाद चतुर्वेदी बैरागी हैं। कथा में पंडित गोपाल पाण्डेय, रमाशंकर चौबे, पटेल बाबु, डॉ लल्लन, बब्बू डॉक्टर, बद्री विशाल ओझा, गिरीश चौबे, राजेश ओझा, केएल चौबे एडवोकेट, नकछेद तिवारी, ओमप्रकाश चौबे, सुक्की चौबे, श्यामजी चौबे, ननकू मिश्रा, दुर्गा प्रधान, पलऊ चौबे, उदयभान तिवारी, संदीप तिवारी, रमेश चौबे, बलराम चौबे, भुलावन आदि ने श्री राम कथा का रसपान किया।

### जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता 26 से

**गोंडा** : खेल निदेशालय के निर्देश पर वर्ष 2024-25 की जिला स्तरीय जूनियर बालक/बालिका प्रतियोगिता 26 से 28 अक्टूबर तक आयोजित की जायेगी। क्षेत्रीय कार्यालय के मैदान पर आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में क्रिकेट, फुटबॉल, एथलेटिक्स, ताइक्वाण्डों, हैण्डबाल, कबड्डी, कुश्ती जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले जूनियर वर्ग के इच्छुक खिलाड़ियों को क्षेत्रीय खेल कार्यालय जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम मे 26 अक्टूबर को प्रातः 9 :30 बजे उपस्थित होकर प्रतियोगिता में नि :शुल्क पंजियन कराना होगा।

### न्यायालय के आदेश पर मारपीट का मुकदमा दर्ज

**गोंडा** : न्यायालय के आदेश पर वजीरगंज थानाक्षेत्र के खानपुर गोरथनिया निवासी मंगरे वर्मा ने महिला समेत चार को नामजद करते हुए 6 लोगों के विरुद्ध घर में घुसकर तोड़फोड़ व मारपीट करने सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कराया है। पीड़ित अनुसार पुरानी रंजिश को लेकर बीते सात अगस्त के शाम को गांव के राम दत्त चौहान, अम्बरीष चौहान,उनके भाई हरवंश चौहान व उनकी मां जानमता तथा दो अज्ञात व्यक्तियों ने पीड़ित के घर में घुसकर अभद्रता करते हुए मारपीट की तथा घर में रखा सामान तोड़ दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### एडीजे ने किया मंडल कारागार का निरीक्षण

**गोंडा** : अपर जिला जज व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दानिश हसनैन ने गुरुवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महिला एवं पुरुष बैरकों में जाकर बंदियों के रहने और साफ सफाई की व्यवस्था का निरीक्षण किया। जेल चिकित्सालय में निरीक्षण के दौरान सचिव ने वहाँ इलाज करा रहे बंदियों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उपस्थित जेल प्रशासन के अधिकारियों को बदलते मौसम को ध्यान में रखते हुए बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए निर्देशित किया। पाकशाला के निरीक्षण में खाने की गुणवत्ता ठीक पायी गयी। निरीक्षण के दौरान आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में निरुद्ध बंदियों को विधिक जानकारी दी। इस दौरान चीफ़ एलएडीसी विनोद कुमार सिंह, डिप्टी चीफ़ एलएडीसी अनिमेष चतुर्वेदी, असिस्टेंट एलएडीसी बृजलाल तिवारी, जेलर शिव प्रताप मिश्रा, डिप्टी जेलर सुरेश कुमार व शैलेंद्र वर्मा मौजूद रहे।

# 18 साल के युवक को थमा दी 62 वर्षीय बुजुर्ग की जांच रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचारः** होप यानि भरोसा। बात जब स्वास्थ्य की हो तो यह भरोसा और भी महत्वपूर्ण हो जाता है, लेकिन इस भरोसे को तोड़ने का काम किया है जिले में संचालित होप सकेनिंग सेंटर ने। सेंटर प्रबंधक व डॉक्टर की लापरवाही ने एक मरीज को मौत के मुहाने पर ले जाकर खड़ा कर दिया है।

पेट की जांच कराने गए एक 18 वर्षीय युवक को 62 साल के बुजुर्ग मरीज की रिपोर्ट थमा दी गयी। वह दूसरे की जांच रिपोर्ट लेकर डॉक्टर के पास गया तो डॉक्टर ने पैंक्रियाज की नली टूटने की बात कहकर इलाज शुरू कर दिया। पीड़ित युवक गोंडा से लखनऊ तक के डाक्टरों से इलाज कराता रहा लेकिन उसकी हालत बिगड़ती रही। थक हारकर जब वह पीजीआई पहुंचा तो यह जांच रिपोर्ट पकड़ में आई। इस पूरे भाग दौड़ में पीड़ित के 15 लाख रुपये इलाज में खर्च हो गए। अब कोर्ट के आदेश पर पीड़ित ने नगर कोतवाली में होप स्कैनिंग सेंटर के संचालक व डाक्टर के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

खरगूपुर थाना क्षेत्र के बिशुनापुर बेलभरिया गांव के मजरा कहला तेंदुआ के रहने वाले महेश कुमार मिश्रा के मुताबिक 9 फरवरी 2024 को उनके 18 वर्षीय बेटे शक्ति मिश्रा ने पेट में दर्द की शिकायत की तो वह बेटे को लेकर शहर के प्रतिष्ठित एसपीएम हॉस्पिटल पहुंचे और डॉक्टर ओएन पांडे को दिखाकर दवा लिया।डॉक्टर से दवा लेने के बाद वह बेटे को लेकर घर चले गए। 12 फरवरी को जब शक्ति मिश्रा के पेट में

**लापरवाही**

▸▸ डॉक्टर ने रिपोर्ट पर मरीज का नाम देखे बगैर शुरू कर दिया इलाज

▸▸ कोर्ट के आदेश पर प्रबंधक व डॉक्टर के खिलाफ एफआईआर

दोबारा दर्द हुआ तो वह फिर से एसपीएम हॉस्पिटल पहुंचे। इस बार अस्पताल के गैस्ट्रोलॉजी डिपार्टमेंट के डॉक्टर क्षितिज शरण ने दवा देने के साथ ही उनसे एमआर सीपी की जांच कराने का सुझाव दिया। महेश मिश्रा का कहना है कि वह शाम को ही एमआर सीपी की जांच के लिए होप स्कैनिंग सेंटर पहुंचे और बेटे शक्ति मिश्रा की जांच कराई। दूसरे दिन 13 फरवरी को जांच रिपोर्ट मिलने पर वह फिर से डॉक्टर क्षितिज शरन के पास गए। डॉक्टर क्षितिज ने बताया की शक्ति मिश्रा के पेनक्रियाज की नली टूटी




है और यह गंभीर बीमारी है। काफी लंबे इलाज के बाद ही फायदा हो सकेगा। यह कहकर उन्होने शक्ति को हास्पिटल में एडमिट कर लिया। चार दिन तक अस्पताल में भर्ती रखने के बाद 15 फरवरी को शक्ति मिश्रा को डिस्चार्ज कर घर भेज दिया गया।

18 फरवरी को एक बार फिर से शक्ति मिश्रा के पेट में दर्द बढ़ा तो पिता महेश कुमार उसे लेकर बहराइच के माही ग्लोबल हॉस्पिटल पहुंचे। वहां डॉक्टर मोहम्मद आवेश ने शक्ति को दवा दी। आराम न होने पर 25 फरवरी को शक्ति मिश्रा को गैस्ट्रो सेंटर गोमती नगर लखनऊ ले जाया गया जहां डाक्टर एके चौधरी ने होप स्कैनिंग सेंटर की रिपोर्ट के आधार पर उसका इलाज किया लेकिन यहां भी उसे फायदा नहीं हुआ। 5 मार्च को शक्ति मिश्रा को सुकृति गैस्ट्रो लिवर क्लिनिक इंदिरा नगर लखनऊ में डॉक्टर सुधाकर पांडे को दिखाया गया। यहां भी फायदा न होने पर 12 मार्च को परिजन शक्ति मिश्रा को लेकर लखनऊ के देवी शिव हॉस्पिटल पहुंचे जहां डॉक्टर संजय श्रीवास्तव ने उसका इलाज किया। साथ ही उन्होंने मरीज को डॉक्टर देवकीनंदन चौधरी को दिखाने की सलाह दी।

महेश कुमार मिश्रा का कहना है कि जब वह अपने बेटे शक्ति मिश्रा को लेकर देवकीनंदन चौधरी के पास गए तो उन्होंने उसे पीजीआई लखनऊ ले जाने की सलाह देते हुए डॉक्टर रजनीश सिंह को दिखाने के लिए कहा। 15 मार्च को कार्ड बनवाकर डॉ रजनीश सिंह के पास पहुंचे। डॉ रजनीश सिंह ने जब एमआर सीपी की रिपोर्ट का मुआयना किया तो जांच रिपोर्ट पकड़ में आई। रिपोर्ट पर 62 वर्षीय राममिलन गोस्वामी का नाम लिखा हुआ था। इस पर डॉ रजनीश ने महेश मिश्रा को सही जांच रिपोर्ट लाने के लिए कहा। महेश का कहना है कि वह गोंडा स्थित स्कैनिंग सेंटर पहुंचे और डॉक्टर से बात कर उन्हें सही जांच रिपोर्ट देने की मांग की, लेकिन डॉक्टर ने एक बार फिर से उन्हें राममिलन गोस्वामी की जांच रिपोर्ट दे दी।

इस पूरे भागदौड़ और गलत इलाज के चलते शक्ति मिश्रा की बीमारी काफी बढ़ गयी और मौत के मुहाने तक पहुंच गया। हालांकि डॉ. रजनीश ने उसकी दोबारा से जांच कराकर इलाज शुरू किया तो उसकी हालत में सुधार हुआ। गलत इलाज में महेश के 15 लाख रुपये खर्च हो गए। महेश का कहना है उन्होंने पूरे मामले की शिकायत जिले के आला अधिकारियों से की लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हुई। परेशान होकर उन्होने कोर्ट की शरण ली। मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नेहा रुंगटा ने मामले में दोषियों के खिलाफ केस दर्ज कर घटना की जांच का आदेश दिया था। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर होप स्कैनिंग सेंटर के प्रबंधक व डाक्टर टीएस भोंसले के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। मामले की जांच शुरू कर दी गयी है।

# यूपी एटीएस करेगी बिना मान्यता के चल रहे 286 मदरसों की जांच

## मदरसों में विदेशी फंडिंग की आशंका के चलते शासन ने लिया फैसला

संवाददाता, गोंडा



**अमृत विचारः** बिना मान्यता के संचालित हो रहे मदरसों पर शासन की नजर टेढ़ी हो गयी है। अल्पसंख्यक विभाग की निदेशक ने इन मदरसों की जांच के लिए सभी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को पत्र लिखा है। इन मदरसों की जांच यूपी एटीएस को सौंपी गयी है। एटीएस की टीमें इन मदरसों को होने वाली फंडिंग की जांच करेंगी। जांच के आदेश के बाद मदरसा संचालकों में हड़कंप मचा है।

अल्पसंख्यक समुदाय के बच्चों को दीनी तालीम के साथ साथ बुनियादी शिक्षा दिए जाने के लिए जिले में जगह जगह मकतब और मदरसे खुले हुए हैं। लेकिन इनमें से अधिकतर के पास जरूरी संसाधन भी नहीं है। शहरी क्षेत्र में मदरसों की भरमार है। तमाम मदरसों का संचालन कागजों पर हो रहा है। इनके पास न तो भवन है और न ही शिक्षक। छात्रों का पंजीकरण भी फर्जी दिखाया जा रहा है। कमोबेश यही हाल ग्रामीण इलाकों का भी है। जिले के करनैलगंज, परसपुर, धानेपुर, बग्गीरोड, इटियाथोक, खरगूपुर, गौरा चौकी, बभनजोत समेत अन्य कई क्षेत्रों में बिना

> शासन का पत्र मिला है। जांच में पूरा सहयोग किया जायेगा।
>
> –रमेश चंद्र, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी

मान्यता के मदरसों का संचालन हो रहा है। मदरसा संचालन के लिए मान्यता लेने में भी यह काफी पीछे हैं। शासन ने इन मदरसों की जांच का आदेश दिया था।

जांच टीम ने जिले में संचालित हो रहे 810 मदरसों की स्थलीय जांच की। इनमें से 505 मदरसे की मान्यता संबंधी अभिलेख दिखा सके थे। 305 के पास मान्यता से संबंधित कोई अभिलेख नहीं मिला था। कई मदरसों का संचालन तो सिर्फ कागजों पर मिला था। बिना मान्यता के संचालित अधिकतर मदरसे सरकारी जमीन पर हैं। ऐसे में सरकारी जमीनों पर अवैध तरीके से कब्जा करके बनाए गए मदरसे अब जांच के दायरे में हैं। सरकार ने बिना मान्यता के संचालित हो रहे मदरसों के आय का स्रोत की जांच का फैसला किया है। आशंका है कि बिना मान्यता के चल रहे इन मदरसों को विदेशी फंडिंग की जा रही है। जिले के 286 मदरसों की जांच यूपी एटीएस को सौंपी गयी है। जिले में बिना मान्यता के चल रहे मकतब या मदरसे कब से चल रहे हैं और मकतब को मदरसे में रजिस्टर्ड क्यों नहीं कराया गया? इन मकतब मदरसों को संचालित करने के लिए फंडिंग कहां से हो रही है। इन सभी बिंदुओं की जांच यूपी एटीएस की टीम करेगी। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की निदेशक जे.रीभा ने जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को पत्र जारी कर यूपी एटीएस के जांच में सहयोग करने के निर्देश दिए हैं।

## पूरी दुनिया में तेजी से बढ़ रही मानसिक बीमारियां : पूनम

**इटियाथोकः** गुरुवार को इटियाथोक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख पूनम द्विवेदी की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लाक प्रमुख पूनम द्विवेदी ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य ऐसा विषय है जो हमारे जीवन में बेहद अहमियत रखता है, फिर भी आजकल लोग इसकी अनदेखी करते हैं जो कि स्वास्थ्य के लिए घातक सिद्ध हो सकता है। मेंटल स्ट्रेस, डिप्रेशन, एंजायटी से लेकर हिस्टीरिया, डिमेंशिया फोबिया जैसी कई मानसिक बीमारियां है जो पूरी दुनिया में तेजी से बढ़ रही है इसे सावधान रहना बहुत आवश्यक है। आपके घर में आपके आसपास कहीं कोई मानसिक संबंधी रोगी दिखाई दे इस तुरंत इसकी जानकारी14416 या 1800 891 4416 पर जानकारी दें। तुरंत सहायता प्रदान की जाएगी।

## शिकायतकर्ता के घर पहुंच कर की घूसखोरी की पड़ताल

**गोंडा, अमृत विचारः** राशन कार्ड का सत्यापन व जारी किए जाने मे रिश्वत लिए जाने को मामले मे जिला पूर्ति अधिकारी ने राशन कार्ड के आवेदक की पात्रता के सत्यापन के लिए क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी को नामित किया था, मामले की जांच के लिए क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी रविंद्र सिंह ने आवेदक के घर पहुंच कर जांच पड़ताल की है।

नगर पालिका क्षेत्र गोंडा के रहने वाली गीता शुक्ला की ओर से राशन कार्ड के लिए आवेदन किया गया था। आरोप है कि क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी शिव प्रकाश तिवारी ने राशन कार्ड सत्यापन किए जाने के नाम पर रिश्वत ली। इसके बाद राशन कार्ड जारी किए जाने को लेकर भी पैसे की मांग की जा रही थी। गीता शुक्ला के आरोप व उनकी पात्रता की जांच के लिए डीएसओ ने क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी को नामित किया था। गुरुवार को क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी शिकायतकर्ता के घर पहुंचे। मौके पर वह नहीं मिली। आसपास के रहने वाले लोगों से जानकारी ली गई लेकिन पता नहीं चल सका। शिकायत पत्र में जो

▸▸ आवेदक ने राशन कार्ड जारी करने में रिश्वत लिए जाने का लगाया था आरोप



मोबाइल नंबर दिया गया था उसे पर भी संपर्क का प्रयास किया गया लेकिन बात नहीं हो सकी। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी रविंद्र सिंह ने बताया कि पात्रता के सत्यापन के लिए आवेदक के घर गए थे लेकिन मौके पर कोई नहीं मिला है। मोबाइल से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन बात नहीं हो सकी है । उन्होंने बताया कि कुछ लोग कह रहे थे कि आवेदक कहीं और भी रहते हैं। जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया कि क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी पर आरोप लगा था जिसके क्रम में जांच दूसरे क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी को दी गई थी। जांच पड़ताल की गई है रिपोर्ट मिली है। सत्यापन किया जा रहा है।

## प्रधानाध्यापक ने बच्चों को बेरहमी से पीटा वीडियो वायरल

**करनैलगंज** : शिक्षा क्षेत्र करनैलगंज के कंपोजिट विद्यालय रामापुर में स्कूल के प्रधानाध्यापक ने बच्चों की डंडे से पिटाई कर दी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में प्रधानाध्यापक बच्चों की बेरहमी से पिटाई करते दिखाई दे रहे हैं। इस वीडियो को देखकर लोग प्रधानाध्यापक की निंदा कर रहे हैं।

वहीं इस वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने घटना की जांच का आदेश दिया है। उन्होने खंड शिक्षा अधिकारी से पूरे प्रकरण की जांच रिपोर्ट तलब की है। वायरल वीडियो के पहले दृश्य में कंपोजिट विद्यालय रामापुर के प्रधानाध्यापक गजाधर सिंह विद्यालय के प्रांगण में कई बच्चों के साथ खड़े एक बच्चे की पिटाई कर रहे हैं। मामले को संज्ञान लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार तिवारी ने करनैलगंज बीईओ को जांच कर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है। वहीं प्रधानाध्यापक गजाधर सिंह का कहना है कि वह विद्यालय के बच्चों को अपने परिवार के जैसे मानते हैं। उक्त वीडियो एक साजिश के तहत बनवा कर वायरल किया गया है। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी नूतन जायसवाल का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है, जिसकी जांच कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेषित की जाएगी।

## काली पट्टी बांधकर पूर्ति विभाग के कर्मचारी करेंगे काम



जिला पूर्ति कार्यालय में काली पट्टी बांधकर काम करते कर्मचारी। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचारः** आपूर्ति विभाग के कर्मचारी एवं अधिकारी अपनी मांगों को लेकर काली पट्टी बांध कर काम के साथ विरोध दर्ज करा रहे हैं। सरकार सुविधा नहीं उपलब्ध करा रही है। काम पूरा लें रही है। प्रत्येक ब्लाक में पूर्ति निरीक्षक तैनात हैं,लेकिन ब्लाकवार पूर्ति लिपिक नहीं है। पूर्ति लिपिक नहीं है तो ब्लाकवार कम्प्यूटर आपरेटर सरकार दे।

इसी तरह प्रवर्तन के लिए वाहन भत्ता नहीं मिल रहा है। कार्यालय में कम्प्यूटर की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारियों का कार्यालय एवं अन्य स्टाफ की तैनाती की जाए। वाहन भत्ता भी दिया जाए। पूर्ति विभाग के कर्मचारियों का कहना है कि दिन

▸▸ सरकार पर समस्याओं को गंभीरता से न सुनने का आरोप

रात कार्य किया जाता है। सरकार की ओर से सुविधा नहीं मिल रही हैं। हम लोग काफी समय से अपनी मांग कर रहे हैं, लेकिन समस्याओं को लेकर सरकार गंभीरता नहीं दिख रही है । कर्मचारियों का कहना है कि जब तक उनके मांगों को गंभीरता से नहीं लिया जाएगा। वह लोग काली पट्टी बांधकर कार्य करते रहेंगे । सदर तहसील में गुरुवार को क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी रबिन्द्र सिंह, पूर्ति निरीक्षक जुगल किशोर ,सुनील दिवाकर आदि लोगों ने सारा दिन काली पट्टी बांधकर कार्य किया। इस दौरान पूर्ति निरीक्षक, दिनेश कुमार वर्मा इत्यादि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### वार्षिकोत्सव में पूर्व सांसद ने मेधावियों को किया सम्मानित



मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह। अमृत विचार

**धानेपुर** : पदुमनाथ शुक्ल इंटर कालेज दूल्हापुर बनकट में वार्षिकोत्सव व पुरुस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ जहां पर स्कूली बच्चों की ओर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। पूर्व सांसद ने मेधावी छात्र छात्राओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए उत्साहवर्धन किया। सांसद ने लोगों को गौ पालन करने पर बल देते हुए कहा कि अगर अपने बच्चों को अपने से बलवान बुद्धिमान और विद्वान बनाना है तो गौपालन अवश्य करें। गाय के दूध में तमाम गुण विद्यमान है।उन्होंने कहा कि पहले 15 से 20 हजार रुपए में बछिया मिलती है आज हर चौक चौराहे पर ऐसी बछिया घूमती हुई मिल जायेंगी। इसके पीछे तर्क दिया कि एक लीटर शुद्ध दूध पाने के लिए पालक को सौ रुपए खर्च करने पड़ते हैं। जो लोग बाजार से दूध खरीद रहे हैं वह मिलावटी दूध लेकर कैंसर को ला रहें हैं। बताया कि ऐसी-ऐसी दवाएं हैं कि पांच लीटर दूध में एक टेबलेट मिलाने पर 25 लीटर दूध बन जाता है। वह दूध क्या ताकत देगा। उन्होंने कहा कि जब बृजभूषण सिंह गौ पालन कर सकते हैं तो आप लोग क्यों नहीं कर सकते हैं। उन्होने छात्रों को मन लगाकर एकाग्रचित्त होकर शिक्षा ग्रहण करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कोई भी काम करो। पूरे मन और मेहनत से करें सफलता अवश्य मिलेगी। जब गरीब घर में पैदा होकर, साइकिल से चलकर बकरी से लेकर गाय भैंस का पालन करने वाले वह इस मुकाम पर पहुंच सकते हैं तो आप लोग क्यों नहीं? चाहे जो क्षेत्र है उसमे मेहनत अवश्य करिए तभी सफलता मिलेगी। इस मौके पर कालेज संरक्षक आनंद शुक्ला, प्रबंधक कंचन शुक्ला, पदुमनाथ शुक्ला संस्थापक, प्रधानाचार्य महेंद्र नाथ त्रिपाठी, विद्या भूषण त्रिपाठी, बार एसोसिएशन जिलाध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाठी, नीरज मौर्य, राम उदार वर्मा, राजबहादुर सिंह, जनार्दन शुक्ला समेत तमाम अभिभावक मौजूद रहे।

### लक्ष्मी का स्वरूप होती हैं बेटियां : मिथिला शरण



**नवाबगंज** : सरयू घाट क्षेत्र के कटरा भोगचंद में स्थित सिद्ध पीठ कटरा कुटी धाम पर हनुमान जयंती महोत्सव पर चल रही नव दिवसीय श्रीराम कथा के दूसरे दिन बुधवार कथा व्यास ने श्रोताओं को रसपान कराते हुए कहा कि बेटियों के जन्म से मनुष्य का भाग्य बदल जाता है। राजा जनक के एक पुत्र था। लेकिन उनका भाग्य माता जानकी के जन्म के बाद ही बदल गया था। कथा विश्राम के बाद मुख्य यजमान डॉ सुशीला रानी पांडे ने भगवान की आरती उतारी और महिला श्रोताओं ने मंगल गीत से कथा व्यास और समस्त श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पीठाधीश्वर महंत चिन्मयानंद महाराज ने कथा वाचक एवं विद्वानों का माल्यार्पण कर अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत सम्मान किया। सभी श्रोताओं को प्रसाद ग्रहण कराया गया। इस मौके पर श्याम तिवारी, गोपाल सिंह, डॉ कुमार, डॉ अरुण सिंह, विनोद कुमार गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, विजय सोनी, बबलू तिवारी समेत काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### गुरुजी नहीं पहुंचे विद्यालय, प्रधान प्रतिनिधि ने की शिकायत



कम्पोजिट विद्यालय महादेवा कला में घूमते बच्चे। अमृत विचार

**गोंडा** : विद्यालय खुलने के बाद गुरुजी पहुंचे ही नहीं, जिसकी वजह से बच्चे परिसर मे इधर उधर घूम रहे थे,अध्यापकों के न आने की शिकायत गांव के प्रधान प्रतिनिधि ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से की है। मामला शिक्षा क्षेत्र रूपईडीह के कम्पोजिट विद्यालय महादेवा कला से जुडा हुआ है। प्रधान प्रतिनिधि द्वारिका प्रसाद वर्मा ने बताया कि गुरूवार को विद्यालय परिसर में बच्चे इधर उधर घूम रहे थे। विद्यालय में पहुंचकर जानकारी ली गई तो पता चला कि कोई अध्यापक ही नही आया है। कम्पोजिट विद्यालय महादेवा कला में नामांकित 138 छात्र छात्राएं के सापेक्ष 87 छात्र छात्राए उपस्थित थे। अध्यापन कार्य करा रहे शिक्षामित्र बृज बिहारी ने बताया कि विद्यालय में 6 अध्यापकों का स्टाफ हैं। जिसमें आनन्द मोहन पांडेय अवकाश पर हैं। बाकी के अध्यापक नही आए हैं। प्रधान प्रतिनिधि का आरोप है कि आए दिन विद्यालय से अध्यापक गायब रहते हैं। बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। इस लापरवाही की शिकायत उच्च अधिकारियों से करते हुए जांच की मांग की गई हैं। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी मनीष कुमार सिंह ने बताया कि शिकायत मिली है। जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### अहिरावण का वध कर राम लक्ष्मण को कराया मुक्त

**नवाबगंज** : कटरा शिवदयाल गंज में चल रहे 12 दिवसीय श्री अवध रामलीला समिति महोत्सव के 10वें दिन काली पूजन एवं अहिरावण वध की लीला का मंचन किया गया। रामलीला का मंचन हनुमान जी की झांकी सजाकर पूजा अर्चना कर शुरू हुआ। रावण मंत्रों के माध्यम से अपने पुत्र अहिरावण को पातालपुरी से लंका में बुलवाता है और लंका की स्थिति के बारे में बताता है। अहिरावण रामादल में जाता है और अपने तप के बल से रामा दल में सभी को निंद्रा में ला देता है और प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण को चुरा कर अपनी कुलदेवी मां काली के मंदिर में बलि चढ़ाने के लिए ले आता है। श्री अवध रामलीला समिति कटरा के मंचन में कार्यक्रम में पूरे वर्ष भक्तों का मां काली के दरबार में होने वाली पूजा, भोग प्रसाद और मन्नतें मांगने का इंतजार क्षेत्रीय दर्शकों अलावा दूर-दूर से भी हजारों की संख्या में देवी भक्त इकट्ठा होते हैं।मंचन में मुख्य किरदार निभाने वालों में राम शक्ति गुप्ता, लक्ष्मण राज गुप्ता , अहिरावण रजनीश कमलापुरी , रावण अनूप कुमार गुप्ता पॉपुलर , गौरी शंकर गुप्ता, इंद्रपाल गुप्ता, त्रेता नाथ गुप्ता, शुभम गुप्ता, बसंत लाल गुप्ता, परमानंद गुप्ता , इंद्रपाल कसौधन आदि रहे। कार्यक्रम का निर्देशन कपिल नाथ गुप्ता, संचालन सहनिर्देशक मीडिया प्रभारी विनोद कुमार गुप्ता ने किया।

## आयोजन

### ताड़का वध होते ही जय श्रीराम के उद्घोष से भक्तिमय हुआ पंडाल

# बिनु फर बान राम तेहि मारा...सत जोजन का सागर पारा



रामलीला का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार** : ग्राम छतईपुरवा के ब्रम्हचारी स्थान पर चल रहे श्री बालरामलीला उत्सव के तीसरे दिन बुधवार की रात स्थानीय कलाकारों द्वारा मुनि आगमन, ताड़का वध व मारीच दरबार की लीला का मंचन किया गया। रामचरितमानस व दंत कथाओं के आधार पर कलाकारों ने मंचन में दिखाया कि राक्षसों के अत्याचार से ऋषि मुनि त्रस्त होते हैं। तब महर्षि विश्वामित्र अयोध्या नरेश महाराजा दशरथ के दरबार में पहुंचकर प्रभु राम-लक्ष्मण को अपने यज्ञ की रक्षा के लिए मांग करते हैं। पहले तो राजा दशरथ विचलित हो उठते हैं, पर गुरु वशिष्ठ के समझाने के बाद राजा दशरथ अपने दोनों पुत्रों राम-लक्ष्मण को विश्वामित्र को सौंप देते हैं।

इस दौरान प्रभु श्रीराम का जंगल के रास्ते में ताड़का राक्षसी से सामना होता है। वह महर्षि विश्वामित्र पर आक्रमण करने को दौड़ती है तभी श्रीराम गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर एक ही बाण से राक्षसी ताड़का का वध कर देते हैं। ताड़का राक्षसी का वध होते ही जय श्रीराम के जयघोष से पंडाल भक्तिमय हो जाता है। वहीं कानपुर से आए कलाकारों ने नित्य नाटिका प्रस्तुत किया व चरपोटन के रोल में हास्य कलाकार ने दर्शकों को हंसा हंसाकर लोटपोट कर दिया। आगे के प्रसंग में कलाकारों ने दिखाया कि जंगल में श्रीराम को मारीच और सुबाहु नामक दो निशाचरों से सामना होता है। जिसमें प्रभु राम के बिना फर के बाण से मारीच सौ योजन दूर जा गिरता है और सुबाहु का वध हो जाता है। सचिन पाण्डेय, राजू पाण्डेय, श्री लाल शुक्ल, रितेश, कमलकांत, अविनाश, गुलशन आदि कलाकारों ने अभिनय किया।

अंकुर पाण्डेय, लालबाबू पाण्डेय, सर्वेश पाण्डेय, अभिषेक पाण्डेय, रजत ओझा, अधिवक्ता सुनील ओझा, डॉ प्रदीप शुक्ल, राजदेव शुक्ल सहित भारी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

## एक नजर

### जिला स्वच्छता समिति की बैठक कल

बहराइच। जिला पंचायत राज अधिकारी राघवेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 के अन्तर्गत संचालित गतिविधियों के क्रियान्वयन की समीक्षा हेतु 26 अक्टूबर को अपरान्ह 04 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला स्वच्छता समिति की बैठक आहूत की गई है। डीपीआरओ श्री द्विवेदी ने सभी सम्बन्धित से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

### कोषागार में भेजें बिल

बहराइच। वरिष्ठ कोषाधिकारी नरोत्तम शरण ने बताया कि 31 अक्टूबर को दीपावली पर्व के मद्देनजर शासन द्वारा नियत तिथि से पूर्व 30 अक्टूबर को सरकारी कार्मिकों के माह अक्टूबर के वेतन का भुगतान किये जाने का निर्णय लिया गया है। श्री शरण ने समस्त आहरण वितरण अधिकारियों से कहा है कि माह अक्टूबर का वेतन बिल तैयार कर डीडीओ पोर्टल पर दी गयी व्यवस्थानुसार भुगतान तिथि 30 अक्टूबर शेड्यूल करने के उपरान्त यथाशीघ्र कोषागार में बिल प्रेषित कराये, जिससे वेतन बिलो का ससमय पारण किया जा सके।

### युवती बरामद, अपहर्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज

विशेश्वरगंज, बहराइच। विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 20 वर्षीय युवती को 24 जुलाई को रहस्यमय हालत में गायब हो गई थी। जिसके गुमशुदगी का केस थाने में पुलिस 30 जुलाई को दर्ज किया था। 22 अक्टूबर को लड़की अपने घर आई और उसने बताया कि मुझे परमजीत यादव पुत्र होली यादव निवासी ग्राम पैड़ा के रामदयाल पुरवा थाना पयागपुर बहला फुसला कर भगा ले गया था। प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि युवती के अपहरण का केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गई है।

### जमीन के विवाद में मारपीट, बुजुर्ग घायल

खैरीघाट, बहराइच। जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत नकहा गांव में जमीनी विवाद में दबंगों ने एक अनुसूचित जाति के बुजुर्ग को घर में घसीट कर ले जाकर बेरहमी से पिटाई कर दी। जिससे बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। नकहा गांव निवासी राज बहादुर कोरी पुत्र प्यारे कोरी ने गुरुवार दोपहर थाने पहुंच तहरीर देते हुए बताया कि गांव निवासी ओमप्रकाश आदि से जमीनी विवाद चल रहा था। जिसको लेकर कुछ कहासुनी हुई। इसके बाद ओम प्रकाश, तालुकदार, जयराज, पारस आदि लोगों ने लाठी डंडा लेकर हमलावर हो गए। उपरोक्त लोगों ने घर में घसीट कर ले गए और बेरहमी से पिटाई कर दी। जिससे शरीर में चोटें आई है। पैर में गंभीर चोट की आशंका जताई जा रही है कि पैर टूट गया है। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि संबंधित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही हैं।

# फंडिंग की राशि से मिलता है मदरसा शिक्षकों को वेतन

## जिले के नानपारा और सदर क्षेत्र में संचालित हैं सर्वाधिक मदरसे

संवाददाता, बहराइच



जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी।

**अमृत विचार।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 495 मदरसे बिना मान्यता के संचालित हो रहे हैं। इनमें सदर और नानपारा तहसील क्षेत्र में इनकी संख्या सबसे अधिक है। इन मदरसों में फंडिंग से प्राप्त होने वाली राशि से ही सभी को वेतन दिया जाता है।

नेपाल सीमा से सटे बहराइच जिले में 495 मदरसे बिना मान्यता के संचालित है। इन मदरसों को विभिन्न मद से फंड प्राप्त हो रही है। गैर मान्यता प्राप्त मदरसों को प्राप्त हो रही फंडिंग की जांच और सत्यापन के लिए शासन की ओर से जिले के जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को पत्र भेजा गया है। यह पत्र बहराइच जिले में भी दो दिन पूर्व आया है। जिसमें निदेशक जे रीभा ने पत्र जारी कर इनके जांच एटीएस से करवाने की बात कही है। इनमें सबसे अधिक मदरसे नानपारा और सदर तहसील में संचालित है। इन मदरसों में पढ़ाने वाले शिक्षकों को प्राप्त होने वाले फंड से ही वेतन दिया जाता है। मालूम हो कि गैर मान्यता प्राप्त मदरसों में 40 हजार और मान्यता प्राप्त मदरसों में 70 हजार छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। जिला अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी संजय कुमार मिश्रा ने बताया कि शासन का पत्र आया है, इसके बारे में बुधवार को जिलाधिकारी मोनिका रानी से वार्ता हुई है। एटीएस की यूनिट जिले के गैर मान्यता प्राप्त मदरसों में फंडिंग की जांच कर रही है। जिसमें सभी को सहयोग के भी निर्देश दिए गए हैं।

**गैर मान्यता प्राप्त मदरसों की संख्या एक नजर में**

| | |
|---|---|
| सदर तहसील | 110 |
| नानपारा | 108 |
| कैसरगंज | 105 |
| पयागपुर | 70 |
| मिहिंपुरवा | 58 |
| महसी | 44 |

## प्रतिष्ठानों से पांच बाल श्रमिक कराये गये मुक्त

**बहराइच, अमृत विचार।** बाल श्रम के खिलाफ बुधवार को शहर में अभियान चलाया गया। देहात इंडिया, श्रम विभाग, एएचटीयू प्रथम संस्था द्वारा संयुक्त रूप से दरगाह शरीफ से लेकर असाम चौराहा एवं बलरामपुर रोड पर सघन अभियान चलाकर अलग अलग प्रतिष्ठानों से 5 बालश्रमिक अवमुक्त कराए गए। इस दौरान देहात इंडिया से मो. इमरान, मनीष यादव, अवधेश मिश्र, शालिनी यादव, श्रम प्रवर्तन अधिकारी सूरज तिवारी, तबरेज आलम, प्रथम संस्था के राकेश चौबे, एएचटीयू बहराइच के प्रभारी विवेक सिंह, एवं टीम- गर्जन प्रसाद, आशुतोष यादव, आसिफ अहमद महीला कांस्टेबल आरती सिंह मौजूद रहे।

# हिंसा का एक और वीडियो आया सामने

**बहराइच बवाल**

संवाददाता, बहराइच



गोलीकांड में घायल रामगोपाल को बाइक से जिला अस्पताल ले जाते लोग।

**अमृत विचार।** जिले के महराजगंज बाजार में 13 अक्टूबर को हुई हिंसा का एक और वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें गोली लगने से घायल राम गोपाल को उसके साथी बाइक से जिंदा हालत में जिला अस्पताल में लेकर पहुंचे। राम गोपाल बाइक पर ही घायल अवस्था में तड़प रहे थे।

हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत महराजगंज में 13 अक्टूबर को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान हिंसा हो गई थी। इसमें राम गांव थाना क्षेत्र के रेहुआ मंसूर गांव निवासी राम गोपाल मिश्रा को सरफराज उर्फ रिंकू सोनार पुत्र अब्दुल हमीद ने लाइसेंसी बंदूक से गोली मार दी थी। गोली लगने से घायल राम गोपाल को अस्पताल पहुंचाने के लिए पहले तहसीलदार ने अपना वाहन देने से मना कर दिया। इसके बाद एंबुलेंस भी मौके पर नहीं पहुंची। इस पर घायल राम गोपाल को लेकर उसके साथी बाइक से ही शाम सात बजे जिला अस्पताल पहुंचे। वीडियो में दिख रहा है कि बाइक पर घायल बैठे राम गोपाल तड़प रहे थे। कुछ देर बाद उनका इलाज शुरू हुआ और इलाज के दौरान मौत हो गई। यह वीडियो जिले के सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। साथ ही सभी कह रहे हैं कि किसी न किसी वाहन से अगर समय से राम गोपाल को जिला अस्पताल भेजा जाता तो जान बच सकती थी।

▸▸ **वीडियो में घायल रामगोपाल को बाइक पर लाद कर ले जाते दिख रहे हैं लोग**

# खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी किये गये सम्मानित। अमृत विचार

संवाददाता, जरवल, बहराइच

**अमृत विचार।** न्याय पंचायत स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय कटका में हुई। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभा दिखाई।

जरवल विकास खंड के न्याय पंचायत कटका के उच्च प्राथमिक विद्यालय गौर में न्याय पंचायत स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि अरविन्द बहादुर सिंह खण्ड शिक्षा अधिकारी जरवल रहे। 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में संचित उच्च प्राथमिक विद्यालय सखौता प्रथम स्थान, मनीष द्वितीय स्थान, संतोष उच्च प्राथमिक विद्यालय गौर तृतीय स्थान प्राथमिक स्तर 50 मीटर दौड़ रेहान उच्च प्राथमिक विद्यालय दूसरा पारा प्रथम स्थान, सलमान गौर द्वितीय, और दीपांशु गौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया शेष प्रतियोगिताएं जारी थी, सांस्कृतिक कार्यक्रम में यूपीएस गौर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान गौर, कल्पना मिश्रा, अब्दुल मोमिन एआरपी जरवल के साथ संयोजक अलीम अहमद, सह संयोजक अदनान शाकिर, संरक्षक मंडल में दारा सिंह ओंकार नाथ सिंह, सलाहुद्दीन, सरताज अहमद खान, मुख्य संचालक के रूप में विनय श्रीवास्तव, मोहम्मद नूरेज, अरविंद पाण्डेय, नफीस अहमद, दीपक कुमार, विकेश, कमल सिंह, दीपक कुमार, उमेश सिंह, निजामुद्दीन, शोभना पाल, हरि नारायण चौबे, धर्मराज, आकांक्षा मिश्रा, अंकित चौधरी, राजन लाल, अनीस अहमद, विनय सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

## 31 को न्यायालय में रहेगा दीपावली का अवकाश

**बहराइच, अमृत विचार।** जनपद न्यायाधीश ने बताया कि उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में जनपद न्यायालय बहराइच परिवार न्यायालय तथा ग्राम न्यायालय नानपारा एवं महसी में 31 अक्टूबर को दीपावली का अवकाश रहेगा। जनपद न्यायाधीश ने बताया कि माह नवम्बर के चतुर्थ शनिवार 23 नवम्बर को अधीनस्थ न्यायालय, न्यायिक कार्य हेतु खुले रहेंगे।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से एक की मौत, दो घायल

पयागपुर, बहराइच

**अमृत विचार।** गोण्डा बहराइच मार्ग देर रात को स्थित पैतौरा हनुमान मंदिर के पास किसी अज्ञात वाहन ने राहगीरों को ठोकर मार दी, जिससे तीन राहगीर बुरी तरह चोटिल हो गये, जिसमे इलाज के दौरान एक अधेड़ ने दम तोड़ दिया।



दिनेश की (फाइल फोटो)।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भूपगंज बाजार के नई बस्ती मोहल्ला निवासी सहारा मैनेजर दिनेश कुमार शर्मा (53) पुत्र राम स्वरूप शर्मा, पैतौरा निवासी लालेंद्र शर्मा, मनोज शर्मा व जवाहर सिंह पुरवा निवासी मुकेश के साथ बुधवार की देर रात लखनऊ से वापस पयागपुर बस स्टॉप पहुंचे। सभी लोग बातचीत करते पैदल सड़क मार्ग के किनारे पटरी चलते हुये भूपगंज अपने घर आ रहे थे कि अचानक तेज गति से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने इन सभी को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे तीन लोग बुरी तरह चोटिल हो गये, परिवारजन इन्हें लेकर सीएचसी गये जहां इनका प्राथमिक उपचार कर जिला चिकित्सालय भेज दिया गया। सूचना के मुताबिक सहारा बैंक में मैनेजर रहे दिनेश शर्मा ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया है, जबकि लालेंद्र शर्मा के कंधे व मुकेश के पैर में फैक्चर होने की बात कही जा रही है।

# थानाध्यक्ष का लेटर सही या एसपी का बयान

बहराइच, अमृत विचार

**अमृत विचार।** हरदी थाना क्षेत्र में दशहरा के लिए तत्कालीन थानाध्यक्ष आरएस वर्मा ने पुलिस अधीक्षक से डेढ़ सेक्शन पीएसी की मांग की थी। इनका यह पत्र वायरल हो रहा है। वहीं एसपी का कहना है कि डेढ़ सेक्शन जवान सभी थानों को पहले ही भेज दिए गए थे। ऐसे में अब असमंजस की स्थिति है कि दोनों में सही कौन है।

हरदी थाना क्षेत्र जिले का संवेदनशील इलाका माना जाता है। इसको देखते हुए संबंधित थानाध्यक्ष द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक के माध्यम से जवानों की मांग की जाती है। कुछ इसी तरह हरदी के तत्कालीन थानाध्यक्ष आरएस वर्मा ने सीओ और एसपी ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी को पत्र भेजकर क्षेत्र में दशहरा शांतिपूर्ण में निपटे, इसके लिए डेढ़ सेक्शन पीएसी और पुलिस जवानों की मांग की थी। इसके बाद भी जिले से इस मांग पर अमल नहीं किया गया। इसका नतीजा यह रहा कि महराजगंज बाजार में विसर्जन जुलूस के दौरान हिंसा भड़क गई। तत्कालीन थानाध्यक्ष आरएस वर्मा का यह पत्र वायरल हो रहा है। पहले तो पुलिस की मुखिया ने इस पत्र को ही गलत बताया। अब एक राष्ट्रीय चैनल में दिया गया उनका बयान चल रहा है जिसमें उन्होंने कहा है कि डेढ़ सेक्शन पीएसी जवान पहले ही भेज दिये गये थे। इसके अलावा अन्य थानों को मांग के सापेक्ष जवान भेज दिए जाते हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि थानाध्यक्ष का पत्र सही है या पुलिस अधिकारी का बयान। यह तो किसी बड़े अधिकारी की जांच के बाद ही पता चल सकेगा। इस मामले में पुलिस अधीक्षक के सीयूजी नंबर पर फोन लगाया गया तो उनका नंबर रिसीव नहीं हुआ।



तत्कालीन थानाध्यक्ष द्वारा मांगी गयी फोर्स का पत्र।

▸▸ **दशहरा के दिन तत्कालीन थानाध्यक्ष ने मांगे थे डेढ़ सेक्शन जवान**

▸▸ **पुलिस अधीक्षक बोलीं-पहले ही भेज दिये गए थे जवान**

## सार-संक्षेप

### राष्ट्रीय सलाहकार सभा में प्रतिभाग करेंगे सतीश



**बहराइच, अमृत विचार।** काउंसिल आफ सेक्योर जस्टिस, यूनिसेफ व एसेस टू जस्टिस के संयुक्त तत्वाधान में नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी दिल्ली में आगामी 26 अक्टूबर को बच्चों तक न्याय की पहुंच विषयक राष्ट्रीय सलाहकार सभा का आयोजन किया गया है। इसमें प्रतिभाग करने के लिए सीडब्लूसी बहराइच के अध्यक्ष सतीश कुमार श्रीवास्तव को आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी देते हुए सीडब्लूसी अध्यक्ष ने बताया कि काउंसिल टू सेक्योर जस्टिस की हेड निमिषा श्रीवास्तव द्वारा इस कार्यक्रम में आने के लिए बहराइच में पत्र भेजा गया है। इसके साथ ही सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष को लखनऊ से दिल्ली जाने व आने का एयर टिकट भिजवाया गया है। वह दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे।

### किसान गोष्ठी में चार सौ किसानों को वितरित हुआ बीज

**फखरपुर, बहराइच, अमृत विचार।** फखरपुर ब्लॉक के राजकीय कृषि बीज भंडार गजाधरपुर में कृषि सूचना तंत्र हेतु रवि उत्पादन की गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर नंदन सिंह ने रवि फसलों पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई और उप संभाग प्रसार अधिकारी शिशिर वर्मा ने विभाग में चलने वाली सभी योजनाओं पर प्रकाश डाला तथा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गौरव वर्मा ने परंपरागत खेती करने की अपील की गई और ब्लॉक प्रमुख रणवीर सिंह मुन्ना ने गौ आधारित खेती करना तथा खेती के साथ पशुपालन करने की अपील की गई गोष्ठी में आए हुए 400 किसानों को मसूर की निशुल्क मिनी किट उपलब्ध कराई गई। इसके बाद गोदाम प्रभारी जितेंद्र पाल ने सभी प्रकार के बीजों पर 50% का अनुदान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। गोष्ठी में विकासखंड के कृषि विभाग के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे गोष्ठी में उप संभाग प्रसार अधिकारी और उप संभाग प्रसार अधिकारी नानपारा के साथ-साथ अन्नू सिंह, मनोज कुमार, भगौती वर्मा, सलीम प्रधान के साथ सैकड़ों की संख्या में किसान उपस्थित रहे।

### एसडीम ने विद्यालयों में गुणवत्ता सुधारने के दिए निर्देश

**कैसरगंज, बहराइच, अमृत विचार।** ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी आलोक प्रसाद ने प्राथमिक विद्यालय ऐनी हतिन्सी और बढ़ौली का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रों की कम उपस्थिति और शैक्षिक गुणवत्ता पर चिंता जताई। कम उपस्थिति के कारण छात्रों की सीखने की क्षमता में कमी आई, जिस पर उपजिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने शिक्षकों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि एक माह के भीतर शिक्षा के स्तर में सुधार सुनिश्चित किया जाए, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, शिक्षकों को निर्देशित किया कि वे अभिभावकों को बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित करें। उपजिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षकों को अपने कर्तव्यों का सही ढंग से पालन करना चाहिए ताकि छात्रों का भविष्य सुरक्षित हो सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिक्षा की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### मिठाई निर्माण में स्वच्छता के साथ मानक का रखें ध्यान



गुरुवार को बैठक करते अधिकारी।

**बहराइच, अमृत विचार।** आसन्न त्यौहारों के अवसर पर कर राजस्व में बढ़ोत्तरी के दृष्टिगत उपायुक्त राज्य कर प्रशासन बहराइच के कार्यालय पर उपायुक्त (प्रशासन) राज्य कर चन्द्रकेश गौतम द्वारा मिठाई विक्रेता व्यापारियों के साथ बैठक की। आयोजित बैठक में मिठाई निर्माण व्यवसाय में करदेयता पर चर्चा की गयी। बैठक के दौरान श्री गौतम द्वारा व्यापारियों को सुझाव दिया कि बिक्री का बिल/इन्वायस अनिवार्य रूप से जारी किया जाय। जिससे अधिकाधिक कर राजस्व का सृजन किया जा सके। बैठक में मौजूद व्यवसायियों द्वारा आश्वस्त किया गया कि बिक्री के दौरान विभागीय दिशा निर्देशों का अनुपालन किया जायेगा। खाद्य सुरक्षा विभाग के सहायक आयुक्त डॉ. अमर सिंह ने व्यापारियों को खाद्य अपमिश्रण एवं मानकों की जानकारी प्रदान करते हुए अपेक्षा की गई कि जनस्वास्थ्य के मद्देनज़र साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। इस अवसर पर मिष्ठान निर्माता व्यापारी सुशील मिश्रा, शुभम यज्ञसेनी, सुशील मिश्रा, सनोज कुमार, मानस यज्ञसेनी सहित अन्य व्यवसायी तथा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन एवं राज्य कर विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### युवती को भगा ले गया समुदाय विशेष का युवक

**भगवानपुर, बहराइच, अमृत विचार।** हरदी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 19 वर्षीया युवती को समुदाय विशेष का युवक गुरुवार को भगा ले गया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हरदी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 19 वर्षीया युवती को गुरुवार शाम को महसी बाजार से एक युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया। इसकी जानकारी क्षेत्र में पहुंची तो हिंसा प्रभावित गांवों में भी हड़कंप मच गया। पुलिस तुरंत हरकत में आई। थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि युवक थाना क्षेत्र के औराही जगीर गांव निवासी समुदाय विशेष का है। केस दर्ज कर पूछताछ के लिए युवक के भाई को हिरासत में ले लिया है।

# खुशहाली और भाईचारे के साथ मनाएं त्योहार

रिसिया, बहराइच

**अमृत विचार।** थाना रिसिया परिसर में आगामी पर्वो को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता अपर जिला धिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव और उप जिला धिकारी सदर राकेश कुमार मौर्य ने किया। संचालन प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए अपर जिलाधिकारी ने कहा कि त्योहार को भाई चारे के साथ मनाए, शोर युक्त घातक पटाखे और नशे से दूर रहे, प्रशासन की निगाहे चौकन्नी है। वही उप जिला धिकारी सदर ने साफ सफाई के साथ गली मोहल्लों तथा चौराहों से लेकर गांवो में सीसी टीवी कैमरे लगाने की पहल किया। प्रभारी निरीक्षक ने त्योहार को भाई चारे के साथ मनाने के लिए कहा, और सख्त लहजे में भी बताया, कि प्रशासन की निगाहे मौजूदा हालत पर हर समय लगी हुई है। विशेषकर असामाजिक तत्वों की तरफ इशारा था। जिसमे विधिक कार्यवाही करने की भी चेतावनी थी। बैठक को सुरेश गौतम बीडीओ रिसिया, संतोष श्रीवास्तव पूर्ति निरीक्षक ने भी संबोधित किया। आलोक तिवारी अवर अभियंता विद्युत वितरण उप खंड रिसिया ने सुचारू रूप से विधुत सप्लाई की जानकारी दी।

# ग्राम पंचायत व विकास अधिकारियों बांटे नियुक्ति पत्र

संवाददाता, बहराइच



विकास भवन में नियुक्ति पत्र के साथ मौजूद अभ्यर्थी, अधिकारी व जन प्रतिनिधि।

**अमृत विचार।** निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत समाज कल्याण विभाग में ग्राम विकास अधिकारी के पद पर चयनित जनपद के 06 अभ्यर्थियों एवं पंचायतीराज विभाग में ग्राम पंचायत अधिकारी के पद पर चयनित 07 अभ्यर्थियों को विकास भवन सभागार में आयोजित नियुक्ति-पत्र वितरण समारोह आयोजित हुआ।

एमएलसी पदमसेन चौधरी व डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ नियुक्ति पत्र का वितरण किया। इस अवसर पर लोक भवन लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया गया। नियुक्ति-पत्र वितरण समारोह में ग्राम विकास अधिकारी (स.क.) के पद चयनित शुभम तिवारी, रामकिंकर तिवारी, कुंवर प्रताप सिंह, विवेक श्रीवास्तव, राम निवास राना एवं अमरेश कुमार पाण्डेय व पंचायतीराज विभाग के नवनियुक्त ग्राम पंचायत अधिकारी विशाल सिंह पटेल, सौरभ गौतम, घनश्याम, दिकरव सिंह, श्यामजी ओझा, कृष्ण कुमार एवं कु. निधि सिंह को जनप्रतिनिधियों द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए ईमानदारी से काम करने की बात कही। अवसर पर जिला विकास अधिकारी राज कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर, जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) श्रद्धा पाण्डेय, सहायक प्रबन्धक देवव्रत शर्मा, सहायक विकास अधिकारी सुल्तान अहमद सिद्दीकी, वैदेही रमण वर्मा, ग्राम विकास अधिकारी आनन्द कुमार, अमित कुमार पदम् एवं पंचायतीराज विभाग के डीपीएम सुनील चौरसिया व अनूप कुमार मौर्य तथा नवनियुक्त कार्मिकों के परिजन मौजूद रहे।

**तैयारी** गोबर से दीयों के निर्माण में लगा एनआरएलएम का महिला समूह

# दीपोत्सव में बलहा की महिलाएं देंगी 25 हजार दीये

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** जनपद के बलहा विकासखंड में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की महिलाओं ने गोबर से दीया का निर्माण किया है। यह दिया डीएम के माध्यम से दीपोत्सव के लिए अयोध्या जायेगा। 25 हजार दीया बलहा की महिलाएं दान करेंगी।

उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की महिलाएं स्वावलंबन की राह बनाते हुए गोबर से दीया का निर्माण कर रही हैं। सभी इस दिए का निर्माण कर जहां अपनी आजीविका चला रही हैं। वहीं अयोध्या में दीपोत्सव में यहां की दीया रोशनी बढ़ाएगी। जिलाधिकारी मोनिका रानी और मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चंद्र के निर्देशन में खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार त्रिपाठी द्वारा बलहा विकास खंड के महिला समूहों से दीया निर्माण करवाया जा रहा है। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि विकास खंड के पकड़िया दीवान, लक्ष्मणपुर मटेही में स्थित गोशाला से गोबर लेकर दीया का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें लक्ष्मी प्रेरणा और गौरी प्रेरणा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा दीया का निर्माण किया जा रहा है। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि बलहा से 25 हजार दीया अयोध्या दीपोत्सव के लिए भेजा गया है।



बलहा विकास खंड क्षेत्र में दीया बनातीं महिलाएं। अमृत विचार

**इस तरह बन रहा दीया**

उपायुक्त एनआरएलएम दीपक कुमार सिंह ने बताया कि दीपक बनाने के लिए कच्चे गोबर में 20 प्रतिशत काली मिट्टी मिलाकर, 10 प्रतिशत चूना के साथ दिया बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एक दिन में पांच हजार दीया बन रहा है।

## महराजगंज में दिखने लगी दिवाली की रौनक

**महसी, बहराइच, अमृत विचार।** हरदी थाना क्षेत्र के महराजगंज बाजार में 13 अक्टूबर को हिंसा हो गई थी। हिंसा में जमकर बवाल हुआ था। लेकिन त्यौहार आने के साथ ही बाजार में रौनक भी दिखने लगी है। महराजगंज बाजार दीवाली और धनतेरस पर्व की झलक दिखने लगी है। जिसके चलते हिंसा प्रभावित बाजार में गुरुवार को लोगों की संख्या अधिक दिखीं। दुकान भी खुले, जहां लोगों ने खरीददारी की। सभी का कहना है कि त्यौहार के चलते चहल पहल बढ़ रही है। यह क्षेत्र के साथ महराजगंज के लिए भी जरूरी है। वहीं सुरक्षा के लिए पुलिस के साथ पीएसी के जवान जगह जगह तैनात दिखे।

# ग्रामीणों ने कूड़ा घर निर्माण के विरोध में किया प्रदर्शन

नवाबगंज, बहराइच

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायत रामनगर गुल्हरिया में चुनावी रंजिश के चलते ग्राम प्रधान के द्वारा मलिन बस्ती में जबरन कूड़ा घर बनाए जाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके विरोध में ग्रामीणों ने नारेबाजी कर प्रदर्शन कर किया।

नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामनगर गुलहरिया में हरिजन आबादी के बीच में ग्राम प्रधान द्वारा जबरन कूड़ा घर बनाए जाने को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर आक्रोश व्यक्त किया दलित ग्रामीण सहजराम गौतम, वेद प्रकाश, परशुराम आदि का कथन है कि हरिजन बस्ती में कुछ जमीन आबादी के रूप में पड़ी है। जिस पर हरिजनो का विगत 40 वर्षों से कब्जा रहा है। वहीं गांव के दबंग प्रधान नरेंद्र कुमार वर्मा उर्फ छंगा द्वारा चुनावी रजिंश के चलते हरिजन आबादी के बीच में कूड़ा दान घर बनवाने का प्रयास किया जा रहा है। जबकि ग्राम पंचायत अंतर्गत घूर गड्ढे की जमीन पड़ी होने के बावजूद ग्राम प्रधान जबरन कूड़ा घर बनाने की जिद पर है, जिसको लेकर ग्रामीणों ने आपत्ति जताई गई कि गरीब हरिजन बस्ती में कूड़ा घर बन जाने से तमाम तरह की बीमारियों की आशंका बनी रहेगी। जिस पर ग्राम प्रधान के द्वारा गाली गुप्ता दिये जाने तथा पुलिस से पिटवाकर जेल भेजवाने की धमकी देने की बात कही गई। जिससे दलित समाज के लोग काफी भयभीत हैं। इस संबंध में पीड़तो ने मुख्यमंत्री को एक ऑनलाइन प्रार्थना पत्र भेज कर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में राजस्व निरीक्षक सनाउल्लाह खान से बात किया गया तो उन्होंने बताया की ग्राम पंचायत में जब सरकारी घूर गड्ढे की जमीन पड़ी है तो बस्ती की आबादी में कूड़ा घर बनाने का कोई औचित्य नहीं है। प्रार्थना प्राप्त हुआ है, जिसकी जांच कर कार्यवाही किया जाएगा।

## एक नजर

### परीक्षा संबंधित मांगों को लेकर छात्र आज करेंगे घेराव

**अमृत विचार, लखनऊ:** उप्र. अधीनस्थ सेवा चयन आयोग कार्यालय का छात्र शुक्रवार को घेराव करेंगे। इसके लिए छात्रों ने सोशल मीडिया ग्रुप के माध्यम से एक दूसरे से संपर्क साधना शुरू कर दिया है। छात्रों की मांग है कि दर्जन भर लंबित परीक्षाओं को जल्दी सम्पन्न कराया जाए। इसके अलावा पिछले आठ वर्षों से नहीं आई लोवर सबआर्डिनेट की रिक्तियों को शीघ्र निकाला जाए। छात्र यह भी मांग कर रहे हैं कि जिन परीक्षाओं की प्रक्रिया न्यायालय में विचाराधीन है, उनमें प्रभावी पैरवी कर शीघ्र निर्णय कराया जाए।

### आयुष पीजी : दूसरी काउंसिलिंग की मेरिट सूची जारी

**अमृत विचार, लखनऊ:** यूपी आयुष पीजी की दूसरी काउंसिलिंग में 740 अभ्यर्थियों की विभागवार मेरिट सूची जारी कर दी गयी है। जारी सूचियों में आयुर्वेद में 443, होम्योपैथिक में 148 और यूनानी कॉलेजों में दाखिले के लिए 149 अभ्यर्थी शामिल हैं। मेरिट सूची में शामिल अभ्यर्थी क्रमवार संबन्धित विभाग के कॉलेजों की प्राथमिकताएं देंगे, जिसके बाद 25 अक्टूबर को सीट आवंटन किया जाएगा।

### एसजीपीजीआई को गैरवेतन मद में मिले 75 करोड़

**अमृत विचार, लखनऊ:** संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) को राज्य सरकार ने गैरवेतन मद में 75 करोड़ जारी किए हैं। यह आदेश चिकित्सा शिक्षा विभाग की विशेष सचिव कृतिका शर्मा द्वारा गुरुवार को जारी कर दिया गया है। एसजीपीजीआई के निदेशक डॉ.आर के धीमन ने बताया कि गैरवेतन मद में आवश्यक व्ययों के लिए संस्थान को 300 करोड़ की धनराशि स्वीकृत है। इसमें 50-50 लाख की दो किस्तें मिल चुकी हैं, तीसरी किस्त 75 करोड़ की जारी की गई है।

# जाम व अतिक्रमण से मुक्त होंगी पुलिस कमिश्नरेट सिटी

## जाम से निजात दिलाने को यातायात निदेशालय की पक्का लेफ्ट फ्री टर्न चौराहा बनाए जाने की योजना

डी.पी.शुक्ल, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश की सड़कों को जाम और अतिक्रमण से मुक्ति दिलाने के लिए यातायात निदेशालय ने कमर कस ली है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप जिलों में जाम की स्थिति को सुधारने के लिए प्रयोग के तौर पर सभी पुलिस कमिश्नरेट के जिलों में पक्का लेफ्ट फ्री टर्न चौराहा बनाया जायेगा। इसके लिए पीडब्लूडी के अधिकारियों के साथ एडीजी ट्रैफिक की बैठक हुई, जिसमें पीडब्लूडी के अफसरों ने सहयोग करने का भरोसा दिया है। चौराहों पर वाहनों को जाम से निजात दिलाने के लिए पक्का लेफ्ट फ्री चौराहा सिस्टम लखनऊ, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, आगरा, वाराणसी, प्रयागराज और कानपुर नगर में लागू किया गया है। यातायात निदेशालय ने लखनऊ कमिश्नरेट में कुल 23 मुख्य चौराहों पर पक्का फ्री लेफ्ट टर्न सिस्टम बनाने के निर्देश दिये हैं। जिसमें हजरतगंज में चार, गोमतीनगर में सात, महानगर में दो, कैन्ट में तीन, कृष्णानगर, काकोरी,गाजीपुर, चौक व गोसाईगंज में एक-एक, अलीगंज और बीकेटी में एक चौराहा शामिल है।

### गोरखपुर में आपातकालीन कॉल सिस्टम

यातायात को और सुदृढ़ बनाने के लिए गोरखपुर में कई चौराहों पर आपातकालीन कॉल सिस्टम लगाया गया है। उदाहरण के तौर पर किसी चौराहे पर वाहन से उतरते समय यदि आपका कोई सामान उस वाहन में छूट गया तो आपको घबराने की जरूरत नहीं। आपको उस चौराहे पर लगे आपात कॉल सिस्टम के पास जाकर उसके बटन को दबाना है। बटन के दबते ही ट्रैफिक कंट्रोल रूम का फोन बज उठेगा। कंट्रोल रूम में तैनात पुलिसकर्मी आपसे जानकारी लेने के बाद तत्काल उक्त वाहन को अगले चौराहे पर रुकवा लेगा।

### हर रूट पर लगे ई-रिक्शा स्टैंड का बोर्ड



शहरों में जाम की समस्या बने ई-रिक्शा के चालकों को निर्धारित रूट पर ही चलने के लिए कड़ाई से पालने के निर्देश दिये गये हैं। यातायात निदेशालय ने पुलिस कमिश्नरेट जिलों को निर्देशित किया है कि नगर में संचालित ई-रिक्शा की कलर नम्बरिंग कर रूट निर्धारित किए जाएं। इसके अलावा यह भी सुनिश्चित किया जाय कि ई-रिक्शा निर्धारित रूट पर निर्धारित पार्किंग स्थल से ही चलें। प्रत्येक रूट पर ई-रिक्शा स्टैण्ड का बोर्ड लगायें तथा वहीं से ही संचालन हो।



जाम से निजात दिलाने और यातायात व्यवस्था और सुदृढ़ बनाने के लिए पुलिस कमिश्नरेट जिलों में मुख्य चौराहों पर पक्का लेफ्ट टर्न बनाये जाने के संबंध में निर्देश दिये गये हैं। इसके अलावा ई-रिक्शा को निर्धारित रूट पर ही चलने के लिए कहा गया है।

– के.सत्यनारायण, एडीजी ट्रैफिक

## उज्ज्वल गैंग का शूटर नोएडा से गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसटीएफ ने पटना के कुख्यात उज्ज्वल गैंग के शूटर को नोएडा से गुरुवार को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये आरोपी पर पटना पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

एसटीएफ के एएसपी राजकुमार मिश्रा के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी फैजल उर्फ किट्टू बिहार के पटना स्थित नौबतपुर का रहने वाला है। पूछताछ में आरोपी ने कुबूल किया कि वह गांव के बीकू के जरिये 2020 में पटना के कुख्यात अपराधी उज्जवल से हुई थी। इसके बाद उसके गिरोह के लिए काम करने लगा।

# बिजली चोरी प्रकरण में कंपनियां नहीं दे सकेंगी चार किलोवाट का नया कनेक्शन

## नियामक आयोग ने खारिज किया पावर कॉरपोरेशन का प्रस्ताव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** बिजली चोरी प्रकरण में बिजली कंपनियां उपभोक्ताओं को चार किलोवाट भार का नया बिजली कनेक्शन नहीं दे सकेंगी। राज्य विद्युत नियामक आयोग ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के प्रस्ताव को खारिज कर दिया। आयोग ने कहा कि कॉरपोरेशन का प्रस्ताव व इसे बगैर स्वीकृति के लागू किया जाना विद्युत अधिनियम 2023 का उल्लंघन है।

पावर कॉरपोरेशन की ओर से 30 सितंबर को नियामक आयोग में कनेक्शन की नियमावली में संशोधन के लिए प्रस्ताव दाखिल किया था। प्रस्ताव में विद्युत वितरण संहिता की धारा 8.1 में संशोधन किए जाने की मांग की गई थी। इसी बीच, 14 अक्टूबर को पावर कारपोरेशन ने बिना आयोग की अनुमति लिए पूरे प्रदेश में यह आदेश लागू कर दिया। आयोग ने कहा कि बिजली चोरी के संबंध में पारित प्रस्ताव नियम विरुद्ध है। विस्तृत आदेश में विद्युत अधिनियम 2003 के प्रावधानों को समझाते हुए आयोग ने कहा कि इसमें कोई भी बदलाव या संशोधन नहीं किया जा सकता है। आयोग ने कहा कि बिजली चोरी के मामले में राजस्व निर्धारण जब तक जमा नहीं होगा तब तक नया कनेक्शन नहीं मिल सकता है।

### कॉरपोरेशन ने दिया था असंवैधानिक आदेश : परिषद

पावर कॉरपोरेशन ने प्रस्ताव भेजने के बाद निदेशक मंडल की बैठक में इसे लागू करने पर फैसला ले लिया था, साथ ही अपने स्तर से आदेश भी जारी किया गया था। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने आयोग के कॉरपोरेशन के प्रस्ताव को खारिज करने की कार्रवाई का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आयोग एक संवैधानिक संस्था है, प्रस्ताव के बगैर मंजूरी से उसे लागू करना कतई उचित नहीं था। कॉरपोरेशन ने आयोग के अधिकारों पर अतिक्रमण किया था।

# 2324 कर्मचारियों का नियमितीकरण लटका

सुनील कुमार मिश्र, लखनऊ

**सहकारिता विभाग**

- एसआईटी जांच में क्लीन चिट मिलने के बाद भी सेवा शर्तों को पूरा नहीं कर रहा विभाग

**अमृत विचार :** सहकारिता विभाग में वर्षों से कार्यरत 2324 कर्मचारी आज भी नियमितीकरण और पदोन्नति की बाट जोह रहे हैं। भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी के आरोपों की छानबीन कर रही एसआईटी से क्लीन चिट मिलने के बाद इन कर्मियों सेवाएं जारी रखी गईं, लेकिन वेतन वृद्धि से लेकर सेवा की अन्य शर्तों को विभाग पूरा नहीं कर रहा। स्थिति यह है कि अपनी समस्या को लेकर शासन की चौखट तक पहुंचने का प्रयास कर रहे कर्मियों को विभागीय स्तर से बर्खास्त करने की चेतावनी मिल रही है। वर्ष 2015 से 2017 के बीच सहकारिता विभाग की सात अलग-अलग संस्थाओं में 2324 पदों पर भर्तियां की गईं थीं। इसके लिए उप्र सहकारी संस्थागत सेवा मंडल की तरफ से विज्ञापन जारी कर बकायदा परीक्षा आयोजित कराई गई थी। परीक्षा पास करके चयनित हुए अभ्यर्थियों को नियुक्ति दी गई थी। 2017 में भाजपा सरकार बनने के साथ ही इस भर्ती में घोटाले की आशंका जताकर जांच की जिम्मेदारी विशेष जांच दल (एसआईटी) को सौंपी गई। करीब चार साल की पड़ताल में एसआईटी ने चयनित अभ्यर्थियों को क्लीन चिट देते हुए भर्ती प्रक्रिया में शामिल अधिकारियों को दोषी माना गया। एसआईटी ने सेवामंडल के तत्कालीन चेयरमैन ओमकार यादव, अध्यक्ष रामजतन यादव, सचिव भूपेन्द्र विश्नोई, तत्कालीन प्रबंध निदेशक यूपी कोऑपरेटिव बैंक आरके सिंह सहित एक दर्जन से अधिक विभागीय अधिकारियों के खिलाफ 20 मई 2021 को प्राथमिकी दर्ज करा दी गई।

वर्ष 2022 में एसआईटी ने सभी दोषियों के खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल कर दिया। इधर, एसआईटी जांच में क्लीन चिट मिलने के बाद चयनित अभ्यर्थियों को उनके पदों पर सेवारत रखने का आदेश शासन की तरफ से जारी हो गया। करीब 9 वर्ष से सभी कर्मचारी उसी वेतन और पर पद पर कार्यरत हैं, जिसपर उनकी नियुक्ति हुई थीं। इस दौरान खाली हुए पदों के सापेक्ष उन्हें पदोन्नति तक का लाभ नहीं दिया गया। यहां तक कि एसआईटी जांच पूरी होने के बावजूद अभी तक इन कर्मचारियों के नियमितीकरण पर कोई विचार नहीं किया।

# किशोर-किशोरियों को दी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार:** बलरामपुर सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज में स्वास्थ्य विभाग द्वारा किशोर किशोरी स्वास्थ्य मंच का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें रंगोली, मेहंदी, पेंटिंग और वाद-विवाद प्रतियोगिति शामिल थीं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.मुकेश कुमार रस्तोगी थे, जबकि विशिष्ट अतिथि डीपी सिंह बैस, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रहे। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मीनाक्षी चौधरी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राघवेंद्र शर्मा, डॉक्टर एकता श्रीवास्तव, आरबीएसके मैनेजर सीतांशु रजत, डॉक्टर मोहसिन सिद्दीकी और डॉक्टर तेरी भवन चौरसिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा, सभी छात्राओं का हीमोग्लोबिन जांच किया गया और महिला और जिला अस्पताल के काउंसलरों द्वारा सलाह दी गई। साथ ही, आयरन की गोलियां और सेनेटरी पैड भी वितरित किए गए।



छात्राओं को पुरस्कृत करते मुख्य चिकित्सा अधिकारी। अमृत विचार

## लकड़ी चुराने वाले पर 50 हजार जुर्माना

**पचपेड़वा, अमृत विचार:** शीशम के एक बोटा लकड़ी के साथ अभियुक्त को वन विभाग की टीम ने पकड़कर 50 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। पचपेड़वा भाभर रेंज वन क्षेत्राधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि रेहरा बीट में जंगली शीशम की कीमती लकड़ी काटकर नेपाल की तरफ जा रहे लकड़ी चोर दीपू पाल पुत्र राजेंद्र निवासी बनगंवा को एक बोटा लकड़ी के साथ गिरफ्तार किया गया। इसके साथ कुछ लोग और भी थे जो लकड़ी लेकर फरार हो गए। इन लोगों द्वारा रेहरा बीट में दो शीशम के पेड़ काटे गए थे। चोरी से लकड़ी काट कर ले जाने के आरोप में इसके ऊपर 50000 का जुर्माना लगाया गया है।

# मांगों पर अमल नहीं हुआ तो आंदोलन

गौरा चौराहा, बलरामपुर

**अमृत विचार:** जनपद के अंतर्गत आने वाले क़स्बा गौरा चौराहा को पिछले दो दशकों से ब्लाक बनाने की मांग चल रही है भूमि भी चिन्हित है यहाँ की जनता को आस लगी है ब्लॉक बनने की। यदि शीघ्र ऐसा नहीं हुआ तो क्षेत्रीय लोग आंदोलन के लिए विवश होंगे।

वर्ष 2002 मे तत्कालीन विधायक बिंदुलाल जी ने शासन को गौरा ब्लाक प्रस्ताव भेजा था लेकिन सरकार बदल जाने पर प्रक्रिया ठन्डे बस्ते मे चली गयी। युवा विकासवादी संघर्ष मंच के अध्यक्ष सुनील शुक्ला ने बताया कि मंच के अंतर्गत सरकार तक गौरा ब्लाक बनाने की मांग 2017 से जोरों से चल रही है। जिसमे मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन दिया गया, मुख्यमंत्री को पोस्ट कार्ड भेजा गया एवं सोशल मिडिया पलेटफार्म ट्विटर (एक्स ) पर मुहीम चलाई गयी इसके बाद बड़े स्तर पर आमरण धरना प्रदर्शन की तैयारी चल रही है।

पूर्व विधायक राम सागर अकेला ने बताया कि वर्ष 2009 में मुख्यमंत्री को गौरा ब्लॉक बनाने का प्रस्ताव दिया था और आग्रह बार बार पर पूर्व मुख्यमंत्री ने अपनी प्राथमिकता में शामिल किया जिले से प्रशासन द्वारा सर्वे का कार्य पूर्ण करके शासन को भेज दिया उसके बाद मुख्यमंत्री ने मेरी जिम्मेदारी फैज़ाबाद (अयोध्या) चुनाव संभालने में लगा दिया एवं चुनाव के बाद सरकार बदल गयी उसके बाद नई सरकार ने इस पर अमल नहीं किया। दुष्यंत चौधरी ने बताया कि गौरा चौराहा मध्य में है ब्लाक बनने से आस पास के दर्जनों गावों सीधा लाभ मिलेगा ब्लॉक आने जाने लोगो को आसानी रहेगी। ग्राम प्रधान गौरा त्रिकोलिया नरेन्द्र वर्मा ने बताया कि वर्तमान मे ब्लॉक कि दूरी लगभग 30 किमी है जिससे आने जाने मे पूरा दिन समाप्त हो जाता है गौरा ब्लॉक बनने से ब्लॉक तक आने जाने मे समय कि बचत और आसानी होंगी जिससे गावों के विकास को रफ़्तार मिलेगी। मंजूर अहमद ने बताया कि गौरा ब्लॉक बनने से किसानो को सरकारी योजनाओं कि जानकारी आसानी से मिल सकेगी और युवाओं को नये रोजगार के अवसर मिलेंगे।

## छह दिन बाद मिला महिला का शव

**महदेईया बाजार, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र श्रीदत्तगंज के ग्राम गुमड़ी के मजरा मूलुकपुर घर से छः दिन पहले लापता विक्षिप्त महिला का शव बृहस्पतिवार को गांव के किनारे धान के खेत में मिला। खेत स्वामी की पत्नी धान काटने गई थी। दुर्गन्ध आने पर देखा कि एक महिला का शव पड़ा हुआ है। परिजनों ने थाने में उसकी गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी। फ़ोरेंसिक टीम ने भी वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजकर जांच में जुट गई है। राजेश वर्मा पुत्र कृष्ण लाल ने बताया कि उसकी मां राम दुलारी(65) छह दिन पूर्व 19 अक्टूबर को घर से गायब हो गई थी।

## सड़क की मरम्मत के नाम पर भ्रष्टाचार का आरोप, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

महदेईया बाजार, बलरामपुर

**अमृत विचार:** विकास खंड श्रीदत्तगंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत पिपरा याकूब के गणेशपुर गांव में जल जीवन मिशन द्वारा जलापूर्ति के लिए डाली गई पाइपलाइन से क्षतिग्रस्त आरसीसी सड़क के मरम्मत के नाम पर जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। नाराज ग्रामीणों ने मानकविहीन कार्य का आरोप लगाकर प्रदर्शन कर मानक के अनुसार सड़क मरम्मत कराए जाने एवं जांच कर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीण राम दुलारे वर्मा, कर्ताराम वर्मा, सीताराम वर्मा, शिवकुमार, राम सजीवन वर्मा, रजिंदर वर्मा, रोबिन वर्मा, राजमन वर्मा, जमाल अहमद, ताजुददीन, नुरुल्लाह ख़ान, मम्मन ख़ान, सनाउल्ला, रामदीन वर्मा, नंदलाल व परसराम आदि ने प्रदर्शन कर आरोप लगाते हुए बताया कि गांव में जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी का निर्माण कराया गया है। जलापूर्ति के लिए नई आरसीसी सड़क को बीच से खोदकर पाइपलाइन डाली गई है। करीब आठ माह से सड़क की मरम्मत नहीं कराई जा सकी थी। जिससे आवागमन में बहुत दिक्कत होती थी। ग्रामीणों द्वारा लगातार सड़क मरम्मत की मांग की जा रही थी। विभाग द्वारा सड़क मरम्मत तो कराई गई लेकिन मानक को ताक पर रख दिया गया।

## दीपावली पर सिंथेटिक दूध से बनी मिठाइयों की भरमार

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार:** क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा टीम की ढुलमुल कार्यशैली के कारण सिंथेटिक दूध से बनी मिठाइयों का कारोबार तेजी से बढ़ता जा रहा है। आने वाले दीपावली त्योहार के अवसर पर मिठाई विक्रेता और बड़े शोरूम मालिक भारी मात्रा में सिंथेटिक दूध से तैयार मिठाइयां जैसे खोया, पनीर, छेना, रसगुल्ला, बर्फी, पपड़ी, कलाकंद और मिल्क केक आदि का स्टॉक कर रहे हैं। सिंथेटिक दूध बनाने में यूरिया, डिटर्जेंट, कास्टिक सोडा, स्टार्च, तेल, ग्लूकोज, शैंपू, हाइड्रोजन परॉक्साइड, डालडा तेल, चाक, चूना जैसी हानिकारक चीजों का उपयोग होता है, जिसे गाय या भैंस के दूध से मिलाकर तैयार किया जाता है। इस मिलावटी दूध से बनाई गई मिठाइयां और पनीर स्वास्थ्य के लिए जहर का काम करती हैं। अगर टीम ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारी निभाए और शोरूम व मिष्ठान भंडारों की गहन जांच करे, तो इस अवैध कारोबार का पर्दाफाश हो सकता है। लेकिन फिलहाल, त्योहार के इस समय में लोगों की सेहत को नजरअंदाज करते हुए सिंथेटिक दूध और मिलावटी मिठाइयों का कारोबार जोरों पर है। यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई, तो दीपावली के बाद कई लोग गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना कर सकते हैं। इस संबंध में उप जिलाधिकारी उतरौला अवधेश कुमार ने बताया कि खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम के साथ छापेमारी कर दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## डीएम ने बनाई मतदाता सूची पुनरीक्षण की रणनीति

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार:** डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाता सूची का आलेख्य दिनांक 29 अक्टूबर 2024 को प्रकाशित किया जाएगा। मतदाता सूची दिनांक 29 अक्टूबर 2024 से 28 नवंबर 2024 तक निशुल्क सभी मतदान केंद्रों पर निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी ।

दिनांक 29 अक्टूबर 2024 से 28 नवंबर 2024 तक मतदाता सूची में दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएगी। इस दौरान जिन नागरिकों की आयु दिनांक 1 जनवरी 2025 तक 18 वर्ष को होने वाली है या उससे अधिक हो गई है और वह मतदाता नहीं बने हैं तो फॉर्म 06 पर अपना आवेदन पत्र संबंधित तहसील के उप जिलाधिकारी , तहसीलदार, मतदाता पंजीकरण केंद्र, संबंधित मतदेय स्थल के बूथ लेवल अधिकारी तथा जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा कर सकते हैं। मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत तिथियों 09 नवंबर ,10 नवंबर तथा 23 नवंबर, 24 नवंबर 2024 को विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूची में नाम जुडवाने के लिए आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। डीएम/ जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाता सूची में किसी प्रविष्टि में संशोधन, निवास परिवर्तन आदि के लिए फार्म -08 भरा जा सकता हैं। डीएम/ जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत सभी राजनैतिक दल मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल एजेंट की नियुक्त करते हुए मतदाता सूची में अर्ह मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में पंजीकृत कराने, शुद्ध कराने के लिए सहयोग प्रदान करें।



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

# बलरामपुर विश्व के पर्यटन मानचित्र पर बनाएगा पहचान

जरवा, बलरामपुर

**अमृत विचार:** प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) उत्तर प्रदेश संजय श्रीवास्तव द्वारा सोहेलवा वन्यजीव प्रभाग का भ्रमण किया गया। दौरान भ्रमण उनके द्वारा जनपद के गैसड़ी विकास खण्ड रामपुर रेंज अन्तर्गत ईको पर्यटन योजना के अन्तर्गत दारा नाला के समीप विकसित जरवा ईको-पर्यटन स्थल का निरीक्षण किया गया। बताया कि 6 नवंबर से प्रारम्भ होने वाले पर्यटन सत्र में यह ईको-पर्यटन स्थल आम जनमानस के लिए खुल जायेगा। उनके द्वारा मानव-वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम रणनीति पर चर्चा की गयी एवं इन घटनाओं के न्यूनीकरण हेतु विशेष सुझाव दिये गये।

निरीक्षण के पश्चात् उनके द्वारा जनपद मुख्यालय स्थित प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय प्रांगण में वन एवं वन्यजीव संरक्षण एवं संवर्द्धन गतिविधियों के सतत् अनुश्रवण हेतु नवनिर्मित एंटी-पोचिंग कन्ट्रोल रूम एवं एनिमल रेस्क्यू सेन्टर का उद्घाटन किया गया साथ ही वनकर्मियों को बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के दृष्टिगत नवनिर्मित 08 अदद टाइप टू कर्मचारी आवास का भी लोकार्पण किया गया। जनपद में वन एवं वन्यजीव संवर्द्धन के लिए किये जा रहे प्रयासों पर उनके द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गयी। जनपद के समस्त वन परिवार को उत्तरोत्तर पूर्ण निष्ठा से दायित्व निर्वहन के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर अशोक प्रसाद सिन्हा, मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव, पूर्वी, गोण्डा, सेम्मारन एम, प्रभागीय वनाधिकारी, सोहेलवा वन्यजीव प्रभाग, बलरामपुर, एमबी सिंह उप प्रभागीय वनाधिकारी, बलरामुपर, मनोज कुमार, उप प्रभागीय वनाधिकारी, तुलसीपुर आदि मौजूद रहे।



सुहेलदेव वन्य जीव प्रभाग स्थित इको टूरिज्म स्थल का निरीक्षण करते अधिकारी। अमृत विचार



कैरियर काउंसलिंग प्रोग्राम के दौरान सभागार में मौजूद अतिथि व विद्यार्थी। अमृत विचार

### छात्र-छात्राओं को दी गई सेना में कैरियर बनाने की जानकारी

**संवाददाता, बलरामपुर, अमृत विचार :** एमएलके पीजी कॉलेज के सभागार में कैरियर काउंसिल सेल, एमएलके पीजी कॉलेज, बलरामपुर, जिला सेवा नियोजन कार्यालय ,बलरामपुर आदि के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्र-छात्राओं को सेना में कैरियर बनाने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में स्नातक-स्नातकोत्तर के विभिन्न विषयों के छात्र-छात्राओं समेत एनसीसी कैडेट्स तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। एमएलके के प्रबंध समिति के सचिव लेफ्टिनेंट (रिटायर्ड) कर्नल आर के मोहंता, प्राचार्य प्रो. जनार्दन प्रसाद पाण्डेय के साथ मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल थे। 51वीं बटालियन बलरामपुर के कर्नल अरविंद प्रताप सिंह पटवाल, मुख्य वक्ता मेजर किशोर कुमार चिकित्साधिकारी, आर्मी बरेली, डिप्टी कमांडेंट एसएसबी तथा रौनक त्यागी असिस्टेंट कमांडेंटमेंट शामिल हुए। धन्यवाद ज्ञापन जिला सेवायोजन अधिकारी मीता गुप्ता ने किया। संचालन महाविद्यालय के एसोसिएट एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. देवेन्द्र कुमार चौहान ने किया। कार्यक्रम में डॉ सुनील मिश्र, डॉ. जितेन्द्र भट्ट, डॉ. दिनेश कुमार मौर्य, डॉ राम रहीस, डॉ राम आसरे गौतम, डॉ ओमप्रकाश , डॉ अभय नाथ ठाकुर, डॉ संदीप, डॉ अरुण कुमार, डॉ अमित आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

## एयर राइफल शूटिंग में आरक्षी रितेश को मिला दूसरा स्थान

**बलरामपुर, अमृत विचार:** वार्षिक खेल-कूद कैलेन्डर 2024 के अनुसार 49वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक शूटिंग स्पोर्ट राइफल/ रिवाल्वर/ पिस्टल शूटिंग एवं एलार्म इफीसियेंसी रेस प्रतियोगिता 2024 का आयोजन 11वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर में गत 3 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक तक आयोजित की गयी थी। जिसमें जनपद बलरामपुर पुलिस के आरक्षी रितेश सिंह ने गोरखपुर जोन की टीम की तरफ से प्रतिभाग करते हुए शूटिंग एयर राइफल 10 मीटर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शूटिंग प्रतियोगिता में बलरामपुर पुलिस के खिलाड़ी द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोरखपुर जोन व बलरामपुर पुलिस का मान बढ़ाया जिसके उपलक्ष्य में पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार ने आरक्षी को मेडल पहनाते हुये प्रशस्ति पत्र व नगद पुरस्कार रु0 5000/ प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की । उन्होने कहा कि आपके द्वारा मेहनत व लगन से उच्च कोटि का प्रदर्शन किया गया।



रितेश सिंह को सम्मानित करते एसपी।

ये वदन्तीह सत्यानि प्राणत्यागेऽप्युपस्थिते ।
प्रमाणभूता भूतानां दुर्गाण्यतितरन्ति ते ॥

प्राण त्याग की परिस्थिति में भी जो सत्य बोलता है, वह प्राणियों में प्रमाणभूत है । वह संकट पार कर जाता है ।

## संपादकीय

# पाकिस्तान के इशारे पर

एक दशक बाद जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव हुए। उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद उम्मीद जगी थी कि जम्मू कश्मीर में शांति की बहाली होगी और विकास की गति तेज होगी। चिंता की बात है कि सरकार गठन के बाद पाकिस्तान के इशारे पर कश्मीर घाटी में लगातार आतंकी घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। गुरुवार को अधिकारियों ने बताया कि बिजनौर के रहने वाले शुभम कुमार को बटागुंड गांव में आतंकवादियों ने गोली मार दी। पिछले एक सप्ताह में कश्मीर में प्रवासी मजदूरों पर हमले का यह तीसरा मामला है। रविवार को गांदरबल जिले में एक निर्माण स्थल पर हुए आतंकी हमले में छह प्रवासी मजदूरों और एक स्थानीय चिकित्सक की मौत हो गई थी, जबकि 18 अक्टूबर को शोपियां जिले में आतंकवादियों ने बिहार के एक मजदूर की गोली मारकर हत्या कर दी थी। गांदरबल में हुए आतंकी हमले की जिम्मेदारी द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली थी। टीआरएफ के मुखिया पाकिस्तान में बैठकर घाटी में दहशत फैलाने की साजिश रचते हैं। पाकिस्तान इस आतंकी संगठन को फंडिंग भी करता है। इस संगठन का नाम ही इसके मकसद को ज़ाहिर कर देता है। हकीकत तो ये है कि आईएसआई ने टीआरएफ को एक अलग तरह की रणनीति के तहत बनाया है, जो अन्य आतंकवादी संगठनों से बिल्कुल अलग है।

जम्मू कश्मीर में दूसरे राज्यों से आकर काम करने वालों पर हमले का सिलसिला जारी रहने से प्रवासी नागरिकों में दहशत का माहौल है। उन कश्मीरी पंडितों में भी डर पैदा हो गया है जो प्रधानमंत्री रोजगार योजना के तहत कश्मीर के विभिन्न हिस्सों में तैनात हैं। गौरतलब है कि कश्मीर घाटी में आतंकवादियों के सफाए के लिए भारतीय सेना और सुरक्षा बल के जवान लगातार मुहिम चला रहे हैं। इसके बावजूद राज्य में दहशत फैलाने की कोशिशों पर रोक लगा पाना जटिल चुनौती बनकर उभरा है। अभी भी वहां बड़ी संख्या में आतंकवादी छिपे हुए हैं। इस कारण वहां से प्रवासी श्रमिकों व कश्मीरी पंडितों का पलायन तेज होगा जो कि चिंता की बात है। नई सरकार बनने के बाद वहां सक्रिय आतंकवादियों और अलगाववादी ताकतों के हौसले बुलंद हुए हैं। सीमा पार से पाकिस्तान टीआरएफ के जरिए कश्मीर घाटी में अशांति फैलाने की साजिशें कर रहा है, जिनसे निपटने के लिए अलग रणनीति पर काम करने की जरूरत है। साथ ही जम्मू कश्मीर में भारतीय सेना और सुरक्षाबलों को और अधिक सतर्क रहने की जरूरत है।

# लोक कल्याणकारी अवधारणाएं संकट में



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

व्यावसायीकरण और संप्रदायीकरण हो रहा है । लोक संस्कृति के ऊपर औद्योगीकरण और मशीनों का दबाव है जैसे मिट्टी के बर्तन, चटाई । देश की सार्वभौमिकता के सामने भूमंडलीकरण वाली शक्तियों और संस्थाओं का दबाव है । लोककल्याणकारी अवधारणाएं संकट में हैं ।

भूमंडलीकरण एक ऐसे विश्व-समाज की परिकल्पना है, जिसमें शक्ति संपन्न लोग और अधिक शक्ति संपन्न बनें और बनते चले जाएं। भूमंडलीकरण अर्थात बाजार का साम्राज्य। भूमंडलीकरण अर्थात समाज को बाजार के रूप में परिवर्तित करने की योजना। बाजार, जिसमें हर चीज बिकाऊ है मानव-संबंध भी, मनुष्य की भावना और विचार भी ब्रांड बन चुके हैं। विज्ञापनों की चकाचौंध है, दिग्भ्रम है। हजारों साल की संचित विरासत की विस्मृति है।

उत्तर क्षेत्र को कॉउ-बेल्ट कहना, लोकविश्वास और लोकाचार के प्रति राजनेता का दृष्टिकोण बाजार, प्रशासन, मीडिया और बुद्धिजीवियों के दृष्टिकोण अलग-अलग हैं। विभक्त चेतना, विभक्त मानस। व्यावसायीकरण और संप्रदायीकरण हो रहा है। लोक संस्कृति के ऊपर औद्योगीकरण और मशीनों का दबाव है जैसे मिट्टी के बर्तन, चटाई। देश की सार्वभौमिकता के सामने भूमंडलीकरण वाली शक्तियों और संस्थाओं का दबाव है। लोककल्याणकारी अवधारणाएं संकट में हैं। विकसित देशों की नकल है आराम की जिंदगी नैतिकता पर बाजार के मुनाफे का प्रभाव, मूल्य हीनता का प्रसार।

भारत के लोकजीवन की अतीन्द्रिय-अवधारणाओं की पहचान कठिन हो गई है। मनुष्य और मनुष्यता की पहचान ही कौन कर रहा है? करे भी क्यों? सत्ता की राजनीति से पहचान करने में मुनाफा है। फिर भी लोक की जिजीविषा अदम्य है, मौजूदा समय में लोक अपनी अस्मिता की लड़ाई लड़ रहा है, जैसे-मोर सैंया तो खूबै कमात हैं, महंगाई डायन खाए जात है।

आवश्यकता निरन्तर बढाते रहना। मैं उपभोक्ता हूं, बाकी सब कुछ मेरे लिए है। प्रकृति हो या मनुष्य! एक ओर तो विश्व बाजारवाद के रूप में मनुष्य की कहीं भी और कभी भी समाप्त न होने वाली तृष्णा है, जो मनुष्य को केवल उपभोक्ता के रूप में देखती है और चराचर-प्रकृति को कच्चामाल समझती है, उसके परिणाम-स्वरूप पर्यावरण का संकट है, जो पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व के लिए एक सवाल बन गया है, और इसी के साथ समाज में जस-जस सुरसा बदन बढ़ावा की तरह नित-नित बढ़ने

असहिष्णुता, प्रांतीयता, भाषाभेद, फंडामेंटलिज्म, उग्रवाद, पंथीकरण, उग्र-जातिवाद, अलगाववाद, संकुचित दृष्टिकोण, क्षेत्रीय-जोश, कुछ देने की जगह कुछ पाने की लालसा, जनसत्ता के विरुद्ध बाहुबल और बुद्धिजीवी का गठजोड़ । सत्ता का वह खेल जो सामान्य- जन के विरुद्ध जाता है ।

वाली विषमता है। दूसरी ओर मानव-सभ्यता के आकाश में आतंक की घनघोर घटाएं मंडरा रही हैं। आतंकवाद की जडें कितनी गहरी हैं, कितनी व्यापक हैं और कितनी दूर-दूर तक फैल चुकी हैं, इसका अन्दाज किसे है? उपभोक्ता है, कंज्यूमर। प्रकृति उसके लिए कच्चा माल है वह विकास जिसके लिए धनी आदमी उपभोक्ता और निर्धन आदमी तथा यह समस्त प्रकृति (नदी-समुद्र-पहाड़) कच्चामाल है? बाजार का वैश्वीकरण हो गया किन्तु समाज का वैश्वीकरण नहीं हुआ। दुनियां के सेठ तो एक हो गए, दुनियां के मजदूर एक नहीं हो सके। बाजार और उपभोक्ता-संस्कृति जीवन के हर क्षेत्र में हावी होती जा रही है। मानव-सभ्यता ज्ञान विज्ञान के शिखर की ऊंचाइयों पर चढ़ रही है तो दूसरी ओर मानव-सभ्यता के सामने संकट भी बहुत बड़े हैं। संसार के सभी धनकुबेर एक जगह संगठित हो गए हैं, धन की शक्ति राज करेगी, धन इंसान का नियामक होगा। जो जितना बड़ा धनकुबेर होगा, वह निर्बल से धन छीन लेगा। उसकी नजर में विराट-प्रकृति उपभोग्य-सामग्री है।

विश्व बाजारकी नजर में उपभोग आनन्द है और यह आनन्द एक सौदा है, जिसे बाजार में खरीदा और बेचा जा सकता है। ये चैनल चौबीसों घंटे बता रहे हैं कि आनन्द स्थूल है और तोल से बिकता है। कमती पैसा कमती आनन्द और अधिक पैसा अधिक आनन्द। ये बता रहे हैं कि देह-सुख और इन्द्रिय आनन्द ही जीवन का पुरुषार्थ है, जीवन का प्रयोजन है। जब मैने अपनी शोध रिपोर्ट डाक्टर कपिलावात्स्यायन को भेजी थी, तब उन्होंने मुझे जो पत्र लिखा था, उसकी एक पंक्ति भारतीय-संस्कृति ही नहीं, विश्व संस्कृति के अध्येताओं के लिए भी विचारणीय है। आज आधुनिक-सभ्यता ने जो दिशा ली है, उसमें आत्मा का देह से संबंध विच्छिन्न हो गया है। जीवन का सरोकार देह तक सीमित कर देना मनुष्यता को सीमित कर देने जैसा है। शरीर आधुनिक सभ्यता ने आज जो दिशा ली है, उसमें शरीर और आत्मा का संबंध विच्छेद हो गया है। आत्मा का सिद्धांत भारत के हजारों हजारों वर्ष की ज्ञान साधना के पुण्य का फल है। वह प्राण तत्व है, मूल तत्व है लेकिन हम अपने घर में ही किराएदार बन चुके हैं। आधुनिक सभ्यता ने आज जो दिशा ली है, उसमें शरीर और आत्मा का संबंध विच्छिन्न हो गया है। आत्मा का सिद्धांत भारत के हजारों हजारों वर्ष की ज्ञान-साधना के पुण्य का फल है। वह प्राण तत्व है मूल तत्व है लेकिन हम अपने घर में ही किराएदार बन चुके हैं। भोग परायण और विज्ञापन की संस्कृति।

भूमंडलीकरण के नाम पर बाजार का जो साम्राज्य बिछा है, उसमें लोक संस्कृति का भी समावेश हो चुका है। सौंदर्य-प्रतियोगिताओं से लेकर त्योहारों, पर्वों, धार्मिक-आयोजनों, कथा-भागवत तथा मानवीय-संबंधों में भी बाजार आज नियामक की भूमिका में आ गया है। आज संबंधों में आत्मीयता का स्थान लाभ-हानि के गणित ने ले लिया है। स्थानीय-उत्पादन आज प्रतियोगिता से बाहर हो चुका है। खान-पान, वेशभूषा से लेकर भाषा भी बेदखल हो गई।

भांगड़ा की पहचान वैसाखी जैसे त्योहार से हुआ करती थी। आज वही भांगड़ा पंजाब के खेतों से निकल कर दिल्ली व मुंबई के डिस्कोथेक में पहुंच चुका है। लोकनृत्य अपने परिवेश से विच्छिन्न हो चुके हैं। संचार माध्यम किसी न किसी निहित-स्वार्थ के अधिकार में होते हैं और कुल मिलाकर बाजार अर्थव्यवस्था से जुड़े होते हैं, वही परोसते हैं जो प्रच्छन्न रूप में उनके लिए लाभकारी होता है। नयई पीढ़ी उनकी चमक-दमक से विभ्रमित हो जाती है। परिणाम अपसंस्कृति और अपनी भाषा एवं परंपराओं से अलगाव के रूप में सामने आता है। देवी-जागरण भी डिस्को कल्चर से प्रभावित हुआ है। एक बात यह भी उल्लेखनीय है कि लोक कलाओं को वैश्विक मंच भी मिला है। बिहार की मधुबनी-कला, छत्तीसगढ़ की पंडवानी, राजस्थान की कठपुतली, कालबेलिया का बीन वादन और सर्प नृत्य कला ने विश्व बाजार में अपना स्थान बनाया है। वह छोटे क्षेत्र से निकलकर विश्व फलक पर आई है लेकिन लोकसंस्कृति के व्यावसायीकरण में डालर की कमाई का लोभ है। लोकनृत्य अपने मूल गुण-धर्म को छोड़ कर मनोरंजन की सामग्री बन चुके हैं।

असहिष्णुता, प्रांतीयता, भाषाभेद, फंडामेंटलिज्म, उग्रवाद, पंथीकरण, उग्र-जातिवाद, अलगाववाद, संकुचित दृष्टिकोण, क्षेत्रीय-जोश, कुछ देने की जगह कुछ पाने की लालसा, जनसत्ता के विरुद्ध बाहुबल और बुद्धिजीवी का गठजोड़। सत्ता का वह खेल जो सामान्य- जन के विरुद्ध जाता है।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि मनुष्य रहेगा और मनुष्यता भी रहेगी। कारण बड़ा स्पष्ट है कि मनुष्य सामाजिक-प्राणी है, अकेला जी नहीं सकता, समाज उसके लिए अनिवार्य है और समाज के लिए सामाजिकता अनिवार्य है। मनुष्यता इस सामाजिक-भाव की ही देन है। व्यष्टि और समष्टि का द्वंद्व चलता रहता है, इतिहास के अंधेरे युगों से लेकर आज तक यह द्वन्द्व चलता आ रहा है और भविष्य के युग-युगान्तर तक यह द्वन्द्व चलता ही रहेगा। द्वंद्व चलेगा तो उसके साथ समायोजन और सामरस्य भी चलता रहेगा। वर्तमान संदर्भ में भी हम लोकसंस्कृति को इसी जीवनक्रम के अंतर्गत निरख-परख सकते हैं।

भूमंडलीकरण और बाजारवाद कोई दूसरी चीज नहीं है, वह व्यष्टिसत्ता का ही विराट रूप है। जो व्यष्टिसत्ता कल राज्य-संस्था के आयुधों के साथ साम्राज्यवाद के रूप में थी, वही व्यष्टिसत्ता नयी तकनीक को लेकर आज बाजार-सत्ता के रूप में प्रकट हुई है। नई वैश्विक अर्थव्यवस्था में सर्वाधिक समृद्ध देश वर्चस्व प्राप्त कर लेता है। शक्ति की वही आदिम-होड़ चल रही है, वैसे ही युद्ध चल रहे हैं। हार और जीत के निर्णय विध्वंसक-शक्ति के आधार पर ही हो रहे हैं। भूमंडलीक्रणकी प्रक्रिया शक्ति के उसी सिद्धांत के आधार पर चल रही है-जिसकी लाठी उसकी भेंस।

## प्रसंगवश

# अब तो देखें न्याय की नई देवी

अदालतों में लगी न्याय की नई देवी की आंखों की पट्टी खुल गई है। कुछ बातें, जो पहले जनता तो देखती थी, पर वे नहीं देख पाती थीं, क्योंकि आंखों में पट्टी बंधी थी। अब उन्हें देख लेना चाहिए। जिला अदालतों में पीठासीन अधिकारी के बगल में बैठा पेशकार मुकदमों की पेशी में नीचे से पैसे लेता रहता है, जो दस्तूरी मान्य है। तारीख देने तक के पैसे होते हैं। बोलचाल की भाषा में इसे 'सुविधा शुल्क' कहते हैं। उसका कनिष्ठ बाबू, जिसे 'अहलमद' कहते हैं, कार्याधिक्य वश कई बाहरी लोगों को नौकर रखकर काम करवाता है, जिनसे सरकार का कोई लेना देना नहीं है। इन्हें "एडीशनल हैण्ड्स" कहते हैं। उनकी न्यायालय-पत्रावलियों तक पूरी पहुंच होती है। उन पर लिखा पढ़ी भी वे करते हैं। उनकी तनख्वाह कहां से निकलती है? जाहिर है कि ऊपरी आमदनी से ही निकलती होगी। देवी जी यह भी देखें कि उच्च और सर्वोच्च न्यायालय में बड़े राजनीतिक प्रकरणों तथा नामी गिरामी वकीलों द्वारा प्रस्तुत मामले तुरंत सुन लिए जाते हैं, शेष आम आदमियों के करोड़ों वाद शायद ही कभी सुनवाई हेतु लगते हों, जबकि कानून और न्याय की दुनियां का एक प्रसिद्ध सिद्धांत है "वीकर फर्स्ट"(कमजोर को पहले)। एक अंतिम बात वे देवी जरूर देखने का कष्ट करें कि सेवानिवृत्ति के तुरंत बाद सुप्रीमकोर्ट के जज सरकार द्वारा प्रदत्त कोई पद जैसे गवर्नर, राज्यसभा सदस्य आदि न ग्रहण कर सकें। ऐसा प्रतिबंध कम से कम दो वर्ष के लिए जरूर हो, चाहे कानून बनाकर या सुप्रीमकोर्ट के निर्णय द्वारा।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

न्यायिक शुचिता का तो यही तकाज़ा है। ऐसा न होने पर जनता यह सोचने लगती है कि ये जज महोदय सेवाकाल में निष्पक्ष कैसे रहे होंगे! सरकार इन्हें क्यों उपकृत कर रही है? निकट विगत में यह उपकार कुछ ज्यादा ही हुआ है। अयोध्या के मंदिर/मस्जिद मामले का निर्णय देने वाले पांच जजों में चार रिटायर हो चुके हैं। उन सबको रिटायर होते ही सरकारी पदों का उपहार दिया गया। पांचवे जज वर्तमान मुख्य न्यायमूर्ति हैं, जो चंद दिन बाद रिटायर हो रहे हैं। उदाहरण और भी हैं, किंतु विस्तार देना आवश्यक नहीं है।

# हाथ से हाथ बांध कर साइकिल पर बैठी कांग्रेस



नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार

कांग्रेस यूपी में कमजोर है लेकिन यहां भी गठबंधन में इसकी भागीदारी के बड़े मायने हैं । कांग्रेस का राष्ट्रीय वजूद है, पुराना इतिहास है, देश की आजादी में अहम भूमिका निभाने वाली इस पार्टी ने देश में सार्वाधिक हुकुमत की है । यूपी में करीब चार दशक तक इसकी सरकारें रही । यूपी नेहरू-गांधी परिवार का गढ़ रहा है । सपा के सबसे बड़े मुस्लिम वोट बैंक का पहला प्यार कांग्रेस ही है । लोकसभा में कांग्रेस ने अपनी छह गुना सीटें बढ़ाई ।

देश की सियासत का रुख़ क्षत्रपों की ताकत बढ़ा रहा है और राष्ट्रीय दल बैकफुट पर आ रहे हैं। वर्तमान में सबसे बड़ी और ताकतवर भाजपा की केंद्र सरकार क्षत्रपों के सहारे है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसा भाजपा का इतना बड़ा चेहरा और सबसे बड़े जनाधार के बावजूद भाजपा को लोकसभा चुनाव में अकेले बूते पर सरकार बनाने का बहुमत नहीं मिला। यूपी में भी भाजपा जाति पर आधारित छोटे-छोटे सहयोगी दलों के दबाव में है।

इसी तरह देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस जो देश का सबसे बड़ा विपक्षी दल है, इसे भी क्षेत्रीय दलों के दबाव से गुजरना पड़ रहा है। इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करने के बावजूद कांग्रेस ने सहयोगी समाजवादी पार्टी से उत्तर प्रदेश के उप चुनाव में नौ में पांच सीटें मांगी, फिर तीन पर आई गई, किंतु सपा ने कांग्रेस को यहां एक भी सीट नहीं दी। अब यहां नौ की नौ सीटों पर सपा चुनाव लड़ेगी और पंजा साईकिल पर हाथ पर हाथ रख कर सिर्फ बैठा रहेगा। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हरियाणा में पराजय के बाद कांग्रेस को बैकफुट पर ले लिया, लेकिन कांग्रेस यानी इंडिया गठबंधन से अलग होकर अकेले पीडीए की ताकत पर चुनाव लड़ना इसलिए मुनासिब नहीं समझा क्योंकि कांग्रेस का साथ छोड़ने से मुस्लिम और दलित कांग्रेस में छटक सकता था।

कांग्रेस यूपी में कमजोर है लेकिन यहां भी गठबंधन में इसकी भागीदारी के बड़े मायने हैं। कांग्रेस का राष्ट्रीय वजूद है, पुराना इतिहास है, देश की आजादी में अहम भूमिका निभाने वाली इस पार्टी ने देश में सार्वाधिक हुकुमत की है। यूपी में करीब चार दशक तक इसकी सरकारें रही। यूपी नेहरू-गांधी परिवार का गढ़ रहा है। सपा के सबसे बड़े मुस्लिम वोट बैंक का पहला प्यार कांग्रेस ही है। लोकसभा में कांग्रेस ने अपनी छह गुना सीटें बढ़ाई। इंडिया गठबंधन की सबसे कामयाब टेरीटरी यूपी ही रही जहां सपा-कांग्रेस गठबंधन की केमिस्ट्री हिट और फिट बैठी। यहां लोकसभा चुनाव 2024 में सबसे बड़े विपक्षी दल सपा ने बड़े भाई की भूमिका निभाते हुए कांग्रेस को सत्तरह सीटें दी थी और कांग्रेस को छह पर जीत हासिल हुई और छह सीटों पर करीबी मुकाबले में हार हुई। सूबे में इस गठबंधन की जीत के पीछे एक कारण ये भी सामने आया कि दलित समाज का एक हिस्सा जो भाजपा से नाखुश है और बसपा की निष्क्रियता से नाराज है, उसने कांग्रेस को विकल्प मानकर इंडिया गठबंधन पर विश्वास किया। यूपी में सपा की सरकारों में यादव-दलित में इतनी तल्खियां पैदा हो गई थी कि दलित यहां सपा के बजाय कांग्रेस को विकल्प मानकर इंडिया गठबंधन की ताकत बनता नजर आया था। कांग्रेस और सपा का एक साथ होने से मुस्लिम वोट भी बिखराव से बच कर एकजुट रहा। इस सफलता के बाद भी सपा ने उप चुनाव में कांग्रेस को बैकफुट पर लिया।

"जिसकी जितनी भागीदारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी"। ये विपक्षियों का नारा है। सपा, कांग्रेस और ख़ासकर यूपी में अखिलेश यादव का पीडीए इस सिद्धांतों पर केंद्रित है। सामाजिक न्याय और कमजोर को हक देना सपा का सिद्धांत है।

समतामूलक मूल्यों वाला समाजवाद अंतिम पंक्ति में बैठे किसी कमजोर से कमजोर को उसका हक़ देने के लिए संकल्पित है। कमजोर को उसका हक दीजिए तो हर कमजोर ताकतवर बन जाएगा। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपनी पार्टी की ऐसी मूल भावना पर अमल किया होता तो यूपी के उपचुनाव में कमजोर कांग्रेस को इंडिया गठबंधन में उसकी हिस्सेदारी ज़रूर दी होती। मरता क्या ना करता! इस कहावत को चरितार्थ करते हुए राष्ट्रीय दल कांग्रेस को क्षेत्रीय दल सपा के आगे झुकना पड़ा और पंजा हाथ से हाथ बांध कर साइकिल पर बैठने को तैयार हो गया। अब देखना ये होगा कि लोकसभा चुनाव की तरह नौ सीटों पर होने वाले उप चुनाव में दलित समाज का एक हिस्सा दुबारा इंडिया गठबंधन का साथ देता है या पंजा गायब होने और सिर्फ साइकिल का निशान देखकर भड़क जाता है।

## सोशल फोरम

# अच्छा आदमी और बुरा आदमी

बहुत लोग कहते सुने जाते हैं कि मैं अच्छों के लिए अच्छा और बुरों के लिए बुरा हूं। वे चाहे अच्छे हों, चाहे बुरे, ग़लतबयानी कर रहे होते हैं। अच्छा आदमी डींग मार रहा होता है और बुरा अपना बचाव करने की तैयारी कर रहा होता है। क़ुदरत आदमी की शख़्सियत में ऐसे दो फाड़ करती ही नहीं-अच्छा आदमी सब के लिए अच्छा होता है और बुरा सबके लिए बुरा। हां, जब अच्छा आदमी बुरा करता दिखे तो जान लो कि किसी बुरे ने उसे इतना उकसा दिया है कि वह फ़िलहाल आपे में नहीं है। फिर आ जाएगा।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

बुरा आदमी अच्छा नहीं बन सकता, न अच्छा आदमी बुरा बन सकता है। किसी चुनाव के तहत नहीं, बस मजबूरी। तो दांत क्यों पीसते हैं? नफ़रत भी किसलिए? वश में ही नहीं है उसके तो क्या करे!

सारे धर्म, सारी विचारधाराएं इसी चट्टान से टकराकर चूर होती रही हैं। आगे भी होंगी। सिद्धांत और व्यवहार के बीच द्वंद्व का यही मूल तत्त्व है। बल्कि जितना उदात्त धर्म, जितनी महान विचारधारा, व्यवहार में उसकी उतनी ही दुर्गति। धूर्तों का यही काम है। उदात्त और महान की आड़ में ही उनकी कला परवान चढ़ती है और धूर्तता बुरे आदमी का विशेषाधिकार है।

आप यह भी जान लो कि तम का आयतन सत्त्व से हमेशा ज्यादा ही होना है। कई गुना। क़ुदरत ऐसी ही है। कभी किसी भले आदमी को ठगे जाते नहीं सुना गया (चिट फंड कंपनी द्वारा भी नहीं)। होता क्या है कि बड़ा ठग छोटे ठग को ही ठगता है। जो इस हुनर में माहिर होते हैं कि भले आदमी और ठग आदमी में तमीज़ कर सकें, वही इस धंधे में फलते-फूलते हैं। उन्हें यह जानने की भी तमीज़ होती है कि कहीं सामने वाला उनका भी बाप तो नहीं...अगर लोग लालची न हों तो ठगी के धंधे में लगे लोग भूखों मर जाएं।

कुछ देर भेद भरी निगाह से देखने के बाद उन्होंने फिर कहा-भला आदमी और बुरा आदमी और कुछ नहीं, बस मज़बूत आदमी और कमज़ोर आदमी है। न कोई भला, न कोई बुरा।

**-फेसबुक वॉल से**

# 'एका आंदोलन' के महानायक मदारी पासी

मदारी पासी का कद लगभग 6 फिट हष्ट-पुष्ट शरीर और घनी व बड़ी बड़ी रौबदार मूंछें उन पर खूब फब्ती थी । उन्होंने शैक्षणिक योग्यता तो अर्जित नहीं की थी लेकिन उन्हें हिंदी का अच्छा ज्ञान था । उर्दू भी सीखी थी । वे धनुष बाण के अचूक निशानेबाज थे तलवार लेकर चलते लाठी प्रिय हथियार था उनका धनुष बाण अब तक ग्राम भटेना में उनके मित्र लहुआ पांडे के घर सुरक्षित है ।



भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान नायक एका आंदोलन के प्रणेता और किसान आंदोलन के अग्रदूत क्रांतिकारी मदारी पासी जिनका जन्म 24 अक्टूबर 1860 को हुआ। ये अनुमानित तिथि है, क्योंकि जिस समाज में जन्मे वहां जन्मकुंडली नहीं बनवाई जाती थी और जन्मकुंडली बनाने वाले परहेज भी रखते थे। मदारी पासी का इतिहास आरपी सरोज पूर्व अपर पुलिस महानिदेशक के प्रयास व शोध के कारण मदारी पासी के निधन के 68 वर्षों बाद सामने आया। इतिहाकार राजकुमार के अनुसार क्रांतिवीर मदारी पासी का जन्म ग्राम मोहनखेड़ा, मजरा इटौंजा, तहसील संडीला जनपद हरदोई स्वाभिमानी पासी परिवार में हुआ था। पिता मोहन पासी थे, ये वो दौर था समाज में छुआछूत, ऊंचनींच, जातीपांत का बोलबाला था इसीलिए मदारी पासी में अन्याय, शोषण, व सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध विद्रोह की भावना का बीज अंकुरित हुआ।

मदारी पासी का कद लगभग 6 फिट हष्ट पुष्ट शरीर और घनी व बड़ी बड़ी रौबदार मूंछें उन पर खूब फब्ती थीं। उन्होंने शैक्षणिक योग्यता तो अर्जित नहीं की थी लेकिन उन्हें हिंदी का अच्छा ज्ञान था। उर्दू भी सीखी थी वे धनुष बाण के अचूक निशानेबाज थे। तलवार लेकर चलते लाठी प्रिय हथियार था। उनका धनुष बाण ग्राम भटेना में उनके मित्र लहुआ पांडे के घर अब भी सुरक्षित है।

मदारी पासी के 'एका आंदोलन' की पृष्ठभूमि में उस समय का व्यापक किसान आंदोलन था। गवर्नर जनरल लार्ड डलहौजी की अवध के प्रति हड़प नीति सन 1856 एवं सन 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के पश्चात ईस्ट इंडिया कंपनी के अफसरों ने अवध के किसानों का सबसे ज्यादा दमन किया। जमीनें छीनकर अंग्रेजों के दलाल जमींदारों के अधीन कर दी गईं और वे जमींदार अंग्रेजों के एजेंट के तौर पर काम करते थे। अंग्रेजो के अतिरिक्त स्थानीय महाजनों, साहूकारों और जमींदारों ने कभी बेगार के बदले उनके खेत व जेवर छीनने शुरू कर दिए। किसानों की बहु बेटियों की इज्जत भी इन जमींदारों की क्रूरता में शामिल थी। ऊपर से नगदी लगान के कारण साहूकारों व जमींदारों के समक्ष जमीन जायदाद गिरवीं रखते गए बल्कि खुद को भी गिरवीं रख देते। किसानों के भीतर ताल्लुकेदारों और अंग्रेजों के निजाम और गांव के भीतर परंपरागत ढांचे के खिलाफ गुस्सा फूट रहा था। अंग्रेजों की नई बंदोबस्त प्रणाली के कारण किसान मजदूर बनते जा रहे थे। जुल्म की इंतहा थी, लगान नगदी के कारण बेहाल हो रहे थे। 1918 में किसान सभाओं का गठन होना शुरू हुआ। 1920 तक किसान आंदोलन हरदोई, सीतापुर, बहराइच, लखनऊ, उन्नाव , फर्रुखाबाद , प्रतापगढ़, आदि जनपदों में केंद्रित हुआ जो एका आंदोलन के रूप में प्रचलित व प्रख्यात हुआ। एका आंदोलन पूरे मनोयोग व संवेदनशीलता से किसानों के हितों की लड़ाई लड़ रहा था। इस आंदोलन ने थोड़े ही समय में जड़ें जमा लीं, जिसकी कमान मदारी पासी के हाथ थी।



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

मदारी पासी के प्रभाव के कारण तत्कालीन संयुक्त सरकार ने 1921 में रैय्यतों को सुविधा देने के उद्देश्य से अवध राजस्व अधिनियम में संशोधन किया गया। इस आंदोलन का प्रमुख उद्देश्य था जमींदारों की मनमानी और अत्याचार रोकना, उनकी बेगारी न करना, स्वीकृत लगान के अलावा नजराना, शुकराना आदि न देना, एका की सभाओं में प्रतिज्ञा ली जाती, लगान को छोड़कर कुछ भी न देने की। मदारी पासी को लोग गांधी कहते वे कहते भले ही मुझे लोग गांधी कहें मैं न तो गांधी बाबा हूं न ही उनका आदमी हूं वैसे उनसे हमारा कोई बैर नहीं है। हम चाहते हैं अंग्रेज मुल्क से चले जाएं लेकिन हमारा खून तो हमारे भारतीय ही चूस रहे हैं, खेत हम जोतें और फसल ले जाएं सेठ साहूका। जमींदार और बेगार भरें सो अलग, किसान आंदोलन का नेता स्वतंत्रता आंदोलन का योद्धा दलित होने के कारण साहित्यकारों की कलम का विषय न बन सका।

# बैंकों में घट रहे कर्मचारी

राष्ट्रीयकृत बैंकों और निजी बैंकों में घट रही कर्मचारियों की संख्या न केवल चिंता का विषय बन रही है बल्कि बैंक यूनियन के एक बड़े अखिल भारतीय बैंक संगठन एआईबीईए ने इस बार पुरजोर तरीके से इस मांग को उठाया भी है। कुछ माह पहले ग्रामीण बैंकों, यूनियन बैंक,बैंक ऑफ बड़ौदा आदि के बैंकवार संगठनों ने कर्मचारियों की भर्ती को लेकर आंदोलन भी किए थे। परंतु कोई खास परिणाम न निकलने से अब अखिल भारतीय बैंक संगठन के महामंत्री सीएच वेंकटचलम ने इंडियन बैंक एसोसिएशन को चेतावनी दी है कि बेहतर ग्राहक सेवा और कर्मचारियों पर बढ़ रहे काम के बोझ को देखते हुए पर्याप्त भर्ती शुरू की जाए,उन्होंने बैंक के जोखिम भरे काम को देखते हुए अस्थाई और कैजुअल वर्कर से काम न लिए जाने की भी मांग की है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

उन्होंने ऋण प्रबंधन को दुरुस्त करने की भी मांग करते हुए डिफाल्टर की सूची प्रकाशित करने की मांग दोहराई है। उनका कहना है कि ऋण न चुकाने वालों में बड़ा हिस्सा कारपोरेट घरानों का है न कि व्यक्तिगत कर्जदारों का।

उल्लेखनीय है हाल में ही बैंको में एक्जिक्यूटिव की नई पोस्ट तो क्रिएट की गई हैं, लेकिन सफाई कर्मचारी, चपरासियों और लिपिकों के करीब एक लाख पद भरे जाने की ओर बैंक और इंडियन बैंक एसोसिएशन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। देश में एक ओर बेरोजगारी की समस्या चरम पर है, क्या बैंक यूनियन की मांग पर सरकार ध्यान देगी?

# दीपावली विवाद

इस विषय में पंडितों ने बहुत विद्वत्तापूर्ण चर्चा की है। इस विषय में मेरा अध्ययन नहीं है। सामान्य नियम है कि जिस दिन सूर्यास्त के समय अमावस्या होगी उस दिन दीपावली होगी। दीप सूर्यास्त के बाद ही जलते हैं। विवाद तब होता है जब दो क्रमागत दिनों में सूर्यास्त के समय अमावस्या हो। ऐसा केवल पूर्व भारत में हो रहा है। पश्चिम भारत में देर से सूर्यास्त होगा, वहां केवल 31 अक्टूबर को ही सूर्यास्त समय अमावस्या है। अतः वहां कोई शंका नहीं है। पूर्व भारत में 1 नवंबर को भी सूर्यास्त काल में अमावस्या है। अधिक तिथि या अधिक मास का सामान्य नियम है कि प्रथम दिन/ मास को अधिक तथा द्वितीय को शुद्ध मानते हैं।



अरुण कुमार उपाध्याय
सेवानिवृत्त आईपीएस

एक पंडित ने ऐसा ही नियम दीपावली के लिए उद्धृत किया है। उसके अनुसार 31 अक्टूबर तथा 1 नवंबर दोनों दिन सूर्यास्त के समय अमावस्या है तो 1 नवंबर ही दीपावली होगी। तिथि गणना के लिए सूर्य- चंद्र की सापेक्ष गति लेते हैं, अतः अयनांश के कारण अन्तर नहीं होगा। सूक्ष्म गणना से किसी नगर के पश्चिम भाग में 31 अक्टूबर तथा उसके पूर्व भाग में 1 नवंबर को दीपावली हो सकती है। शास्त्रीय विवाद भूल कर भारत की राजधानी में जिस दिन दीपावली है, उसी दिन पूरे भारत में होनी चाहिए। भारतीय समय के लिए भी यही आधुनिक नियम है।

# धनपतगंज क्षेत्र पंचायत की पहली ही बैठक में हंगामा

## कोरम के अभाव में नहीं पास हो सका प्रस्ताव, त्रिस्तरीय समिति पर सदन के कुछ सदस्यों को आपत्ति, सदन तक पहुंचे बाहरी लोग

**मामला बढ़ते देख पुलिस के हाथ पांव फुले, बीडीओ ने बैठक स्थगन की घोषणा कर दी**

धनपतगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** गुरुवार को आयोजित धनपतगंज क्षेत्र पंचायत की बैठक हंगामे की भेंट चढ़ गयी। सदन की कार्यवाही शुरु होते ही सदस्यों ने जमकर हंगामा काटा और सदन से बहिष्कार कर गये। कोरम के अभाव में कोई प्रस्ताव पास नहीं हो सका। महिला ब्लॉक प्रमुख ने विरोध कर रहे सदस्यों पर क्षेत्र के विकास को बाधित करने का आरोप लगाते हुए इसे राजनीतिक षड़यंत्र बताया।

गुरुवार को ब्लाक प्रमुख पार्वती सरोज की अध्यक्षता में शुरू हुई क्षेत्र पंचायत की बैठक में सदन की कार्यवाही शुरु होते ही विरोधी सदस्यों से बहस मुखर हो गये। हंगामे के बीच सदन की आचार संहिता के तहत अनाधिकृत ग्राम प्रधानों के प्रतिनिधियों और अन्य लोगों की सदन में मौजूदगी का मायंग के बीडीसी ऋषिभद्र सिंह ने विरोध जताया और खंड विकास अधिकारी से बहस शुरू हो गयी। उसी दौरान सदन में काफी संख्या में बाहरी लोगों के घुस जाने और हो हल्ला से अफरातफरी मच गयी।



धनपतगंज क्षेत्र पंचायत बैठक में हंगामा करते लोग। अमृत विचार

### बैठक का किया बहिष्कार

बैठक में आमंत्रित जिला पंचायत सदस्य अजय कुमार सिंह ने बैठक के ऐजेंडे पर सवाल खड़ा किया और बोले कि जब ब्लॉक प्रमुख का शपथ ग्रहण हो चुका है और वह सदन में मौजूद भी हैं तो ऐसी दशा में त्रिस्तरीय कमेटी के द्वारा बैठक कार्यवाही कराये जाने का क्या औचित्य है। सदन में मौजूद दर्जनों बीडीसी ने जिला पंचायत सदस्य के इस बात का समर्थन जताते हुये सदन का बहिष्कार कर बैठक से बाहर चले गये और नारेबाजी करने लगे। अफरा तफरी और हो हल्ले के बीच सदन में मौजूद महिला बीडीसी अपनी सुरक्षा को लेकर खंड मुख्यालय से दूर बाहर चली गयीं।

### बात बढ़ी तो बैठक स्थगन की हुई घोषणा

बैठक में अप्रत्याशित विरोधी दो धड़ो के बीच मारपीट की संभावना और बने गरमा गरमी के माहौल को देखकर सुरक्षा में लगी स्थानीय पुलिस के भी हाथ पांव फूल गये। हालांकि थाना प्रभारी राम आशीष उपाध्याय ने सदन में पंहुच कर दोनो पक्षों को समझाकर मामला शांत कराया। इसी दौरान स्थिति की गंभीरता और एजेंडे में हुई चूक को देखते हुए बीडीओ विमलेश चंद्र त्रिवेदी ने कोरम पूरा न होने की बात कहते हुए बैठक स्थगन की घोषणा कर दी।

### उपद्रवियों के चलते नहीं हो सकी बैठकः प्रमुख

हो हल्ले के बीच सदन में मौजूद सहमी बैठक की अध्यक्षता कर रहे क्षेत्र पंचायत प्रमुख पार्वती सरोज ने कहा कि कुछ उपद्रवियों के चलते बैठक नहीं हो सकी। कोरम पूरा था। इसे सिद्ध करने का अवसर नहीं मिला। क्योंकि मौजूद बीडीसी की सुरक्षा को ही खतरा पैदा हो गया। कुछ लोग जिन्हें क्षेत्र के विकास से कोई मतलब नहीं है, वे भय का माहौल बनाकर राजनीतिक षडयंत्र के तहत क्षेत्र का विकास रोकना चाहते है।

### कोरम का रहा अभाव

त्रिस्तरीय कमेटी के तहत आहूत बैठक के एजेंडे के सवाल पर खंड विकास अधिकारी विमलेश चंद्र त्रिवेदी ने कहा कि लिपिकीय त्रुटि के चलते ऐसा हुआ। जिसे सुधार कर दोबारा एजेंडा तैयार किया गया था। कोरम के अभाव में बैठक स्थगित की जा रही है।

## एक नजर

### आल्हा गायन आज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के करसा गांव निवासी अच्छेलाल सिंह के बेटे राहुल सिंह को पुत्र रत्न प्राप्ति के अवसर पर शुक्रवार की दोपहर आल्हा गायन का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के मशहूर आल्हा सम्राट फौजदार सिंह श्रोताओं को वीर रस सुनाएंगे। उक्त जानकारी आयोजक कुलदीप सिंह ने दी।

### केएनआई में व्याख्यान देंगे ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विकास संस्थान के आइक्यूएसी द्वारा सतत विकास लक्ष्य (हमारे विश्व को बदलना) पर चल रही सात दिवसीय कार्यशाला के पांचवें दिन शान्ति और न्याय विषय पर व्याख्यान होगा। कालेज के अम्बेडकर हाल में शुक्रवार पचीस अक्टूबर को सुबह साढ़े नौ बजे से होने वाले इस कार्यक्रम में राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि व्याख्यान देंगे।

### जेल में निरुद्ध हत्यारोपी को कोर्ट से राहत

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के सुखी महमूदपुर गांव के भानु के भांजे कुलदीप कोरी की गोसाई का पुरवा में आठ माह पूर्व हत्या के मामले में जेल मे निरुद्ध मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के हरीश को जिला जज जय प्रकाश पांडेय ने जमानत दी है। अभियोजन मुताबिक बीती 3 फरवरी की घटना में हरीश पर कुलदीप कोरी की हत्या का आरोप है। बचाव पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा ने आरोपी की जमानत पर हुई सुनवाई में दलील दी कि हरीश घटना के समय दिल्ली में था और उसका इस अपराध से कोई संबंध नहीं है। न्यायालय ने दोनो पक्ष को सुनने के बाद तथ्यों और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए आरोपी की जमानत मंजूर कर रिहाई का दिया है।

## अतिक्रमण रोकने गई ग्राम प्रधान पर हमला, केस दर्ज

**सुलतानपुर। अमृत विचार :** ग्राम पंचायत की सरकारी जमीन को ग्राम प्रधान ने लेखपाल व कानूनगो की मदद से खाली कराया था। गांव के ही कुछ लोगों फिर से कब्जा कर रहे थे जिस पर प्रधान ने रोका तो विपक्षियों ने हमला कर दिया। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। कूरेभार थाना क्षेत्र के शिव नगर ग्राम पंचायत के प्रधान कुसुम देवी पत्नी ओंकार नाथ ने थाने पर तहरीर दी है। प्रधान ने बताया कि गांव स्थित नवीन परती गाटा संख्या 397 की पैमाइश लेखपाल व कानूनगो ने कराकर अतिक्रमण मुक्त कराया था। बुधवार की शाम गांव के ही मोहित राणा, शिवकुमार, आयुष कुमार, आनन्द कुमार व शोभा देवी जो कि गांव में दबंग किस्म के हैं। उक्त लोगो द्वारा नवीन परती से पांच छह पेड़ काट कर बाउंड्री वॉल बना रहे थे। आरोप है जब मैने अतिक्रमण से रोका तो उक्त लोगों ने ईट पत्थर से हमला बोल दिया।

# विजय हत्याकांड की लचर विवेचना पर कोर्ट सख्त, रिपोर्ट तलब

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** शहर के दरियापुर तिराहे पर बीती सात अप्रैल को प्रापर्टी डीलर विजय नारायण सिंह की हत्या की लचर विवेचना पर सीजेएम नवनीत सिंह ने बल्दीराय क्षेत्राधिकारी से रिपोर्ट तलब की है। मामले में सुनवाई के लिए 19 नवम्बर की तारीख नियत की है मृतक के भाई सतीश नारायण सिंह ने विवेचक पर आरोप लगाया है कि पल्लवी होटल के अंदर और गेट पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से आपराधिक षड्यंत्र और हत्या के महत्वपूर्ण साक्ष्य हैं जिसे विवेचक ने जांच में शामिल नहीं किया। पीड़ित के वकील अरविंद सिंह राजा ने कहा कि पुलिस अधीक्षक ने विवेचक को अन्य आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए निर्देश दिया था लेकिन उन्होंने इसका पालन नही किया। बल्वा, आपराधिक षड्यंत्र, जानलेवा हमला और हत्या का केस में अम्बेडकरनगर नगर का मुख्य आरोपी अजय सिंह सिलावर जेल में बन्द है, जबकि अन्य के खिलाफ कोई कार्रवाई नही की गई है।

### चिकित्सकीय लापरवाही मामले में स्पष्टीकरण देने का आदेश

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** छात्रा के गलत इलाज के मामले में कार्रवाई न करने पर अमेठी थाना के उपनिरीक्षक रामचेत यादव को कोर्ट ने 25 अक्टूबर को तलब किया है। बीएससी की छात्रा अनामिका के पिता संतोष कुमार ने डॉक्टर आरयू यादव पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए 15 जुलाई को केस दर्ज कराया था। मॉनिटरिंग अर्जी पर कोर्ट में आख्या न भेजने पर एसीजेएम पामेला श्रीवास्तव ने उपनिरीक्षक को तलब कर स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया है।

### सांसद संजय सिंह और पूर्व विधायक गरिमा सिंह के मामलों में सुनवाई 11 को

**सुलतानपुर। अमृत विचार :** आदर्श चुनाव आचार संहिता और महामारी अधिनियम के उल्लंघन के मामले में राज्यसभा सांसद संजय सिंह समेत 13 लोगों पर आरोप तय करने के लिए कोर्ट ने 11 नवंबर 2024 की तारीख निर्धारित की है। यह मामला त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान 13 अप्रैल 2021 को हसनपुर में आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी सलमा बेगम के पक्ष में जनसभा करने से संबंधित है, जिसके आधार पर तत्कालीन एसओ प्रवीण कुमार यादव ने केस दर्ज कराया था। दूसरी ओर, भाजपा की पूर्व विधायक गरिमा सिंह और उनके पुत्र आनंद विक्रम सिंह पर आचार संहिता उल्लंघन के मामले में भी सुनवाई 11 नवंबर को होगी। गवाही न हो पाने के कारण गुरुवार को सुनवाई स्थगित कर दी गई। यह मामला 6 फरवरी 2017 को अमेठी के गौरीगंज थाना क्षेत्र में बिना अनुमति जुलूस निकालने पर दर्ज किया गया था।

# पौध उत्पादन का किया निरीक्षण

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जिले में संचालित विभिन्न बागवानी योजनाओं का गुरुवार को उप निदेशक मण्डल अयोध्या गीता त्रिवेदी द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। उप निदेशक मण्डल अयोध्या गीता त्रिवेदी ने राजकीय पौधशाला दिखौली पर वृहद वृक्षारोपण वर्ष 2024-25 में उत्पादित किये जा रहे बीजू फलदार पौधों व विभागीय पौध उत्पादन का निरीक्षण किया।

वृहद पौधरोपण कार्यक्रम अंतर्गत भदैया के बालमपुर निवासी कृषक राम अछैवर मौर्या के यहां अमरूद बाग, हनुमानगंज के वरुणेंद्र सिंह के यहां आम, नींबू बाग का निरीक्षण किया गया। जिले में संचालित एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत टिशू कल्चर केला कार्यक्रम में विकास खण्ड-लम्भुआ के नरेन्द्रापुर निवासी कमला देवी -3.0 हे, लंभुआ कस्बा के मंजू झा 0.40 हे, नरेन्द्रापुर उर्मिला सिंह एव भदैया अभियाकला निवासी हौसिला प्रसाद पाण्डेय -0.6 हे का निरीक्षण व पर ड्राप मोर क्रॉप माइक्रोइरीगेशन योजनान्तर्गत वरूणेन्द्र सिंह के यहां रिवूलिश इरीगेशन प्रालि द्वारा 1 हे. क्षेत्रफल में मिनी स्प्रिंकलर, कैलाशनाथ झा के यहां रिवुलिश इरीगेशन प्रालि द्वारा 0.4 हे क्षेत्रफल में ड्रिप इरीगेशन सिस्टम का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर जिला उद्यान अधिकारी रणविजय सिंह, सहायक उद्यान निरीक्षक दिनेश कुमार सिंह, पुनीत कुमार वर्मा सहित अन्य किसान मौजूद रहे।



निरीक्षण करती उप निदेशक मण्डल अयोध्या। अमृत विचार

# सड़क हादसे में दो भाइयों समेत पांच लोग घायल

धनपतगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से होकर गुजर रही ट्रक का टायर फट गया। उसे ठीक करने गए दो सगे भाइयों को बाइक सवार दंपती ने टक्कर मार दिया। जिससे पांच लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे यूपीडा कर्मियों ने घायलों को सीएचसी भेजा, जहां मौजूद चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

जिले से होकर गुजरी पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर बुधवार की रात साढ़े 10 बजे 115 माइल स्टोन पर एक ट्रक का टायर फट गया। रात में ही आगरा जिले के शमसाबाद निवासी ट्रक क्लीनर रामवीर मैकेनिक लेने सेमरी बाजार आया। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के देवपरापार निवासी मैकेनिक सगे भाई सुनील कुमार व कृष्ण कुमार टायर ठीक करने क्लीनर के साथ 115 माइल स्टोन पर पहुंचे। फटे टायर को निकाल दोनों भाई व ट्रक क्लीनर खड़े थे तभी एक बाइक सवार ने टायर में ठोकर मार दी। जिसके चलते दोनों सगे भाई व ट्रक क्लीनर के साथ बाइक सवार पश्चिम बंगाल के हावड़ा दास नगर निवासी देवदला पुत्र दीन बंधु उनकी पत्नी मोमिता पाल घायल हो गए। सूचना पर पहुंची यूपीडा सहायक सुरक्षा अधिकारी परमात्मा सिंह ने घायलों को सीएचसी कूरेभार भेजा।

# मुस्लिम पक्ष के विरोध पर रोका गया काम

संवाददाता, कादीपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** चकबंदी अधिकारी न्यायालय के निर्णय के बाद नाली बनवाने के लिए नगर पंचायत द्वारा स्थल पर साफ सफाई का काम शुरू करने पर मुस्लिम पक्ष के विरोध के चलते प्रशासन ने काम रुकवा दिया है।

कादीपुर कस्बे के जवाहर नगर मोहल्ले में मरी माई का स्थान एवं कब्रिस्तान को लेकर दो संप्रदायों में विवाद चल रहा था। मुस्लिम पक्ष ने चकबंदी अधिकारी न्यायालय में मामले को लेकर लगभग 40 वर्ष पूर्व वाद दायर किया था। चकबंदी अधिकारी के न्यायालय से 19 सितंबर 2024 को नगर पंचायत के पक्ष में संबंधित जमीन देने का निर्णय आया था। निर्णय के विरोध में मुस्लिम पक्ष एसओसी न्यायालय में वाद दायर किया है। जहां से उन्हें किसी भी तरह का स्थगनादेशन नहीं मिला है। मुस्लिम पक्ष मामले को लेकर हाईकोर्ट भी गया था, किंतु वहां से भी उन्हें कोई रिलीफ नहीं मिला। अभी कुछ दिन पूर्व कोतवाली में एसडीएम उत्तम कुमार तिवारी, सीओ विनय गौतम, प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने मुस्लिम पक्ष को बुलाकर बैठक की थी। बृहस्पतिवार को नगर पंचायत संबंधित जमीन पर नाली निर्माण कराने के लिए जब साफ सफाई का काम शुरू कराया तो मुस्लिम पक्ष के लोग मौके पर पहुंच कर आपत्ति जताई। मौके पर पहुंचे तहसीलदार घनश्याम भारती, प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने काम रूकवाते हुए मुस्लिम पक्ष को बुलाकर फिर से वार्ता कर मामले को सहमति के आधार पर सुलझाए जाने की बात कही। नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल का कहना है कि मुस्लिम पक्ष से प्रशासन की वार्ता होने के बाद एवं नाली निर्माण के लिए सहमति बनने के बाद ही काम शुरू कराया गया था। इसके बावजूद मुस्लिम पक्ष को आपत्ति हुई है। मौके भाजपा जिला महामंत्री एवं पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य घनश्याम चौहान, उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल, दीपक अग्रहरि, सर्वेश कुमार सिंह, सभासद बृजेश बहादुर सिंह, शैलेंद्र उपाध्याय, गौरव तिवारी, आदि मौजूद रहे।



विवादित स्थल पर पहुंचे मुस्लिम समाज के लोग। अमृत विचार

**न्यायालय के निर्णय के बाद नगर पंचायत बनवा रही थी नाली**

## सार-संक्षेप

### अभिनव मिस्टर तो अंशिका बनी मिस फ्रेशर



केएनआईटी में फ्रेशर पार्टी में चुने गए मिस्टर व मिस फेयरवेल।

**संवाददाता, सुलतानपुर। अमृत विचार :** कमला नेहरू प्रौद्योगिकी संस्थान में गुरुवार को फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संस्थान के एलुमनी पार्क में हुआ, जिसमें निदेशक डॉ. आरके उपाध्याय का विशेष सहयोग रहा। अभिनव सिंह को मिस्टर तो अंशिका वर्मा को मिस फ्रेशर चुना गया। पहले वर्ष के छात्रों ने नृत्य, नाटक, गायन और रैप जैसी विविध प्रस्तुतियों से सभी दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन अंतिम वर्ष के छात्रों अभिनव, प्राची; तृतीय वर्ष के छात्रों सूर्यांश, अविनाश, आदर्श, साहिल, आदित्य, श्रेय, अभिषेक, अंशिका, तथा द्वितीय वर्ष के छात्रों ओम, तुषारिका, आयुष्मान, अरणी और पुष्पेंद्र ने किया। कार्यक्रम में कंपेयरिंग और मीडिया टीम का योगदान भी सराहनीय रहा। संस्थान के सभी छात्रों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे आयोजन की शोभा बढ़ गई। निदेशक डॉ. आरके उपाध्याय के साथ-साथ डॉ. समीर श्रीवास्तव, डॉ. सुजीत अग्रवाल, डॉ. एस.पी. गंगवार, डॉ. एस.एम. त्रिपाठी, डॉ. रुचिन अग्रवाल, डॉ. रजनीश, डॉ. अम्बुज और डॉ. अभय अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति ने इस कार्यक्रम को और भी खास बना दिया।

### एमएलसी व उप कृषि निदेशक ने बांटे सरसों बीज की किट



एमएलसी ने किसानों को वितरित किया सरसो बीज का किट।

**संवाददाता, सुलतानपुर। अमृत विचार :** गुरुवार को एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, उप कृषि निदेशक रामाश्रय यादव ने राजकीय कृषि बीज भंडार दूबेपुर में किसानों को सरसों बीज की कीट दी। वितरण कार्यक्रम में तकनीकी सहायक मंजुल तिवारी ने किसानों को सरसों की अधिक उत्पादन की नई तकनीक के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह किट किसानों को सैंपल के तौर पर दी जा रही है। इस समय सरसों की बुआई का उपायुक्त समय चल रहा है। किसान अपने खेतों में पलाव, आवश्यक खाद व दूसरी तैयारी कर सरसों की बुआई कर सकते है। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग व प्रदेश सरकार किसानों के कल्याण के लिए अनेक योजनाओं से उनकी आय बढ़ाने का प्रयास कर रही है। इस दौरान वरिष्ठ प्राविधिक सहायक सुमित यादव, अब्दुल उस्मान, आशीष मिश्रा, हेमंत राघव, किसान राममिलन निषाद, रामनारायण यादव, संतोष सिंह,प्रमोद सीमा, शैल कुमारी आदि किसान मौजूद रहे।

### भाकियू की बैठक में चयनित किए गए पदाधिकारी



तिकोनिया पार्क में भाकियू की बैठक में शामिल पदाधिकारी।

**संवाददाता, सुलतानपुर। अमृत विचार :** शहर के तिकोनिया पार्क में गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन अंबावता गुट की कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में पिछले दो महीने से भंग चल रही जिले की कार्यकारिणी को पुन : गठित किया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष बालेन्द्र बौद्ध के नेतृत्व में राजू गौतम को जिला उपाध्यक्ष और ब्रम्हतेज पांडेय को जिलाध्यक्ष यूथ नियुक्त किया गया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष यूथ, धीरेन्द्र रावत की उपस्थिति में कई अन्य पदाधिकारियों को भी मनोनीत किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों में प्रदेश उपाध्यक्ष गिरीश पांडेय, प्रदेश महासचिव आनंद प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी लोकेश पांडेय, रामलवट पाल, संजीव सिंह, सूरज दीन (अमेठी जिला अध्यक्ष), राकेश कुमार, अरविंद कुमार, बीरू गुप्ता सहित दर्जनों पदाधिकारी उपस्थित रहे। जनपद में जल्द ही सभी कमेटियों का गठन पूरा किया जाएगा।

# श्याम का रंग सब पर चढ़ जाता है: देवी चित्रलेखा

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** पूर्व डिप्टी सीएम राज्य सभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा कहा कि सनातन धर्म बड़ा विराट है। त्रेता युग में प्रभू श्री राम व रावण की शत्रुता के बावजूद सत्य के अलग मायने थे। रावण पर विजय पाने को श्री राम ने महादेव की आराधना के लिए राक्षस रावण को ही पुरोहित बना लिया। रावण भी यह जानते हुए की इन्ही से युद्ध करना है उसके बावजूद श्री राम का अनुष्ठांन संपन्न करवाया। वही द्वापर में इस सत्य के मायने बदलने लगे।

अलीगंज के पूरे लेदई गांव में भाजपा नेता पंडित राम चंद्र मिश्र के आवास पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में पहुंचे पूर्व सीएम ने कहा कि देवी चित्रलेखा देश विदेश में सनातन का प्रसार कर रही है। धर्म ध्वजा धारण करने का कार्य संपन्न कर रही हैं। यहां डॉ. शर्मा ने व्यास पीठ को नमन करते हुए देवी चित्रलेखा से आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा स्थल पहुंचने पर पण्डित रामचंद्र, प्रदीप शुक्ल, शुभम मिश्र समेत सैकड़ों लोगों ने भव्य स्वागत किया। यहां देवी जी ने मीरा के प्रेम राधा रानी का महत्व गिरिराज भगवान को छप्पन भोग का अर्पण देवराज इंद्र के अहंकार का मर्दन की कथा का प्रवाह किया। महारास के लिए कन्हैया अपनी बासुरी से गोपियों को रिझाने लगे। वहीं एक अन्य प्रसंग मे अक्रूर द्वारा कंस के बुलावे पर मथुरा पहुंचने कंस द्वारा कन्हैया को मारने के यतन किये हाथी को शराब पिला कर कान्हा के सामने छोड़ दिया।



व्यास पीठ का आशीर्वाद लेते पूर्व डिप्टी सीएम डा. दिनेश शर्मा।

**छठवें दिन की कथा में शामिल हुए पूर्व डिप्टी सीएम डॉ. दिनेश शर्मा**

### शोक सभा में अधिवक्ता को दी गई श्रद्धांजलि

**कादीपुर, सुलतानपुर। अमृत विचार :** सड़क दुर्घटना में अधिवक्ता रामनारायण मौर्य के निधन पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश शुक्ल की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई। अध्यक्ष ने बताया कि अधिवक्ताओं द्वारा पचास हजार रुपए की सहयोग धनराशि एकत्रित की गई है। अधिवक्ता कल्याण निधि से दो लाख रुपए कुल मिलाकर शुक्रवार को बार अध्यक्ष दिनेश शुक्ल एवं सचिव अखिलेश उपाध्याय तीन लाख रुपए मृतक के परिजनों को देंगे। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मृतक के परिजनों के लिए प्रशासन को दिए गए सात सूत्री मांग पत्र के क्रियान्वयन के लिए अधिवक्ता संघ पैरवी करेगा। शोक सभा में जय शंकर तिवारी,रमेश तिवारी, राममिलन तिवारी, राजा रमेश सिह, यज्ञ नारायण तिवारी, विनोद श्रीवास्तव सहित काफी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# संग्रहालय सांस्कृतिक रुचि की संपत्तियों को साझा करते हैं : प्रो. निशा सिंह

संवाददाता, सुलतानपुर

**अंग्रेजी विभाग ने जनपदीय संग्रहालय का भ्रमण किया**

**अमृत विचारः** राणा प्रताप पीजी कॉलेज के अंग्रेजी विभाग द्वारा एक्सटेंशन प्रोग्राम के अंतर्गत जनपदीय संग्रहालय का विद्यार्थियों को भ्रमण कराया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डीके त्रिपाठी ने कहा कि संग्रहालय की यात्रा सूचनात्मक है और अन्वेषण से परिपूर्ण है। क्योंकि छात्र विभिन्न वस्तुओं का अवलोकन और अन्वेषण करते हैं जो अधिगम में उनकी रुचि को उद्दीप्त करते हैं।

विभागाध्यक्ष प्रो. निशा सिंह ने भारत एवं जनपद के ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संग्रहालय एक संस्थान है जो कलात्मक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक या वैज्ञानिक महत्व की कृतियों और अन्य वस्तुओं के संग्रह की देखभाल और प्रदर्शन करता है। संग्रहालय सांस्कृतिक रुचि की संपत्तियों को प्राप्त करते हैं, संरक्षित करते हैं, शोध करते हैं, साझा करते हैं और प्रदर्शित करते हैं। संग्रहालय इंचार्ज आशीष दुबे ने विद्यार्थियों को जनपद के इतिहास से परिचित कराया और रफ़ी अहमद किदवई एवं सरदार वल्लभभाई पटेल वीथिका का अवलोकन करवाया। अंग्रेजी विभाग की असिस्टेंट प्रो. ज्योति सक्सेना व अंग्रेजी विषय के 150 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**तैयारी पूरी** ढखवा से सूरापुर तक बड़ी गाड़ियों का प्रवेश वर्जित रहेगा, पहले दिन 1008 महिलाएं कलश शोभायात्रा में होंगी शामिल

# आज से होगा छह दिवसीय बिजेथुआ महोत्सव का आगाज

सूरापुर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** कालनेमी बध स्थली बिजेथुआ महाबीरन धाम में छह दिवसीय बिजेथुआ महोत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। महोत्सव संयोजक विवेक तिवारी ने बताया कि महोत्सव की शुरुआत 26 अक्टूबर से होनी थी, पर वह अब 25 अक्टूबर से हो रहा है। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया, पार्किंग समेत भंडारा स्थल का निरीक्षण किया। बताया कि छह दिवस ढखवा से सूरापुर बड़ी गाड़ियों के प्रवेश पर रोक रहेगी।

बिजेथुआ महोत्सव में जगतगुरु तुलसीपीठाधीश्वर रामभद्राचार्य श्रीहनुमान जी की कथा 25 से 29 अक्टूबर तक प्रति दिवस मध्यान्ह तीन बजे से संध्या काल छह बजे तक कहेंगे। कथा सुनने को आए हुए भक्तों के लिए प्रतिदिन भोजन व्यवस्था कथा प्रांगण में ही की गई है। उसके उपरांत प्रतिदिन संध्या कालीन सात बजे से भजन कीर्तन कार्यक्रम अयोजित किया गया है। जिसमें प्रथम दिन 25 अक्टूबर को प्रेम चन्द्र द्विवेदी, 26 को आशीष मिश्रा, विपुल पंडित, अनुराग पंडित, 27 अक्टूबर को दीनबंधु सिंह, श्रवण सुलतानपुरी, धर्मेंद्र त्रिपाठी 28 अक्टूबर को राहुल पांडेय रमन, पंकज पांडेय, देवेन्द्र पाण्डेय, 29 अक्टूबर को बृजेश सिंह, डॉक्टर राकेश्वर मालवीय, नितिन तिवारी आदि के द्वारा भजन सुनाई जाएगी। अंतिम दिन 30 अक्टूबर को मध्यान्ह में हवन पूजन कार्यक्रम होगा। दोपहर दो बजे से हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशाल भंडारा का अयोजन किया गया है, जिसमें सभी श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। इसी क्रम में 30 अक्टूबर को सायं सात बजे से सुप्रसिद्ध भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा का भजन संध्या कार्यक्रम अयोजित किया गया है। इस प्रकार इस महोत्सव में अनेकानेक कार्यक्रमों का अयोजन होगा।



स्थानीय विधायक के साथ एसपी सोमेन वर्मा और प्रशासनिक अधिकारियों ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण।

### कई महत्वपूर्ण लोग होंगे शामिल



विवेक तिवारी

**सुलतानपुर :** संयोजक विवेक तिवारी ने गुरुवार को शहर के एक होटल में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि बिजेथुआ महोत्सव में कई महत्वपूर्ण व्यक्तियों के आने को लेकर कार्यक्रम स्थल पर हेलीपैड का निर्माण भी कराया जा रहा है। इसके लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारी काम में लगे हैं। जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना ने भी कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा और व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। आयोजन में स्थानीय विधायक राजेश गौतम और ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सर्वेश मिश्र, प्रमोद पांडेय और अन्य क्षेत्रीय लोगों जुटे हुए हैं।

# जिले को मिले 40 ग्राम पंचायत अधिकारी

## लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 18 अभ्यर्थियों को प्रदान किये नियुक्ति-पत्र

संवाददाता, सिद्धार्थनगर



नियुक्ति-पत्र के साथ अभ्यर्थी, जनप्रतिनिधि और अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उप अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा पंचायतराज विभाग में नवनियुक्त 1526 ग्राम पंचायत अधिकारी एवं समाज कल्याण विभाग में 360 ग्राम विकास अधिकारी तथा 64 समाज कल्याण पर्यवेक्षकों को नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ में किया गया। इसका लाइव प्रसारण अम्बेडकर सभागार में सांसद डुमरियागंज प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में देखा गया।

अम्बेडकर सभागार में जनपद में नियुक्त हुए कुल 40 ग्राम पंचायत अधिकारियों में 18 अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री ने लखनऊ में तथा जनपद स्तर पर 22 में से उपस्थित 16 अभ्यर्थियों एवं 01 ग्राम विकास अधिकारी को सांसद डुमरियागंज प्रतिनिधि एसपीअग्रवाल एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने नियुक्ति प्रमाण-पत्र दिया। सांसद डुमरियागंज प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार के नेतृत्व में सभी भर्तियां निष्पक्ष एवं बिना किसी भेदभाव के सम्पन्न हुई है। सभी सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति आपकी योग्यता के आधार पर हुई है। मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने नवनियुक्त ग्राम पंचायत अधिकारियों, ग्राम विकास अधिकारी समाज कल्याण से संबोधित करते हुये कहा कि आप सभी निष्ठा के साथ कार्य करें। इस मौके पर जिला समाज कल्याण अधिकारी महिपाल सिंह, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी दिनेश राय व अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## पांच फेरों के लिए चलेगी विशेष ट्रेन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** 09445/09446 साबरमती-लखनऊ जं.-साबरमती साप्ताहिक पूजा विशेष गाड़ी का संचलन साबरमती से 30 अक्टूबर तथा 06, 13, 20 एवं 27 नवम्बर, प्रत्येक बुधवार तथा लखनऊ जं. से 31 अक्टूबर तथा 07, 14, 21 एवं 28 नवम्बर को 5 फेरों के लिये किया जायेगा। 09445 साबरमती-लखनऊ जं. साप्ताहिक पूजा विशेष गाड़ी साबरमती से 22.00 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन पालनपुर से 00.47 बजे, लखनऊ जं. 20.50 बजे पहुंचेगी। वापसी में 09446 लखनऊ जं.-साबरमती गाड़ी लखनऊ जं. से 23.50 बजे चलकर साबरमती से 21.30 बजे पहुंचेगी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

## एक नजर

### ट्रक की टक्कर से चार लोग घायल, दो गंभीर

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** बर्डपुर-लोटन मार्ग पर बखरिया चौराहे पर गुरुवार की सुबह लगभग 10 बजे अनियंत्रित ट्रक ने चार लोगों को कुचल दिया जिसमें दो स्कूल के छात्र बताये जाते हैं। कई लोगों की दुकानें भी ट्रक की टक्कर से क्षतिग्रस्त हो गयीं। चारों घायल लोगों को एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया है। जिसमें दोनों छात्रों की स्थिति गंभीर बताई जाती है। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है ड्राइवर फरार हो गया।

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** अपनी मांगों के समर्थन में रसोइयों ने धरना दिया। इसे संबोधित करते हुए भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष अनिल सिंह ने कहा कि बजट देने के बावजूद 2000 रुपये प्रतिमाह मानदेय पाने वाली रसोइयों को पिछले 6 माह का मानदेय नहीं दिया गया। उन्होंने डीएम से मांग की कि दीपावली के पूर्व रसोइयों को मानदेय दिया जाए।

### समय से पूरा करायें गेट का निर्माण कार्य : डीएम

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने एनएच-28 पर अन्तर्राष्ट्रीय मार्ग ककरहवा सीमा नेपाल बार्डर पर निर्माणाधीन गेट का निरीक्षण किया। डीएम ने कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग (प्रा0ख0) को निर्देश दिया कि गेट का निर्माण कार्य समय से एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य पूर्ण करायें।

### ओबीसी महासभा के जिला प्रभारी बने श्यामदेव

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** ओबीसी महासभा के प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह लोदी के निर्देश पर नगर पंचायत बढ़नी बाजार वार्ड नंबर 2 मिल कॉलोनी निवासी श्याम देव यादव पूर्व सभासद को ओबीसी महासभा के जिला प्रभारी मनोनीत किया गया है। मनोनयन प्रांतीय अध्यक्ष राम निवास वर्मा ने किया। उनके मनोनयन पर विधानसभा में विपक्ष के नेता माता प्रसाद पांडेय समेत सपा नेता उग्रसेन सिंह, जिलाध्यक्ष लाल जी यादव पूर्व सांसद आलोक तिवारी, सहित हरिनारायण यादव, राधेश्याम यादव, मोहन यादव, राजू प्रधान, सपा सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष गोपाल प्रसाद फौजी, सभासद निजाम अहमद, निसार अहमद, मनोज यादव, मोहम्मद अकबर, मोहम्मद अहमद, पूर्व सभासद राजकुमार अग्रहरि पूर्व सभासद संजय जायसवाल, एडवोकेट पवन यादव, एडवोकेट पवन पाठक, अर्जुन यादव, अखिलेश मद्धेशिया, दिनेश कुमार उर्फ लड्डू, जितेंद्र मोदनवाल, शकील अहमद, इंद्रजीत यादव, आशीष देव यादव, दिलीप कुमार मित्तल, सभासद बाबूजी अंसारी, सभासद वकील अहमद, खलकुल्लाह खान, देव नारायण यादव, अभिषेक यादव, राजकुमार यादव, विक्की गौड़, हरिलाल आदि ने बधाई दी है।

# विनोद राय की नामांकन रैली में उमड़े कर्मचारी

संवाददाता, गोरखपुर



नामांकन करने जाते पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री विनोद राय।

**अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे में मान्यता चुनाव हेतु पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री एवं असिस्टेंट जनरल सेक्रेटरी एनएफआईआर विनोद राय ने नामांकन किया। केंद्रीय कार्यालय के बगल रेलवे स्टेशन गेट नंबर 1 से नामांकन रैली की शुरुआत की गई जो महाप्रबंधक कार्यालय होते हुए प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी कार्यालय पहुंची तथा वहां दिन में 1:30 बजे विनोद राय ने नामांकन किया। नामांकन रैली में हजारों की संख्या में लखनऊ, वाराणसी और इज्जत नगर मंडल, मुख्यालय मंडल गोरखपुर कारखाना मंडल, इज्जत नगर कारखाना मंडल, डीजल लॉबी गोरखपुर एवं गोंडा ब्रांच, सिग्नल कारखाना ब्रांच, भंडार डिपो ब्रांच, लेखा शाखा ब्रांच के कर्मचारी एवं पदाधिकारी शामिल हुए। विशेष उपस्थिति एससी एसटी एसोसिएशन के चंद्रशेखर, आरकेटीए के अध्यक्ष सुनील कुमार भी मौजूद रहे। पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के जोनल सेक्रेटरी रमेश मिश्रा, अध्यक्ष माधव प्रसाद शर्मा, संयुक्त महामंत्री ए के सिंह, कोषाध्यक्ष मनोज द्विवेदी, मुख्यालय मंडल के मंडल मंत्री एस सी अवस्थी, केंद्रीय कार्यकारिणी के रामकृपाल शर्मा, देवेंद्र प्रताप यादव, ओ पी सिंह, संजीवधर कारखाना मंडल के मंडल मंत्री आरपी भट्ट, अध्यक्ष डीके तिवारी, संयुक्त मंत्री दीपक चौधरी, कुलदीप मणि त्रिपाठी, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, सूरज गुप्ता बृजपाल सिंह, सुरेंद्र तिवारी लखनऊ मंडल के मंडल मंत्री सुबोध चौधरी आरसी पांडे, अरशद जमाल, रूपेश कुमार, खालिद वाराणसी मंडल के मंडल मंत्री मुरारी लाल मिश्रा, अविनाश , जावेद अख्तर , श्याम झा, अविनाश , लेखा शाखा के मंत्री नवीन मिश्रा के एम मिश्रा, फिरोज उल हक ,शमशाद भाई, दीपक, अरुण अग्रवाल, एस बी पांडे पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ युवा प्रकोष्ठ के देवेश सिंह अंशुमान पाठक, निशांत यादव, इज्जत नगर कारखाना मंडल के अनिल गौतम, अनिल पुंडिल, सुदर्शन, यांत्रिक कारखाना गोरखपुर के श्री लक्ष्मी श्रीवास्तव, जयप्रकाश सिंह, सुनील गौड़, विजय पाठक, राकेश श्रीवास्तव, सतीश श्रीवास्तव, अजय त्रिपाठी, ए बी पांडे, अनिल द्विवेदी, विनोद मिश्रा, मनोज शुक्ला, हरकेश बहादुर सिंह, अजय गुप्ता ,अभिषेक गुप्ता, योगेंद्र पाल, अनिल गौतम ,अजय गुप्ता, बृजेश यादव ,विवेक गुप्ता, दीपक गुप्ता, शिवकुमार श्रीवास्तव, नंदन चौधरी पुनीत शुक्ला, नवनीत शर्मा, दीपक प्रजापति, आर डी सिंह, राजू रावत, नूर ए आलम, अमित गुप्ता, रामकृपाल शर्मा, परमात्मा सिंह, ओम प्रकाश शर्मा, अरविंद गुप्ता, प्रदीप श्रीवास्तव, अखिलेश तिवारी ,डीजल लॉबी ब्रांच के हेमंत कुमार, एसके गोस्वामी, गोपाल जी यादव, मुकेश कुमार, के के मद्धेशिया, संतोष मिश्रा, विजय सिंह, गोंडा ब्रांच के ब्रांच सेक्रेटरी अभय सिंह, संदीप सिंह ,गगन शर्मा इलेक्ट्रिक ब्रांच के तामेश्वर शर्मा, संजय श्रीवास्तव, मनीष चौधरी, प्रदीप कुमार, जमशेद खान, रंजीत श्रीवास्तव, अखिलेश तिवारी ,पीयूष दुबे, अभिषेक पांडे ,गणेश सिंह इत्यादि पदाधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित रहे।

# व्यापारियों की समस्याओं का करायें समाधान : डीएम

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** जिलास्तरीय उद्योग बन्धु, व्यापार बन्धु की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्टेट सभागार में हुई।

डीएम ने व्यापारियों की समस्याओं को सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों को उसके निस्तारण के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को रोजगार सृजन योजना, हेतु शासन से प्राप्त लक्ष्य को पूर्ण करने तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लाभार्थियों के आवेदन को अधिक से अधिक कराने का निर्देश दिया गया। अधिशासी अभियंतास विद्युत को निर्देश दिया कि जहां पर जर्जर तार बदलने हैं कार्य में तेजी लायें तथा व्यापारियों के नये कनेक्शन की आवश्यक्ता है उनको जल्द से जल्द कनेक्शन उपलब्ध करायें। उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया कि व्यापारियों की समस्याओं का सम्बंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर निस्तारण करायें। सभी अधिकारीगण अपने विभाग से सम्बंधित लाभार्थियों की समस्याओं का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

# शिक्षकों को दी गयी पाठ्य सामग्री

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत 273 बहुदिव्यांग बच्चों को होम बेस्ड एजुकेशन लर्निंग मैटेरियल उपलब्ध कराने के लिए विशेष शिक्षकों को मटेरियल उपलब्ध कराया गया। बताया गया कि बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा दिव्यांग बच्चों के पुनर्वास के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। दिव्यांग बच्चों के लिए आवश्यकता आधारित उपकरण वितरण कैंप भी 26 और 27 नवंबर क्रमशः बीआरसी नौगढ़ एवं डुमरियागंज में आयोजित है।

ब्लॉक संसाधन केंद्र नौगढ़ में वित्त एवं लेखा अधिकारी बेसिक शिक्षा नीलोत्तम चौबे, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा करुणापति त्रिपाठी, जिला समन्वयक समुदायिक सहभागिता अमित शुक्ला की मौजूदगी में सामग्रियों की क्वालिटी का सत्यापन किया गया। इसके बाद सामग्रियों का वितरण किया गया। लर्निंग मैटेरियल बहुदिव्यांग बच्चों के विशिष्ट आवश्यकता को ध्यान में रख के दिया गया है, जिसमें अल्फाबेटिक हिन्दी पजल बोर्ड, अल्फाबेटिक अंग्रेजी पजल बोर्ड, अल्फाबेटिक नंबर पजल बोर्ड, आकार एवं आकृतियां का पजल बोर्ड, फूल का पजल बोर्ड, शरीर के अंगों का पजल बोर्ड, फल का मॉडल एवं पजल बोर्ड, यातायात के साधनों का मॉडल एवं पजल बोर्ड, डॉक्टरसेट, मूजिकाल ईक्विपमेंट, सब्जियों का मॉडल एवं पजल बोर्ड, जानवरों का मॉडल एवं पजल बोर्ड, किचनसेट, हिन्दी वर्णमाला, अंग्रेजी वर्णमाला, गिनती, पहाड़ा, पशु के चार्ट, पक्षियों के चार्ट, किचन सामग्री, चिकित्सकीय सामग्री, शरीर के विभिन्न अंग, फल, सब्जियां, फूल, भारत के महापुरुषों चार्ट, एतिहासिक इमारत, यातायात के साधन, ट्रैफिक चिन्ह, पर्यावरण के विभिन्न चार्ट, काउंटिंग फ्रेम, काउंटिंग स्टिक्स, बिल्डिंग ब्लॉक्स, लूप एक्सरसाइजर बैंड आदि शामिल है। इस मौके पर गणेश गौड़, राघवेंद्र मिश्र, चित्ररेखा मिश्र, सुषमा पांडेय, राकेश चौधरी, प्रदीप सिंह, प्रदुम्न सिंह, अखिलेश मिश्र, अवनीश त्रिपाठी, विनय पांडेय, अर्जुन वर्मा, राममंगल उपाध्याय आदि की मौजूदगी रही।

# सहरसा-अमृतसर के बीच चलेगी विशेष गाड़ी

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** 04662/04661 अमृतसर-सहरसा-अमृतसर वाया गोरखपुर पूजा विशेष गाड़ी का संचालन अमृतसर से 29 अक्टूबर एवं 3 नवम्बर को तथा सहरसा से 31 अक्टूबर एवं 05 नवम्बर को 2 फेरों के लिए किया जायेगा।

04662 अमृतसर-सहरसा पूजा विशेष गाड़ी 29 अक्टूबर एवं 03 नवम्बर को अमृतसर से 20.10 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन अम्बाला कैण्ट से 00.40 बजे, तीसरे दिन समस्तीपुर से 00.10 बजे, सहरसा 05.00 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 04661 सहरसा-अमृतसर पूजा विशेष गाड़ी 31 अक्टूबर एवं 05 नवम्बर को सहरसा से 10.00 बजे चलकर, दूसरे दिन सीतापुर से 02.00 बजे, बरेली से 06.22 बजे, मुरादाबाद से 08.20 बजे, सहारनपुर से 11.40 बजे, यमुनानगर जगाधरी से 12.22 बजे, अम्बाला कैण्ट 13.25 बजे, राजपुरा से 14.00 बजे, सरहिन्द से 14.20 बजे, ढंडारी कलॉ से 15.30 बजे, जलंधर सिटी से 17.05 बजे तथा व्यास से 17.37 बजे छूटकर अमृतसर 18.20 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में कुल 20 कोच लगाये जायेंगे। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# कटरा-कामाख्या के बीच चलेगी विशेष ट्रेन



संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा 04680/04679 श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा-कामाख्या-श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा पूजा विशेष गाड़ी का संचालन श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा से 28 अक्टूबर एवं 02 नवम्बर को तथा कामाख्या से 31 अक्टूबर एवं 05 नवम्बर को 02 फेरों के लिए किया जायेगा।

04680 श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा-कामाख्या पूजा विशेष गाड़ी 28 अक्टूबर एवं 02 नवम्बर को श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा से 18.40 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन ढंडारी कलॉ से 01.30 बजे, तीसरे दिन छपरा से 00.45 बजे, न्यू जलपाई गुड़ी से 11.50 बजे, न्यू कूचबिहार से 13.55 बजे, न्यू बोंगाईंगांव से 16.20 बजे तथा गोलपारा टाउन से 17.30 बजे छूटकर कामाख्या 21.55 बजे पहुंचेगी । वापसी यात्रा में 04679 कामाख्या-श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा पूजा विशेष गाड़ी 31 अक्टूबर एवं 05 नवम्बर को कामाख्या से 06.00 बजे प्रस्थान कर गोलपारा टाउन से 08.00 बजे, न्यू बोगाईंगांव से 09.20, न्यू कूचबिहार से 11.55 बजे, न्यू जलपाई गुडी से 14.15 बजे, किशनगंज से 15.17 बजे, कटिहार से 18.00 बजे, नौगछिया से 18.50 बजे, खगड़िया से 19.45 बजे, बेगूसराय से 20.30 बजे, बरौनी से 21.20 बजे, हाजीपुर से 23.05 बजे, दूसरे दिन छपरा से 00.55 बजे, गोरखपुर से 04.10 बजे, बस्ती से 05.10 बजे, गोण्डा से 06.35 बजे, सीतापुर से 10.00 बजे, बरेली से 13.35 बजे, मुरादाबाद से 15.25 बजे, सहारनपुर से 18.50 बजे, अम्बाला कैण्ट 20.33 बजे, चण्डीगढ़ से 21.35, ढंडारी कलॉ से 23.30 बजे, तीसरे दिन जलंधर कैण्ट से 00.35 बजे, पठानकोट से 02.30 बजे, जम्मू तवी से 04.25 बजे तथा शहीद कैप्टन तुषार महाजन से 05.24 बजे छूटकर श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा 06.20 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में कुल 20 कोच लगाये जायेंगे। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### आज परिवर्तित मार्ग से चलेगी गांधीधाम-भागलपुर ट्रेन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा पश्चिम रेलवे के आणन्द-गोधरा दोहरीकरण कार्य के परिप्रेक्ष्य में ब्लाक दिये जाने के कारण गांधीधाम से 25 अक्टूबरको चलने वाली 09451 गांधीधाम-भागलपुर विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग वीरमगाम-अहमदाबाद-गेरतपुर-आणन्द-डायमण्ड हार्बर-गोधरा-नागदा-मथुरा जं0 के स्थान पर परिवर्तित मार्ग वीरमगाम-अहमदाबाद-गेरतपुर-आणन्द-बाजवा-गोधरा-नागदा-मथुरा जं. के रास्ते चलाई जायेगी।

## पीएम स्वनिधि योजना का उठायें लाभ

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** रेहड़ी-पटरी व फेरी वालों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करते हुये चेयरमैन सुनील अग्रहरि ने लोगों से अपील की है कि वे इस योजना का लाभ लेकर अपने व्यवसाय को सशक्त बनायें। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत, रेहड़ी- पटरी वालों को 10 हजार से लेकर 50 हजार तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाता है। इससे वे अपना व्यवसाय सुचारू रूप से चला सकें और अपनी आजीविका को स्थिर बना सकें। चेयरमैन सुनील अग्रहरि ने कहा कि यह योजना छोटे व्यापारियों को आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान करने में भूमिका निभा रही है।

स्पर्धा

**31वीं अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल बास्केटबॉल प्रतियोगिता का समापन, दक्षिण रेलवे को 82-44 अंकों से हराया**

# पूर्वोत्तर रेलवे की टीम ने जीता खिताबी मुकाबला

संवाददाता, गोरखपुर




ट्राफी के साथ विजेता खिलाड़ी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आरपीएफ पूर्वोत्तर रेलवे के तत्त्वावधान में सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम 21 से 24 अक्टूबरतक खेली गई 31वीं अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल बास्केटबॉल प्रतियोगिता-2024 के अंतिम दिन गुरुवार को हुए फाइनल मुकाबले में पूर्वोत्तर रेलवे ने दक्षिण रेलवे को 82-44 अंको से हराकर प्रतियोगिता जीत ली।

पूर्वोत्तर रेलवे के राम आसरे यादव, एबी जडेजा, दीपक कश्यप, अजय मल्ल, अजीत तिवारी, सुनील महला, राकेश कुमार के बेहतर प्रदर्शन के बदौलत पूर्वोत्तर रेलवे ने प्रारम्भ से ही मैच पर दबदबा बनाये रखा। दक्षिण रेलवे प्रतियोगिता की उपजेता रही। दक्षिण रेलवे के महेन्द्र, रंजन, पी. उदय का प्रदर्शन बेहतर रहा। इस अवसर पर महाप्रबन्धक सौम्या माथुर ने विजेता एवं उपजेता टीमों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया।

महाप्रबन्धक सौम्या माथुर ने कहा कि भविष्य में रेलवे सुरक्षा बल के खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिताओं में रेलवे एवं रेलवे सुरक्षा बल का प्रतिनिधित्व करेंगे।

महाप्रबंधक ने कहा कि खेलकूद से टीम की भावना बढ़ती है। इस अवसर पर प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त/रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे तारिक अहमद ने सभी विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ रेल अधिकारियों एवं आयोजन समिति के पदाधिकारी, पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ासंघ के पदाधिकारियों, अधिकारियों एवं अन्य अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों को बधाई दी। इस प्रतियोगिता में पूर्वोत्तरे रेलवे एवं अन्य क्षेत्रीय रेलों की कुल 9 टीमों ने भाग लिया। टीमों को 2 पूलों में बांटकर 20 मैच खेले गये। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर भारतीय रेलवे सुरक्षा विशेष बल टीम का चयन किया जायेगा। वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त/लखनऊ के निर्देशन में प्रतियोगिता हुआ। इस प्रतियोगिता में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी अमरनाथ ने मैच को सम्पन्न कराने में योगदान दिया। मुख्य सुरक्षा आयुक्त ए. के. बर्नवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके पूर्व, प्रतियोगिता में तीसरे स्थान के लिए हुए मुकाबले में उत्तर रेलवे ने रेलवे सुरक्षा बल को 48-40 अंकों से पराजित किया। इस अवसर पर प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ रेल अधिकारी तथा रेलवे सुरक्षा बल सदस्य तथा बड़ी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित थे। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

## सार-संक्षेप

### लूट के 50 हजार रुपये के साथ दो शातिर गिरफ्तार



लूट की वारदात का खुलासा करते एसएसपी। अमृत विचार

**गोरखपुर, अमृत विचार।** गुलरिया थाना क्षेत्र में लूट की घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लूट के 50 हजार रुपये नकद, एक मोबाइल फोन व एक मोटरसाइकिल क्राइम ब्रांच के सहयोग से गुलरिया पुलिस ने बरामद किया। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने पुलिस लाइन के व्हाइट हाउस सभागार में बताया कि बीती 17 अक्टूबर को महिला भाभी के साथ इलाहाबाद बैंक भटहट ब्रांच से एक लाख रुपए निकलने गई थी। दो व्यक्ति पीछे से आकर बैग जिसमें एक लाख रुपये व एक मोबाइल रखा हुआ था, छीनकर भाग गए। इसकी सूचना तत्काल थाने पर दी गयी थी। इस वारदात का मुकदमा दर्ज किया गया। एसओजी टीम प्रभारी व उप निरीक्षक शंभू दयाल मिश्रा दर्ज मुकदमे के आधार पर सर्वेश चौहान निवासी देवीपुर टोला बड़ा दुर्गापुर थाना चिलुआताल और धीरज उर्फ मूसे यादव निवासी देवीपुर ओला बड़ा दुर्गापुर थाना चिलुआताल को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 50 हजार की नकदी, एक मोबाइल व एक मोटरसाइकिल बरामद की। प्रेस वार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक नगर अभिनव त्यागी, पुलिस अधीक्षक दक्षिणी जितेंद्र कुमार सीओ गोरखनाथ रवि कुमार सिंह मौजूद रहे।

### छात्रों ने कृषि क्षेत्र के चार स्थानों का किया भ्रमण

**गोरखपुर, अमृत विचार।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कृषि संकाय के तृतीय वर्ष के छात्रों ने वाराणसी स्थित कृषि क्षेत्र के राष्ट्रीय महत्व के चार प्रमुख संस्थानों भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान, काशी हिंदू विश्वविद्यालय, अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान (इरी) व राष्ट्रीय बीज अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र का दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। छात्रों ने भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान में शाकीय फसलों के अनुवांशिक सुधार, उत्पादन, सुरक्षा व प्रबंधन आदि महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी प्राप्त की व शोध की बारीकियों को समझा। इसी क्रम में इरी में भ्रमण को पहुंचे विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए निदेशक डॉ. सुधांशु सिंह ने कृषि को भारतीय अर्थव्यवस्था का रीढ़ बताते हुए कहा कि वर्तमान में विश्व की 60 प्रतिशत धान की किस्में इरी द्वारा विकसित की गई हैं। विद्यार्थियों ने इरी में उन्नत प्रयोगशालाएं, अत्याधुनिक फॉर्म मशीनरी, कम्प्यूट्रीकृत जीव विज्ञान प्रयोगशाला और मृदा परीक्षण प्रयोगशाला का अवलोकन किया व उनके संचालन की विधि को समझा। विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय बीज अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र में बीज स्वास्थ्य परीक्षण, डीएनए फिंगरप्रिंटिंग, बीज संग्रहालय इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की। यह शैक्षणिक भ्रमण अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. विमल कुमार दुबे के निर्देशन में डॉ. नवनीत कुमार सिंह, डॉ. सास्वती प्रेमकुमारी, डॉ. डीआर भारद्वाज, डॉ. आशीष कुमार श्रीवास्तव, डॉ कृति, डॉ. राहुल के सहयोग से सम्पन्न हुआ।

### रेलवे अस्पताल में 1 नवंबर से बदलेगा ओपीडी का समय

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा ललित नारायण मिश्र रेलवे चिकित्सालय में आउटपेशेंट विभाग (ओपीडी) के समय में संशोधन किया गया है, जो 1 नवम्बरसे लागू किया जायेगा। ललित नारायण मिश्र रेलवे चिकित्सालय, गोरखपुर में संशोधित समयानुसार सोमवार से शुक्रवार तक ओपीडी रजिस्ट्रेशन 08 .00 बजे से 14 .30 बजे तक, ओपीडी 08 .30 बजे से 15 .00 बजे तक, फार्मेसी (दवा वितरण) 08 .30 बजे से 16 .00 बजे तक तथा टेलीकन्सलटेशन एवं प्रशासनिक कार्य 15 .00 बजे से 16 .00 बजे तक किया जायेगा। इस दौरान लंच अवधि का समय 13 .30 बजे से 14 .00 बजे तक रहेगा। शनिवार को ओपीडी रजिस्ट्रेशन 08 .00 बजे से 12 .30 बजे तक, ओपीडी 08 .30 बजे से 13 .00 बजे तक, फार्मेसी (दवा वितरण) 08 .30 बजे से 13 .30 बजे तक तथा टेलीकन्सलटेशन एवं प्रशासनिक कार्य 13 .00 बजे से 14 .00 बजे तक किया जायेगा। चिकित्सा निदेशक कार्यालय का समय सोमवार से शुक्रवार तक 09 .30 बजे से 17 .00 बजे तक एवं लंच अवधि 13 .30 बजे से 14 .00 बजे तक रहेगी तथा शनिवार को कार्यालय कार्य 09 .00 बजे से 14 .00 बजे तक किया जायेगा। पैथोलॉजी, एक्स-रे, फिजियोथेरेपी, सर्जिकल स्टोर, केंद्रीय औषधीय भंडार एवं पीएमई पूर्व की भांति निर्धारित समयानुसार 09 .00 बजे से 17 .00 बजे तक संचालित होंगे तथा लंच की अवधि 13 .30 बजे से 14 .00 बजे तक रहेगी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### गोरखपुर में रोइंग स्पोर्ट्स सेंटर की स्थापना की बढ़ी आस

**गोरखपुर, अमृत विचार।** डेढ़ साल में राष्ट्रीय स्तर की दो रोइंग प्रतियोगिताओं के आयोजन से गोरखपुर में रोइंग स्पोर्ट्स सेंटर की स्थापना की उम्मीदें बढ़ गई हैं। रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया, स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया के साथ मिलकर गोरखपुर में रोइंग स्पोर्ट्स सेंटर या रोइंग एकेडमी शुरू करने का इच्छुक है और इस संबंध में फेडरेशन की तरफ से सरकार को प्रस्ताव दिया जा चुका है। गत वर्ष मई माह में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में रोइंग प्रतियोगिता के शानदार आयोजन और अब सब जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप से गोरखपुर के रामगढ़ताल व इसके समीप स्थित वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में रोइंग स्पोर्ट्स सेंटर/एकेडमी स्थापित होने की उम्मीदों को पंख लगने लगे हैं। रोइंग स्पोर्ट्स सेंटर के लिए रोइंग फेडरेशन आफ इंडिया ने यूपी रोइंग एसोसिएशन के माध्यम से प्रदेश सरकार को अनुरोध पत्र दे रखा है। इसके साथ ही फेडरेशन ने वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में बालक-बालिका वर्ग में रोइंग शिक्षण-प्रशिक्षण बैच शुरू करने का अनुरोध किया है। बुधवार को सब जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप के उद्घाटन पर प्रदेश के खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने भी कहा कि रामगढ़ताल को रोइंग समेत वाटर स्पोर्ट्स का बड़ा केंद्र बनाया जाएगा। रोइंग फेडरेशन आफ इंडिया की अध्यक्ष राजलक्ष्मी सिंह देव का मानना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामगढ़ताल का कायाकल्प कराने के साथ इसके समीप ही वर्ल्ड क्लास वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनवाकर उत्तर प्रदेश में रोइंग के क्षेत्र में संभावनाओं को काफी बढ़ावा दिया है। उन्होंने बताया कि गोरखपुर को केंद्र में रखकर उत्तर प्रदेश को रोइंग का हब बनाने के लिए रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने प्रदेश सरकार के समक्ष दो अनुरोध कर रखे हैं। पहला अनुरोध गोरखपुर के वीर बहादुर सिंह आवासीय स्पोर्ट्स कॉलेज में बालक व बालिका वर्ग में क्रमश : 21-21 की प्रारंभिक क्षमता से रोइंग शिक्षण-प्रशिक्षण का बैच प्रारंभ करने का है। दूसरा अनुरोध गोरखपुर के रामगढ़ताल व वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के सहयोग से रोइंग स्पोर्ट्स सेंटर की स्थापना का है।

### महिला शिक्षक संघ की ब्लाक इकाइयों का गठन



महिला शिक्षक संघ की मनोनीत पदाधिकारी। अमृत विचार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** विभिन्न विषयों पर आपसी चर्चा हेतु महिला शिक्षक संघ की बैठक प्रदेश नेतृत्व के निर्देशन में जिला अध्यक्ष सुषमा सिंह की अध्यक्षता में मुख्यालय पर संपन्न हुई। बैठक में संगठन विस्तार से लेकर शिक्षकों विशेष रूप से महिला शिक्षकों की समस्याओं, स्थानांतरण, संगठन की प्राथमिकताओं आदि पर चर्चा हुई तथा पदाधिकारी भी मनोनीत किये गए। जनपद की ब्लॉक इकाइयों की गठन के दैरान सर्वसम्मति से ब्लॉक बांसी में ब्लॉक अध्यक्ष रिचा अग्रवाल, महामंत्री पुष्पलता, कोषाध्यक्ष सना परवीन के साथ कंचन निषाद, रंजना त्रिपाठी, स्मिता सहाय, कुमुदलता, पूजा त्रिपाठी, अनीता मौर्या, आरती राजपूत एवं किरण बाला आदि को विभिन्न दायित्वों हेतु मनोनीत किया गया। ब्लॉक जोगिया में प्रीति बाजपेयी, ब्लॉक अध्यक्ष, सिंपल सिंह, महामंत्री निधि त्रिपाठी कोषाध्यक्ष के अतिरिक्त रीता गुप्ता, अर्चना गिरी,संगीता और अनीता, पूनम आदि को क्रमश : ब्लॉक इकाई के विभिन्न दायित्व सौंपे गए। इसी प्रकार ब्लॉक बर्डपुर में उमा को ब्लॉक अध्यक्ष का तो ज्योतिकांत वर्मा को महामंत्री, वंदना को कोषाध्यक्ष के दायित्व के साथ अर्चना, कामिनी गुप्ता, गंगाजली, रश्मि गौतम, प्रतीक्षा, निधि गुप्ता आदि के साथ ब्लॉक इकाई गठित की गई। ब्लॉक नौगढ़ में ब्लॉक अध्यक्ष हेतु सरिता गौतम, महामंत्री अनीता सैनी, कोषाध्यक्ष अंजना दुबे के साथ- साथ प्रिया सिंह, पूनम त्यागी, सुषमा मौर्या, कीर्ति कश्यप, श्वेता आदि को ब्लॉक इकाई के दायित्व सौंपे गए। मिठवल से ब्लॉक अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष आदि के रूप में क्रमश : श्रुति मिश्रा, अर्चना कुलश्रेष्ठ, प्रिया गुप्ता, रचना, सोनी, अमृता को मनोनीत किया गया।

# प्रथम निपुण ब्लाक को विधायक देंगे एक लाख रुपये का इनाम

## बीआरसी बेलहर पर प्रधानाध्यापकों एवं प्रधानों की कार्यशाला सम्पन्न

संवाददाता, सांथा, संतकबीरनगर।

**अमृत विचार।** शिक्षा क्षेत्र बेलहर कलां के ब्लाक संसाधन केंद्र पर गुरुवार को बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा ग्राम प्रधानों तथा प्रधानाध्यापकों की एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में शिक्षा के गुणवत्ता में सुधार, नई शिक्षा नीति के अनुपालन तथा विद्यालयों के कायाकल्प आदि विषयों पर चर्चा की गई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेंहदावल विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी रहे।

उन्मुखीकरण कार्यशाला में निपुण भारत के लक्ष्यों एवं उनकी सम्प्रांति हेतु जन जागरण, कायाकल्प के 19 पैरामीटर पर ग्राम प्रधानों को संवेदित, पाठ्य-पुस्तकों में क्यू आर कोड के बारे में जानकारी तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में लोगों को जागरूक करते हुए विद्यालय सम्पतियो के रख-रखाव के बारे में जानकारी दी गई।खण्ड शिक्षा अधिकारी अनीता तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षकों के प्रयास से शिक्षा क्षेत्र के प्रत्येक विद्यालय को जल्द से जल्द निपुण बनाया जाएगा।


प्रधानों को सम्मानित करते विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी। अमृत विचार

विधायक ने अपने सम्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री की महत्वकांक्षी योजना के तहत विद्यालयों का कायाकल्प किया जा रहा है। प्रत्येक विद्यालय को निपुण भारत के अनुसार आगे बढ़ाया जाय। नई शिक्षा नीति पर लोगों को जागरूक किया जाय।उन्होंने कहा कि मेंहदवाल विधान सभा के अंतर्गत जो भी ब्लॉक सबसे पहले निपुण होगा उसे एक लाख का पुरस्कार दिया जाएगा। साथ ही निपुण लक्ष्य हासिल करने वाले विद्यालयों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। विद्यालयों पर अच्छा कार्य करने वाले सियाकटाई,सुमहा, दुल्हीपार,लोहरौली ठकुराई,बरदवा कला,भेलाखर्ग कलां, जंगल बेलहर, लोहरौली,पिपरपाती,अमरडोभा, पकरी आराजी आदि प्रधानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वित्त एवं लेखाधिकारी अभिनय प्रताप सिंह, बीडीओ श्वेता वर्मा, सहायक विकास अधिकारी पंकज सिंह , प्रधान राम प्रकाश दुबे, अरुण शर्मा, धर्मेंद्र नाथ राय, राम सुरेश चौधरी, ओमप्रकाश, बाल गोविंद राय, रणवीर पांडेय, विकास राय, नागेंद्र श्रीवास्तव, अवधेश त्रिपाठी, दुर्गेश, अजय सिंह, संदीप राय, बालमुकुंद, प्रेमचंद्र, संत योगेश्वर, पशुपति नाथ आदि लोग मौजूद रहे।

# शिक्षकों द्वारा किए कार्यों का दृश्य प्रदान करती है शिक्षक डायरी

संवाददाता, मेंहदावल, संतकबीरनगर।

**अमृत विचार।** शिक्षकों द्वारा किए जाने वाले कार्यों का शिक्षक डायरी दृश्य प्रदान करती है। स्कूलों में हर शिक्षक की एक डायरी होनी चाहिए। यह बातें बृहस्पतिवार को बीआरसी भवन पर 116 स्कूलों पर कार्यरत शिक्षकों को शिक्षक डायरी व संदर्शिका वितरण के समय बीईओ ज्ञानचंद्र मिश्र ने कहा।

उन्होंने कहा कि एक शिक्षक जानता है कि क्या पढ़ाया जाना है। समय सारिणी व मासिक चार्ट से कब पढ़ाया जाना है। कौन से तरीके मीडिया और उपयोग किए जाने वाले सभी दृष्टिकोण ही आसानी से उपलब्ध हैं। शिक्षक डायरी में गृह कार्य व मूल्यांकन के प्रकार का उल्लेख किया गया हहै। शिक्षक उपलब्ध समय के अनुसार समयावधि में कार्य कर सकता है। एक शिक्षक पढ़ाने से पहले अध्ययन, संशोधन कर सकता है और तैयारी कर सकता है ताकि वह पढ़ाए जाने वाले विषय से न भटके। शिक्षक डायरी में दर्ज की गई जानकारी का उपयोग शिक्षकों के द्वारा शिक्षण अधिगम रणनीतियों की समीक्षा और संशोधन के लिए किया जाता है। शिक्षक संदर्शिका की मदद से शिक्षक चरण-दर-चरण बच्चों के साथ स्तर अनुसार कार्य करने में सहज होंगे। संदर्शिका में कक्षा प्रक्रिया के मद्देनज़र कुछ कक्षाओं के अलग-अलग विषयों से उदाहरण भी शामिल किये गए हैं। प्रत्येक विषय के कार्य को बेहतर तरीके से दृष्टिगत किया जा सकेगा। इस अवसर पर आशुतोष कुमार सिंह, प्रशांत कश्यप, रजनीश कुमार शुक्ल, नंद किशोर समेत कई मौजूद रहे।


शिक्षकों को पुस्तक वितरित करते खंड शिक्षा अधिकारी मेंहदावल।

## सार-संक्षेप

### स्वयं सहायता समूह की महिलाएं बन रही आत्मनिर्भर

**मेंहदावल संतकबीरनगर, अमृत विचार।** मेंहदावल विकास खण्ड क्षेत्र मे संचालित स्वयं सहायता समूह की महिलाये अपने कार्यों एवं मेंहनत के कारण लगातार आत्मनिर्भर बनती जा रही है। स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने में बहुत मदद की है। समूहों के माध्यम से, महिलाओ को हुनर और कौशल विकास को लगातार बढ़ावा मिल रहा है, जिससे अपने समुदाय में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। मेंहदावल विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत साडे खुर्द में संचालित मां शारदा महिला स्वयं सहायता समूह के द्वारा सीआईएफ के पैसे से रीपर मशीन से धान कटाई का कार्य किया जा रहा है, जिससे कि उसे समूह की अच्छी खासी आमदनी हो रही है और महिलाएं जागरुक एवं आत्मनिर्भर बन रही है। आत्मनिर्भर बनने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है, और इससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में मदद मिलेगी। ब्लॉक मिशन अधिकारी धीरेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि महिलाओं के स्वरोजगार के लिए सरकार द्वारा सीआई एफ एवं सीसीएल फंड के द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत उपलब्ध कराया जा रहा है और लगातार मेरे द्वारा महिलाओं को रोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।


रीपर मशीन से धान काटती समूह की महिला

### लक्ष्मी पूजा सकुशल संपन्न कराने को लेकर पुलिस सतर्क



**कुशीनगर, अमृत विचार :** पडरौना के छावनी में हुए प्रतिमा पर पथराव के बाद पुलिस काफी सतर्कता बरत रही है।अब पुलिस लक्ष्मी पूजा और छठ पर्व को सकुशल संपन्न कराने को लेकर अभी से जुट गई है। बृहस्पतिवार को कोतवाली पडरौना परिसर में एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने डीजे और मूर्तिकारों के साथ बैठक की। मूर्तिकारों से एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने लक्ष्मी गणेश सरस्वती प्रतिमाओं के ऊंचाई के बारे में जानकारी ली। इसके बाद डीजे संचालकों से भी डीजे के बारे में बजाने से लेकर प्रतिमा ले जाने और विसर्जन तक की जानकारी ली। एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने अपने सख्त लहजे में हिदायत दी की शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक लक्ष्मी पूजा समारोह में ट्रैक्टर ट्राली पर ले जाने वाले प्रतिमाओं के साथ संबंधित दरोगा और हल्के के सिपाही की मौजूदगी अनिवार्य होगी,इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बरतने वाले संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ तत्काल कारवाई की जाएगी। उन्होंने डीजे संचालकों से आपत्तिजनक गाना बजाने वाले संचालक के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने का कार्य किया जाएगा। इसके बाद पडरौना से जुड़े पुलिसकर्मियों के साथ बैठक कर क्षेत्र में सतर्कता के निर्देश दिए।इस दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रवि राय,वरिष्ठ उनि रवि भूषण राय,अपराध निरीक्षक महेंद्र प्रताप सिंह, सहित अन्य मौजूद रहे।

### खाद की कालाबाजारी से किसान परेशान : अखिलेश

अमृत विचार, लखनऊ : सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में जिलों में खाद की कालाबाजारी और मुनाफाखोरी हो रही है। किसानों को आलू, गेहूं और अन्य फसलों की बुआई के लिए डीएपी, यूरिया और अन्य खादें नहीं मिल रही हैं। सपा प्रमुख ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि पिछले एक पखवारे में मैनपुरी, कन्नौज समेत कई जिलों के किसानों ने डीएपी की कमी को लेकर प्रदर्शन किया था। बीते सोमवार को चित्रकूट में डीएपी न मिलने से परेशान किसान ने अपने खेत में पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सरकार को किसानों की समस्याएं नहीं दिख रही हैं।

# स्कूलों में कायाकल्प पर ध्यान दें प्रधान

संवाददाता, सेमरियावां, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार के निर्देश पर गुरुवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र सेमरियावां पर एक दिवसीय ग्रामप्रधान,स्थानीय प्राधिकारी एवं प्रधानाध्यापक की संगोष्ठी संपन्न हुई।

इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि खंड विकास अधिकारी विजय कुमार सिंह ने कहा विकास खंड सेमरियावां में प्रधानगण गांव में विकास कार्य तेजी के साथ करा रहे हैं। जो प्रशंसनीय है। बेसिक स्कूलों में कायाकल्प के तहत 19 बिंदु पर समुचित ध्यान दें। विद्यालय स्तर कोई कार्य अवशेष हो उसे प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराएं। क्षेत्र के अधिकांश विद्यालयों में कायाकल्प के तहत कार्य हुए हैं। बाउंड्रीवाल अवश्य पूरे कराएं।

खंड शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बेसिक शिक्षा विभाग संचालित विभिन्न योजनाओं डीबीटी,मध्याह्न भोजन,शारदा कार्यक्रम,निपुण भारत मिशन,विद्यालय प्रबंध समिति,आपरेशन कायाकल्प आदि योजना के बारे में गोष्ठी में जानकारी दी। डीबीटी के माध्यम से धनराशि का सीधे अभिभावक के बैंक खाते में प्रेषित कर बच्चों को लाभ दिया जा रहा है।


बेसिक शिक्षा विभाग कार्यक्रम में जानकारी देते मुख्यातिथि। अमृत विचार

कार्यक्रम को ग्राम प्रधान डॉ मो शफीक ,शेषनाथ प्रधान,अब्दुर्रहीम,संजय द्विवेदी ,जफीर अली ने संबोधित किया। इस गोष्ठी में अबरार अहमद प्रधान,इंद्रदेव प्रधान,अदील अहमद प्रधान,योगेन्द्र कुमार प्रधान,राजेंद्र प्रसाद प्रधान,रहमतुल्लाह प्रधान,इंसान अली प्रधान, सुभाष कुमार जुल्फेकार अहमद प्रधान,प्रेमनाथ चौधरी प्रधान, करम हुसैन प्रधान,राम नारायण चौधरी प्रधान,मो आजम,असरारुल हक,सर्वेश प्रताप नागवंशी,अशरफ अली, पंकज कुमार,शकील अहमद आदि प्राथमिक विद्यालय जुनियर हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक मौजूद रहे।

# मतदाता सूची को लेकर हुई बैठक

संवाददाता, संतकबीरनगर।

**अमृत विचार।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्षों/मंत्री/प्रतिनिधि के साथ कलेक्ट्रेट में विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में बैठक आयोजित हुई।

बैठक में अपर जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/मंत्री/प्रतिनिधियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम से अवगत कराया गया।

उन्होंने बताया कि मतदाता सूची का ड्राफ्ट पब्लिकेशन दिनांक 29 अक्टूबर 2024 (मंगलवार) को कर दिया जाएगा। दिनांक 29 अक्टूबर 2024 से 28 नवम्बर 2024 तक की समयावधि में दावे और आपत्तियों को प्राप्त किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में विशेष अभियान की 04 तिथियां दिनांक 09, 10, 23 एवं 24 नवम्बर 2024 निर्धारित की गयी है जिसके दौरान बी0एल0ओ0 द्वारा अपने-अपने बूथों पर मतदाता सूची से सम्बंधित समस्त गतिविधियों का अर्हता तिथि के आधार पर फार्म प्राप्त करते हुए अथवा नाम, जोड़ने, काटने एवं परिस्कृत करने से सम्बंधित गतिविधियों के आधार पर कार्यवाही करते हुए उच्च स्तरीय अधिकारी को उपलब्ध करायेगें। दिनांक 24 दिसम्बर 2024(मंगलवार) तक सभी दावे और आपत्तियों का निस्तारण करते हुए दिनांक 06 जनवरी 2025 (सोमवार) को अंतिम रूप से मतदाता सूची का प्रकाशन कराया जाएगा।


कलेक्ट्रेट में बैठक करते एडीएम जय प्रकाश। अमृत विचार

# कम्बाइन मशीन व टेंपों की भिड़ंत में एक की मौत, 9 घायल


दुर्घटना के बाद प्राथमिक उपचार कर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

संवाददाता कुशीनगर।

**अमृत विचार :** जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के कप्तानगंज बोदरवार मार्ग पर बड़हरा बाबू के पास कम्बाइन मशीन से तीर्थ यात्रियों से भरी टेंपो मैं टक्कर हो गई। टेंपो थावे देवी दर्शन करके आ रहे श्रद्धालुओं को लेकर पिपराइच के तरफ जा रही थी। इस भिड़ंत में टैम्पू सवार सागर पुत्र धर्मराज उम्र 11 बर्ष निवासी गौनर थाना चौरी चौरा की मौत घटना स्थल पर हो गयी। वहीं आटो चालक राहुल पुत्र राजू नगर पंचायत कप्तानगंज,खुशी पुत्री धर्मेन्द्र उम्र 12 बर्ष निवासी सरदार नगर,सीमा पासवान पत्नी धर्मेन्द्र उम्र 35 बर्ष ,मीना पत्नी मनोज कुमार गोंड 35 बर्ष गौनर खास,अनिकेत पुत्र मनोज कुमार गौड़ 7 बर्ष, सत्यम पुत्र रामनरेश 8 बर्ष, गौनर खास, पूनम पत्नी टिंकू उम्र 32 बर्ष, बड़े गांव पिपराइच, कौशल्या पत्नी रामदरश उम्र 40 बर्ष गौनर,मीरा पत्नी धर्मेन्द्र गौनर खास,गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को ईलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज पहुंची जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के उपरांत मेडिकल कालेज रेफर कर दिए। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही में जुट गई। घटना में शामिल कम्बाइन मशीन व टैम्पू पुलिस के कब्जे में है।

# अब पूर्व विधायक ने की जेडीसी की शिकायत

**संतकबीरनगर।** जिले के पूर्व सीडीओ व वर्तमान बस्ती मंडल के जेडीसी संतकुमार के ऊपर शिकायतों का दौर थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। अभी एक सप्ताह पहले मेंहदावल से विधायक व निषाद पार्टी के विधानमंडल दल के नेता अनिल कुमार त्रिपाठी ने ग्राम विकास आयुक्त को शिकायत भेज कर जेडीसी के ऊपर वसूली करने का आरोप लगाया था, अभी इसकी जांच शासन ने ग्राम विकास आयुक्त को सौंपी ही थी , कि पूर्व विधायक मेंहदावल व मुख्यमंत्री के बेहद करीबी माने जाने वाले राकेश सिंह बघेल ने भी शासन में शिकायत कर संतकुमार के खिलाफ चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया है। अब दोबारा शासन ने फिर जेडीसी बस्ती मंडल से 15 दिन के अंदर बिंदुवार जवाब मांगा है । मेंहदावल के पूर्व विधायक राकेश सिंह बघेल ने अपर मुख्य सचिव ग्राम विकास विभाग को पत्र लिखकर कहा है कि बस्ती मंडल के जेडीसी संत कुमार स्वयं लगभग डेढ़ वर्षो तक संतकबीरनगर में सीडीओ रहे हैं । इनके द्वारा शासनादेश संख्या 10 17 / 33 - 3 - 2020 - 11 / दिनांक 16 जून 2020 का उल्लंघन किया गया है। स्वयं सीडीओ रहते हुए यह उन्हीं के पर्यवेक्षण दायित्व का विषय था।

# पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

संवाददाता,मेंहदावल, संतकबीरनगर।

- पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले का किया खुलासा

**अमृत विचार।** गुरुवार को मेंहदावल पुलिस ने एक बड़े मामले का खुलासा करते हुए चार अभियुक्त को गिरफ्तार का ज़ेल भेज दिया है । चारों अभियुक्त बीते दिनों पहले साथा - मेंहदावल मार्ग पर झपट्टा मारते हुए मोबाइल फोन को छीन लिए थे, जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश कर रही थी। गुरुवार को सफलता मिलने के बाद पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस का मामले का खुलासा किया।

प्रभारी निरीक्षक मेंहदावल के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा मुखबीर की सूचना के आधार पर धारा 309(4)/317(2) बीएनएस की घटना का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त महेश चौरसिया पुत्र राजेंद्र प्रसाद , विकास चौरसिया पुत्र रामकेश , अभिषेक निषाद पुत्र विजय कुमार मोनू चौरसिया पुत्र रामअवध निवासीगण औरही थाना मेंहदावल जनपद संतकबीरनगर को गिरफ्तार किया ।04 अदद मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त एक अदद मोटरसाइकिल पल्सर HR26BJ2126 बरामद ।

प्रभारी निरीक्षक रामकृपाल सिंह ने बताया कि पीड़ित द्वारा थाना मेंहदावल पर बावत वादी के भाई खलीलाबाद से घर जा रहा था कि ग्राम फरदहा नहर पुलिया के पास से चार अज्ञात व्यक्ति द्वारा प्रार्थी के भाई से मोबाइल छीन लेने के सम्बन्ध मे दिया गया।

जिसके संबंध में थाना स्थानीय पर मुअस- 299/2024 धारा 304(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया। इसके पश्चात थाना मेहदावल पुलिस ने तत्काल कार्यवाही करते हुए मुकदमा उपरोक्त से संबंधित चार नफर अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा । गिरफ्तार करने वाली टीम में सब इंस्पेक्टर सहेन्द्र यादव , हेड कांस्टेबल मोतीलाल यादव, सुरेन सिंह, रामरतन तिवारी, हरीप्रसाद शर्मा, कांस्टेबल अरमान खान, वीरेंद्र कुमार शामिल रहे।

# अभाविप के पोस्टर का हुआ विमोचन

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) का 22, 23 और 24 नवम्बर को दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले 70वें राष्ट्रीय अधिवेशन के पोस्टर का विमोचन खलीलाबाद स्थित हीरालाल रामनिवास स्नात्कोत्तर महाविद्यालय में किया गया। बताते चलें कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन के तीन दिवसीय आयोजन के दौरान देश के विभिन्न प्रांतों से विद्यार्थी अधिवेशन का हिस्सा बनने गोरखपुर पहुंचेंगे।

अभाविप के नगर अध्यक्ष डॉ मनोज वर्मा ने बताया कि नवम्बर माह में अखिल भारतीय विद्यार्थी का 70वां राष्ट्रीय अधिवेशन गोरखपुर में आयोजित होने जा रहा है। इस अधिवेशन का हिस्सा बनने के लिए समूचे देश से प्रतिनिधि गोरखपुर आएंगे। डॉ मनोज मिश्र ने कहा कि राष्ट्रीय अधिवेशन में देश के सभी क्षेत्रों से आने वाले प्रतिनिधि अभाविप की आगामी कार्ययोजना को साकार रूप प्रदान करेंगे। अभाविप गोरक्ष प्रांत के सहमंत्री माधवेन्द्र तिवारी ने बताया कि अभाविप के 70 वें राष्ट्रीय अधिवेशन मे संगठन के 7 दशकों की संगठनात्मक गौरवशाली यात्रा के विभिन्न चरणों से छात्रों को परिचित कराने, शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र में हुए आंदोलनों में विद्यार्थी परिषद के योगदान, देश के विभिन्न क्षेत्रों से राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग ले रहे छात्रशक्ति द्वारा देश के अनेकता में एकता का स्वरूप दिखाई देगा।अभाविप के जिला संगठन मंत्री आलोक मिश्र ने बताया कि गोरखपुर में आयोजित हो रहे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन वर्तमान की शिक्षा क्षेत्र की परिवर्तनकारी स्थितियों सहित समाज, युवाओं और शिक्षा संबंधी विषयों को प्रमुखता से रेखांकित करने वाला होगा। इस अवसर पर मारुति नंदन पाठक, रवि शंकर सिंह, आलोक राय सहित संगठन के तमाम पदाधिकारी और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।


पोस्टर का विमोचन करते अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता।

### जहर खुरानी का शिकार हुआ युवक

**कुशीनगर, अमृत विचार।** कप्तानगंज जंक्शन पर ज़हर खुरानी के शिकार युवक को रेलवे सुरक्षा बल द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज ईलाज हेतु भर्ती कराया गया जहां उसका ईलाज चल रहा है।उक्त युवक लक्ष्मण पुत्र रामचन्द्र उम्र 22 बर्ष निवासी तमकुवहा थाना धनहा जिला पश्चिमी चम्पारण प्रांत विहार बता रहा है। जो दिल्ली से घर वापस आ रहा था जो ट्रेन में कहीं जहर खुरानी का शिकार हो गया है जो पूर्ण मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं है।वहीं प्रभारी निरीक्षक ने बताया है उक्त युवक रेलवे स्टेशन पर विछिप्त अवस्था पड़ा था।

मांग | नगर विकास मंत्री से मिले नगर पंचायत अध्यक्ष व प्रतिनिधि

# हैंसर को मिले आदर्श नगर पंचायत का दर्जा

संवाददाता, धनघटा , संतकबीरनगर।

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास मंत्री एके शर्मा से हैंसर बाजार धनघटा नगर पंचायत अध्यक्ष रिंकू मणि और उनके पति पूर्व विधानसभा प्रत्याशी धनघटा नील मणि ने मुलाकात कर नगर पंचायत के विकास का खाका तैयार किया। इसके साथ ही उन्होंने दीपावली की अग्रिम शुभकामनाएं भी दी। साथ ही सदस्यता अभियान पर भी विचार विमर्श किया ।

हैंसर बाजार धनघटा नगर पंचायत बनने के बाद से ही नगर पंचायत अध्यक्ष रिंकू मणि व उनके पति नील मणि के द्वारा प्रकाश के लिए स्ट्रीट लाइट, हाई मास्क लाइट, सीसी रोड निर्माण, नाला निर्माण, साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यही नहीं सप्ताह में एक दिन विशेष अभियान चला कर किसी न किसी वार्ड की सफाई व्यापक तरीके से की जाती है जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहता है। इसके साथ ही तमाम जन सरोकारों से जुड़े कार्यों पर भी जिलाधिकारी संत कबीर नगर से मिलकर नील मणि के द्वारा जनहित कार्य कराए जाते हैं। हाल ही में उन्होंने प्रयास कर जहां विधानसभा क्षेत्र के तीन गांव आगापुर , छपरा मगर्वी, चपरा पूर्वी की खतौनी के आधार पर वर्षो से न मिलने वाले किसान सम्मान निधि को दिलाने में अहम भूमिका निभाई। वहीं बृहस्पतिवार को नगर पंचायत अध्यक्ष रिंकू मणि और पूर्व विधानसभा प्रत्याशी नील मणि ने नगर विकास मंत्री एके शर्मा से मुलाकात कर नगर पंचायत में और तमाम तरह की योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर चर्चा की। पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नील मणि ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र को कैसे सुव्यवस्थित, स्वस्थ नगर पंचायत स्वच्छ नगर पंचायत के अलावा सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी महत्वपूर्ण योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाए और एक आदर्श नगर पंचायत बनाया जाए ।


नगर विकास मंत्री से लखनऊ में मुलाकात करते नगर पंचायत अध्यक्ष रिंकू मणि व प्रतिनिधि नील मणि। अमृत विचार

# रिश्वत लेते गिरफ्तार जेई और मेट भेजे गए जेल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सीबीआई लखनऊ की एंटी करप्शन शाखा की टीम ने मंगलवार को अयोध्या छावनी परिषद के मेट को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते दबोचा था। वहीं, बुधवार को संविदा जेई को भी गिरफ्तार कर लिया। दोनों को सीबीआई की अदालत में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया गया है। आरोपियों ने लकड़ी खरीदने वाले ठेकेदार को अनुमति पत्र देने के नाम पर 15 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी।

सीबीआई अधिकारी के मुताबिक, मैनपुरी के रूहेला निवासी शिवम ने अयोध्या छावनी परिषद से नीलामी में 1,37,500 रुपये कीमत की लकड़ी खरीदी थी। लकड़ी उठवाने की अनुमति पत्र जारी करने के लिए संविदा पर तैनात जूनियर इंजीनियर अमित के इशारे पर मेट विजय कुमार ने 15 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी। शिवम ने इसकी शिकायत सीबीआई की एंटी करप्शन शाखा में की। टीम ने मंगलवार को रिपोर्ट दर्ज कर छावनी परिषद में छापा मारकर मेट विजय कुमार को ठेकेदार शिवम से 10 हजार रुपये रिश्वत लेते दबोच लिया। पूछताछ के बाद संविदा पर तैनात इंजीनियर अमित को भी हिरासत में ले लिया गया। बुधवार सुबह सीबीआई टीम लखनऊ वापस आ गई। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया गया।

# मिल्कीपुर उप चुनाव को लेकर मांगा जवाब

**विधि संवाददाता, अमृत विचार, लखनऊ :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अयोध्या के मिल्कीपुर विधान सभा क्षेत्र के उप चुनाव के सम्बन्ध में दाखिल जनहित याचिका पर चुनाव आयोग से जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 12 नवंबर को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने मिल्कीपुर निवासी प्रभुनाथ तिवारी की याचिका पर पारित किया। याचिका में उप चुनाव समय से कराने की मांग की गई है। याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने चुनाव आयोग के अधिवक्ता को आदेश दिया कि वह इस संबंध में आयोग से निर्देश प्राप्त कर अगली सुनवाई पर जवाब दें। उल्लेखनीय है कि भाजपा नेता गोरखनाथ द्वारा दाखिल एक निर्वाचन याचिका के विचाराधीन होने के कारण चुनाव आयोग ने मिल्कीपुर के उप चुनाव की तारीख घोषित नहीं की। गोरखनाथ की ओर से याचिका को वापस लिए जाने का प्रार्थना पत्र दाखिल किया गया परंतु तय प्रक्रिया न अपनाए जाने की वजह से प्रार्थना पत्र पर सुनवाई टल गई।

## एक नजर

### सीओएआई ने की लाइसेंस शुल्क में कटौती की वकालत

**नई दिल्ली।** दूरसंचार उद्योग के संगठन सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) ने दूरसंचार कंपनियों के लिए समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) से संबंधित शुल्क को यथाशीघ्र समाप्त करने या कम करने का गुरुवार को आग्रह किया। साथ ही लाइसेंस शुल्क को सकल राजस्व का 0.5-1 प्रतिशत करने की वकालत भी की। सीओएआई ने तर्क दिया कि स्पेक्ट्रम को लाइसेंस से अलग करने और बाजार मूल्य पर इसके आवंटन के साथ लाइसेंस शुल्क लगाने का औचित्य बहुत पहले ही समाप्त हो गया था। दूरसंचार निकाय के सदस्यों में रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया शामिल हैं। उसने कहा कि दूरसंचार कंपनियों से एजीआर के आधार पर लिया जाने वाला भुगतान कंपनियों के लिए दोहरी मार है, क्योंकि स्पेक्ट्रम खरीदने के लिए उन्हें पहले ही भारी निवेश करना पड़ता है।

### एफआईआई की बिकवाली से बाजार चौथे दिन भी गिरा

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला गुरुवार को लगातार चौथे दिन जारी रहा और बीएसई संसेक्स 17 अंक गिर गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की पूंजी निकासी जारी रहने और वित्तीय परिणाम अपेक्षा के अनुरूप नहीं होने से दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली और वाहन कंपनियों के शेयरों में बिकवाली देखने को मिली। संसेक्स में शामिल शेयरों में हिंदुस्तान यूनिलीवर में करीब छह प्रतिशत की गिरावट आई। दैनिक उपयोग का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली इस कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 2.33 प्रतिशत घटकर 2,595 करोड़ रुपये रहने से इसका शेयर गिर गया। नेस्ले, आईटीसी, मारुति, एशियन पेंट्स, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, लार्सन एंड टुब्रो और एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर भी नीचे आए।

# विश्व बैंक के अध्यक्ष से वित्तमंत्री मिलीं, एमडीबी सुधारों पर चर्चा

## विश्व बैंक की ओर से आईईजी की सिफारिशों को आगे बढ़ाने की प्रतीक्षा

वाशिंगटन, एजेंसी



- भविष्य में सिफारिशों के कार्यान्वयन की नियमित निगरानी का किया अनुरोध

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा से मिलीं और अन्य मुद्दों के अलावा बहुपक्षीय विकास बैंकों में सुधार पर चर्चा की। विश्व बैंक व अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की वार्षिक बैठकों से इतर दोनों ने वैश्विक वस्तुओं में निजी पूंजी की भागीदारी से जुड़े मुद्दों, ऊर्जा सुरक्षा व बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमडीबीएस) में सुधार पर चर्चा की।

वित्त मंत्रालय ने एक्स पर लिखा कि वित्त मंत्री ने कहा कि वह विश्व बैंक द्वारा भारत की जी-20 अध्यक्षता से एमडीबी सुधारों पर आईईजी की सिफारिशों को आगे बढ़ाने की प्रतीक्षा कर रही हैं। उन्होंने भविष्य में सिफारिशों के कार्यान्वयन की नियमित निगरानी का भी अनुरोध किया। भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान 2023 में गठित स्वतंत्र विशेषज्ञ समूह (आईईजी) ने एमडीबी में सुधारों के ट्रिपल एजेंडे की सिफारिश की है। इसके तीन तत्व गरीबी समाप्त करना, साझा समृद्धि बढ़ाना व वैश्विक वस्तुओं के लिए ऋण तीन गुना बढ़ाने और तीसरा वित्तपोषण तंत्र बनाना शामिल है।

### कोई भारत को नजरअंदाज नहीं कर सकता

**वाशिंगटन।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत की प्राथमिकता प्रभुत्व स्थापित करना नहीं बल्कि अपने प्रभाव को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि अमेरिका हो या चीन कोई भी देश आज भारत को नजरअंदाज नहीं कर सकता। सीतारमण ने सेंटर फॉर ग्लोबल डेवलपमेंट द्वारा आयोजित ब्रेटन वुड्स एट 80 : प्रायोरिटीज फॉर द नेक्स्ट डेकेड में परिचर्चा के दौरान ये टिप्पणियां कीं।

# नेशनल फंड्स : विकास में आपका महत्वपूर्ण योगदान

नेशनल फंड्स एक महत्वपूर्ण वित्तीय साधन हैं, जो सरकारी और सार्वजनिक विकासात्मक परियोजनाओं के लिए पूंजी जुटाने का कार्य करते हैं। इनमें निवेश करके आप न केवल अपने वित्तीय लक्ष्यों को पूरा कर सकते हैं, बल्कि देश के विकास में भी सक्रिय भागीदारी निभा सकते हैं। हालांकि, निवेश करते समय कुछ जोखिम भी होते हैं, जैसे बाजार का उतार-चढ़ाव और लिक्विडिटी के मुद्दे। सही जानकारी और रणनीति के साथ, आप नेशनल फंड्स में सफलतापूर्वक निवेश कर सकते हैं और इसके लाभ प्राप्त कर सकते हैं। आइए इसके बारे में जानें...

### नेशनल फंड्स क्या है?

नेशनल फंड्स आमतौर पर सरकारी या सार्वजनिक संस्थानों की ओर से प्रबंधित फंड होते हैं, जिनका उद्देश्य विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों के लिए पूंजी जुटाना होता है। ये फंड्स अलग-अलग सेक्टरों में निवेश कर सकते हैं, जैसे- शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचा, और पर्यावरण।

### कैसे करें निवेश?

- **फंड का चयन :** सबसे पहले, विभिन्न नेशनल फंड्स की जानकारी प्राप्त करें और अपनी जरूरतों के अनुसार एक फंड चुनें।
- **प्रवेश प्रक्रिया :** फंड में निवेश करने के लिए आवश्यक दस्तावेज तैयार करें। इसमें आधार कार्ड, पेन कार्ड और बैंक विवरण शामिल हो सकते हैं।
- **ऑनलाइन-ऑफलाइन आवेदन :** कई फंड्स में ऑनलाइन आवेदन की सुविधा होती है। आप वेबसाइट पर जाकर या संबंधित कार्यालय में जाकर भी आवेदन कर सकते हैं।
- **निवेश की राशि :** निर्धारित राशि का निवेश करें।



### निवेश के लाभ

- **विकास में योगदान :** नेशनल फंड्स में निवेश करने से आप विकासात्मक परियोजनाओं का हिस्सा बनते हैं।
- **कर लाभ :** कुछ नेशनल फंड्स में निवेश करने पर कर में छूट भी मिल सकती है।
- **स्टेबल रिटर्न :** अक्सर ये फंड्स स्थिर और सुरक्षित रिटर्न प्रदान करते हैं।

### निवेशक रखें सावधानी

- **बाजार का उतार-चढ़ाव :** जैसा सभी निवेशों में होता है, नेशनल फंड्स में भी उतार-चढ़ाव का जोखिम होता है।
- **लिक्विडिटी का मुद्दा :** कुछ फंड्स में राशि तुरंत वापस नहीं मिल सकती, इसलिए लिक्विडिटी का ध्यान रखें।
- **सिस्टमेटिक रिस्क :** अगर देश की आर्थिक स्थिति बिगड़ती है, तो फंड्स पर भी इसका असर पड़ सकता है।

### जोखिम से कैसे बचें

- **अच्छी रिसर्च :** फंड के बारे में अच्छे से जानें और उसकी परफॉर्मेंस का विश्लेषण करें।
- **विविधता :** अपने निवेश को विभिन्न फंड्स में बांटें ताकि जोखिम कम हो।

# त्योहारों के मद्देनजर कुछ शहरों में जोमैटो, स्विगी ने बढ़ाया मंच शुल्क

नई दिल्ली, एजेंसी

- दोनों प्रतिद्वंद्वी कंपनियां मंच शुल्क के तौर पर ले रहीं 10 रुपये

खाद्य पदार्थों की आपूर्ति करने वाले ऑनलाइन मंच जोमैटो और स्विगी ने कुछ शहरों में मंच शुल्क बढ़ाने की गुरुवार को घोषणा की। दोनों प्रतिद्वंद्वी अब दिल्ली में मंच शुल्क के तौर पर 10 रुपये वसूल रही हैं। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में उस खबर पर स्पष्टीकरण दिया, जिसमें कहा गया था कि त्योहारों के मद्देनजर मंच ने शुल्क को 10 रुपये तक बढ़ा दिया है। जोमैटो ने कहा कि हमने वास्तव में कल (बुधवार) कुछ शहरों में मंच शुल्क बढ़ाया है। कंपनी अब दिल्ली में त्योहारी सीजन मंच शुल्क के तौर पर 10 रुपये वसूल रही है। जोमैटो ने हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया गया कि किन शहरों में मंच शुल्क में कितनी वृद्धि की गई है। कंपनी ने कहा कि मंच शुल्क में ऐसे बदलाव नियमित व्यावसायिक प्रक्रिया है और ऐसा समय-समय पर होता है। यह (शुल्क) हर शहर में अलग होते हैं। इसी तरह, स्विगी ने भी अपने मंच शुल्क में वृद्धि की है, लेकिन कंपनी से इस संबंध में किए सवालों का खबर लिखने तक कोई जवाब नहीं दिया।

# ऑनलाइन गेमिंग व डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए धन शोधन बेहद खतरनाक

नई दिल्ली, एजेंसी

- डिजिटल इंडिया फाउंडेशन ने की दिए सुझावों की वकालत



तेजी से बढ़ते भारतीय ऑनलाइन गेमिंग क्षेत्र को धन शोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) के खतरे का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में इसकी निरंतर सफलता सुनिश्चित करने और देश की मजबूत डिजिटल अर्थव्यवस्था की रक्षा के लिए कदम उठाने की जरूरत है। डिजिटल इंडिया फाउंडेशन की रिपोर्ट में अवैध परिचालकों से निपटने के लिए कार्यबल बनाने, वैध संचालकों की श्वेत सूची बनाने, भ्रामक विज्ञापनों से निपटने तथा वित्तीय अखंडता व अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के सिद्धांतों को शामिल करने की वकालत की गई है। इसमें कहा गया है कि अन्य उपायों में जागरुकता तथा शिक्षा शामिल है, ताकि उपयोगकर्ता सतर्क निर्णय ले सकें व भ्रामक व्यवहार में संलग्न मंच से बच सकें। रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय रियल मनी गेमिंग (आरएमजी) क्षेत्र वित्त वर्ष 2019-20 से वित्त वर्ष 2022-23 तक 28 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ वैश्विक बाजार में अग्रणी बन गया है। पांच वर्षों में इस क्षेत्र का राजस्व 7.5 अरब अमेरिकी डॉलर पहुंचने का अनुमान है। फाउंडेशन के सह-संस्थापक अरविंद गुप्ता ने कहा कि अवैध परिचालकों पर अंकुश लगाने के नियामकीय प्रयासों के बावजूद कई मंच मिरर साइट्स, अवैध ब्रांडिंग और असंगत वादों के जरिये प्रतिबंधों को दरकिनार कर देते हैं।

# भारत में एआई कम्प्यूटिंग अवसंरचना बनाएंगी एनवीडिया और रिलायंस

मुंबई, एजेंसी

- रिलायंस का नया प्रमुख डेटा सेंटर नवीनतम एनवीडिया ब्लैकवेल एआई चिप का करेगा उपयोग

कृत्रिम मेधा (एआई) चिप की प्रमुख वैश्विक कंपनी एनवीडिया कॉर्प के सीईओ जेन्सेन हुआंग ने गुरुवार को कहा कि उनकी कंपनी ने भारत में एआई कम्प्यूटिंग अवसंरचना और नवाचार केंद्र बनाने के लिए मुकेश अंबानी से समझौता किया है। रिलायंस का नया प्रमुख डेटा सेंटर नवीनतम एनवीडिया ब्लैकवेल एआई चिप का उपयोग करेगा। एनवीडिया की भारत में छह स्थानों पर पहले से मौजूदगी है। अमेरिकी कंपनी अपने त्वरित कम्प्यूटिंग स्टैक द्वारा संचालित एआई अवसंरचना बनाने को उद्यमों, क्लाउड प्रदाताओं और स्टार्टअप इकाइयों के साथ काम करती है, जिसमें इसके हजारों उन्नत जीपीयू (ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट), उच्च प्रदर्शन नेटवर्किंग और एआई सॉफ्टवेयर मंच और उपकरण हैं। एनवीडिया एआई शिखर सम्मेलन-2024 में अंबानी और हुआंग ने एआई में भारत की क्षमता और इस क्षेत्र में वैश्विक अगुवा के रूप में इसकी उभरती भूमिका पर चर्चा की।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### राजस्थानः दुर्घटना में एक परिवार के 5 लोगों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के सिरोही जिले में गुरुवार सुबह सड़क हादसे में दो महिलाओं तथा एक बच्ची समेत एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई और एक अन्य महिला घायल हो गई। कोतवाली के थाना प्रभारी कैलाश दान ने बताया कि यह हादसा ब्यावर-पिंडवाड़ा राजमार्ग पर हुआ जब एक तेज रफ्तार कार टायर फटने के कारण पलट गई। उन्होंने बताया कि कार में सवार लोग गुजरात से फलौदी से जा रहे थे। थाना प्रभारी ने बताया कि हादसे में प्रताप (53), उनकी पत्नी उषा (48), रामूराम (50), पूजा (25) और आशु (11 माह) की मौत हो गई तथा एक अन्य महिला घायल है। पुलिस ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### कोयला घोटाला : मधु कोड़ा की याचिका पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करेगा, जिसमें उन्होंने कोयला घोटाला मामले में अपनी दोषसिद्धि पर रोक का अनुरोध किया है, ताकि वह आगामी राज्य विधानसभा चुनाव लड़ सकें। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने गुरुवार को कहा कि न्यायाधीश मामले की फाइल पर गौर नहीं कर पाए हैं, क्योंकि वे उन्हें देरी से भेजी गई थीं, इसलिए मामले पर शुक्रवार को सुनवाई होगी।

### कांकेर में कार दुर्घटना में छह शिक्षक घायल

**कांकेर।** शिक्षक मोर्चा द्वारा गुरुवार को विभिन्न मांगों को लेकर सभी विकासखंड मुख्यालयों में प्रदर्शन किया जा रहा है। कांकेर में भी ये प्रदर्शन जारी है। इसी में शामिल होने के लिए पखांजुर से कांकेर जिला मुख्यालय के लिए छह शिक्षक एक कार में सवार होकर निकले थे। शिक्षकों की कार जैसे ही दुर्गुकोंदल थाना क्षेत्र के पास पहुंची पुत्तरवाही के पास कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा टकराई और कार सवार छह शिक्षक घायल हो गये।

### झारखंड में सड़क हादसे में चार लोगों की मौत

**मेदिनीनगर (झारखंड)।** पलामू जिले में वाहन के पलटने से चार लोगों की मौत हो गई जबकि तीन घायल हो गए। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि रांची से 165 किमी दूर उरुर जंगल के पास बुधवार रात हादसा हुआ। वाहन पलटने से चार की मौत हो गई। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# नहीं आईं सेबी प्रमुख, पीएसी की बैठक स्थगित

## एकतरफा निर्णय का आरोप लगाकर भाजपा ने की लोस अध्यक्ष से वेणुगोपाल की शिकायत

- पीएसी अध्यक्ष पर असंसदीय आचरण का भी लगाया आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी





पीएसी बैठक स्थगित होने के बाद केसी वेणुगोपाल व भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की प्रमुख माधवी पुरी बुच के गुरुवार को संसद की लोक लेखा समिति (पीएसी) के समक्ष उपस्थित होने में असमर्थता जताने के कारण समिति के प्रमुख के.सी. वेणुगोपाल ने इसकी बैठक स्थगित कर दी। भाजपा ने वेणुगोपाल पर एकतरफा निर्णय लेने और असंसदीय आचरण करने का आरोप लगाते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से शिकायत की।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वेणुगोपाल का कहना है कि बुच की तरफ से गुरुवार सुबह साढ़े नौ बजे सूचित किया कि वह निजी कारणों से पीएसी की बैठक में शामिल नहीं हो सकेंगी, जिसके बाद बैठक को स्थगित करने का फैसला किया गया। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि यह बहुत बड़ा विषय है। उनका कहना है कि स्वतः संज्ञान लेते हुए फैसला किया गया। आपने कैसे निर्णय लिया? पीएसी का काम सीएजी (नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक) रिपोर्ट पर विचार-विमर्श करना है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग संस्थाओं के कामकाज को देखने के लिए संबंधित विभागों की स्थायी समितियां हैं। बाद में भाजपा नेताओं ने वेणुगोपाल के आचरण को लेकर लोकसभा अध्यक्ष के समक्ष विरोध दर्ज कराया।

### बुच को बुलाना सत्तारूढ़ पार्टी को नहीं आया पसंद

पीएसी की बैठक के एजेंडे में संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित नियामक निकायों के कामकाज की समीक्षा को समिति के निर्णय के हिस्से के रूप में वित्त मंत्रालय और सेबी के प्रतिनिधियों के मौखिक साक्ष्य शामिल थे। इस एजेंडे में संचार मंत्रालय और भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण के प्रतिनिधियों के मौखिक साक्ष्य भी थे। एजेंडे में कानून द्वारा स्थापित नियामक निकायों के कामकाज की समीक्षा को शामिल करने के समिति के फैसले का कोई विरोध नहीं था, लेकिन बुच को बुलाने का वेणुगोपाल का निर्णय सत्तारूढ़ पार्टी के सदस्यों को पसंद नहीं आया।

# जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए मोदी से मिले उमर

**नई दिल्ली।** जम्मू- कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पद संभालने के बाद दिल्ली दौरे के दौरान गुरुवार को प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। केंद्र शासित प्रदेश में हुए चुनाव में अब्दुल्ला की नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 42 सीट प्राप्त कर सरकार बनाई है। नई सरकार ने पहली मंत्रिमंडल बैठक में प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार से जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने का आग्रह किया। बाद में, इस प्रस्ताव को उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने भी मंजूरी दे दी थी। मंत्रिमंडल के अनुमोदन के बाद मुख्यमंत्री को जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की पैरवी करने के लिए प्रधानमंत्री और केंद्र के साथ बातचीत करने का अधिकार दिया गया है।

# चुनाव के दौरान अजित को घड़ी चिह्न के इस्तेमाल का निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी



- न्यायालय ने शरद पवार की याचिका पर अजित को जारी किया नोटिस

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार को महाराष्ट्र चुनाव के दौरान प्रचार सामग्री में घड़ी चिह्न के प्रयोग का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत, दीपांकर दत्ता और उज्ज्ल भुइयां की पीठ ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के शरद पवार नीत खेमे की एक याचिका पर यह आदेश पारित किया। साथ ही, पीठ ने अजित को एक नोटिस जारी किया।

शीर्ष अदालत ने 19 मार्च और चार अप्रैल को अजित पवार नीत खेमे को अंग्रेजी, हिंदी और मराठी भाषा के अखबारों में एक सार्वजनिक नोटिस जारी कर उसमें यह उल्लेख करने का निर्देश दिया था कि घड़ी चिह्न का आवंटन न्यायालय के विचाराधीन है। न्यायालय ने यह भी कहा था कि अजित पवार खेमा को मामले में निर्णय आने तक इस चिह्न के उपयोग की अनुमति होगी। गुरुवार को कार्यवाही के दौरान पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी की दलीलों पर गौर किया। वह शरद पवार खेमे की ओर से पेश हुए। सिंघवी ने दलील दी कि विरोधी समूह को घड़ी चिह्न का इस्तेमाल करने से रोका जाए क्योंकि इसने अपनी प्रचार सामग्री में डिस्क्लेमर का उपयोग नहीं किया और मतदाताओं को गुमराह किया है।

# इंडिया गठबंधन प्रत्याशियों का उत्तर प्रदेश में समर्थन करेगी कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

- विस उपचुनावों में सपा के चुनाव चिह्न पर लड़ रहे गठबंधन के उम्मीदवार

कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि उसने संविधान, सामाजिक सौहार्द और भाईचारे के लिए उत्तर प्रदेश में विधानसभा उपचुनावों में उम्मीदवार नहीं उतारने तथा सपा के चुनाव चिह्न लड़ रहे प्रत्याशियों के समर्थन का फैसला किया है। कांग्रेस महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि पार्टी नेतृत्व के साथ विचार-विमर्श करने के बाद समाज, प्रदेश और देश के हित में यह निर्णय लिया गया है।

इससे पहले, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को ऐलान किया था कि 13 नवंबर को होने वाले उपचुनाव में सभी नौ सीट पर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार उनकी पार्टी के चिह्न पर चुनाव लड़ेंगे। पांडे ने कहा कि मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी तथा केसी वेणुगोपाल के साथ गहन चर्चा हुई। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि इंडिया गठबंधन एकजुट है और उत्तर प्रदेश की स्थिति को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। परिस्थिति को देखते हुए फैसला हुआ है जो प्रदेश के हित में है।

# 3 आरोपियों को बरी करने के फैसले को चुनौती देने की अनुमति नहीं मिली

**1984 दंगे**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने 1984 के सिख दंगों के मामले में 27 साल से अधिक की देरी के बाद तीन आरोपियों को बरी करने के फैसले को चुनौती देने की सरकार को अनुमति देने से इनकार कर दिया है। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और अमित शर्मा की पीठ ने 21 अक्टूबर को कहा कि उसे जान-माल के बड़े पैमाने पर हुए नुकसान के बारे में जानकारी है, लेकिन वह अभियोजन पक्ष द्वारा अपील दायर करने में किये गये लंबे विलंब की अनदेखी नहीं कर सकती।

# सोरेन, बाउरी सहित 50 से अधिक का नामांकन

रांची, एजेंसी

**झारखंड चुनाव**

झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार को मुख्यमंत्री व झामुमो के नेता हेमंत सोरेन, नेता प्रतिपक्ष व भाजपा नेता अमर कुमार बाउरी और अन्य उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। मुख्यमंत्री ने बरहेट क्षेत्र जबकि उनकी विधायक पत्नी कल्पना ने गांडेय से नामांकन पत्र दाखिल किए। हेमंत सोरेन ने एक्स पर कहा कि अमर वीर शहीद सिदो-कान्हू, फूलो-झानो, चांद-भैरव की क्रांतिकारी भूमि बरहेट विधानसभा से नामांकन पत्र दाखिल करने का परम सौभाग्य मिला। झामुमो नेताओं के अलावा भाजपा और कांग्रेस के 50 से अधिक नेताओं ने विभिन्न सीट से नामांकन पत्र दाखिल किए।

भाजपा विधायक और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने चंदनकियारी क्षेत्र से नामांकन किया, जो अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। गठबंधन सरकार में कांग्रेस के कोटे के चार मंत्रियों रामेश्वर उरांव, इरफान अंसारी, दीपिका पांडे सिंह और बन्ना गुप्ता समेत कई उम्मीदवारों ने नामांकन किए। पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के बेटे बाबूलाल सोरेन ने घाटशिला सीट जबकि पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा ने पोटका विधानसभा क्षेत्र से नामांकन पत्र दाखिल किए।



साहिबगंज जिले के बरहेट क्षेत्र से नामांकन दाखिल करते झारखंड के मुख्यमंत्री व झामुमो उम्मीदवार हेमंत सोरेन।

# ड्रग तस्करी के आरोप में गिरफ्तार सतकार कौर भाजपा से निष्कासित

**चंडीगढ़।** भाजपा ने फिरोजपुर की पूर्व विधायक सतकार कौर को ड्रग तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किये जाने के बाद छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। भाजपा के प्रदेश महासचिव अनील सरीन ने गुरुवार को पत्र जारी कर उनकी बर्खास्तगी की घोषणा की। कौर को पुलिस उनके भतीजे के साथ मेडिकल जांच के लिए अस्पताल ले आई थी। जब उनसे उनके घर से किसी भी तरह की बरामदगी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने किसी भी तरह की बरामदगी से इनकार किया।

# एमवीए में सीट को लेकर अंतिम समझौते की आज होगी घोषणा

**पुणे।** कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख नाना पटोले ने गुरुवार को कहा कि महा विकास आघाडी (एमवीए) गठबंधन के सीट-बंटवारे को लेकर अंतिम समझौते की घोषणा शुक्रवार सुबह की जायेगी। पटोले ने कहा कि पार्टी ने अपने उन कुछ उम्मीदवारों से नामांकन पत्र दाखिल करने को कहा है, जिन्हें 20 नवंबर को होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव के लिए टिकट मिलना तय माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि सीट-बंटवारे की घोषणा कल सुबह तक कर दी जाएगी। कई दिन के गतिरोध के बाद विपक्षी गठबंधन ने घोषणा की थी कि कांग्रेस, राकांपा (एसपी) व शिवसेना (यूबीटी) 85-85 सीट पर चुनाव लड़ेंगे तथा शेष सीट के लिए बातचीत जारी है।

# केरल : जीएसटी विभाग ने 104 किलो सोना किया जब्त

त्रिशूर (केरल), एजेंसी

- अधिकारियों ने स्वर्ण आभूषण निर्माण इकाइयों पर की छापेमारी

सोने के व्यापार के लिए मशहूर त्रिशूर में केरल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के अधिकारियों ने स्वर्ण आभूषण निर्माण इकाइयों पर छापेमारी कर बेहिसाबी 104 किलोग्राम सोना जब्त किया, जिसका बाजार मूल्य 75 करोड़ रुपये है। इस अभियान को टोरे डेल ओरो नाम दिया गया है। यह नाम एक स्पेनिश शब्द से लिया गया है, जिसका अर्थ है सोने की मीनार। बुधवार शाम शुरू हुआ यह अभियान गुरुवार को भी जारी रहा और इस दौरान 700 से अधिक अधिकारियों ने पूरे मध्य केरल जिले में विनिर्माण इकाइयों और जौहरियों के घरों सहित लगभग 78 स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि जीएसटी विभाग की खुफिया शाखा पिछले छह माह से आभूषण निर्माताओं द्वारा की जा रही कथित जीएसटी धोखाधड़ी की जांच कर रही है।

# ध्वस्तीकरण से प्रभावित लोग अदालत आ सकते हैं : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी



- राज्यों के खिलाफ अवमानना याचिका को शीर्ष अदालत ने किया खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को उस याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया, जिसमें उत्तराखंड, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के प्राधिकारियों पर संपत्तियों के ध्वस्तीकरण संबंधी उसके आदेश की अवमानना का आरोप लगाया गया था।

न्यायमूर्ति बीआर गवई, पीके मिश्रा और केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि वह इन याचिका पर विचार करने की इच्छुक नहीं है, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कथित कृत्य से जुड़ा नहीं है। हम भानुमती का पिटारा नहीं खोलना चाहते। शीर्ष अदालत ने कहा कि तोड़फोड़ से प्रभावित लोगों को अदालत में आने दें। याचिकाकर्ता के वकील ने आरोप लगाया कि हरिद्वार, जयपुर और कानपुर में प्राधिकारियों ने सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश की अवमानना करते हुए संपत्तियों को ध्वस्त किया, जिसमें कहा गया था कि उसकी अनुमति के बिना ध्वस्तीकरण नहीं होगा। वकील ने कहा कि आदेश स्पष्ट था कि इस अदालत की अनुमति के बिना तोड़फोड़ नहीं होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि इनमें से एक मामले में प्राथमिकी दर्ज होने के तुरंत बाद संपत्ति को ध्वस्त कर दिया गया था।

### आरोपी पत्रकार पर दंडात्मक कार्रवाई न करने का निर्देश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश में महिला पत्रकार के खिलाफ दर्ज चार प्राथमिकियों में उन पर दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति बीआर गवई, पीके मिश्रा और केवी विश्वनाथन की पीठ ने पत्रकार ममता त्रिपाठी की याचिका पर उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिका में प्राथमिकी रद करने का अनुरोध किया गया है। त्रिपाठी ने दावा किया कि ये प्राथमिकी राजनीति से प्रेरित है और प्रेस की स्वतंत्रता को दबाने के प्रयास में दर्ज हुई हैं। पीठ ने कहा कि यह निर्देश दिया जाता है कि याचिकाकर्ता पर कोई दंडात्मक कदम नहीं उठाया जाये।

## खेल डायरी

### पूर्व महिला हॉकी कप्तान रानी ने लिया संन्यास



**नई दिल्ली।** पूर्व महिला हॉकी टीम की कप्तान रानी रामपाल ने गुरुवार को हॉकी से संन्यास ले लिया। रानी ने आज कहा कि उनके हॉकी करियर की यात्रा शानदार रही है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि भारत के लिए इतने लंबे समय तक खेलूंगी। मेरा बचपन से बहुत गरीबी में रहा लेकिन मेरा ध्यान हमेशा कुछ करने देश का प्रतिनिधित्व करने पर था। उन्होंने वर्ष 2008 में 14 वर्ष की आयु में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी में पर्दापण किया था। उन्होंने अपने करियर में देश के लिए 254 मैचों में 205 गोल किए। रानी रामपाल को वर्ष 2020 में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार और इसके बाद देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्मश्री से सम्मानित किया गया। उन्हें हाल ही में सब जूनियर महिला टीम का राष्ट्रीय कोच नियक्त किया था।

### साजिद के दम पर पाकिस्तान ने इंग्लैंड को 267 पर समेटा



**रावपिंडी।** पाकिस्तान ने गुरुवार को तीसरे टेस्ट मैच में पहली बार अलग तरह की गेंदबाजी शुरुआत करते हुए इंग्लैंड को 267 पर समेटने के बाद 73 रन पर तीन विकेट गवां कर बैकफुट पर है। इंग्लैंड को ऑलआउट करने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। 10वें ओवर में शोएब बशीर ने अब्दुल्लाह शफीक (14) को आउट कर पाकिस्तान को पहला झटका दिया। इसके बाद 13वें ओवर में जैक लीच ने सईम अयूब (19) को पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। इसके बाद कामरान गुलाम (तीन) को गस ऐटकिंसन ने बोल्ड आउट कर पाकिस्तान को 46 के स्कोर पर तीसरा झटका दिया। दिन का खेल समाप्त होने के समय पाकिस्तान ने तीन विकेट पर 73 रन बना लिये थे और शान मसूद (नाबाद 16) और साउद शकील (16) क्रीज पर मौजूद थे। आज इससे पहले साजिद खान (छह विकेट) और नोमान अली (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने इंग्लैंड को पहली पारी को 267 के स्कोर पर समेट दिया है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की पूरी टीम 68 .2 ओवर में 267 पर सिमट गई। पाकिस्तान की ओर से साजिद खान ने 29 .2 ओवर में 128 रन देकर (छह विकेट) लिए और नोमान अली ने 28 ओवर में 88 रन देकर (तीन विकेट) झटके। जाहिद महमूद ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

### रबाडा की गेंदबाजी से द. अफ्रीका ने बांग्लादेश को हराया

**मीरपुर।** अनुभवी तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा (दूसरी पारी में 39 रन पर छह विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बूते दक्षिण अफ्रीका ने दो मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट मैच में गुरुवार को यहां चौथे दिन बांग्लादेश को सात विकेट से शिकस्त देकर 1-0 की बढ़त बना ली। रबाडा की धारदार गेंदबाजी के सामने बांग्लादेश की दूसरी पारी 307 रन पर सिमटी जिससे दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 106 रन का लक्ष्य मिला। दक्षिण अफ्रीका ने लंच से पहले के सत्र में 22 ओवर में तीन विकेट पर 106 रन बनाकर मैच को अपने नाम किया। बांग्लादेश की पहली पारी 106 रन पर सिमटी थी जिसके बाद दक्षिण अफ्रीका ने 308 रन बनाकर 202 रन की बढ़त हासिल की थी। बांग्लादेश ने दिन की शुरुआत अपनी दूसरी पारी में सात विकेट पर 283 रन से आगे से की लेकिन रबाडा और वियान मुलडर ने दूसरी नयी गेंद से बल्लेबाजों को ज्यादा मौके नहीं दिए। रबाडा ने दिन की शुरुआती ओवर में नईम हसन को पगबाधा कर टेस्ट पारी में 15वीं बार पांच विकेट झटकने का कारनामा किया। उन्होंने इसके बाद मेहदी हसन मिराज (97) को शतक पूरा करने से पहले चलता कर दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए टोनी डि जॉर्जी ने 41 जबकि ट्रिस्टन स्टब्स ने नाबाद 30 रन बनाए।

# डब्ल्यूएफआई ने टीम को विश्व चैंपियनशिप से हटाया

नई दिल्ली, एजेंसी



- यूडब्ल्यूडबल्यू को सरकारी हस्तक्षेप की शिकायत, अगर मंत्रालय निलंबन हटा देता है तो नहीं होंगे ये सभी मुद्दे

भारतीय कश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने विश्व चैंपियनशिप से भारतीय टीम को हटा लिया और विश्व संचालन संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू को सूचित किया कि खेल मंत्रालय उसकी स्वायत्तता में हस्तक्षेप कर रहा है। सीनियर विश्व चैंपियनशिप 12 गैर ओलंपिक वर्गों में 28 अक्टूबर से अल्बानिया के तिराना में आयोजित होगी।

डब्ल्यूएफआई ने हाल में अंडर 23 और विश्व चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल की घोषणा की थी और प्रदर्शनकारी पहलवानों ने चयन ट्रायल की वैधता पर सवाल उठाते हुए अदालत की अवमानना के तौर पर चुनौती दी थी। डब्ल्यूएफआई ने चयन ट्रायल नोटिस वापस ले लिया और अदालत ने 4 अक्टूबर को अवमानना याचिका पर आगे नहीं बढ़ने का फैसला किया। डब्ल्यूएफआई के एक सूत्र ने बताया साक्षी मलिक के पति सत्यव्रत कादियान ने हाल में अदालत का दरवाजा खटखटाया और कहा कि डब्ल्यूएफआई पर अदालत की अवमानना का आरोप लगाया जाना चाहिए। यह सब मंत्रालय के निलंबन के कारण हो रहा है।निलंबन बनाए रखने का कोई आधार नहीं है। अगर मंत्रालय निलंबन हटा देता है तो ये सभी मुद्दे नहीं होंगे।

#### डब्ल्यूएफआई की स्वायत्तता में हो रहा हस्तक्षेप

खेल मंत्रालय ने नए अधिकारियों के चुनाव के लिए मतदान के तुरंत बाद 24 दिसंबर को डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया था। डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने यूडब्ल्यूडब्ल्यू के अध्यक्ष नेनाद लालोविच को पत्र में लिखा दुर्भाग्य से खेल मंत्रालय का डब्ल्यूएफआई की स्वायत्तता में हस्तक्षेप करना जारी है। खेल मंत्रालय ने 24 दिसंबर 2023 को डब्ल्यूएफआई के दैनिक प्रशासन का काम बंद करने और रोकने का आदेश दिया और भारतीय ओलंपिक संघ (भारत की राष्ट्रीय ओलंपिक समिति) को डब्ल्यूएफआई के संचालन के लिए तदर्थ समिति बनाने का निर्देश दिया। आईओए ने फरवरी में यूडब्ल्यूडब्ल्यू द्वारा डब्ल्यूएफआई पर प्रतिबंध हटाए जाने के बाद इस साल मार्च में महासंघ का प्रबंधन करने वाले तदर्थ पैनल को भंग कर दिया था।

# राधा की फिरकी में उलझी न्यूजीलैंड की महिला टीम

अहमदाबाद, एजेंसी

- भारत ने पहला एकदिवसीय मैच 59 रन से जीता, शृंखला में 1-0 की बनाई बढ़त

बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने पहले महिला एकदिवसीय मैच में गुरुवार को यहां न्यूजीलैंड को 59 रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली

भारत के 228 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की टीम राधा (35 रन पर तीन विकेट) और तेज गेंदबाजी साइमा ठाकोर (26 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 40.4 ओवर में 168 रन पर ढेर हो गई। दीप्ति शर्मा (35 रन पर एक विकेट) और अरुंधति रेड्डी (21 रन पर एक विकेट) ने भी एक-एक विकेट चटकाया। इससे पहले अमेलिया और जेस ने मिलकर सात विकेट चटकाए जिससे न्यूजीलैंड ने भारत को 44.3 ओवर में 227 रन समेटा। लेग स्पिनर अमेलिया ने चार जबकि जेस ने तीन विकेट हासिल किए जिससे न्यूजीलैंड ने भारत को नियमित अंतराल पर झटके दिए।

# सुंदर के शिकंजे में फंसे कीवी बल्लेबाज

## वाशिंगटन ने झटके सात विकेट, 259 पर सिमटी न्यूजीलैंड



वाशिंगटन सुंदर

7 विकेट

59 रन

23 ओवर

<< न्यूजीलैंड की पारी का अंतिम विकेट लेने के बाद सुंदर को बधाई देते जसप्रीत बुमराह। ● एजेंसी

पुणे, एजेंसी

हरफनमौला वाशिंगटन सुंदर (59 रन पर सात विकेट) की शानदार ऑफ स्पिन गेंदबाजी से भारत ने तीन मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट में गुरुवार को यहां न्यूजीलैंड की पहली पारी को 259 रन पर समेटने के बाद स्टंप्स तक एक विकेट पर 16 रन बना लिए हैं। दिन का खेल समाप्त होने पर शुभमन गिल नाबाद 10 और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल नाबाद छह रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। टिम साउथी ने अपने दूसरे ओवर में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को खाता खोले बगैर बोल्ड किया।

कुलदीप यादव की जगह टीम में जगह बनाने वाले सुंदर ने लगभग ढाई साल के बाद टेस्ट टीम में वापसी पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इससे पहले उनके नाम चार टेस्ट में छह विकेट थे। भारत के लिए अनुभवी रविचंद्रन अश्विन ने 64 रन देकर तीन विकेट लिए। भारतीय सरजमीं पर यह पहली बार है जब किसी टेस्ट मैच में सभी 10 विकेट दायें हाथ के ऑफ स्पिनरों ने झटके हो। अश्विन डेवोन कोन्वे को आउट कर अपने विकेटों की संख्या 531 तक पहुंचाकर ऑस्ट्रेलिया के नाथन लियोन से आगे निकल गए। न्यूजीलैंड के लिए डेवोन कोन्वे ने 76, रचिन रविंद्र ने 65 और मिचेल सेंटनर ने 33 रन का योगदान दिया। कुलदीप की जगह टीम में शामिल करने के फैसले को सही साबित करते हुए सुंदर ने अपने 14वें ओवर में पिछले मैच के शतकवीर रविंद्र को आउट कर पहली सफलता हासिल करने के बाद अपने छोर से विकेट चटकाना जारी रखा।



रोहित शर्मा का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते टिम साउथी व अन्य। ● एजेंसी

#### टीम में तीन बदलाव, घबराहट भरा फैसला : गावस्कर

**पुणे।** पूर्व दिग्गज सुनील गावस्कर का मानना है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए भारत ने घबराहट में अंतिम एकादश में कुलदीप यादव की जगह वाशिंगटन सुंदर को शामिल किया। भारतीय टीम ने दूसरे टेस्ट के लिए अपनी टीम में तीन बदलाव किए। उन्होंने मोहम्मद सिराज और लोकेश राहुल की जगह क्रमश: आकाश दीप और शुभमन गिल टीम में शामिल करने के साथ कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव की जगह वाशिंगटन को मौका दिया। गावस्कर ने टॉस के बाद कहा यह भारतीय टीम का घबराहट भरा फैसला लगता है। आप अक्सर टीम में तीन बदलाव नहीं करते हैं। पिछले सप्ताह पहला टेस्ट आठ विकेट से हारने के बाद भारत तीन मैचों की श्रृंखला में 0-1 से पीछे है। गावस्कर ने कहा जब तक चोट की चिंता न हो, मैं बहुत सी टीमों को तीन बदलाव करते नहीं देखता।

#### स्कोर बोर्ड

**न्यूजीलैंड पहली पारी : 259/10** (79.1 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| टॉम लाथम पगबाधा अश्विन | 15 | 22 | 2/0 |
| डेवोन कोन्वे का पंत बो अश्विन | 76 | 141 | 11/0 |
| विल यंग का पंत बो अश्विन | 18 | 45 | 2/0 |
| रचिन रविंद्र बो वाशिंगटन | 65 | 105 | 5/1 |
| डेरिल मिचेल पगबाधा सुंदर | 18 | 54 | 0/0 |
| टॉम ब्लंडेल बो सुंदर | 3 | 12 | 0/0 |
| ग्लेन फिलिप्स का अश्विन बो सुंदर | 9 | 31 | 0/0 |
| मिचेल सेंटनर बो सुंदर | 33 | 51 | 3/2 |
| टिम साउदी बो सुंदर | 5 | 8 | 1/0 |
| एजाज पटेल बो सुंदर | 4 | 9 | 1/0 |
| विलियम ओ'रोउर्के नाबाद | 0 | 0 | 0/0 |

अतिरिक्त : 13, गेंदबाजी : बुमराह 8-2-32-0, आकाश दीप 6-0-41-0, अश्विन 24-2-64-3, सुंदर 23 .1-4-59-7, जडेजा 18-0-53-0

**भारत पहली पारी : 16/1** (11 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल नाबाद | 6 | 25 | 1/0 |
| रोहित शर्मा बो साउथी | 0 | 9 | 0/0 |
| शुभमन गिल नाबाद | 10 | 32 | 1/0 |

गेंदबाजी : साउथी 3-1-4-1, ओ'रोउर्के 3-2-5-0, पटेल 3-1-5-0, सेंटनर 2-0-2-0

#### मैच के दौरान पानी की कमी पर भड़के प्रशंसक, एमसीए ने मांगी माफी

**पुणे।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के दौरान पानी की बोतलें पहुंचने में देरी के कारण एमसीए स्टेडियम में अफरा-तफरी मच गई और प्रशंसकों ने संघ के खिलाफ नारे लगाए। बाद में मेजबान संघ ने इस चूक के लिए माफी मांगी। गुरुवार को शुरू हुए मुकाबले के लिए लगभग 18 हजार दर्शक मैदान पर पहुंचे। एमसीए के अधिकांश हिस्से में छत नहीं है और धूप में बैठे प्रशंसक जब पानी लेने पहुंचे तो उन्हें पता चला कि पानी की बोतलें उपलब्ध नहीं हैं।

# लीवरपूल ने लीपजिंग को हराया, मैनचेस्टर सिटी और बार्सीलोना ने दर्ज की बड़ी जीत

बार्सीलोना, एजेंसी



सीएल राउंडअप

- मैनचेस्टर सिटी ने लीग के इतिहास में लगातार सबसे अधिक मैचों में अपराजित रहने का बनाया रिकॉर्ड

यूएफा चैंपियंस लीग फुटबॉल में इंग्लैंड के क्लबों के साथ बार्सीलोना ने अपने-अपने मैचों में शानदार जीत से दबदबा कायम किया। प्रीमियर लीग की तालिका में शीर्ष पर काबिज लीवरपूल ने लगातार तीसरी जीत के बाद चैंपियंस लीग में शीर्ष पर काबिज एस्टोन विला से अंकों की बराबरी की तो वहीं मैनचेस्टर सिटी ने प्रतियोगिता के इतिहास में लगातार सबसे अधिक मैचों में अपराजित रहने का नया रिकॉर्ड बनाया।

डार्विन नुनेज के गोल से लीवरपूल ने लीपजिंग को 1-0 से हराया। एर्लिंग हालैंड के दो गोल की मदद से सिटी ने स्पार्टा प्राग को 5-0 से करारी शिकस्त दी। कप्तान राफिन्हा की हैट्रिक की से बार्सीलोना आखिरकार बायर्न म्यूनिख को शिकस्त देने में सफल रहा। टीम ने 4-1 की एकतरफा जीत दर्ज की। बार्सीलोना ने जर्मनी की इस टीम के खिलाफ लगातार छह हार के बाद जीत का स्वाद चखा है। तीन दौर के मैचों के बाद लीवरपूल और एस्टोन विला के पास तालिका में शीर्ष पर मैनचेस्टर सिटी और आर्सेनल पर दो अंकों की बढ़त है। बार्सीलोना की बायर्न म्यूनिख पर 2015 के बाद पहली जीत में राफिन्हा के अलावा दिग्गज रोबर्ट लेवांडोवस्की ने भी गोल दागा। लेवांडोवस्की ने बायर्न म्यूनिख का प्रतिनिधित्व किया है। बायर्न के इस इस मैच का इकलौता गोल हैरी केन ने किया। मैनचेस्टर सिटी ने स्पार्टा प्राग को हराकर मैनचेस्टर यूनाइटेड के रिकॉर्ड को अपने नाम किया। सिटी पिछले 26 मैचों से अपराजेय है।

# स्विस इंडोर्स : वावरिंका ने मन्नारिनो को हराया, रुबलेव आगे बढ़े

बेसल (स्विट्जरलैंड), एजेंसी



39 वर्षीय वावरिंका की फ्रांस के खिलाड़ी के खिलाफ चार मैचों में पहली जीत

- आंद्रे रुबलेव ने एलेजांद्रो को हराकर क्वार्टर फाइनल में किया प्रवेश
- रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट ने कैस्पर रूड को किया पराजित, अलियासिमे ने भी जीता अपना मैच

<< अपने मैच के दौरान शॉट लगाते स्टैन वावरिंका। ● एजेंसी

स्टैन वावरिंका ने एड्रियन मन्नारिनो को 6-3, 3-6, 7-5 से हरा स्विस इंडोर्स टेनिस टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे उम्रदराज मैच विजेता बन गए। घरेलू दर्शकों के सामने 39 वर्षीय वावरिंका की फ्रांस के खिलाड़ी के खिलाफ चार मैचों में पहली जीत है।

वावरिंका को क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए अब 22 वर्षीय बेन शेल्टन से भिड़ना होगा। शीर्ष वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव ने एलेजांद्रो टैबिलो को 7-6 (3), 6-1 से हराकर सत्र के अपने 13वें क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट ने दूसरी वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड को 6-3, 3-6, 6-3 से पराजित किया तो वहीं दो बार के गत चैंपियन फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे ने सेबेस्टियन बेज को 7-5, 6-1 से मात दी। डेविड गोफिन और पेड्रो मार्टिनेज भी जीत के साथ आगे बढ़ने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहे।

#### पेरिस मास्टर्स से हटे जोकोविच

**पेरिस।** गत चैंपियन नोवाक जोकोविच ने अगले सप्ताह होने वाले पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। 37 साल के खिलाड़ी ने पिछले सप्ताह सिक्स किंग्स स्लैम प्रदर्शनी टूर्नामेंट में भाग लिया था। आयोजकों ने जोकोविच के हटने का कोई कारण नहीं बताया है। रैंकिंग में सबसे लंबे समय तक शीर्ष स्थान रहे सर्बिया के इस खिलाड़ी ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा कि मुझे उन सभी लोगों के लिए खेद है जो मुझे वहां खेलते हुए देखना चाहते थे। वहां सात खिताब जीतने के दौरान मेरी कई अच्छी यादें हैं और उम्मीद है कि अगले साल वापस आऊंगा।

#### एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने वियना प्री-क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

**वियना।** एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने एर्स्टे बैंक ओपन टेनिस के प्री-क्वार्टर फाइनल यहां मार्कोस गिरोन को 6-2, 7-5 से शिकस्त दी। रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज जर्मनी के इस खिलाड़ी की यह मौजूदा साल की 61वीं जीत है। इससे उन्होंने 2018 में दर्ज 60 जीत की अपनी रिकॉर्ड में सुधार किया। ज्वेरेव के सामने क्वार्टर फाइनल में लोरेंजो मुसेटी की चुनौती होगी। गेल मोनफिल्स के बीमारी के कारण अपने दूसरे दौर के मैच से हटने से मुसेटी ने अंतिम आठ में अपनी जगह पक्की की। ग्रिगोर दिमित्रोव ने झांग झिझेन को हराया।

## बॉलीवुड हलचल



### पुष्पा 2: द रूल 5 दिसंबर को होगी रिलीज

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की बहुप्रतीक्षित फिल्म पुष्पा 2 : द रूल 5 दिसंबर को रिलीज होगी। 2024 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक पुष्पा 2 : द रूल पहले 6 दिसंबर को रिलीज होने वाली थी। अब यह फिल्म 5 दिसंबर को रिलीज होगी। अल्लू अर्जुन ने सोशल मीडिया पर पुष्पा 2 : द रूल का एक नया पोस्टर शेयर किया है। चिल्लम पीते हुए पुष्पाराज अपने हाथ में पकड़े बंदूक को निहार रहे है। वह नोटों की गड्डी के सामने खड़े हुए हैं। अल्लू अर्जुन ने हैशटैग में पुष्पा 2 : द रूल ऑन 5 दिसंबर लिखा है। पुष्पा 2 : द रूल पुष्पा राज की दिलचस्प यात्रा को पेश करेगी, जब वह स्मगलिंग और शक्ति की जोखिम भरी दुनिया में प्रवेश कर रहा होगा। अल्लू अर्जुन ने इस किरदार को निभाया है, और इस बार कहानी में ज्यादा गहराई होगी। फिल्म में रश्मिका मंदाना और फहाद फासिल भी हैं। सुकुमार द्वारा निर्देशित पुष्पा 2 :द रूल 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

### हिंदी और तमिल में बनेगी गजनी 2, स्क्रिप्ट पर हो रहा काम



**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान की सुपरहिट फिल्म गजनी की सीक्वल गजनी 2, हिंदी और तमिल भाषा में बनाई जा सकती है। 2008 में प्रदर्शित आमिर खान की सुपरहिट फिल्म गजनी का सीक्वल बनने जा रहा है। निर्माता अल्लू अरविंद और मधु मंटेना ने इस फिल्म पर काम करना शुरू कर दिया है। फिल्म निर्माताओं ने तय किया है कि गजनी 2 को हिंदी और तमिल, दोनों भाषाओं में एक साथ बनाया जाएगा।साथ ही इसे एक ही दिन सिनेमाघरों में रिलीज भी किया जाएगा। हिंदी में गजनी 2, आमिर खान जबकि तमिल में यह फिल्म सूर्या के साथ बनाई जा सकती है।गजनी 2 को लेकर मेकर्स आमिर खान से मिले थे। उन्हें सीक्वल का आइडिया भी शेयर किया था। हाल ही में सूर्या ने भी कहा था कि गजनी 2 प्रोसेस में हैं और ये बन सकती है। अभी स्क्रिप्ट पर काम हो रहा है।

### द साबरमती रिपोर्ट का मोशन पोस्टर हुआ रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता विक्रांत मैसी की आने वाली फिल्म द साबरमती रिपोर्ट का मोशन पोस्टर रिलीज हो गया है। 27 फरवरी 2002 की सुबह, गुजरात के गोधरा रेलवे स्टेशन के पास एक भयानक घटना घटी, जिसने पूरे देश को झकझोर दिया और भारत के इतिहास को बदल दिया। साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में अचानक आग लग गई, जिससे 59 तीर्थयात्रियों और कारसेवकों की जान चली गई, जो अयोध्या से लौट रहे थे। इस घटना पर फिल्म द साबरमती रिपोर्ट बनायी जा रही है। द साबरमती रिपोर्ट का नया मोशन पोस्टर रिलीज किया गया है।यह मोशन पोस्टर काफी दिलचस्प और शक्तिशाली लग रहा है, जिसमें एक जलती हुई अखबार की कतरन और बैकग्राउंड में गुस्से से भरी आंखें दिख रही हैं। बालाजी मोशन पिक्चर्स, बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड का एक डिविजन और विकिर फिल्म्स प्रोडक्शन द्वारा प्रस्तुत, द साबरमती रिपोर्ट में विक्रांत मैसी, राशी खन्ना और रिद्धि डोगरा लीड रोल में हैं। यह फिल्म धीरज सरना निर्देशित और शोभा कपूर, एकता आर कपूर, अमूल वी मोहन और अंशुल मोहन द्वारा निर्मित है, जिसे ज़ी स्टूडियोज द्वारा पूरी दुनिया में रिलीज किया जायेगा। यह फिल्म 15 नवंबर को रिलीज होगी।

# हॉकी में भारत ने जर्मनी को 5-3 से हराया पेनल्टी शूटआउट में जर्मनी ने जीती ट्रॉफी

नई दिल्ली, एजेंसी



गोल दागने के बाद एक-दूसरे को बधाई देते भारतीय खिलाड़ी। ● एजेंसी

भारत ने गुरुवार जर्मनी को हॉकी के दूसरे मैच में 5-3 से हरा कर पहले मैच को बदला ले लिया। जीत के बावजूद भारतीय को उस समय मायूसी हाथ लगी जब सीरीज के विजेता के लिए हुए पेनल्टी शूटआउट में भारतीय टीम 3-1 से हार गई और जर्मनी ने सीरीज 2-0 से जीत ली।

आज यहां मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में भारतीय हॉकी टीम ने पहले मैच में जर्मनी से 2-0 से हार के बावजूद नई स्पूर्ति के साथ मैदान में उतरी। पहले क्वार्टर में माजकोर ने भारतीय गोलकीपर को छकाते हुए गोल दाग दिया और अपनी टीम को 1-0 से बढ़त दिलाई। उसके बाद दोनों टीमें दूसरे क्वार्टर में कोई गोल नहीं कर पाई, लेकिन तीसरे क्वार्टर में भारतीय टीम ने जोरदार वापसी करते हुए अपना पहला गोल दागकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने टीम को 2-1 से बढ़त दिलाई। कप्तान के गोल से अगले मिनट ही भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और हरमनप्रीत सिंह ने फिर से गोल दागते हुए टीम को 3-1 से बढ़त दिलाई।

भारत के लिए सुखजीत सिंह (34वें और 48वें मिनट में), हरमनप्रीत सिंह (42वें और 43वें मिनट में) और अभिषेक (45वें मिनट में) ने गोल किए। जबकि हॉकी विश्व रैंकिग में दूसरे स्थान पर काबिज जर्मनी के लिए इलियन मैजकर (7वें और 57वें मिनट में) और हेनरिक मर्टगेन्स (60वें मिनट में) ने गोल किए। सीरीज के विजेता के लिए हुए पेनल्टी शूटआउट में भारतीय टीम 3-1 से हार गई और जर्मनी ने सीरीज 2-0 से जीत ली।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना* 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# भारतीय समुदाय की आभारी है राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा: स्ट्रीटिंग

- ब्रिटेन के स्वास्थ्य मंत्री इंडिया ग्लोबल फोरम के वार्षिक दिवाली समारोह में हुए शामिल

लंदन, एजेंसी



ब्रिटेन के स्वास्थ्य मंत्री वेस स्ट्रीटिंग ने कहा है कि ब्रिटिश राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) भारतीय समुदाय की बहुत आभारी है व भारत के साथ साझेदारी से ब्रिटेन को भविष्य में देश की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के आधुनिकीकरण के सामने आने वाली चुनौतियों का सामना करने में मदद मिलेगी।

बुधवार शाम लंदन में 'इंडिया ग्लोबल फोरम' (आईजीएफ) के वार्षिक दिवाली समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होकर उन्होंने आने वाले समय में अपने विभाग में व्यापक सुधारों की आशा व्यक्त की। स्ट्रीटिंग ने कहा यदि मैं, पिछले 76 वर्षों में एनएचएस को आकार देने के तरीके के बारे में बात करूं तो हम ब्रिटेन में रहने वाले प्रवासी भारतीयों के बहुत आभारी हैं। उन्होंने कहा प्रवासी भारतीयों ने 1948 में एनएचएस की स्थापना में मदद की थी और आज हम देखते हैं कि उनके बच्चे, नाती-नातिन व परपोते-परपोतियां इसका भविष्य तय कर रहे हैं। मंत्री ने भारत में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा और अनुसंधान एवं नवाचार जैसे क्षेत्रों का जिक्र करते हुए कहा कि ब्रिटेन इस मामले में भारत से सीख सकता है।

# चिली की राजधानी में स्कूल में विस्फोट 35 लोग घायल

**सैंटियागो।** चिली की राजधानी में एक स्कूल के अंदर विस्फोटक उपकरणों के इस्तेमाल के कारण हुए विस्फोट में कम से कम 35 छात्र घायल हो गए, जिनमें से चार की हालत गंभीर है। सैन्यीकृत पुलिस के लेफ्टिनेंट कर्नल फर्नांडो अल्बोर्नोज़ ने बताया कि बुधवार की सुबह, बैरोस अराना नेशनल बोर्डिंग स्कूल में छात्रों का एक समूह विरोध प्रदर्शन के लिए विस्फोटक उपकरण तैयार कर रहा था, तभी एक उपकरण में विस्फोट हो गया। घायल छात्रों को अस्पतालों में ले जाया गया, और एक शिक्षक को चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता थी। म्युचुअल डी सेगुरिदाद अस्पताल के चिकित्सा निदेशक राफेल बोर्गोनो ने कहा अस्पताल में भर्ती पांच मरीजों में से वर्तमान में विभिन्न जलने के कारण चार की हालत गंभीर है।

# ओडिशा पहुंचा चक्रवात दाना, तटीय इलाकों में भारी बारिश

## प्रभावित क्षेत्रों के करीब तीन लाख लोगों को आश्रय स्थलों पर पहुंचाया, उखड़े पेड़, मार्ग अवरुद्ध

भुवनेश्वर, एजेंसी



भीषण चक्रवाती तूफान 'दाना' गुरुवार दोपहर ओडिशा तट के नजदीक पहुंच गया तथा इसके प्रभाव के चलते राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश होने के साथ ही तेज हवाएं चल रही हैं वहीं समुद्र भी अशांत है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। राज्य सरकार ने तटीय जिलों में लोगों को निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के प्रयास भी तेज कर दिये हैं। अधिकारियों ने बताया कि बालासोर, भद्रक, भितरकनिका और पुरी के कुछ इलाकों से पेड़ उखड़ने की खबरें मिली हैं, जिससे सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं।

राज्य के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने एक समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि प्राकृतिक आपदा से एक भी व्यक्ति हताहत नहीं हो। चक्रवात के शुक्रवार तड़के ओडिशा के भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान और धामरा बंदरगाह के बीच पहुंचने का अनुमान है और हवा की गति 120 किलोमीटर प्रति घंटा तक तक रह सकती है। आईएमडी ने अपने नवीनतम बुलेटिन में कहा कि बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना चक्रवाती तूफान दाना पिछले छह घंटे के दौरान 12 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर-उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ा है और यह पारादीप (ओडिशा) से लगभग 210 किमी दक्षिणपूर्व, धामरा (ओडिशा) से 240 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिणपूर्व और सागर द्वीप (पश्चिम बंगाल) से 310 किलोमीटर दक्षिण में स्थित है। तूफान दाना के उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने तथा 24 की मध्य रात्रि से 25 अक्टूबर की सुबह तक पुरी और सागर द्वीप के बीच उत्तरी ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तट को पार करने का अनुमान है।

### 7,285 चक्रवात आश्रय केंद्र स्थापित किए गए

माझी ने बताया कि करीब तीन लाख लोगों को विभिन्न चक्रवात आश्रय स्थलों में पहुंचाया गया है और यह अभियान जारी है। अब तक कुल 7,285 चक्रवात आश्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं और 91 चिकित्सा दल तैनात किए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि लोगों को स्थानांतरित करने और अवरुद्ध सड़कों को साफ करने के लिए अधिकारियों ने एनडीआरएफ के 19 दल, ओडीआरएएफ के 51 दल और अग्निशमन सेवा कर्मियों को भी लगाया है। मौसम विभाग ने बताया कि पिछले चार घंटों में पारादीप में सबसे अधिक 62 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जबकि केंद्रपाड़ा जिले के राजनगर में 24 मिलीमीटर बारिश हुई। उसने बताया कि दिन के दौरान भद्रक, बालासोर, जाजपुर, कटक, खुर्दा, जगतसिंहपुर, केंद्रपाड़ा और पुरी जिलों के कुछ हिस्सों में 30-40 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से हवा चलने के साथ मध्यम से तीव्र बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने का अनुमान है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र, भुवनेश्वर निदेशक मनोरमा मोहंती ने कहा, गंभीर चक्रवाती तूफान के बाद में थोड़ा पश्चिम और पश्चिम-दक्षिण दिशा में मुड़ने की संभावना है।

## एक नजर

### राष्ट्रपति भवन परिसर में फिर गिरे कचरे से भरे गुब्बारे

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने एक बार फिर दक्षिण कोरिया के सियोल स्थित राष्ट्रपति भवन परिसर में गुरुवार को कचरे से भरे गुब्बारे गिराए। दक्षिण कोरिया के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उत्तर कोरिया ने मई के अंत में दक्षिण कोरिया की ओर कचरे से भरे गुब्बारे भेजना शुरू किया था, जिसके बाद से उसने अब दूसरी बार इस तरह के गुब्बारे भेजे। दक्षिण कोरिया की राष्ट्रपति सुरक्षा सेवा ने बताया कि उत्तर कोरिया की ओर से राष्ट्रपति भवन परिसर में बृहस्पतिवार को कचरे से भरे गुब्बारे गिराए गए, हालांकि इनमें कोई खतरनाक वस्तु नहीं थी।

### बुशरा बीबी तोशाखाना मामले में जमानत पर हुईं रिहा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में करीब नौ महीने तक सलाखों के पीछे रहने के बाद बृहस्पतिवार को जमानत पर जेल से रिहा हो गईं। इस रिहाई से एक दिन पहले इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब ने 10 लाख रुपये के मुचलके बांड पर 50 वर्षीय बुशरा बीबी की जमानत अर्जी मंजूर कर ली थी। पीटीआई ने व्हाट्सऐप संदेश में बुशरा की रिहाई की पुष्टि की।

# एलएसी पर जमीनी स्थिति होगी बहाल

## रक्षा मंत्री राजनाथ ने कहा- इसको लेकर व्यापक सहमति बनी, समझौते को महत्वपूर्ण घटनाक्रम बताया

नई दिल्ली, एजेंसी



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि भारत और चीन के बीच वार्ता के बाद वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर जमीनी स्थिति बहाल करने के लिए व्यापक सहमति बन गयी है जिसमें पारंपरिक क्षेत्रों में गश्त और मवेशियों को चराने की अनुमति देना भी शामिल है। चाणक्य डिफेंस डायलॉग 2024 में रक्षा मंत्री ने दोनों देशों के बीच हुए समझौते को एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम बताया, जो वैश्विक मंच पर रक्षा वार्ता के महत्व को रेखांकित करता है।

सिंह ने कहा भारत और चीन एलएसी के साथ कुछ क्षेत्रों में मतभेदों को सुलझाने के लिए सैन्य और कूटनीतिक दोनों स्तरों पर बातचीत कर रहे हैं। वार्ता के बाद समान और पारस्परिक सुरक्षा के सिद्धांत के आधार पर जमीनी स्थिति को बहाल करने के लिए व्यापक सहमति बन गई है। सिंह ने कहा इसमें गश्त करना, पारंपरिक क्षेत्रों में चरागाह गतिविधियों को अनुमति देना भी शामिल है। यह निरंतर बातचीत की बदौलत संभव हुआ है, क्योंकि देर-सवेर समाधान निकल ही जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर गश्त और सैनिकों को पीछे हटाने पर भारत-चीन समझौते का बुधवार को समर्थन किया तथा विभिन्न द्विपक्षीय वार्ता तंत्र को बहाल करने के निर्देश जारी किए, जो 2020 की सैन्य झड़प से प्रभावित हुए संबंधों को सामान्य बनाने के प्रयासों का संकेत देते हैं। रूस के कजान में, ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर आयोजित करीब 50 मिनट की बैठक में, मोदी ने मतभेदों और विवादों को उचित तरीके से निपटाने तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति व स्थिरता को भंग करने की अनुमति नहीं देने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि परस्पर विश्वास, एक-दूसरे का सम्मान और परस्पर संवेदनशीलता संबंधों का आधार बने रहना चाहिए।

### कजान में मोदी व शी की बैठक द्विपक्षीय संबंधों में सुधार के लिए अत्यधिक महत्व रखती है: चीन

**बीजिंग।** चीन ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच रूस के कजान में बुधवार को हुई बैठक अत्यधिक महत्व रखती है क्योंकि वे द्विपक्षीय संबंधों में सुधार के लिए महत्वपूर्ण आम सहमति पर पहुंचे हैं। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा वे चीन-भारत संबंधों में सुधार और इन्हें विकसित करने पर महत्वपूर्ण आम सहमति पर पहुंचे तथा द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर विकास के पथ पर वापस लाने का मार्ग प्रशस्त किया। इस सवाल पर कि बीजिंग बैठक के नतीजे को कैसे देखता है, लिन ने कहा कि चीन द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक ऊंचाई और दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य से देखने तथा आगे बढ़ने के लिए भारत के साथ काम करने के लिए तैयार है। लिन ने कहा कि चीन संचार और सहयोग बढ़ाने, पारस्परिक रणनीतिक विश्वास वृद्धि, मतभेदों को दूर करने और द्विपक्षीय संबंधों को जल्द से जल्द स्थिर विकास के पथ पर वापस लाने के लिए भी तैयार है।

### विवादों और मतभेदों का समाधान संवाद और कूटनीति के जरिये करना चाहिए : जयशंकर



**कजान।** संघर्षों और तनाव से प्रभावी तरीके से निपटने को आज के समय की विशेष जरूरत बताते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि विवादों और मतभेदों का समाधान संवाद और कूटनीति के जरिये करना चाहिए और एक बार सहमति बन जाए तो ईमानदारी से उसका पालन होना चाहिए। एक अधिक समतामूलक वैश्विक व्यवस्था बनाने के लिए पांच सूत्री मंत्र देते हुए जयशंकर ने वैश्विक अवसंरचना में विकृतियों को सुधारने पर जोर दिया जो औपनिवेशिक कालखंड की विरासत हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय अखंडता के प्रति सम्मान के साथ यह किया जाना चाहिए। जयशंकर ने रूस के कजान में ब्रिक्स के आउटरीच सत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से शामिल होते हुए यह बात कही। सम्मेलन के मेजबान रूस के प्रधानमंत्री व्लादिमीर पुतिन हैं। उन्होंने कहा, हम कठिन परिस्थितियों में मिल रहे हैं। विश्व को दीर्घकालिक चुनौतियों पर नए सिरे से सोचने के लिए तैयार रहना चाहिए। हमारा यहां एकत्रित होना इस बात का संदेश है कि हम ऐसा करने के लिए वाकई तैयार हैं। जयशंकर ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पहले के एक कथन का उल्लेख करते हुए कहा, यह युद्ध का युग नहीं है। विदेश मंत्री ने कहा संघर्षों और तनाव से प्रभावी तरीके से निपटना आज के समय की विशेष जरूरत है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया है कि यह युद्ध का युग नहीं है। विवादों और मतभेदों का समाधान संवाद और कूटनीति से निकाला जाना चाहिए। एक बार सहमति हो जाए तो ईमानदारी से उसका पालन होना चाहिए।

# कनाडा ने भारत की पीठ में छुरा घोंपा, खालिस्तान के नाम पर चल रहा अपराध का कारोबार

- भारत के उच्चायुक्त संजय वर्मा ने एक साक्षात्कार में किया खुलासा

नई दिल्ली, एजेंसी



कनाडा के व्यवहार को अत्यंत घटिया बताते हुए वहां से वापस बुलाए गए भारत के उच्चायुक्त संजय वर्मा ने कहा कि ऐसे देश ने, जिसे हम मित्रवत लोकतांत्रिक देश मानते हैं, भारत की पीठ में छुरा घोंपा और सर्वाधिक गैर-पेशेवर रवैया अपनाया। उन्होंने कहा कि मुट्ठीभर खालिस्तान समर्थकों ने इस विचारधारा को एक आपराधिक उपक्रम बना दिया है जो मानव तस्करी और हथियार तस्करी जैसी अनेक गतिविधियों में लिप्त हैं और इस सबके बावजूद कनाडाई अधिकारियों ने आंखें मूंद रखी हैं क्योंकि कट्टरपंथी स्थानीय नेताओं के लिए वोट बैंक होते हैं।

कनाडा ने अपने नागरिक और भारत द्वारा खालिस्तानी आतंकवादी घोषित किए गए हरदीप सिंह निज्जर की जून 2023 में हत्या के मामले में कहा था कि वर्मा इस मामले में जांच के तहत 'निगरानी की श्रेणी' में हैं। इस मामले में कनाडा आगे कोई कार्रवाई करता, उससे पहले भारत ने वर्मा और पांच अन्य राजनयिकों को वहां से वापस बुला लिया। वर्मा ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) से स्नातक किया और वह एक परमाणु विज्ञानी हैं। वह जापान तथा सूडान में भारत के राजदूत रह चुके हैं। क्या उन्होंने अपने 36 साल के राजनयिक कॅरियर में कभी इस तरह का कुछ देखा है, इस सवाल पर वर्मा ने कहा यह अत्यंत घटिया बात है। यह द्विपक्षीय संबंधों के प्रति सर्वाधिक गैर-पेशेवर रवैया है। अगर वे मानते हैं कि यह उनके लिए भी एक व्यापक रिश्ता है तो राजनयिक के पास अन्य कूटनीतिक साधन होते हैं। चीजों का संतोषजनक समाधान निकालने के लिए इन साधनों का इस्तेमाल किया जा सकता था। बुधवार को पीटीआई के नई दिल्ली स्थित स्टूडियो में अनेक विषयों पर बातचीत करते हुए वर्मा ने कनाडा में खालिस्तानी आंदोलन, स्थानीय नेताओं से राजनीतिक लाभ के लिए खालिस्तान समर्थकों को मिल रही सहायता और खालिस्तानियों की आपराधिक गतिविधियों आदि के बारे में विस्तार से अपनी बात रखी।

# गाजा में स्कूल पर हमला, 16 की मौत

दीर अल बलाह (गाजा पट्टी), एजेंसी



मध्य गाजा में शरणार्थी शिविर के रूप में उपयोग में लाये जा रहे एक विद्यालय पर गुरुवार को इजराइली हमले में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गयी। फिलिस्तीनी चिकित्सा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अवदा अस्पताल के चिकित्सा अधिकारियों ने बताया कि यह हमला नुसीरात के एक शरणार्थी शिविर पर हुआ। इस हमले में 32 अन्य लोग घायल भी हुए हैं। हताहतों को इसी अस्पताल में लाया गया।

इजराइली सेना ने तत्काल इस संबंध में कोई बयान नहीं दिया है। इजराइल ने हाल के महीनों में ऐसे शरणार्थी शिविरों (विद्यालयों) पर यह कहते हुए कई हमले किये हैं कि वह आम नागरिकों के बीच छिपे हमास आतंकवादियों को निशाना बनाता है। इन हमलों में अक्सर महिलाओं और बच्चों की जान चली जाती है। हमास की अगुवाई वाले आतंकवादियों द्वारा सात अक्टूबर 2023 को इजराइल में हमला करने, 1200 लोगों को मौत के घाट उतार देने तथा 250 अन्य को अगवा करने के बाद यह लड़ाई शुरू हुई थी। 100 बंधक अब भी गाजा में ही हैं और माना जाता है कि उनमें एक तिहाई की मौत हो चुकी है।

### इजराइल ने गाजा में अल जजीरा के छह पत्रकारों पर फिलिस्तीनी आतंकवादी होने का लगाया आरोप

**रामल्ला (वेस्ट बैंक)।** इजराइली सेना ने गाजा में जारी युद्ध को कवर करने वाले अंग्रेजी समाचार पत्र अल जजीरा के छह पत्रकारों पर फिलिस्तीनी आतंकवादी होने का बुधवार को आरोप लगाया। हालांकि, अल जजीरा ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। इजराइली सेना ने आरोप लगाया कि अल जजीरा के छह पत्रकार फिलिस्तीन के आतंकवादी समूह से पूर्व में या वर्तमान में जुड़े रहे हैं और वे इसके लिए काम करते थे तथा इसके बदले उन्हें भुगतान भी किया जाता था।

# बर्गर खाने से संक्रमण फैलने के आरोप के बाद मैकडोनाल्ड्स ने कहा- रेस्तरां सुरक्षित हैं

**वाशिंगटन (अमेरिका)।** अमेरिका में मशहूर खाद्य श्रृंखला मैकडोनाल्ड्स का बर्गर खाने से ई.कोली बैक्टीरिया संक्रमण फैलने का आरोप लगने के बाद कंपनी ने बुधवार को ग्राहकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उसके रेस्तरां सुरक्षित हैं। दूसरी ओर, अमेरिका के संघीय जांचकर्ता इस बात की पुष्टि करने की कोशिश कर रहे हैं कि मैकडोनाल्ड्स का 'क्वार्टर पाउंडर हैमबर्गर' खाने से ही ई.कोली बैक्टीरिया संक्रमण फैला है। अमेरिका के रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) ने मंगलवार को बताया था कि 'मैकडोनाल्ड्स' का बर्गर खाने से ई.कोली बैक्टीरिया का संक्रमण फैल गया है जिससे 10 राज्यों में कम से कम 49 लोग बीमार पड़ गए हैं और इनमें से एक व्यक्ति की मौत हो गयी है। अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में पता चला है कि 'क्वार्टर पाउंडर हैमबर्गर में प्याज के कारण ई.कोली बैक्टीरिया संक्रमण फैलने का संदेह है। मैकडोनाल्ड्स' ने कहा कि वह ताजा प्याज उपलब्ध कराने के लिए नये आपूर्तिकर्ता की तलाश कर रहा है। इस बीच, ई.कोली बैक्टीरिया से प्रभावित राज्यों के साथ-साथ अन्य राज्यों के कुछ हिस्सों में स्थित 'मैकडोनाल्ड्स' से 'क्वार्टर पाउंडर हैमबर्गर' को हटा दिया गया है।

# राष्ट्रपति बनने के लिए अयोग्य हैं ट्रंप: हैरिस

वाशिंगटन, एजेंसी



अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस ने अपने प्रतिद्वंद्वी रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधते हुए कहा कि वह देश का नेतृत्व करने के लिए अयोग्य हैं। हैरिस ने वाशिंगटन में अपने आधिकारिक आवास पर बुधवार को कहा कि हमें पता चला कि डोनाल्ड ट्रंप के चीफ ऑफ स्टाफ रहे जॉन केली ने इस बात की पुष्टि की है कि ट्रंप जब राष्ट्रपति थे तब वह चाहते थे कि उनके पास वैसे जनरल हों, जैसे एडॉल्फ हिटलर (जर्मन तानाशाह) के पास थे।

उन्होंने कहा, ट्रंप ने ऐसा इसलिए कहा क्योंकि वह नहीं चाहते कि सेना अमेरिकी संविधान के प्रति निष्ठावान हो। वह ऐसी सेना चाहते हैं जो उनके प्रति वफादार हो। वह ऐसी सेना चाहते हैं जो व्यक्तिगत रूप से उनके प्रति निष्ठावान हो, जो उनके आदेश माने, चाहे इसके लिए उसे उनके कहने पर कानून तोड़ना पड़े।

### देशवासियों को बार-बार अंदरूनी दुश्मन कहा

हैरिस ने कहा, बीते सप्ताह के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने देशवासियों को बार-बार अंदरूनी दुश्मन कहा और यह तक कहा कि वह अमेरिकी नागरिकों के खिलाफ सेना का इस्तेमाल करेंगे। इससे एक दिन पहले केली ने कहा था, निश्चित रूप से, पूर्व राष्ट्रपति (ट्रंप) दक्षिणपंथी विचारधारा के हैं।

# फिलिपीन में तूफान के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन की घटना में 23 लोगों की मौत

**मनीला।** फिलिपीन के पूर्वी उत्तर क्षेत्र में गुरुवार को उष्णकटिबंधीय तूफान के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई और कई कारें बह गईं। बाढ़ और भूस्खलन के कारण कई लोग फंस गए और कुछ लोगों ने घरों की छतों पर शरण ली, जिन्हें बचाने के लिए अधिकारियों को मोटरबोट की मदद लेनी पड़ी। देश के उत्तरपूर्वी प्रांत इसाबेला में मध्यरात्रि के बाद उष्णकटिबंधीय तूफान 'ट्रामी' ने दस्तक दी जिसके बाद सरकार ने आपदा प्रतिक्रिया के लिए आवश्यक कर्मियों को छोड़कर स्कूलों और कार्यालयों को बंद करने का आदेश दिया। मुख्य द्वीप लूजोन में दूसरे दिन भी स्कूल और कार्यालय बंद रहे। तूफान के प्रभाव से इफुगाओ के पर्वतीय प्रांत के एगुइनाल्डो शहर में सुबह के समय 95 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार तेज हवाएं चलीं। सरकारी मौसम पूर्वानुमानकर्ताओं के अनुसार, हवाओं का रुख पश्चिम की दिशा में है और बृहस्पतिवार को बाद में इसके दक्षिण चीन सागर में प्रवेश करने का अनुमान है। पुलिस और प्रांतीय अधिकारियों ने बताया कि तूफान के कारण कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई। इनमें से अधिकतर की मौत बुरी तरह प्रभावित बिकोल क्षेत्र और निकटवर्ती क्यूजोन प्रांत में तूफान के कारण आई बाढ़ की वजह से हुई है।

# तुर्की ने सीरिया और इराक में पीकेके के 32 ठिकाने किए नष्ट

- सरकारी विमान निर्माता कंपनी पर हमले का बदला लिया

इस्तांबुल, एजेंसी



तुर्की की वायु सेना ने बुधवार को उत्तरी सीरिया और इराक में कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के कम से कम 32 आतंकवादी ठिकानों को नष्ट कर दिया। टीआरटी हैबर प्रसारक ने तुर्की रक्षा मंत्रालय के हवाले से यह रिपोर्ट दी। तुर्की की राजधानी अंकारा में सरकारी विमान निर्माता कंपनी तुर्किश एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज (यूएसएएस) के कारखाने पर बम से हमला किया गया, जिसमें कई लोग हताहत हुए हैं।

तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने कहा कि हमले में चार लोग मारे गये हैं। तुर्की के गृह मंत्री अली येरलिकाया ने कुछ घंटों बाद बताया कि मृतकों की संख्या को संशोधित कर पांच कर दिया गया है, जबकि 22 अन्य घायल हैं। तुर्की के अधिकारियों का मानना है कि आतंकवादी हमला संभवतः पीकेके सदस्यों द्वारा किया गया था। प्रसारक की रिपोर्ट में कहा गया है कि वायु सेना की कार्रवाई में बड़ी संख्या में पीकेके आतंकवादियों का सफाया कर दिया गया। गौरतलब है कि पीकेके और तुर्की के बीच सशस्त्र संघर्ष 1984 में शुरू हुआ और 2015 में फिर से भड़क गया।

# जाकिर नाइक के खिलाफ कार्रवाई का किया आग्रह

**लाहौर।** पाकिस्तान के ईसाई नेताओं ने राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को पत्र लिखकर कहा है कि ईसाई धर्म पर अनुचित टिप्पणी करने को लेकर इस्लामी उपदेशक जाकिर नाइक के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। सरकार के निमंत्रण पर एक महीने की यात्रा पर पाकिस्तान पहुंचे नाइक ने कराची, इस्लामाबाद और लाहौर जैसे शहरों में विवादास्पद व्याख्यान दिए। तीन दशकों में यह उसकी पहली पाकिस्तान यात्रा है। इससे पहले वह 1992 में पाकिस्तान आया था। धनशोधन और नफरत भरे भाषणों के जरिए चरमपंथ भड़काने के आरोप के चलते नाइक ने 2016 में भारत छोड़ दिया था। उसे मलेशिया सरकार द्वारा वहां स्थायी निवास की अनुमति दी थी।

खगोल विज्ञान | हबल अंतरिक्ष दूरबीन के जरिए हुआ है खुलासा

# जल्द खत्म होने जा रही है आकाशगंगा मेसियर 90

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** आकाशगंगाओं का जीवन भी निश्चित नही है, जो कभी भी खत्म हो सकता है। एक ऐसी ही आकाशगंगा का पता चला है, जो विलुप्त के कगार पर जा पहुची है। इस आकाशगंगा का नाम मेसियर 90 है। हबल अंतरिक्ष दूरबीन के जरिए इसका खुलासा हो पाया है। ब्रह्मांड हमारी कल्पनाओं से परे की वस्तु है। जितना हम सोचते हैं, उससे कहीं अधिक विशाल व रहस्यमय है।

चार शताब्दी गुजर चुकी हैं, ब्रह्मांड को समझने में, लेकिन अभी तक हमारी समझ एक सीमित सीमा तक ही पहुच पाई है। यह जानकर आश्चर्य होता है कि किसी आकाशगंगा का अस्तिव भी मिट सकता है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि हमारी अपनी आकाशगंगा में हमारी पृथ्वी का कितना स्थान है, जो एक कण जितना भी नही है और अविरल असाधारण अनंत में फैली हमारी आकाशगंगा भी एक दिन समाप्त हो जाएगी। इससे जाहिर है कि ब्रह्मांड की थाह पाना आसान नही है और अब एक आकाशगंगा के विलुप्त होने की खबर मिलना हैरत मे डालता है। विलुप्त होने जा रही मेसियर 90 नामक आकाशगंगा सर्पिल है। जिसकी ताजा तस्वीरें हबल दूरबीन ने ली हैं। शोधकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार नई तस्वीरें आश्चर्यजनक हैं। इसके चारों ओर धूल भरी डिस्क और एक गैसीय प्रभामंडल है। इसके चमकीले कोर का संपूर्ण दृश्य नजर आता है। डिस्क के आंतरिक क्षेत्र तारों का निर्माण स्थल हैं। एम90 अपेक्षाकृत निकटवर्ती कन्या समूह की आकाशगंगाओं के बीच स्थित है और इसकी कक्षा लगभग 300 मिलियन वर्ष पहले क्लस्टर के केंद्र के निकट एक पथ पर एम90 को ले गई थी। इस दौरान विपरीत तेज हवा आकाशगंगा में भारी पड़ गई। जिस कारण आकाशगंगा से भारी मात्रा में गैस निकल गई और नए तारे बनाने के क्षमता खत्म हो गई। परिणामस्वरूप सर्पिल आकाशगंगा अंततः लुप्त हो रही है।



हबल द्वारा ली गई आकाशगंगा मेसियर 90 की तस्वीर।

### हमारी दिशा में बढ़ रही आकाशगंगा

नैनीताल : एम90 पृथ्वी से 55 मिलियन प्रकाश वर्ष दूर स्थित है। यह हमारे करीब आ रही है। आकाशगंगाओं में से एक है। विर्गो क्लस्टर के कारण इसकी कक्षा में गति बेहद तेज हो गई है। जिस कारण यह पूरी तरह से क्लस्टर से बाहर निकलने की प्रक्रिया में है। संयोगवश यह हमारी दिशा में आगे बढ़ रही है।